त्रिभाषा कोशमाला-10

# हिंदी - असमिया - अंग्रेज़ी

## त्रिभाषा कोश : जिल्द 3

सत्यमेव जयते

केंद्रीय हिंदी निदेशालय
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
भारत सरकार

त्रिभाषा कोशमाला-10

केंद्रीय हिन्दी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)
भारत सरकार की ओर से भेंट

# हिंदी-असमिया-अंग्रेज़ी
## त्रिभाषा कोश
## (जिल्द 3)

# Hindi-Assamese-English
## Trilingual Dictionary
## (Volume 3)
## (व–ह)

सत्यमेव जयते

**केंद्रीय हिंदी निदेशालय**
शिक्षा विभाग
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(भारत सरकार)

Central Hindi Directorate
Department of Education
Ministry of
Human Resource Development
(Government of India)

पी.ई.डी. 656 (त्रिभाषी)

1000—1988 (उपभंडारी-2)

© **केंद्रीय हिंदी निदेशालय**

**प्रथम संस्करण : 1989**

**मूल्य : 124.00 रुपये**

**प्रकाशक:** केंद्रीय हिंदी निदेशालय,
शिक्षा विभाग,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय,
पश्चिमी खण्ड-7,
रामकृष्णपुरम्, नई दिल्ली-110066

सर्वश्री तारा आर्ट प्रेस, बी-4, हंस भवन, बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली द्वारा 1989 में मुद्रित

# संक्षेप सूची

| | |
|---|---|
| **व्या. को.** | व्याकरणिक कोटि |
| **पुं.** | पुंलिंग |
| **स्त्री.** | स्त्रीलिंग |
| **सर्व.** | सर्वनाम |
| **वि.** | विशेषण |
| **क्रि.वि.** | क्रियाविशेषण |
| **स.क्रि.** | सकर्मक क्रिया |
| **अ.क्रि.** | अकर्मक क्रिया |
| **अव्य.** | अव्यय |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वंचक | वि. | छल-कपट से दूसरों को ठगने वाला, धोखेबाज । | বঞ্চক | बन्चक | fraudulent, deceitful. |
| | पुं. | ठग । | ঠগ, | ठग | cheat. |
| वंचकता | स्त्री. | वंचक होने की अवस्था या भाव, वंचक का कृत्य, धोखा, ठगी । | বঞ্চনা, ছলনা | बन्चना, छलना | fraud, deceit, swindling. |
| वंचन | पुं. | धूर्तता, ठगी, ठगने या धोखा देने की क्रिया । | ঠগামি, ছলনা, ধূৰ্ত্তালি | ठगामि, छलना, धूर्त्तालि | fraud, deception, the act of deceiving, cheating, defrauding. |
| वंचना | स्त्री. | छलपूर्वक किसी को ठगने या धोखा देने की क्रिया या भाव, धोखेबाजी, ठगी । | বঞ্চনা, ঠগন, ছলনা | बन्चना, ठगन, छलना | act of cheating, deceiving, defrauding, fraud, deception. |
| वंचित | वि. | 1. जो वांछित पदार्थ न प्राप्त कर सका हो अथवा प्राप्त करने से रोका गया हो; | বঞ্চিত; | बन्चित; | deprived of; |
| | | 2. अलग या दूर किया हुआ, रहित; | ৰহিত, দূৰীভূত, নোহোৱা; | रहित, दूरीभूत, नोहोवा; | separated, without; |
| | | 3. धोखे में आया हुआ, ठगा हुआ । | ঠগ খোৱা, প্ৰবঞ্চিত, প্ৰতাৰিত | ठग खोवा, प्रवन्चित, प्रतारित | deceived, cheated, defrauded. |
| वंटन | पुं. | 1. कोई चीज कुछ व्यक्तियों आदि में बाँटने की क्रिया, वितरण; | বিতৰণ, ভগোৱা; | बितरण, भगोवा; | distribution; |
| | | 2.. किसी चीज के अनेक हिस्से करने की क्रिया, विभाजन । | বিভাজন, ভগোৱা, | बिभाजन, भगोवा, | partition, division. |
| वंदन | पुं. | 1. आदर और नम्रतापूर्वक की जानेवाली वंदना या स्तुति; | বন্দনা, স্তুতি, প্ৰাৰ্থনা; | वन्दना, स्तुति, प्रार्थना; | reverence, worship, praise; |
| | | 2. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन । | প্ৰণাম, নমস্কাৰ, অভিবাদন | प्रणाम, नमस्कार, अभिबादन | salutation. |
| वंदनमाला (वंदन-मालिका) | स्त्री. | दे. 'वंदनवार' । | 'बंदनवार' চোৱাঁ | 'बंदनवार' चोवाँ | see 'वंदनवार' |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वंदनवार | स्त्री. | दे. 'बंदनवार' । | 'बंदनवार' চোৱাঁ | 'बंदनवार' चोवाँ | see 'बंदनवार'. |
| वंदना | स्त्री. | 1. आदर और नम्रतापूर्वक की जानेवाली स्तुति, वंदन, पूजा; 2. प्रणाम, नमस्कार, अभिवादन । | বন্দনা, প্ৰাৰ্থনা, স্তুতি; প্ৰণাম, নমস্কাৰ, অভিবাদন | बन्दना, प्रार्थना, स्तुति; प्रणाम, नमस्कार, अभिबादन | worship, prayer, reverence, praise, adoration; salutation. |
| वंदनीय | वि. | 1. जिसकी वंदना की जानी चाहिए अथवा की जानी हो, स्तुति के योग्य, स्तुत्य, पूज्य, पूजनीय; 2. नमस्कार के योग्य, प्रणम्य, अभिवादन के योग्य । | বন্দনীয়, माननीय़, পূজনীয়; নমস্য, প্ৰণাম কৰাৰ যোগ্য | बन्दनीय, माननीय, पूजनीय; नमस्य, प्रणाम करार जोग्य | worthy of reverence, worship or praise; to be saluted or respectfully greeted. |
| वंदित | वि. | 1. जिसकी वंदना हुई हो या की गई हो, जिसकी स्तुति की गई हो, पूजित; 2. जिसे नमस्कार या प्रणाम किया गया हो । | পূজিত, বন্দিত; প্ৰণাম কৰা | पूजित, बन्दित; प्रणाम करा | adored, worshipped, praised; saluted. |
| वंद्य | वि. | दे. 'वंदनीय' । | বন্দনীয়, পূজনীয় | बन्दनीय, पूजनीय | see 'वंदनीय' |
| वंध्या | स्त्री. | वह स्त्री या मादा पशु जो गर्भ धारण करने में और फलतः प्रसव करने में असमर्थ हो, बाँझ । | বন্ধ্যা, বাঁজী | बन्ध्या, बाँजी | barren (woman or female animal). |
| वंश | पु. | 1. जीव या प्राणी की संतान परंपरा, कुल, खानदान; 2. संतान; 3. बाँस । | বংশ, বংশলতা, সন্তানৰ পৰম্পৰা; সন্তান; বাঁহ | बंश, बंशलता, सन्तानर परम्परा; सन्तान; बाँह | animal species or lineage, dynasty, family; offspring, child; bamboo. |
| वंशक्रम | पु. | वंशतालिका, वंशावली । | বংশাৱলী | बंशावली | family succession. |
| वंशक्रमागत | वि. | 1. वंश-परंपरा से प्राप्त, वंशानुगत, आनुवंशिक; 2. उत्तराधिकार में प्राप्त । | বংশগত, বংশানুক্ৰমিক; বংশগত, উত্তৰাধিকাৰী | बंशगत, बंशानुक्रमिक; बंशगत, उत्तराधिकारी | lineally acquired, obtained by family; hereditary. |
| वंशज | पु. | वह जो किसी वंश में उत्पन्न हुआ हो, संतान । | বংশজ, সন্তান, সতি-সন্ততি | बंशज, सन्तान, सति-सन्तति | born in the family of, progeny. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वंशलोचन** | पुं. | **बांस में से निकलने वाला दूध की तरह का सफेद जमा हुआ ठोस पदार्थ जो ओषधि के रूप में प्रयुक्त होता है ।** | বংশলোচন | बंशलोचन | an earthy concretion of a milk-white colour found in the hollow of the bamboo and known by the name of bamboo-manna. |
| **वंशवृक्ष** | पुं. | **वृक्ष की आकृति का वह रेखाचित्र जिसमें किसी वंश के मूल पुरुष से लेकर उसके परवर्ती वंशजों का क्रमशः नामोल्लेख होता है ।** | বংশবৃক্ষ, বংশলতা | बंशबृक्ष, बंशलता | family tree, genealogical tree. |
| **वंशहीन** | वि. | **जिसके वंश में कोई न हो, निर्वंश, पुत्ररहित, निःसंतान ।** | নিৰ্বংশ, নিঃসন্তান, বংশহীন | निर्बंश, निःसन्तान, बंशहीन | destitute of descendant, having no son or child. |
| **वंशागत** | वि. | **1. वंश-परंपरा से प्राप्त, वंशानुगत, वंशक्रमागत; 2. उत्तराधिकार में प्राप्त ।** | বংশগত, উত্তৰাধিকাৰী সূত্ৰে পোৱা; বংশগত | बंशगत, उत्तराधिकारी सूत्रे पोवा; बंशगत | inherited, obtained by inheritance; coming from one's family. |
| **वंशानुक्रम** | पुं. | **1. वंश-परंपरा; 2. दे. 'वंशक्रम' ।** | বংশ পৰম্পৰা; বংশাৱলী | बंश परम्परा; बंशावली | genealogy; see 'वंशक्रम'. |
| **वंशानुक्रमिक** | वि. | **वंश में परंपरा के रूप में चलनेवाला, आनुवंशिक ।** | বংশানুগত, বংশগত | बंशानुगत, बंशगत | genealogical. |
| **वंशावली** | स्त्री. | **किसी वंश में उत्पन्न पुरुषों की पूर्वोत्तर क्रमसूची ।** | বংশাৱলী, বংশৰ বুৰঞ্জী | बंशावली, बंशर बुरंजी | line of a family, genealogical tree. |
| **वंशी** | स्त्री. | **मुंह से फूंककर बजाया जानेवाला एक प्रकार का बाजा जो बांस से सुर निकालने के लिए छेद करके बनाया जाता है, बांसुरी, मुरली ।** | বাঁহী | बाँही | flute, pipe. |
| **वकत** | स्त्री. | **1. महत्व, मूल्य; 2. मान-मर्यादा, प्रतिष्ठा ।** | মহত্ত্ব, মূল্য; খ্যাতি, প্ৰতিষ্ঠা, মান-মৰ্য্যাদা | महत्त्व, मूल्य; ख्याति, प्रतिष्ठा, मान-मर्य्यादा | importance, value; respect, regard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वकालत | स्त्री. | 1. वकील का काम या पेशा; | উকালতি; | उकालति; | practice at the bar, legal practice, pleadership; |
| | | 2. अन्य व्यक्ति द्वारा किसी के पक्ष का किया जानेवाला मंडन, पक्षसमर्थन । | পক্ষ সমৰ্থন, সমৰ্থন | पक्ष समर्थन, समर्थन | advocacy. |
| वकालतनामा | पुं. | किसी मुकदमे में वकील होने का प्रमाणपत्र, वह लेख जिसके जरिए किसी वकील को किसी मुकदमे की पैरवी का अधिकार दिया जाए । | ওকালতনামা | ओकालतनामा | power of attorney. |
| वकील | पुं. | विधि के क्षेत्र में, एक विशिष्ट परीक्षा में उत्तीर्ण और विधि की दृष्टि से अधिकार प्राप्त, वह व्यक्ति जो न्यायालय में किसी पक्ष की ओर से खंडन, मंडन आदि का काम करने के लिए नियुक्त होता है । | উকীল, অধিবক্তা | उकील, अधिवक्ता | attorney, pleader, lawyer, counsellor (at Law). |
| वक्त | पुं. | 1. समय, काल; | সময়, কাল; | समय, काल; | time; |
| | | 2. उपयुक्त समय, अवसर, मौका; | ছেগ, সুযোগ, উপযুক্ত সময়; | छेग, सुजोग, उपजुक्त समय; | opportunity; |
| | | 3. नियत समय; | নিৰ্দ্দিষ্ট সময়; | निर्द्दिष्ट समय; | fixed time (for); |
| | | 4. अवकाश, फुरसत । | আজৰি, অৱকাশ | आजरि, अवकाश | leisure. |
| वक्तव्य | पुं. | वह कथित या प्रकाशित विवरण जिसमें किसी ने लोगों की जानकारी के लिए वस्तु-स्थिति स्पष्ट की हो अथवा अपना विचार प्रकट किया हो, वक्ता का कथन । | কথা, বক্তব্য, ভাষণ | कथा, वक्तव्य, भाषण | speech, statement |
| | वि | जो कहे जाने के योग्य हो । | বক্তব্য, ক'বৰ যোগ্য | वक्तव्य, क'बर जोग्य | worth stating. |
| वक्ता | पुं. | 1. कहने या बोलनेवाला; | বক্তা, কথা কওঁতা; | वक्ता, कथा कओंता; | one who speaks or talks; |
| | | 2. दूसरों को किसी पक्ष, संस्था आदि की नीति, सूचना, आदेश आदि की | মুখপাত্ৰ, মুখ্য বক্তা; | मुखपात्र, मुख्य वक्ता; | spokesman; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जानकारी देनेवाला अधिकृत व्यक्ति, प्रवक्ता; | | | |
| | | 3. वह जो जनसाधारण के सामने कोई बात अच्छी तरह और समझाकर कहता हो । | বক্তা, বক্তৃতা দিওঁতা | बक्ता, बक्तृता दिओंता | speaker, lecturer, etc. (at meetings etc.). |
| वक्तृता | स्त्री. | भाषण, व्याख्यान । | কথা, ভাষণ, বক্তৃতা | कथा, भाषण, बक्तृता | speech. |
| वक्तृत्व | पुं. | अच्छे वक्ता होने की अवस्था गुण या भाव, वाग्मिता । | বাগ্মিতা, ভাল বক্তৃতা দিব পৰা গুণ | बाग्मिता, भाल बक्तृता दिब परा गुण | ability to speak well, eloquence. |
| वक्तृत्व-कला | स्त्री. | वक्तृता अर्थात् प्रभावशाली ढंग से भाषण देने की कला या विद्या । | বাক্-কলা, ভাষণ-কলা | बाक-कला, भाषण-कला | art of eloquency. |
| वक्र | वि. | 1. टेढ़ा, तिरछा, 'ऋजु' का विपर्याय; | বেঁকা, কেঁকোৰা-কেঁকুৰি; | बेंका, केंकोरा-केंकुरि; | curved, curled; |
| | | 2. झुका हुआ, नत; | অৱনত, হেলনীয়া; | अवनत, हेलनीया; | bent; |
| | | 3. कुटिल, धूर्त (ला.) । | জটিল, দুষ্ট, ধূৰ্ত | जटिल, दुष्ट, धूर्त्त | crooked (fig.), cunning. |
| वक्रता | स्त्री. | 1. वक्र होने की अवस्था, गुण या भाव, टेढ़ापन, तिरछापन; | ভাঁজ, কেঁকুৰি, ধূৰ্তালি; | भाँज, केंकुरि, धूर्त्तालि; | curvature, curliness, crookedness; |
| | | 2. साहित्य में किसी रचना, वस्तु या विषय के निर्वचन और उसकी वर्णनशैली में रहनेवाला वह अनोखा बांकपन या उच्चकोटि का सौंदर्य जो परम उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचायक होता है । | বক্ৰতা, এবিধ সাহিত্য শৈলী | बक्रता, एबिध साहित्य शैली | oblique style in poetry. |
| वक्र-दृष्टि | स्त्री. | 1. टेढ़ी या तिरछी दृष्टि; | কেঁৰা চাৱনি, বক্ৰদৃষ্টি; | केंरा चावनि, बक्रदृष्टि; | oblique vision or look; |
| | | 2. क्रोध आदि से युक्त दृष्टि, कुटिल दृष्टि । | কুটিল চাৱনি, কোপদৃষ্টি, ঘোপা-চকু, ৰঙাচকু | कुटिल चावनि, कोपदृष्टि, घोपा-चकु, रङाचकु | malignant or angry look, evil look. |
| वक्रोक्ति | स्त्री. | किसी प्रकार की वक्रता से | বক্ৰোক্তি, শ্লেষোক্তি | बक्रोक्ति, श्लेषोक्ति | oblique utterance, |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | युक्त कोई चमत्कार उक्ति, साहित्य में एक प्रकार का अलंकार जिसमें एक अभिप्राय से कही हुई बात का काकु या श्लेष के आधार पर कुछ और ही अभिप्राय निकलता या निकाला जाता है । | | | a figure of speech consisting of the use of evasive speech or reply, either by means of a pun, or by an affected change of tone, equivocation, insinuation. |
| वक्ष | पुं. | पेट और गले के बीच में पड़नेवाला वह भाग जिसमें स्त्रियों के स्तन और पुरुषों के स्तन के से चिह्न होते हैं, उरस्थल, छाती । | বুকু | बुकु | breast, bosom, chest. |
| वक्षस्थल | पुं. | दे. 'वक्ष' । | বক্ষস্থল, বুকু | बक्षस्थल, बुकु | see 'वक्ष'. |
| वगैरह | अव्य. | और इसी प्रकार शेष या संबंधित भी, आदि, इत्यादि । | আদি, ইত্যাদি | आदि, इत्यादि | etcetera. |
| वचन | पुं. | 1. मनुष्य के मुंह से निकला हुआ सार्थक शब्द, वाणी; | ভাষা; | भाषा; | speech; |
| | | 2. उक्ति, कथन; | কথা, উক্তি; | कथा, उक्ति; | utterance, saying; |
| | | 3. प्रतिज्ञा के रूप में या दृढ़तापूर्वक कही हुई बात; | প্ৰতিজ্ঞা, বচন; | प्रतिज्ञा, बचन; | promise; |
| | | 4. व्याकरण में वह तत्व जिसके द्वारा संज्ञा की संख्या का बोध होता है । | (ব্যাকৰণত) বচন, সংখ্যা-বোধক কথা | (ब्याकरणत) बचन, संख्या-बोधक कथा | (gram.) number. |
| वचनबद्ध | वि. | जिसने किसी को कोई काम करने या न करने का वचन दिया हो । | জবান বন্দী, কথাৰে বান্ধ খোৱা | जबान बन्दी, कथारे बान्ध खोवा | committed or forbidden by promise. |
| वजन | पुं. | 1. भार, बोझ; | বোজা, ভাৰ; | बोजा, भार; | load; |
| | | 2. भार का परिमाण, तौल; | ওজন, বোজা; | ओजन, बोजा; | a measure of weight, weight; |
| | | 3. भारीपन, गुरुत्व; | গধুৰতা, ওজন; | गधुरता, ओजन; | weightiness ; |
| | | 4. महत्व, मूल्य । | গুৰুত্ব, মূল্য | गुरुत्व, मूल्य | importance, value. |
| वजनदार | वि. | 1. (पदार्थ) जिसमें वजन हो, गुरु, भारी; | গধুৰ, ভাৰী; | गधुर, भारी; | having weight, heavy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (कथन या बात) जिसमें विशेष तथ्य, प्रभाव, बल या महत्व हो । | গুৰুত্বপূৰ্ণ, তথ্যপূৰ্ণ | गुरुत्वपूर्ण, तथ्यपूर्ण | weighty, important (as a saying etc.). |
| वजनी | वि. | 1. अधिक वजन या बोझवाला, भारी; | বৰ গধুৰ, ভাৰী, গুৰু; | बर गधुर, भारी, गुरु; | weighty, heavy; |
| | | 2. जिसका विशेष प्रभाव या महत्व हो, महत्वयुक्त । | গুৰুত্বপূৰ্ণ, প্ৰভাৱশালী | गुरुत्वपूर्ण, प्रभावशाली | having influence, important. |
| वजह | स्त्री. | कारण, हेतु । | কাৰণ, হেতু | कारण, हेतु | reason, cause. |
| वज्र | वि. | 1. बहुत अधिक कठोर, बहुत कड़ा या सख्त; | বৰ টান, কঠোৰ; | बर टान, कठोर; | very hard; |
| | | 2. बहुत अधिक उग्र या तीव्र; | বৰ উগ্ৰ; | बर उग्र; | very harsh; |
| | | 3. जिस पर सहसा और किसी प्रकार का प्रभाव न पड़ सकता हो, बहुत बढ़ा-चढ़ा । | সহজে প্ৰভাৱিত নোহোৱা | सहजे प्रभावित नोहोवा | which cannot be affected easily. |
| | पुं. | 1. इंद्र का प्रधान घातक शस्त्र जो दधीचि ऋषि की हड्डियों से बनाया गया था, कुलिश; | (ইন্দ্ৰৰ) বজ্ৰ, অব্যৰ্থ অস্ত্ৰ; | (इन्द्रर) बज्र, अब्यर्थ अस्त्र; | Lord Indra's weapon made of sage Dadhichi's bones; |
| | | 2. आकाश से गिरनेवाली बिजली । | বজ্ৰপাত, বিজুলী ঢেৰেকণি | बज्रपात, बिजुली ढेरेकणि | lightning, thunder–bolt. |
| वज्रपात | पुं. | आकाश से बिजली का गिरना । | বজ্ৰপাত | बज्रपात | the fall of a thunder–bolt, a stroke of lightning. |
| वज्रहृदय | वि. | कठोर रुखवाला, निष्ठुर, बेरहम । | নিষ্ঠুৰ, কঠুৱা হিয়াৰ | निष्ठुर, कठुवा हियार | having an adamantine heart. |
| वज्राघात | पुं. | 1. बहुत ही कठोर और बड़ा आघात; | বজ্ৰাঘাত, সাংঘাতিক আঘাত; | बज्राघात, सांघातिक आघात; | calamity; |
| | | 2. आकाश से गिरनेवाली बिजली का आघात । | বজ্ৰপাতৰ আঘাত | बज्रपातर आघात | stroke of lightning or thunder–bolt. |
| वट | पुं. | बरगद का पेड़ । | আঁহতগছ | आँहतगछ | the banyan or Indian fig–tree, ficus indica. |
| वणिक | पुं. | 1. वाणिज्य या व्यवसाय से | বণিক, বেপাৰী, সদাগৰ; | बणिक, बेपारी, सदागर; | merchant, trader; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जीविका उपार्जित करनेवाला, व्यापारी; 2. वैश्य जाति का व्यक्ति । | বৈশ্য সম্প্ৰদায়ৰ মানুহ | वैश्य सम्प्रदायर मानुह | member of the Vaishya caste of the Hindus. |
| वतन | पुं | जन्मभूमि, मूल वासस्थान, स्वदेश । | জন্মভূমি, স্বদেশ | जन्मभूमि, स्वदेश | native country, country. |
| वत्स | पुं. | 1. गाय का बच्चा, बछड़ा; 2. छोटा बच्चा, शिशु । | গৰুৰ পোৱালি; শিশু | गरुर पोवाली; शिशु | a calf; child. |
| वत्सल | वि. | बच्चों, विशेषत: अपने बच्चों से अनुराग रखनेवाला, बच्चों से स्नेह रखनेवाला । | বত্সল, শিশুপ্ৰেমী, মৰমিয়াল | वत्सल, शिशुप्रेमी, मरमियाल | child–loving, affectionate. |
| वदन | पुं. | मुंह, मुख । | মুখ, বদন | मुख, वदन | the mouth, face, countenance. |
| वध | पुं. | मार डालने या हत्या करने की क्रिया । | বধ, হত্যা, মাৰণ | वध, हत्या, मारण | killing, murder, slaughter. |
| वधू | स्त्री. | 1. ऐसी कन्या जिसका विवाह हो रहा हो अथवा हाल ही में हुआ हो; 2. पत्नी । | ন-কইনা, বিবাহিতা তিৰোতা; পত্নী, ঘৈণী | न-कइना, बिवाहिता तिरोता; पत्नी, घैनी | newly married woman, bride; wife. |
| वधूपक्ष | पुं. | विवाह में वधू या कन्या की तरफ के लोग, कन्यापक्ष । | কইনা ঘৰীয়া | कइना घरीया | the party of the bride (at a wedding). |
| वध्य | वि. | जिसका वध किया जाना उचित या शास्त्रसंगत हो । | বধ্য, বধ কৰিবৰ যোগ্য | वध्य, वध करिवर जोग्य | requiring to be killed, fit to be slaughtered. |
| वन | पुं. | 1. जंगल; 2. बगीचा, वाटिका । | হাবি, জংঘল; বাগিছা, বাৰী | हावि, जंघल; बागिछा, बारी | a forest, wood, garden. |
| वनमहोत्सव | पु. | स्वतंत्र भारत में वर्षा ऋतु में वनों का विस्तार करने के उद्देश्य से होनेवाला कार्यक्रम जिसमें वृक्ष लगाए जाते हैं । | বন মহোত্সৱ | वन महोत्सव | India's national programme of planting trees during the rainy season. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वनमानुष | पुं. | बिना पूंछ का बंदर जिसकी शक्ल आदमी से बहुत कुछ मिलती है । | নেজ নোহোৱা বান্দৰ, গৰিলা | नेज नोहोवा बान्दर, गरिला | wild man, guerilla. |
| वनवास | पुं. | वन का निवास, जंगल में रहना । | বনবাস | बनवास | dwelling in the forest, the state of one who dwells in forest. |
| वनवासी | वि. | वन में रहनेवाला । | বনবাসী, বনবাস খাটোঁতা | बनवासी, बनवास खाटोंता | one who lives in a forest. |
| वनस्थली | स्त्री. | वनों से घिरा हुआ प्रदेश । | অৰণ্যেৰে আগুৰা ঠাই | अरण्येरे आगुरा ठाइ | region or place surrounded by woods or forests. |
| वनस्पति | स्त्री. | जमीन से उगनेवाले पेड़, पौधे, लताएं आदि । | গছ, লতা, বন | गछ, लता, बन | vegetation. |
| वनस्पति-विज्ञान (वनस्पति-शास्त्र) | पुं. | आधुनिक विज्ञान की वह शाखा जिसमें वनस्पतियों के उद्भव, रचना, आकार-प्रकार, विकार आदि का विवेचन होता है । | উদ্ভিদ্‌বিদ্যা | उद्‌भिद्‌बिद्या | Botany. |
| वनिता | स्त्री. | औरत, स्त्री । | বনিতা, তিৰোতা, স্ত্ৰী | बनिता, तिरोता, स्त्री | a woman (in general). |
| वन्य | वि. | 1. वन में उत्पन्न होनेवाला, वनोद्भव; | বনৰীয়া, বন্য; | बनरीया, बन्य; | growing or produced in woods; |
| | | 2. जंगल में रहनेवाला, जंगली; | বনৰীয়া, বন্য, জঙ্ঘলী; | बनरीया, बन्य, जंघली; | living in or belonging to forest, wild; |
| | | 3. असभ्य; बर्बर । | অসভ্য, বৰ্ব্বৰ | असभ्य, बर्व्बर | uncultured, savage. |
| वपन | पुं. | बीज बोना । | গুটি সিঁচা, সিঁচন, কঠীয়া পেলোৱা | गुटि सिँचा, सिँचन, कठीया पेलोवा | the act of sowing seed. |
| वपु | पुं. | 1. शरीर, देह; 2. रूप । | শৰীৰ, গা, দেহ; ৰূপ, চেহেৰা, গঢ় | शरीर, गा, देह; रूप, चेहेरा, गढ़ | body, person; form, figure, shape. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वफा | स्त्री. | 1. कही हुई बात या किए हुए वचन का पालन या निर्वाह करना, कर्तव्यपरायणता; | কথা ৰখা, প্ৰতিজ্ঞা পালন; | कथा रखा, प्रतिज्ञा पालन; | performing (or performance of) a promise, dutifulness; |
| | | 2. निष्ठा, ईमानदारी, भक्ति । | নিষ্ঠা, আস্থা, বিশ্বাস | निष्ठा, आस्था, बिश्वास | faith, faithfulness, loyalty, fidelity. |
| वफादार | वि. | कर्तव्य, वचन, संबंध आदि का सज्जनता और सत्यतापूर्वक पालन करनेवाला, निष्ठ, निष्ठावान्, ईमानदार, सच्चा । | নিষ্ঠাবান, সত্যবান, কৰ্তব্যপৰায়ণ | निष्ठाबान, सत्यबान, कर्त्तब्यपरायण | faithful, honest, true, loyal. |
| वफादारी | स्त्री. | 1. निष्ठा, ईमानदारी, भक्ति; | নিষ্ঠা, আস্থা, ভক্তি, বিশ্বাস; | निष्ठा, आस्था, भक्ति, बिश्वास; | faithfulness, fidelity, loyalty, sincerity; |
| | | 2. कर्त्तव्यपरायणता । | কৰ্তব্যপৰায়ণতা, কথা ৰখা গুণ | कत्तब्यपरायणता, कथा रखा गुण | dutifulness. |
| वमन | पुं. | कै किया हुआ पदार्थ, कै । | বমি, বমন | बमि, बमन | the act of vomitting, vomit. |
| वय:संधि | स्त्री. | बाल्यावस्था और यौवनावस्था के बीच की स्थिति, लड़कपन और जवानी के बीच का समय । | বাল্য আৰু যৌৱনৰ মাজৰ বয়স বা সময়, গাভৰু অৱস্থা | बाल्य आरु जौवनर माजर बय बा समय, गाभरु अवस्था | age of puberty. |
| वय | स्त्री. | बीता हुआ जीवन काल, उम्र, आयु, अवस्था । | বয়স, জীৱনৰ এছোৱা কাল | बयस, जीवनर एछोवा काल | any time or period of life, age. |
| वयस्क | वि. | 1. शारीरिक दृष्टि से जिसका विकास पूर्णता पर पहुँच चुका हो या यथेष्ट हो चुका हो, प्रौढ़ ; | বয়সীয়া, বয়স্ক; | बयसीया, बयस्क; | of or relating to age, mature; |
| | | 2. विधिक दृष्टि से विशिष्ट उम्र का वह व्यक्ति जिसे निर्वाचन में मत देने, अपनी संपत्ति की व्यवस्था करने, कानूनी विवाह करने आदि का अधिकार प्राप्त होता है, बालिग । | প্ৰাপ্ত বয়স্ক, ডাঙৰ | प्राप्त बयस्क, डाङर | major, adult (in Law). |
| वयोवृद्ध | वि. | वह जो वय या उम्र की दृष्टि से बहुत बड़ा हो, अधिक आयुवाला, वृद्ध । | বয়োবৃদ্ধ, বয়সীয়া | बयोबृद्ध, बयसीया | advanced in years, old. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर** | पुं. | 1. वह जो किसी कन्या के विवाह के लिए उपयुक्त पात्र माना या समझा गया हो ; | দৰা, বৰ; | दरा, बर; | one who is selected as a match for marriageable girl; |
| | | 2. नवविवाहिता स्त्री का पति, दुल्हा; | বৰ, স্বামী; | बर, स्वामी; | bridegroom, husband; |
| | | 3. कोई अच्छी चीज या बात जो देवता से प्रसाद के रूप में मांगी जाए, वरदान। | বৰ, আশীৰ্ব্বাদ, কৃপা | बर, आशीर्ब्बाद, कृपा | boon, blessing. |
| | वि. | (समस्त पदों में) सबसे बढ़कर उत्तम, श्रेष्ठ । | উত্কৃষ্ঠ, শ্ৰেষ্ঠ, বৰ | उत्कृष्ठ, श्रेष्ठ, बर | the choicest, the best. |
| **वरक** | पुं. | 1. पन्ना, कटा हुआ कागज; | কাগজৰ টুকুৰা; | कागजर टुकुरा; | a leaf (of paper); |
| | | 2. धातु विशेषत: सोने या चाँदी का पतला पत्तर जो मिठाइयों आदि पर लगाकर खाया जाता है । | জিলমিলী, মিঠাইৰ ওপৰত লগোৱা সোণালী বা ৰূপালী জিলমিলীয়া পাত | जिलमिली, मिठाइर ओपरत लगोवा सोणाली बा रूपाली जिलमिलीया पात | foil of gold or silver. |
| **वरजिश** | स्त्री. | 1. कसरत, व्यायाम; | ব্যায়াম; | ब्यायाम: | exercise; |
| | | 2. ऐसा काम जिसमें शारीरिक श्रम अधिक करना पड़ता हो । | শাৰীৰিক শ্ৰম | शारीरिक श्रम | physical labour. |
| **वरण** | पुं. | 1. अपनी इच्छा या रुचि से किया जाने वाला चुनाव, चयन; | বাছনি, নিৰ্ব্বাচন; | बाछनि, निर्ब्बाचन; | choice, selection; |
| | | 2. चुनाव करके विवाह संबंध निश्चित करने की क्रिया या कृत्य, किसी का चुनाव करके उससे विवाह करना । | বৰ বা কইনাৰ বাছনি, পাত্ৰ-পাত্ৰীৰ বাছনি | बर बा कइनार बाछनि, पात्र-पात्रीर बाछनि | choice of a partner for marriage. |
| **वरदान** | पुं. | 1. देवता, महापुरुष आदि के द्वारा दिया हुआ वर जिससे अनेक प्रकार के सुख-सुभीते प्राप्त होते हैं और कष्टों आदि का निवारण होता है; | বৰ-দান, আশীৰ্ব্বাদ প্ৰদান; | बर-दान, आशीर्ब्बाद प्रदान; | godly benefaction, bestowal, boon; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी की कृपा या प्रसन्नता से होनेवाली फलसिद्धि; | আশীৰ্বাদৰ ফল লাভ; | आशीर्वादर फल लाभ; | favour or fulfilment of desire, blessing; |
| | | 3. वह वस्तु जो शुभ फलदायिनी हो । | শুভ ফলদায়ক বস্তু বা কথা | शुभ फलदायक वस्तु वा कथा | boon, which is of good omen or auspicious thing. |
| वरन् | अव्य. | बल्कि, अपितु, इसके विपरीत । | নহলে, তেন্তে, তেনেহলে | नहले, तेन्ते, तेनेहले | but, on the other hand. |
| वरना | अव्य. | यदि ऐसा न हुआ तो, नहीं तो, अन्यथा । | ইফালে, আনহাতে, পিচে, বৰং, কিন্তু | इफाले, आनहाते, पिचे, वरं, किन्तु | and if not, otherwise or else. |
| वरपक्ष | पुं. | विवाह में वर या दूल्हे की तरफ के लोग, बराती । | বৰঘৰীয়া, দৰাৰ পক্ষ | वरघरीया, दरार पक्ष | the party of the bridegroom. (at a wedding). |
| वरमाला | स्त्री. | वधू द्वारा वर अर्थात् दूल्हे के गले में पहनाई जानेवाली माला । | বৰমাল্য, কইনাই বৰক পিন্ধোৱা মালা | वरमाल्य, कइनाइ वरक पिन्धोवा माला | garland which is put around the neck of the bridegroom by the bride. |
| वराह | पुं. | 1. शूकर, सूअर;<br>2. विष्णु के दस अवतारों में से एक जो शूकर के रूप में हुआ था । | গাহৰি, বৰা;<br>বৰাহ (অৱতাৰ) | गाहरि, वरा;<br>वराह (अवतार) | a boar, hog, pig;<br>name of one of the ten incarnations of Lord Vishnu. |
| वरिष्ठ | वि. | 1. श्रेष्ठ तथा पूज्य; | শ্ৰেষ্ঠ, পূজ্য, শ্ৰদ্ধেয়; | श्रेष्ठ, पूज्य, श्रद्धेय; | great and respectable; |
| | | 2. औरों से बड़ा तथा बढ़कर, प्रवर, उच्च, ज्येष्ठ, वरीय । | শ্ৰেষ্ঠ, উত্তম, উচ্চতম | श्रेष्ठ, उत्तम, उच्चतम | greatest, senior, high,etc. |
| वरीय | वि. | 1. औरों से बड़ा तथा बढ़कर, प्रवर, उच्च, ज्येष्ठ, वरिष्ठ; | সৰ্ব্বশ্ৰেষ্ঠ, উচ্চতম, উৰ্দ্ধতন; | सर्व्वश्रेष्ठ, उच्चतम, ऊर्द्धतन; | greater than others, senior; |
| | | 2. बहुतों में अच्छा होने के कारण चुने या ग्रहण किए जाने के योग्य, अधिमान्य । | বৰণীয়, গ্ৰহণীয় | वरणीय, ग्रहणीय | preferable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वरीयता | स्त्री. | 1. औरों से बड़ा तथा बढ़कर होने का गुण, भाव या स्थिति, प्रवरता, श्रेष्ठता; | শ্ৰেষ্ঠত্ব, শ্ৰেষ্ঠতা; | श्रेष्ठत्व, श्रेष्ठता; | greatness, excellence; |
| | | 2. चयन, चुनाव आदि के समय किसी को औरों की अपेक्षा दिया जानेवाला महत्व तरजीह, अधिमान । | জ্যেষ্ঠতা | ज्येष्ठता | seniority. |
| वरुण | पुं. | 1. एक वैदिक देवता जो जल का अधिपति है; | বৰুণ দেৱতা; | वरुण देवता; | Vedic god of water; |
| | | 2. सौर जगत का सबसे दूरस्थ ग्रह । | বৰুণগ্ৰহ, নেপচুন | वरुणग्रह, नेपचुन | Neptune planet. |
| वरेण्य | वि. | 1. जो वरण या चयन किए जाने के योग्य हो; | বৰেণ্য, বাছনিত উঠিবৰ যোগ্য; | वरेण्य, बाछनित उठिवर जोग्य; | eligible for choice or selection; |
| | | 2. चाहा हुआ, इच्छित; | ঈপ্সিত, ইচ্ছাকৰা; | ईप्सित, इच्छाकरा; | desirable, wished for; |
| | | 3. उत्तम, श्रेष्ठ । | উত্তম, উত্কৃষ্ট, শ্ৰেষ্ঠ | उत्तम, उत्कृष्ट, श्रेष्ठ | best, excellent. |
| वर्ग | पुं. | 1. सजातीय या समान-धर्मियों का समूह, श्रेणी; | একেজাতীয় বস্তু বা প্ৰাণীৰ সমূহ; | एकेजातीय वस्तु वा प्राणीर समूह; | class, community, species; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट कार्यों के लिए बना हुआ कुछ लोगों का समूह, दल; | দল, শ্ৰেণী, শাৰী; | दल, श्रेणी, शारी; | party, faction, group; |
| | | 3. देवनागरी में एक स्थान से उच्चरित होनेवाले स्पर्श व्यंजन वर्णों का समूह; | বৰ্ণৰ বৰ্গ; | वर्णर वर्ग; | class of five alphabets in Nagari script; |
| | | 4. (ज्यामिति) वह समकोण चतुर्भुज जिसकी लम्बाई और चौड़ाई बराबर हो; | বৰ্গক্ষেত্ৰ; | वर्गक्षेत्र; | (Geom.) square; |
| | | 5. समान अंकों का घात (गणित) । | (গণিতত) বৰ্গফল | (गणितत) वर्गफल | self-multiplication of digit (arith.). |
| वर्ग पहेली | स्त्री. | पहेलियाँ बुझाने के लिए ऐसी वर्गाकार रेखाकृति जिसमें छोटे-छोटे घर बने होते हैं तथा जिनमें कुछ संकेतों के आधार पर वर्ण भरे जाते हैं । | ক্ৰছবাৰ্ড, সাঁথৰৰ ঘৰ | क्रछवार्ड, साँथरर घर | crossword, puzzle. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्गफल | पुं. | गणित में दो समान राशियों के घात से प्राप्त होनेवाला गुणनफल । | বৰ্গফল | बर्गफल | square. |
| वर्गमूल | पुं. | वर्गांक की राशि । | বৰ্গমূল | बर्गमूल | square root. |
| वर्गीकरण | पुं. | गुणधर्म, रंगरूप, आकार-प्रकार आदि के आधार पर वस्तुओं आदि के भिन्न-भिन्न वर्ग बनाना । | বৰ্গীকৰণ, শ্ৰেণী বিভাজন | बर्गीकरण, श्रेणी बिभाजन | classification. |
| वर्गीकृत | वि. | अनेक या विभिन्न वर्गों में बंटा या बांटा हुआ । | বৰ্গীকৃত, শ্ৰেণী-বিভাগ কৰা | बर्गीकृत, श्रेणी-बिभाग करा | classified. |
| वर्गीय | वि. | किसी विशिष्ट वर्ग से संबंध रखनेवाला या उसमें होनेवाला, वर्ग का । | বৰ্গীয়, শ্ৰেণীৰ অন্তৰ্ভুক্ত | बर्गीय, श्रेणीर अन्तर्भुक्त | belonging to a class or category. |
| वर्चस्व | पुं. | 1. तेज, प्रताप; | প্ৰতাপ, শক্তি; | प्रताप, शक्ति; | glory, dignity; |
| | | 2. प्राबल्य, प्राधान्य, श्रेष्ठता; | মহত্ত্ব, প্ৰধান্য, শ্ৰেষ্ঠতা; | महत्त्व, प्रधान्य, श्रेष्ठता; | prominence, greatness; |
| | | 3. कांति, दीप्ति । | জেউতি, দীপ্তি, শোভা | जेउति, दीप्ति, शोभा | splendour, lustre. |
| वर्चस्वी | वि. | 1. तेजस्वी, प्रतापी; | তেজস্বী, প্ৰতাপী, বিখ্যাত; | तेजस्वी, प्रतापी, बिख्यात; | full of glory, dignified; |
| | | 2. कांतिमान्, दीप्तियुक्त । | দীপ্তিমান, উজ্জ্বল | दीप्तिमान, उज्ज्वल | bright, lustrous, radiant. |
| वर्जन | पुं. | 1. निषेध, मनाही; | নিষেধ, বন্ধ, মানা; | निषेध, बन्ध, माना; | prohibition, restriction; |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | ত্যাগ, বৰ্জ্জন | त्याग, बर्ज्जन | avoidance, desertion, giving up. |
| वर्जित | वि. | 1. निषिद्ध, मना किया हुआ; | নিষিদ্ধ, মানা কৰা; | निषिद्ध, माना करा; | forbidden; |
| | | 2. त्यक्त, छोड़ा हुआ; | ত্যক্ত, বৰ্জ্জিত; | त्यक्त, बर्ज्जित; | left, remaining; |
| | | 3. रहित; | ৰহিত, নোহোৱা; | रहित, नोहोवा; | devoid of, without; |
| | | 4. अग्राह्य; | অগ্ৰহ্য, বাদদিয়া; | अग्रह्य, बाददिया; | excluded, inacceptable; |
| | | 5. (पदार्थ) जिसका आयात-निर्यात या व्यापार राज्य के द्वारा विधिक रूप से निषिद्ध किया या रोका गया हो । | নিষিদ্ধ | निषिद्ध | prohibited (item of export, etc.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वर्ण** | पुं. | 1. रंग; | বোল, ৰং, বৰণ; | बोल, रं, बरण; | colour; |
| | | 2. रंगने या लिखने के काम आनेवाला रंग; | বোল, ৰং; | बोल, रं; | dye; |
| | | 3. भारतीय हिन्दुओं की वह सामाजिक व्यवस्था जिसके अनुसार गुण, कर्म और स्वभाव के विचार से सारा समाज ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र नामक चार वर्णों में विभक्त है, जाति; | হিন্দুৰ সামাজিক বৰ্ণ বা শ্ৰেণী বিভাগ ব্যৱস্থা; | हिन्दुर सामाजिक बर्ण बा श्रेणी बिभाग ब्यवस्था; | caste system of Hindus; |
| | | 4. अक्षर। | অক্ষৰ, বৰ্ণ | अक्षर, बर्ण | letter. |
| **वर्णक्रम** | पुं. | 1. वर्णमाला के अक्षरों का क्रम; | বৰ্ণমালাৰ আখৰৰ ক্ৰম, বৰ্ণক্ৰম; | बर्णमालार आखरर क्रम, बर्णक्रम; | alphabetical arrangement; |
| | | 2. प्रकाश के वे रंग जो विशिष्ट प्रक्रिया से विश्लेषित किए जाते हैं। | বৰ্ণালি; | बर्णालि; | spectrum. |
| **वर्णन** | पुं. | किसी विशिष्ट अनुभूति, घटना, दृश्य, वस्तु, व्यक्ति आदि के संबंध में होनेवाला विस्तारपूर्ण कथन जो उसका ठीक-ठीक बोध कराने के लिए किया जाता है। | বৰ্ণনা, বিবৰণ | बर्णना, बिबरण | description, account. |
| **वर्णनात्मक** | वि. | (कथन) लेख आदि, जिसमें किसी अनुभव, अनुभूति, दृश्य आदि का वर्णन हो या किया जाए। | বৰ্ণনাত্মক, বৰ্ণনামূলক | बर्णनात्मक, बर्णनामूलक | descriptive. |
| **वर्णनीय** | वि. | जो वर्णन किए जाने के योग्य हो। | বৰ্ণনীয়, বৰ্ণনা কৰিবৰ যোগ্য | बर्णनीय, बर्णना करिबर जोग्य | fit to be described. |
| **वर्णभेद** | पुं. | 1. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र – इन चार प्रकार के वर्णों या जातियों के लोगों में माना जानेवाला भेद, जाति भेद; | বৰ্ণভেদ, জাতিভেদ; | बर्णभेद, जातिभेद; | caste discrimination among four castes of Hindus; |
| | | 2. काले, गोरे, पीले आदि रंगों के आधार पर विभिन्न | জাতিভেদ, গাৰ বৰণৰ ভিত্তিত কৰা ভেদ বিচাৰ | जातिभेद, गार बरणर भित्तित करा भेद बिचार | racialism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जातियों में किया जानेवाला पक्षपातमूलक भेद । | | | |
| वर्णमाला | स्त्री. | किसी लिपि के वर्णों या अक्षरों की क्रमबद्ध सूची । | বৰ্ণমালা | वर्णमाला | alphabets. |
| वर्णव्यवस्था | स्त्री. | हिन्दू समाज का ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र – इन चार जातियों में धर्म-शास्त्रानुसार विभाजन, वर्ण विभाग । | বৰ্ণভেদ বা জাতিভেদ প্ৰথা | वर्णभेद वा जातिभेद प्रथा | caste system, institution of caste. |
| वर्णसंकर | पुं. | दो भिन्न वर्णों या जातियों के स्त्री-पुरुष के संबंध से उत्पन्न व्यक्ति, दोगला । | বৰ্ণশঙ্কৰ, বৰীয়া, জহৰা | वर्णशंकर, वरीया, जहरा | person of mixed origin, from parents of different castes. |
| वर्णाश्रम | पुं. | वर्ण और आश्रम, हिन्दू समाज के (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र) चारों वर्ण और (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास) चारों आश्रम । | হিন্দুসকলৰ বৰ্ণাশ্ৰম ব্যৱস্থা, বৰ্ণাশ্ৰম | हिन्दुसकलर वर्णाश्रम व्यवस्था, वर्णाश्रम | four Hindu castes (viz. Brahman, Kshatriya, Vaisya and Sudra) and the four stages of Hindu society (viz. student, house-holder, mendicant and anchoret.). |
| वर्णिक | वि. | 1. वर्ण संबंधी; | বৰ্ণগত, বৰ্ণ বা আখৰ সম্বন্ধীয়; | वर्णगत, वर्ण वा आखर सम्बन्धीय; | concerning a letter of the alphabet; |
| | | 2. (छंद) जिसमें वर्णों की गणना का विचार मुख्य हो । | বৰ্ণৰ ভিত্তিত ৰচিত এবিধ ছন্দ | वर्णर भित्तित रचित एविध छन्द | kind of metre in Hindi and Sanskrit. |
| वर्णित | वि. | जिसका वर्णन हो चुका हो, वर्णन के रूप में कहा या लिखा हुआ । | বৰ্ণিত, বিবৃত | वर्णित, विवृत | described, related. |
| वर्तनी | स्त्री. | किसी शब्द के वर्ण तथा उनका क्रम, अक्षर-विन्यास, हिज्जे । | বানান, আখৰ-জোঁটনী | बानान, आखर-जोंटनी | spelling (of a word). |
| वर्तमान | वि. | 1. (जीवन या प्राणी) जो हुआ | জীৱিত; জীয়াই থকা, বৰ্ত্তি থকা; | जीवित, जीयाइ थका, बर्त्ति थका; | living, being alive; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | समय आस्तित्व या सत्ता में हो; | | | |
| | | 2. (नियम या विधान) जो लागू हो या चल रहा हो; | প্ৰচলিত, চলিত, চলি থকা; | प्रचलित, चलित, चलि थका; | current, in force (as a rule or law); |
| | | 3. उपस्थित, प्रस्तुत, विद्यमान । | উপস্থিত, প্ৰত্যক্ষ, বৰ্ত্তমান | उपस्थित, प्रत्यक्ष, बर्त्तमान | present. |
| | पुं. | व्याकरण में क्रिया के तीन कालों में से एक जिससे यह सूचित होता है कि क्रिया अभी चली है, वर्तमान काल । | (ব্যাকৰণত) বৰ্ত্তমান কাল | (ब्याकरणत) बर्त्तमान काल | present tense. |
| वर्तिका | स्त्री. | 1. बत्ती; | শলিতা, বটিয়া; | शलिता, बटिया; | wick (of a lamp): |
| | | 2. सलाई; | কাঠি, শলা; | काठि, शला; | stick; |
| | | 3. पेंसिल की तरह का एक उपकरण जो रेखाचित्र बनाने के काम आता है, तथा जिसके एक सिरे पर बाल लगे होते हैं, ब्रुश । | (শিল্পীৰ) তুলি, তুলিকা | (शिल्पीर) तुलि, तुलिका | point brush. |
| वर्तुल | वि. | गोल, वृत्ताकार । | গোল, ঘূৰণীয়া, বৰ্ত্তুল | गोल, घूरणीया, बर्त्तुल | round, circular. |
| वर्तुलाकार | वि. | दे. 'वर्तुल' । | গোলাকাৰ, ঘূৰণীয়া | गोलाकार, घूरणीया | see 'वर्तुल'. |
| वर्दी | स्त्री. | किसी विशिष्ट समुदाय या कार्यकर्तावर्ग का पहनावा । | ইউনিফৰ্ম্ম, একে পোছাক | इउनिफर्म्म, एके पोछाक | uniform or fixed dress. |
| वर्द्धक (वर्धक) | वि. | वृद्धि करनेवाला । | বৰ্দ্ধক, বঢ়াওঁতা, বৃদ্ধিকাৰক | बर्द्धक, बढ़ाओंता, बृद्धिकारक | increasing. |
| वर्द्धन (वर्धन) | पुं. | 1. वृद्धि करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव; | বৰ্দ্ধন, বাঢ়ন; | बर्द्धन, बाढ़न; | act of increasing or growing; |
| | | 2. वृद्धि, बढ़ती । | বৃদ্ধি, বঢ়া | बृद्धि, बढ़ा | increase, growth. |
| वर्द्धमान (वर्धमान) | वि. | 1. बढ़ता हुआ; | বাঢ়তি, বাঢ়ি থকা; | बाढ़ति, बाढ़ि थका; | growing; |
| | | 2. वर्द्धनशील । | বাঢ়িথকা | बाढ़िथका | increasing. |
| | पुं. | महावीर स्वामी, जैनियों के 24वें तीर्थंकर । | মহাবীৰ, জৈন সকলৰ ২৪শ তীৰ্থংকৰ | महाबीर, जैन सकलर 24शा तीर्थंकर | Lord Mahavir, the 24th Tirthankar of the Jains. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | पुं. | 1. बारह महीने का समय, साल, संवत्सर, वर्ष; | বৰ্ষ, বছৰ; | बर्ष, बछर; | year; |
| | | 2. पुराणानुसार किसी द्वीप का कोई प्रधान भाग या विभाग । | (পুৰাণৰ মতে) এৰোখন ভূখন্ড বা দেশ | (पुराणर मते) एकोखन भूखण्ड वा देश | division of the earth or known world (according to Puranas). |
| वर्षक | वि. | 1. वर्षा करनेवाला; | বৰষুণ দিওঁতা, বৰষুণ দিয়া; | बरषुण दिओंता, बरषुण दिया; | who does or causes rain; |
| | | 2. ऊपर से फेंकने या गिरानेवाला । | বৰ্ষণ কৰা, তললৈ পেলাই দিয়া | बर्षण करा, तललै पेलाइ दिया | (one) who throws something from above to below. |
| वर्षगांठ | स्त्री. | वह तिथि या दिन जो किसी के जन्म की तिथि या जन्मदिन के एक वर्ष के बाद पड़ता है, जन्मदिवस, सालगिरह । | জন্মদিবস, জন্মতিথি, জন্মদিন | जन्मदिबस, जन्मतिथि, जन्मदिन | birth anniversary, birthday. |
| वर्षण | पुं. | 1. बरसना; 2. वर्षा । | বৰ্ষণ, বৰষুণ, পৰা; বৰষুণ | बर्षण, बरषुण, परा; बरषुण | falling of rain; rain. |
| वर्षफल | पुं. | फलित ज्योतिष में जातक के अनुसार वर्ष भर के ग्रहों के शुभाशुभ फलों का विवरण । | বৰ্ষফল | बर्षफल | annual forecast. |
| वर्षा | स्त्री. | 1. आकाश के मेघों से पानी बरसना, वृष्टि; | বৰষুণ, বৃষ্টি; | बरषुण, बृष्टि; | rains; |
| | | 2. किसी चीज का बहुत अधिक मात्रा में ऊपर से आना या गिरना; | ওপৰৰ পৰা হোৱা সিঞ্চন; | ओपरर परा होवा सिंचन; | shower or fall of anything in heavy quantity; |
| | | 3. वह ऋतु जिसमें प्राय: पानी बरसता रहता है, वर्षाऋतु, बरसात । | বৰ্ষাকাল, বাৰিষা | बर्षाकाल, बारिषा | monsoon. |
| वर्षाऋतु | स्त्री. | वह ऋतु जिसमें प्राय: पानी बरसता रहता है, बरसात का मौसम, बरसात, वर्षाकाल । | বৰ্ষাঋতু, বৰ্ষাকাল | बर्षाऋतु, बर्षाकाल | season of the rains, monsoon. |
| वर्षीय | वि. | 1. वर्ष या साल से संबंध रखनेवाला, वार्षिक; | বাৰ্ষিক, বাৎসৰিক, বছেৰেকীয়া; | बार्षिक, बात्सरिक, बछेरेकीया; | yearly, annual; |
| | | 2. गिनती के विचार से वर्षों का, कुछ निश्चित वर्षों की आयु का । | (নিৰ্দ্দিষ্ট বছৰৰ হিচাবত) বয়সীয়া | (निर्द्दिष्ट बछरर हिचाबत) बयसीया | so many years old. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वल्कल | पुं. | 1. पेड़ की छाल; | বাকলি, ছাল; | बाकलि, छाल; | bark of a tree; |
| | | 2. पेड़ की छाल से बना हुआ कपड़ा, वल्कल-वस्त्र । | বাকলি-বসন, বাকলিৰ পোছাক | बाकलि-बसन, बाकलिर पोछाक | garment made of bark. |
| वल्द | पुं. | (किसी का) पुत्र, बेटा । | পুত্ৰ, ল'ৰা | पुत्र, ल'रा | son (of). |
| वल्दियत | स्त्री. | पिता का नाम । | পিতাৰ নাম, পিতৃ-পৰিচয় | पितार नाम, पितृ-परिचय | father's name. |
| वल्लभ | वि. | अत्यन्त प्रिय, प्रियतम, प्यारा । | প্ৰিয়তম, বল্লভ, মৰমৰ | प्रियतम, बल्लभ, मरमर | beloved, dear. |
| | पुं. | 1. अत्यन्त प्रिय व्यक्ति; | প্ৰিয়তম লোক; | प्रियतम लोक; | beloved person; |
| | | 2. स्त्री का पति; | স্বামী, পতি; | स्वामी, पति; | husband; |
| | | 3. मालिक, स्वामी । | মালিক, গৰাকী | मालिक, गराकी | master. |
| वश | पुं. | 1. शक्ति, सामर्थ्य; | শক্তি, সামৰ্থ্য; | शक्ति, सामर्थ्य; | power, capacity; |
| | | 2. नियंत्रण, प्रभाव, काबू; | বশ, নিয়ন্ত্ৰণ; | बश, नियन्त्रण; | control, mastership; |
| | | 3. अधीनता । | অধীনতা, বশ্যতা | अधीनता, बश्यता | subjection. |
| | वि. | 1. अधीन, काबू में आया हुआ; | বধ্য, আজ্ঞামতে চলা; | बध्य, आज्ञामते चला; | under the control of, empowered; |
| | | 2. आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी; | অধীন, বশ; | अधीन, बश; | obedient; |
| | | 3. जादू-टोने से मुग्ध किया हुआ । | মুগ্ধ, মোহিত | मुग्ध, मोहित | subdued by charms. |
| वशवर्ती | वि. | 1. जो किसी के वश में हो, अधीन; | অধীন, বশবৰ্তী; | अधीन, बशबर्त्ती; | being under the control of; |
| | | 2. आज्ञानुवर्ती, आज्ञाकारी । | বাধ্য, সৈমান, আজ্ঞা মানি চলা | बाध्य, सैमान, आज्ञा मानि चला | obedient, submissive. |
| वशीकरण | पुं. | 1. जादू-टोने या मंत्र के प्रयोग द्वारा वश में करने की क्रिया, मोहित या मुग्ध करने की क्रिया, वशीभूत करने का एक तांत्रिक प्रयोग; | যাদুমন্ত্ৰেৰে বশ কৰা কাৰ্য, বশীকৰণ; | जादुमन्त्रेरे बश करा कार्ज्य, बशीकरण; | overcoming by charms, spell etc.; |
| | | 2. ऐसे साधन जिनसे किसी को वशीभूत किया जा सके या किया जाना हो । | বশ কৰিব পৰা মন্ত্ৰৰ সাধন | बश करिब परा मन्त्रर साधन | means of subjugating or fascinating. |
| वशीकृत | वि. | 1. जादू-टोने आदि द्वारा वश में लाया या किया हुआ, मुग्ध, मोहित; | মুগ্ধ, মোহিত, বশীভূত; | मुग्ध, मोहित, बशीभूत; | bewitched, enchanted; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वश में किया हुआ, काबू में लाया हुआ। | বশীভূত, বশ হোৱা কৰায়ত্ত হোৱা | बशीभूत, वश होवा करायत्त होवा | brought into subjection, subdued. |
| वशीभूत | वि. | 1. वश में आया या किया हुआ, अधीन; | বশীভূত; | बशीभूत; | subjugated, under the control or authority of; |
| | | 2. मुग्ध, मोहित, जादू-टोने आदि द्वारा वश में लाया हुआ। | মন্ত্ৰমুগ্ধ, বশীভূত | मन्त्रमुग्ध, बशीभूत | fascinated, enchanted by charms or spell. |
| वसंत | पुं. | 1. वर्ष की छह ऋतुओं में से एक ऋतु, हेमंत और ग्रीष्म के बीच की ऋतु; | বসন্ত কাল; | बसन्त काल; | spring season; |
| | | 2. संगीत के छह मुख्य रागों में से एक जो विशेष रूप से वसंत ऋतु में गाया जाता है। | বসন্ত কালত গোৱা সংগীতৰ এটা মুখ্য ৰাগ | बसन्त कालत गोवा संगीतर एटा मुख्य राग | name of one of the Ragas sung during the spring season. |
| वसंत पंचमी | स्त्री. | माघ महीने की शुक्ल पंचमी तथा इस दिन मनाया जानेवाला त्यौहार या पर्व। | বসন্ত-পঞ্চমী, এটা উত্সৱ | बसन्त-पन्चमी, एटा उत्सव | festival held on the 5th of the light half of the month Magha. |
| वसंती | वि. | 1. वसंत ऋतु संबंधी, वसंत का; | বাসন্তী, বসন্ত কাল সম্বন্ধীয়; | बासन्ती, बसन्त काल सम्बन्धीय; | of or relating to spring season; |
| | | 2. हलके पीले रंग का। | পাতল হালধীয়া | पातल हालधीया | of yellow colour. |
| वसंतोत्सव | पुं. | 1. होली का उत्सव; | ৰঙৰ ফাকুৱা; | रङर फाकुवा; | festival of Holi; |
| | | 2. वसंत पंचमी के दिन मनाया जानेवाला उत्सव। | বসন্ত-পঞ্চমীৰ উত্সৱ | बसन्त-पन्चमीर उत्सव | festival celebrated on the full moon day of Phagun. |
| वसन | पुं. | 1. वस्त्र, कपड़ा, पहनने का कपड़ा, परिधान; | বসন, বস্ত্ৰ, কাপোৰ, পোছাক; | बसन, बस्त्र, कापोर, पोछाक; | cloth, clothes, dress, garment, apparel, attire; |
| | | 2. किसी स्थान पर बसना, निवास। | বাস, নিবাস, বস-বাস | बास, निबास, बस-बास | dwelling, residing. |
| वसा | स्त्री. | 1. पीले या सफेद रंग का एक प्रसिद्ध चिकना या तेलाक्त पदार्थ जो पशुओं, | চৰ্বী, মেদ; | चर्बी, मेद; | fat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मछलियों और मनुष्यों के शरीर में पाया जाता है और जिसकी अधिकता होने पर उनमें मोटाई आती है, चरबी; | | | |
| | | 2. मज्जा, गूदा । | মজ্জা, শাহ | मज्जा, शाह | marrow, pith. |
| वसीयत | स्त्री. | 1. यह लिखित आदेश कि लेखक की अनुपस्थिति में या मृत्यु के उपरांत उसकी संपत्ति का वारिस अमुक व्यक्ति या अमुक संस्था होगी; | উইল, ইচ্ছাপত্ৰ, অধিকাৰপত্ৰ; | उइल, इच्छापत्र, अधिकारपत्र; | will; |
| | | 2. उक्त आशय का लिखा हुआ आदेश-पत्र, वसीयतनामा, इच्छापत्र; | ইচ্ছাপত্ৰ; | इच्छापत्र; | testament; |
| | | 3. उक्त के फलस्वरूप मिला धन, उत्तराधिकार से प्राप्त धन, रिक्थ । | অধিকাৰীসূত্ৰে পোৱা ধন বা বস্তু | अधिकारीसूत्रे पोवा धन बा बस्तु | bequest, legacy. |
| वसीयतनामा | पुं. | वह पत्र जिस पर कोई वसीयत लिखी हो, इच्छापत्र । | উইল, ইচ্ছাপত্ৰ | उइल, इच्छापत्र | will. |
| वसुंधरा | स्त्री. | पृथ्वी । | পৃথিবী, বসুন্ধৰা | पृथिबी, बसुन्धरा | earth. |
| वसु | पुं. | धन-संपत्ति । | ধন-সম্পত্তি | धन-सम्पत्ति | riches, wealth. |
| वसुधा | स्त्री. | पृथ्वी । | পৃথিবী, বসুধা | पृथिबी, बसुधा | earth, world, globe. |
| वसुमती | स्त्री. | पृथ्वी । | পৃথিবী, বসুমতী | पृथिबी, बसुमती | earth. |
| वसूल | वि. | 1. मिला हुआ, प्राप्त; 2. (प्राप्य धन या पदार्थ) जो दूसरों से लिया गया हो, उगाहा हुआ । | পোৱা, প্ৰাপ্ত; (পাওনা) পোৱা, লোৱা, আদায় | पोवा, प्राप्त; (पाओना) पोवा, लोवा, आदाय | got, received; collected (funds, etc). |
| वसूली | स्त्री. | 1. वसूल करने या होने की अवस्था, क्रिया या भाव, प्राप्य धन की प्राप्ति, उगाही; | প্ৰাপ্তি, গ্ৰহণ, আদায়; | प्राप्ति, ग्रहण, आदाय; | receipt, realisation, recovery; |
| | | 2. लोगों से धन आदि लेकर इकट्ठा करने की क्रिया या भाव । | সংগ্ৰহ, আদায়, গোটোৱা | संग्रह, आदाय, गोटोवा | collection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वस्तु | स्त्री. | 1. श्रम द्वारा निर्मित चीज; | তৈয়াৰ কৰা বস্তু বা সামগ্ৰী; | तैयार करा बस्तु बा सामग्री; | any thing made, material; |
| | | 2. वह जो कुछ अस्तित्व में हो, गोचर पदार्थ । | বাস্তৱ পদাৰ্থ | बास्तव पदार्थ | really existing thing, object article. |
| वस्तुजगत | पुं. | दृश्यमान जगत्, संसार । | দৃশ্যমান জগত, সংসাৰ | दृश्यमान जगत, संसार | visible or material world. |
| वस्तुतः | क्रि. वि. | वास्तविक रूप या स्थिति में, वास्तव में । | বাস্তৱতে, আচলতে | बस्तवते, आचलते | actually, in reality. |
| वस्तुवाद | पुं. | यह दार्शनिक सिद्धांत कि जगत् जिस रूप में हमें दिखाई देता है, उसी रूप में वह वास्तविक और सत्य है | বস্তুবাদ, অস্তিত্ববাদ | बस्तुबाद, अस्तित्वबाद | objectivism, realism. |
| वस्तुस्थिति | स्त्री. | किसी चीज या वस्तु की वास्तविक स्थिति । | অস্তিত্ব, স্থিতি | अस्तित्व, स्थिति | reality. |
| वस्त्र | पुं. | रूई, ऊन, रेशम आदि के तागों से बुना या जमाकर तैयार किया हुआ वह प्रसिद्ध पदार्थ जो पहनने, ओढ़ने आदि के काम आता है, कपड़ा । | কাপোৰ, বস্ত্ৰ | कापोर, बस्त्र | cloth, linen, clothes, garment etc. |
| वस्त्रागार | पुं. | 1. वह स्थान जहां सब प्रकार के या बहुत से कपड़े हों; | কাপোৰ থোৱা কোঠা; | कापोर थोवा कोठा; | wardrobe; |
| | | 2. कपड़ों की दुकान । | কাপোৰৰ দোকান | कापोरर दोकान | clothier's shop. |
| वह | सर्व. | बातचीत में दूर स्थित या परोक्ष व्यक्ति या पदार्थ के संकेत का शब्द । | সি, তেওঁ, তাই ইত্যাদি বুজোৱা সৰ্ব্বনাম পদ | सि, तेओं, ताइ इत्यादि बुजोवा सर्ब्बनाम पद | that, that person, he, she, it. |
| | वि. | वहन करनेवाला, उठाकर या ढोकर ले जानेवाला (समास में) । | বহনকাৰী, বাহী | बहनकारी, बाही | carrier, conveyer. |
| वहन | पुं. | 1. कहीं से ले जाने के लिए कोई चीज उठाना या लादना, भार ढोना, लेजाने की क्रिया; | বহন, বহন কৰা কাৰ্য্য বা ভাৰ; | बहन, बहन करा कार्य्य बा भार; | carrying, bearing, conveying; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (दायित्व) निर्वाह करने की क्रिया या भाव । | (দায়িত্ব) পালন, বহন | (दायित्व) पालन, बहन | performing or discharging (responsibility, duty, etc.). |
| **वहम** | पुं. | 1. मिथ्या संदेह, झूठा शक;<br>2. अन्धविश्वास । | আশঙ্কা, সন্দেহ;<br>অন্ধবিশ্বাস কুসংস্কাৰ | आशंका, सन्देह;<br>अन्धबिश्वास, कुसंस्कार | false doubt or notion;<br>superstition. |
| **वहमी** | वि. | जिसके मन में प्राय: कोई वहम बना रहता हो, शक्की । | অন্ধবিশ্বাসী, সন্দেহী | अन्धबिश्वासी, सन्देही | superstitious, suspicious, distrustful. |
| **वहाँ** | क्रि. वि. | उस स्थान में, उस जगह । | তাত, সেই ঠাইত | तात, सेइ ठाइत | there. |
| **वही** | सर्व. | उस वस्तु या तृतीय व्यक्ति की ओर निश्चित रूप से संकेत करनेवाला सर्वनाम जिसके संबंध में कुछ कहा जा चुका हो, निश्चित रूप से पूर्वोक्त । | তাতেই, তেতিয়াই | तातेइ, तेतियाइ | that very one, the self same, he himself, the same. |
| **वांछनीय** | वि. | जिसकी वांछा या कामना की गई हो या की जाने को हो । | বাঞ্ছনীয়, বাঞ্ছা কৰিবৰ যোগ্য | बांछनीय, बांछा करिबर जोग्य | desirable, wished or worthy of desire. |
| **वांछा** | स्त्री. | इच्छा, अभिलाषा, चाह । | ইচ্ছা, অভিলাস, কামনা | इच्छा, अभिलास, कामना | wish, desire, longing. |
| **वांछित** | विं. | चाहा हुआ, इच्छित । | বাঞ্ছিত, বাঞ্ছা কৰা, কামনা কৰা, বিচৰা | बांछित, बांछा करा, कामना करा, बिचरा | wished, desired, longed for. |
| **वा** | अव्य. | विकल्प या सन्देह का वाचक शब्द, अथवा, या । | বা, অথবা, কিম্বা, নতুবা | बा, अथबा, किम्बा, नतुबा | or. |
| **वाकई** | क्रि. वि. | यथार्थ में, वास्तव में, वस्तुत: । | আচলতে, বাস্তৱতে, বস্তুত: | आचलते, बास्तवते, बस्तुत: | really, actually, truly. |
| **वाक्** | स्त्री. | 1. वाणी, आवाज;<br>2. कथन, अभिव्यक्ति;<br>3. बोलने की इन्द्रिय;<br>4. वाग्देवी, सरस्वती । | ভাষা, কথা;<br>কথা, উক্তি;<br>বগিন্দ্রিয়;<br>সৰস্বতী | भाषा, कथा;<br>कथा, उक्ति;<br>बगिन्द्रिय;<br>सरस्वती | speech;<br>expression, saying;<br>organ of speech;<br>the goddess of speech, Saraswati. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वाक्पटु | वि. | बातचीत करने में चतुर । | বাক্পটু, কথা বতৰা পতাত পটু | बाक्पटु, कथा बतरा पतात पटु | eloquent. |
| वाक्पटुता | स्त्री. | बातचीत करने की चतुराई, बातचीत करने का कौशल । | বাক্-পটুতা | बाक-पटुता | eloquence. |
| वाक्य | पुं. | शब्द या शब्दों का ऐसा समूह जो एक विचार पूरी तरह से व्यक्त करे, जुमला । | বাক্য | बाक्य | sentence. |
| वाक्यरचना | स्त्री. | वाक्य का बनाना, शब्दों या पदों को यथास्थान रखकर वाक्य बनाना, वाक्य गठन । | বাক্য ৰচনা, বাক্য গঠন | बाक्य रचना, बाक्य गठन | arrangement of words in a sentence, syntax. |
| वाक्यविन्यास | पुं. | वाक्यों को यथास्थान रखना, वाक्यों का उपयुक्त क्रम । | বাক্যবিন্যাস | बाक्यबिन्यास | the structure of sentences, the arrangement or order of a sentence, syntax. |
| वाग्जाल | पुं. | ऐसी घुमाव-फिराव की बातें जिनका मूल उद्देश्य दूसरों को धोखा देना या फंसाना होता है । | কথাৰ জাল, কথাৰ মেৰপাক, বাগ্জাল | कथार जाल, कथार मेरपाक, बागजाल | equivocation, multiloquence. |
| वाग्दत्ता | स्त्री. | ऐसी कन्या जिसके विवाह की बात पक्की हो चुकी हो | বাগ্দত্তা, বিয়াৰ কাৰণে কথা দি থোৱা কইনা | बागदत्ता, बियार कारणे कथा दि थोवा कइना | affianced or betrothed virgin. |
| वाग्मिता | स्त्री. | अच्छे वक्ता होने की अवस्था गुण या भाव, वक्तृत्व । | বগ্মিতা, বক্তৃতা দিয়াৰ পটুতা | बग्मिता, बक्तृता दियार पटुता | eloquence. |
| वाग्विलास | पुं. | शब्द-क्रीड़ा, शब्दाडंबर, वागाडंबर । | শব্দাড়ম্বৰ, কথাৰ বাহাদুৰি | शब्दाड़म्बर, कथार बाहादुरि | play of words, multiloquence. |
| वाग्वैदग्ध्य | पुं. | 1. वाग्विदग्ध होने की अवस्था या भाव, वाक्चातुर्य, वाकपटुता; | বাক্পটুতা, বাগ্নৈপুণ্য; | बाक्पटुता, बागनैपुण्य; | eloquence; |
| | | 2. कथन, लेख, वक्तव्य आदि में होनेवाला चमत्कारपूर्ण तत्व । | কথা কোৱাৰ বা লিখাৰ চমত্কাৰিতা | कथा कोवार बा लिखार चमत्कारिता | bombast, graceful or prevaricative writing, statement or speech. |
| वाङ्मय | पुं. | लिपिबद्ध विचारों का समस्त संग्रह या समूह, साहित्य । | সাহিত্য | साहित्य | consisting of words, literature. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वाचक** | वि. | 1. कहने या बोलनेवाला;<br>2. बताने या बोध करानेवाला;<br>3. वाचन करके अर्थात् पढ़कर सुनानेवाला । | কথা কওঁতা;<br>বোধক, সূচক, ব্যাখ্যাকাৰী;<br>পঢ়োঁতা, পাঠক | कथा कओंता;<br>बोधक, सूचक, ब्याख्याकारी;<br>पढ़ोंता, पाठक | speaking;<br>declaratory, telling or explanatory;<br>one who reads out, reader. |
| | पुं. | व्याकरण तथा भाषाविज्ञान में तीन प्रकार के शब्दों या साक्षात् अर्थ का बोधक होता है, वाचक शब्द । | (ব্যাকৰণত বা ভাষা-বিজ্ঞানত) বাচক শব্দ | (ब्याकरणत बा भाषा-बिज्ञानत) बाचक शब्द | (in gram.) denoting number. |
| **वाचनालय** | पुं. | वह सार्वजनिक (या निजी) स्थान जहां बैठकर पठन या अध्ययन किया जाता है । | পঢ়া ঠাই, পাঠাগাৰ | पढ़ा ठाइ, पाठागार | reading room. |
| **वाचाल** | वि. | बहुत बोलनेवाला, बातूनी, बक्की, बकवादी । | কথকী, কথাচহকী | कथकी, कथाचहकी | talkative, garrulous. |
| **वाचालता** | स्त्री. | वाचाल होने की अवस्था या भाव, बहुत बोलना, बातूनीपन । | কথকী গুণ, কথাবাহিতা | कथकी गुण, कथाबाहिता | talkativeness, loquaciousness, garrulity. |
| **वाचिक** | वि. | 1. वाणी संबंधी;<br>2. वाणी से निकला हुआ, मुंह से कहा हुआ, मौखिक । | ভাষা সম্বন্ধীয়;<br>কোৱা, কথিত, মৌখিক | भाषा सम्बन्धीय;<br>कोवा, कथित, मौखिक | relating to speech;<br>spoken. |
| | पुं. | केवल वाणी द्वारा संपन्न अभिनय । | কেৱল কথাৰ অভিনয় | केवल कथार अभिनय | verbal acting. |
| **वाच्यार्थ** | पुं. | वाचक शब्द का अर्थ, अभिधेयार्थ । | বাচ্যাৰ্থ, অভিধা অৰ্থ, শাব্দিক অৰ্থ | बाच्यार्थ, अभिधा अर्थ, शाब्दिक अर्थ | the directly expressed meaning. |
| **वाजिब** | वि. | उचित, संगत, मुनासिब । | উচিত, সংগত, যথাৰ্থ, উপযুক্ত | उचित, संगत, जथार्थ, उपजुक्त | reasonable, proper, just, incumbent. |
| **वाटिका** | स्त्री. | बगीचा, छोटा बाग । | বাগিছা, বাৰী | बागिछा, बारी | small garden. |
| **वाणिज्य** | पुं. | बहुत बड़े पैमाने पर होनेवाला व्यापार । | বেপাৰ, বাণিজ্য, বণিজ | बेपार, बाणिज्य, बणिज | commerce, trade. |
| **वाणी** | स्त्री. | 1. मुंह से निकलनेवाली आवाज, वाक्, बोली; | কথা, ভাষা; | कथा, भाषा; | voice, sound; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वचन, कथन, अभिव्यक्ति; | বচন, কথা, উক্তি; | बचन, कथा, उक्ति; | words, speech; |
| | | 3. जिह्वा, जीभ; | জিভা; | जिभा; | tongue; |
| | | 4. वाग्देवी, सरस्वती । | সৰস্বতী | सरस्वती | the goddess of speech, Saraswati. |
| वात | पुं. | 1. वायु, हवा; | বায়ু, বতাহ; | बायु, बताह; | air; |
| | | 2. वैद्यक के अनुसार शरीर के अंतर्गत तीन दोषों में से एक । | বায়ু (দোষ) | बायु (दोष) | wind as one of the three humours of body, gout. |
| वातानुकूलन | पुं. | यांत्रिक या वैज्ञानिक प्रक्रिया से व्यवस्था करना कि किसी घिरे हुए स्थान के तापमान पर उसके बाहर के तापमान का प्रभाव न पड़ने पाए अर्थात् उस स्थान के अन्दर की गरमी या सरदी नियंत्रित और नियमित रहे । | শীত-তাপ নিয়ন্ত্ৰণ | शीत-ताप नियन्त्रण | air-conditioning. |
| वातानुकूलित | वि. | जिसका तापमान वातानुकूलन की प्रक्रिया से नियमित और नियंत्रित किया गया हो, जिसका वातानुकूलन किया गया हो । | বাতানুকূলিত, শীত-তাপ নিয়ন্ত্ৰিত | बातानुकूलित, शीत-ताप नियन्त्रित | air-conditioned. |
| विवर्धन | पु. | 1. बढ़ने या वृद्धि करने की क्रिया; | বৰ্ধন, বাঢ়ন; | बर्द्धन, बाढ़न; | the act of increasing or augmenting; |
| | | 2. बढ़ती, वृद्धि । | বৃদ্ধি, বাঢ়ন | वृद्धि, बाढ़न | growth. |
| विवश | वि. | 1. जो स्वयं अपनी इच्छा के अनुसार नहीं, बल्कि दूसरों की इच्छा से अथवा परिस्थितियों के बंधन में पड़कर काम कर रहा हो, मजबूर, बाध्य; | বাধ্য, উপায়হীন; | बाध्य, उपायहीन; | under compulsion; |
| | | 2. जिसका अपने पर वश न हो, बल्कि जो दूसरों के वश में हो, परवश; | নিৰুপায়, পৰনিৰ্ভৰশীল; | निरुपाय, परनिर्भरशील; | helpless; |
| | | 3. जिसे कोई विशिष्ट काम करने के अतिरिक्त और कोई चारा न हो, लाचार, असहाय । | অসহায়, বিবশ | असहाय, विवश | compelled. |
| विवशता | स्त्री. | 1. विवश होने की अवस्था या भाव, लाचारी; | বিবশতা, অসহায়তা; | विवशता, असहायता; | absence of will, helplessness; |
| | | 2. मजबूरी, बाध्यता; | বাধ্যতা; | बाध्यता; | compulsion; |
| | | 3. वह कारण जिसके फलस्वरूप किसी को विवश होना पड़ता है । | বাধ্যতা, নিৰুপায় অৱস্থা | बाध्यता, निरुपाय अवस्था | the cause of being compelled. |
| [illegible] | पु. | मध्यस्थ । | মধ্যস্থতাকাৰী, মধ্যস্থ লোক | मध्यस्थताकारी, मध्यस्थ लोक | arbitrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विवाचन** | पुं. | **आपसी झगड़ों का पंच या पंचायतों के द्वारा होनेवाला विचार और निर्णय, मध्यस्थनिर्णय, पंचफैसला ।** | মধ্যস্থতা, চালিচ | मध्यस्थता, चालिच | arbitration. |
| **विवाद** | पुं. | **1. ऐसी बात जिसके संबंध में दो या अनेक विरोधी पक्ष हों और जिसकी सत्यता निर्णय होने को हो;** | বিবাদ, কাজিয়া; | विवाद, काजिया; | dispute, discussion; |
| | | **2. जबानी झगड़ा, कहा-सुनी, तकरार;** | কাজিয়া, তৰ্কাতৰ্কী; | काजिया, तर्कातर्की; | quarrel; |
| | | 3. पारस्परिक मतभेद । | মনোমালিন্য, অমিল, মতভেদ | मनोमालिन्य, अमिल, मतभेद | controversy. |
| **विवादास्पद** | वि. | **1. (विषय) जिसके संबंध में दो या अधिक पक्षों का विवाद चल रहा हो;** | বিবদমান, বিতৰ্কিত; | बिवदमान, बितर्कित; | controversial; |
| | | **2. (प्रस्ताव, मत, विचार आदि) जिसके संबंध में तर्क-वितर्क चल सकता हो ।** | বিতৰ্কমূলক | बितर्कमूलक | debatable. |
| **विवादी** | वि. | **विवाद करनेवाला, कहा-सुनी या झगड़ा करनेवाला ।** | বিবাদী, কাজিয়া কৰোঁতা | बिबादी, काजिया करोंता | disputant. |
| **विवाह** | पुं. | **1. शादी, परिणय, पाणिग्रहण;** | বিয়া, বিবাহ, পৰিণয়; | बिया, बिबाह, परिणय; | marriage; |
| | | **2. उक्त के अवसर पर होनेवाला उत्सव या धार्मिक कृत्य ।** | বৈবাহিক ক্ৰিয়া-কান্ড বা উত্সৱ | बैबाहिक क्रिया-काण्ड वा उत्सव | nuptials, marriage celebrations. |
| **विवाह-विच्छेद** | पुं. | **वह अवस्था जिसमें पुरुष तथा स्त्री अपना वैवाहिक संबंध तोड़कर एक दूसरे से अलग हो जाते हैं,तलाक ।** | বিবাহ-বিচ্ছেদ | बिबाह-बिच्छेद | divorce. |
| **विवाहित** | वि. | **जिसका विवाह हो गया हो ।** | বিবাহিত,বিয়াহোৱা | बिबाहित, बियोहोवा | married. |
| **विवाहिता** | स्त्री., वि. | **(वह स्त्री) जिसका विवाह हो गया हो, ब्याही हुई (स्त्री) ।** | বিবাহিতা, বিয়া হোৱা তিৰোতা | बिबाहिता, बिया होवा तिरोता | married woman, wife. |
| **विविध** | वि. | **1. अनेक प्रकार का, भाँति-भाँति का, नानाविध;** | বিবিধ, নানা প্ৰকাৰৰ; | बिबिध, नाना प्रकारर; | of various sorts or kinds; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कई विभागों, मदों आदि का मिला-जुला, फुटकर, प्रकीर्ण । | বিবিধ | विविध | miscellaneous. |
| **विवृत** | वि. | 1. खुला हुआ; 2. फैला हुआ, विस्तृत; 3. (वर्ण) जिसका उच्चारण करते समय मुखद्वार पूरा खुलता हो । | খোলা, মুকলি; বহল, বিস্তৃত; বিবৃত (বর্ণ) | खोला, मुकलि; बहल, बिस्तृत; विवृत (वर्ण) | open, not closed; wide, extensive; (gram.) open articulation, approach of the tongue towards the organ of speech but without contact. |
| **विवेक** | पुं. | 1. अंत:करण की वह शक्ति जिससे मनुष्य यह समझता है कि कौन-सा काम अच्छा है या बुरा अथवा करने योग्य है या नहीं, सत् और असत् का निर्णय करनेवाली बुद्धि; | বিবেক, বিচাৰ শক্তি; | बिवेक, बिचार शक्ति; | power of discretion; |
| | | 2. सद्विचार की योग्यता, सद्बुद्धि । | বিচাৰ-বিবেচনাৰ যোগ্যতা, সুবুদ্ধি | बिचार-बिबेचनार जोग्यता, सुबुद्धि | discretion. |
| **विवेकी** | वि. | 1. भले-बुरे का ज्ञान रखने-वाला, विवेकशील; 2. बुद्धिमान; 3. न्यायशील । | বিবেকী, জ্ঞানী; বুদ্ধিমান, জ্ঞানী; ন্যায়বান | बिवेकी, ज्ञानी; बुद्धिमान, ज्ञानी; न्यायवान | discreet; wise; fair, just. |
| **विवेचन** | पुं. | 1. किसी चीज या बात के सभी पक्षों पर इस दृष्टि से विचार करना कि तथ्य या वास्तविकता का पता चले, आलोचनात्मक अध्ययन, समीक्षा, मूल्यांकन; | বিবেচনা, মূল্যাঙ্কন, পর্য্যালোচনা; | बिबेचना, मल्यांकन, पर्ज्यालोचना; | critical study, review, evaluation; |
| | | 2. तर्क-वितर्क; | তৰ্ক-বিতৰ্ক, বাদ-প্ৰতিবাদ; | तर्क-बितर्क, बाद-प्रतिबाद; | argumentation for and against; |
| | | 3. विचार करना, मीमांसा । | মীমাংসা | मीमांसा | profound thought. |
| **विवेचना** | स्त्री. | दे. 'विवेचन' । | বিবেচনা, বাদ-প্ৰতিবাদ | बिबेचना, बाद-प्रतिबाद | see 'विवेचन' । |
| **विशद** | वि. | 1. विस्तृत, ब्योरेवार (वर्णन, कथन आदि); | বহল, বিশদ, বিস্তৃত; | बहल, बिशद, बिस्तृत; | elaborate, detailed (description, statement etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्पष्ट;<br>3. स्वच्छ, निर्मल, साफ;<br>4. चिंतारहित, शांत, स्थिर । | স্পষ্ট, পৰিষ্কাৰ;<br>নিৰ্ম্মল, চাফা;<br>নিশ্চিন্ত, শান্ত,<br>ধীৰ স্থিৰ | स्पष्ट, परिष्कार;<br>निर्म्मल, चाफा;<br>निशिचन्त, शान्त,<br>धीर स्थिर | clear cut;<br>clean, pure;<br>free from anxiety,<br>calm, stable. |
| **विशारद** | वि., पुं. | 1. विशेषज्ञ, निष्णात;<br>2. पंडित, विद्वान् । | বিশাৰদ, পাৰদৰ্শী;<br>পন্ডিত, বিদ্বান | बिशारद, पारदर्शी;;<br>पण्डित, बिद्वान | expert, adept;<br>scholar, learned person. |
| **विशाल** | वि. | 1. जो आकार-प्रकार, आयतन आदि की दृष्टि से अत्यधिक ऊँचा या विस्तृत हो, बड़ा, विपुल, बृहद्;<br>2. भव्य, शानदार । | বিশাল, বৃহত্,<br>ডাঙৰ, প্ৰকান্ড;<br>ভব্য, প্ৰকান্ড, বিৰাট | बिशाल, बृहत्,<br>डाङर, प्रकाण्ड;<br>भव्य, प्रकाण्ड, बिराट | large, big;<br>grand, great. |
| **विशालता** | स्त्री. | विशाल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, उच्चता, ऊँचाई, विस्तार, विपुलता । | বিশালতা,<br>বিস্তৃতি,<br>বিপুলতা | बिशालता,<br>बिस्तृति,<br>बिपुलता | greatness,<br>largeness,<br>extension. |
| **विशिष्ट** | वि. | 1. (वस्तु) जिसमें औरों की अपेक्षा कोई बहुत बड़ी विशेषता हो;<br>2. (व्यक्ति) जिसे अन्यों की अपेक्षा अधिक आदर, मान आदि प्राप्त हो या दिया जा रहा हो;<br>3. किसी विशेष बात, गुण आदि का सूचक या उससे संबद्ध, अभिलक्षक, ठेठ । | বিশিষ্ট, বিশেষ<br>গুণযুক্ত,<br>অসাধাৰণ;<br>বিশিষ্ট,<br>প্ৰধান,<br>মুখ্য;<br>বিশেষ<br>গুণযুক্ত | बिशिष्ट, बिशेष<br>गुणजुक्त,<br>असाधारण;<br>बिशिष्ट,<br>प्रधान,<br>मुख्य;<br>बिशेष<br>गुणजुक्त | special, peculiar;<br>prominent;<br>typical,<br>characteristic. |
| **विशिष्टता** | स्त्री. | विशिष्ट होने की अवस्था, धर्म या भाव, विशेषता, वैशिष्ट्य । | বৈশিষ্ট্য,<br>বিশিষ্টতা | बैशिष्ट्य,<br>बिशिष्टता | speciality,<br>peculiarity. |
| **विशिष्टाद्वैत** | पुं. | आचार्य रामानुज का प्रतिपादित किया हुआ दार्शनिक मत जिसके अनुसार यद्यपि जगत् और जीवात्मा दोनों कार्यतः ब्रह्म से भिन्न हैं | ৰামানুজৰ দ্বাৰা<br>প্ৰতিপাদিত<br>বিশিষ্ট-<br>দ্বৈতবাদ | रामानुजर द्वारा<br>प्रतिपादित<br>बिशिष्ट-<br>द्वैतबाद | qualified non-duality (philosophical doctrine). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | फिर भी वे ब्रह्म से ही उद्भूत हैं और ब्रह्म से उनका उसी प्रकार का संबंध है जैसा कि किरणों का सूर्य से । | | | |
| विशिष्टि | स्त्री. | निर्दिष्ट विशेष गुण, विशिष्ट विवरण, विनिर्देश । | বৈশিষ্ট্য, নিৰ্দিষ্ট বিশেষ গুণ, বিশিষ্ট বিৱৰণ | बैशिष्ट्य, निर्दिष्ट बिशेष गुण, बिशिष्ट बिबरण | specification, special statement |
| विशुद्ध | वि. | 1. जो बिलकुल शुद्ध हो, खरा, वास्तविक; | বিশুদ্ধ, আচল, খাটি; | बिशुद्ध, आचल, खाटि; | completely cleansed or purified, genuine, real; |
| | | 2. पवित्र; | পবিত্ৰ, শুদ্ধ; | पवित्र, शुद्ध; | pious; |
| | | 3. दोषरहित, निर्दोष, निष्कलंक, निर्मल । | নিৰ্মল, নিৰ্দোষ, নিষ্কলঙ্ক | निर्म्मल, निर्दोष, निष्कलंक | free from vice, faultless without a blemish, pure. |
| विशुद्धि | स्त्री. | 1. विशुद्धता, पवित्रता; | বিশুদ্ধি, বিশুদ্ধতা, পবিত্ৰতা; | बिशुद्धि, बिशुद्धता, पवित्रता; | complete purity purity; |
| | | 2. निर्दोषिता, निष्कलंकता. | নিৰ্মলতা; | निर्म्मलता; | faultlessness; |
| | | 3. खरापन । | বিশুদ্ধতা, খাটি অৱস্থা | बिशुद्धता, खाटि अवस्था | genuineness. |
| विशृंखल | वि. | शृंखलारहित, अव्यवस्थित, अस्तव्यस्त । | বিশৃংখল, চেদেলি-ভেদেলি | बिशृंखल, चेदेलि-भेदेलि | disorderly. |
| विशेष | वि. | 1. जिसमें औरों की अपेक्षा कोई नई बात हो, विशेषत्व-युक्त, विशिष्ट; | বিশেষ, বিশিষ্ট, বিশেষত্বযুক্ত; | बिशेष, बिशिष्ट, बिशेषत्वजुक्त; | particular; |
| | | 2. जिसमें औरों की अपेक्षा कुछ अधिकता हो; | বিশিষ্ট গুণ; | बिशिष्ट गुण; | special; |
| | | 3. विचित्र, विलक्षण; | বিচিত্ৰ, অদ্ভুত; | बिचित्र, अद्भुत; | strange; |
| | | 4. बहुत अधिक । | বৰ বেছি, অতি বেছি | बर बेछि, अति बेछि | much. |
| विशेषज्ञ | पु., वि. | किसी विषय का विशेष रूप से ज्ञाता या पंडित । | বিশেষজ্ঞ, পাৰদৰ্শী | बिशेषज्ञ, पारदर्शी | expert. |
| विशेषण | पु. | 1. वह जिसमें किसी प्रकार की विशेषता सूचित हो; | বিশেষণ, বিশেষত্বসূচক গুণ; | बिशेषण, बिशेषत्वसूचक गुण; | attribute, epithet |
| | | 2. (व्याकरण) ऐसा विकारी शब्द जो किसी संज्ञा की विशेषता बतलाता हो, उसकी स्थिति मर्यादित | (ব্যাকৰণত) বিশেষণ | (व्याकरणत) बिशेषण | (gram.) adjective. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | करता हो अथवा उसे संज्ञाओं से पृथक करता हो । | | | |
| **विशेषता** | स्त्री. | 1. विशेष होने की अवस्था या भाव, वैशिष्ट्य, विशिष्टता; 2. किसी वस्तु या व्यक्ति में औरों की अपेक्षा होनेवाली कोई अच्छी बात, गुण । | বিশেষত্ব, বিশিষ্টতা, বৈশিষ্ট্য; বৈশিষ্ট্য, ভাল গুণ | बिशेषत्व, बिशिष्टता, बैशिष्ट्य; बैशिष्ट्य, भाल गुण | speciality, singularity; attribute, quality. |
| **विशेषांक** | पुं. | सामयिक पत्र का वह अंक जो किसी विशिष्ट अवसर पर या किसी विशेष उद्देश्य से और साधारण अंकों की अपेक्षा विशिष्ट रूप में या अलग से प्रकाशित किया जाता है । | বিশেষ সংখ্যা | बिशेष संख्या | special issue **or** number (published on special occasion, purpose etc.). |
| **विशेष्य** | पुं. | वह शब्द या पद जिसकी विशेषता कोई विशेषण या विशेषणपद सूचित करता या कर रहा हो । | (ব্যাকৰণত) বিশেষ্যপদ | (ब्याकरणत) बिशेष्यपद | (gram.) the word to be differented or distinguished. |
| **विश्रांत** | वि. | 1. जिसने विश्राम कर लिया हो; 2. जो कम हो गया हो या रुक गया हो, शांत; 3. थका हुआ, क्लांत । | বিশ্ৰান্ত, জিৰণি লোৱা, বিশ্ৰাম কৰা; বৈ যোৱা, শান্ত; ক্লান্ত | बिश्रान्त, जिरणि लोवा, बिश्राम करा; रै जोवा, शान्त; क्लांत | one who has taken rest; abated, stopped, become calm; tired, exhausted. |
| **विश्रांति** | स्त्री. | 1. विश्राम, आराम; 2. थकावट; 3. मध्यावकाश, मध्यान्तर, विराम । | বিশ্ৰাম, জিৰণি; ভাগৰ, ক্লান্তি; বিৰাম, মধ্যান্তৰ বিৰতি | बिश्राम, जिरणि; भागर, क्लान्ति; बिराम, मध्यान्तर बिरति | rest, repose; tiredness; interval, intermission, stop. |
| **विश्राम** | पुं. | 1. थकावट कम करने या मिटानेवाला काम या बात, आराम; 2. अवकाश, मध्यावकाश, मध्यांतर; 3. चैन, सुख । | বিশ্ৰাম, জিৰণি, আৰাম; অৱকাশ, বিৰাম, মধ্যান্তৰ বিৰতি; শান্তি, সুখ, আৰাম | बिश्राम, जिरणि, आराम; अवकाश, बिराम, मध्यान्तर बिरति; शान्ति, सुख, आराम | relaxation, rest; interval, intermission; tranquility. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विश्रामालय | पुं. | वह स्थान जहां यात्री लोग सवारी के इंतजार में ठहरकर विश्राम करते हों । | জিৰণি কোঠা, বিশ্ৰামাগাৰ | जिरणि कोठा, बिश्रामागार | retiring room (where travellers rest while taking other train etc.). |
| विश्रुत | वि. | अच्छी-तरह जाना-सुना हुआ, विख्यात, प्रसिद्ध । | বিশ্ৰুত, বিখ্যাত, প্ৰসিদ্ধ, প্ৰখ্যাত | बिश्रुत, बिख्यात, प्रसिद्ध, प्रख्यात | well-known, renowned, famous, celebrated. |
| विश्लेषण | पुं. | 1. अलग करना; 2. किसी वस्तु के संयोजक अंगों या तत्वों को इस उद्देश्य से अलग-अलग करना कि उनके अनुपात, कर्तव्य, गुण, प्रकृति, पारस्परिक संबंध आदि का पता चले; | বেলেগোৱা কাৰ্য; বিতং বিভাজন; | बेलेगोवा कार्य्य; बितं बिभाजन; | separation; disintegration; |
| | | 3. किसी विषय के सब अंगों की इस दृष्टि से छानबीन करना कि उनका तथ्य या वास्तविक स्वरूप सामने आए । | বিশ্লেষণ, পৰ্য্যালোচনা | बिश्लेषण, पर्य्यालोचना | analysis. |
| विश्व | पुं. | 1. सृष्टि का वह सारा अंश जो हमें दिखाई देता है, जगत्, दुनिया, लोक, संसार; | বিশ্ব, জগত্ সংসাৰ; | बिश्व, जगत्, संसार; | world, visible part of the world. |
| | | 2. समस्त सृष्टि, ब्रह्मांड । | ব্ৰহ্মাণ্ড, বিশ্ব-ব্ৰহ্মাণ্ড | ब्रह्माण्ड, बिश्व-ब्रह्माण्ड | universe, whole world. |
| विश्वकोश | पुं. | ऐसा विशाल ग्रंथ जिसमें ज्ञान-विज्ञान की समस्त शाखाओं-प्रशाखाओं तथा महत्वपूर्ण बातों का विश्लेषण तथा विवेचन होता है । | বিশ্বকোষ | बिश्वकोष | encyclopeadia. |
| विश्वविद्यालय | पुं. | वह बहुत बड़ी शैक्षिक संस्था जिसके अंतर्गत या अधीन सभी प्रकार के विषयों की सर्वोच्च शिक्षा देनेवाले बहुतसे महाविद्यालय हों और जिसे | বিশ্ববিদ্যালয় | बिश्वबिद्यालय | university. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अपने स्नातकों को शिक्षा संबंधी उपाधियां देने का अधिकार हो । | | | |
| **विश्वसनीय** | वि. | जिस पर विश्वास किया जा सकता हो या किया जाना चाहिए । | বিশ্বাস্য,<br>বিশ্বাসযোগ্য | बिश्वास्य,<br>बिश्वासजोग्य | reliable, credible, to be trusted or to be relied on. |
| **विश्वस्त** | वि. | 1. जिसका विश्वास किया जाए; | বিস্বস্ত,<br>বিশ্বাসযোগ্য; | ब्रिस्वस्त,<br>ब्रिश्वासजोग्य; | reliable; |
| | | 2. जिसके मन में विश्वास हो चुका हो, आश्वस्त । | আশ্বস্ত, বিশ্বাস কৰোঁতা, মানি লওঁতা | आश्वस्त, बिश्वास करोंता, मानि लओंता | confident. |
| **विश्वास** | पुं. | 1. किसी बात, विषय, सिद्धान्त, व्यक्ति, देवता आदि की सत्यता, प्रामाणिकता आदि से संबंधित धारणा, एतबार, यकीन, आस्था; | বিশ্বাস,<br>আস্থা; | ब्रिश्वास,<br>आस्था; | belief, faith; |
| | | 2. भरोसा; | ভৰসা, বিশ্বাস; | भरसा, बिश्वास; | trust; |
| | | 3. आश्वासन । | আশ্বাস, ভৰসা | आश्वास, भरसा | assurance. |
| **विश्वासघात** | पुं. | 1. किसी को विश्वास दिलाकर उसके प्रति किया जाने-वाला द्रोह; | বিশ্বাস-<br>ঘাতকতা; | ब्रिश्वास-<br>घातकता; | breach of trust; |
| | | 2. विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा अपने मित्र या स्वामी के हितों के विरुद्ध किया हुआ ऐसा बुरा काम जिससे उसका विश्वास जाता रहे । | বিশ্বাসঘাতকতা | ब्रिश्वासघातकता | disloyalty, infidelity. |
| **विश्वासघाती** | वि. | विश्वासघात करनेवाला (व्यक्ति) । | বিশ্বাসঘাতী,<br>বিশ্বাসঘাতক | ब्रिश्वासघाती,<br>ब्रिश्वासघातक | treacherous, one who betrays. |
| **विश्वासपात्र** | वि. | (व्यक्ति) जिसका विश्वास किया जाता हो या जो विश्वास किए जाने के योग्य हो, विश्वसनीय, विश्वासभाजन । | বিশ্বাসভাজন,<br>আস্থাভাজন | ब्रिश्वासभाजन,<br>आस्थाभाजन | reliable, trust-worthy. |
| **विश्वास-प्रस्ताव** | पुं. | लोकतंत्री संस्थाओं में किसी अधिकारी या सदस्य के संबंध | আস্থাসূচক প্রস্তাব | आस्थासूचक प्रस्ताब | vote of confidence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | में विश्वास व्यक्त करने के लिए उपस्थित किया जानेवाला प्रस्ताव । | | | |
| **विष** | पुं. | 1. कोई ऐसा तत्व या पदार्थ जो थोड़ी मात्रा में भी शरीर के अंदर पहुँचने या बनने पर भीषण रोग या विकार उत्पन्न कर सकता हो और अंत में घातक सिद्ध हो सकता हो, जहर; | বিষ, বিহ; | विष, विह; | poison; |
| | | 2. (ला.) किसी काम या बात के लिए नाशक या अहितकारी तत्व या बात । | বিষাক্ত বস্তু | विषाक्त वस्तु | (fig.) destructive or harmful element. |
| **विषकन्या** | स्त्री. | वह कन्या या स्त्री जिसके शरीर में इस आशय से विष प्रविष्ट किया गया हो कि उसके साथ संभोग करनेवाला मर जाए । | বিষকন্যা | विषकन्या | poison-bred girl supposed to cause the death of a man who has had intercourse with her. |
| **विषण्ण** | वि. | 1. उदास, दु:खी; | বিষন্ন, ম্লান; | बिषन्न, म्लान; | gloomy; |
| | | 2. जिसमें कुछ करने की इच्छा-शक्ति न रह गई हो, हतोत्साहित । | নিৰুৎসাহী, নিৰাশ | निरुत्साही, निराश | demoralised, disheartened. |
| **विषधर** | वि. | विषाक्त, जहरीला । | বিষধৰ, বিষাক্ত, বিহলগা | बिषधर, बिषाक्त, बिहलगा | poisonous. |
| | पुं. | साँप । | সাপ | साप | snake. |
| **विषम** | वि. | 1. जो सम अर्थात् समान या बराबर न हो, असमान; | বিষম, অসমান; | बिषम, असमान; | uneven; |
| | | 2. (संख्या) जो दो से भाग देने पर पूरी न बँटे बल्कि जिसमें एक बाकी बचे, ताक; | বিষম বা অযুগ্ম (সংখ্যা); | बिषम वा अजुग्म (संख्या); | odd (number), that which can not be equally divided; |
| | | 3. (कार्य, स्थिति या विषय) जो कठिन या विकट हो, मुश्किल; | কঠিন, টান, জটিল; | कठिन, टान, जटिल; | hard, difficult; |
| | | 4. भीषण, भयंकर; | ভয়ঙ্কৰ, ভয়লগা; | भयडकर, भयलगा; | dangerous, fearful; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. तीव्र, तेज, उत्कट । | তীব্ৰ, উৎকট | तीव्र, उत्कट | intense. |
| विषमता | स्त्री. | 1. असमानता; | বিষমতা, অসমান অৱস্থা; | बिषमता, असमान अवस्था; | unevenness, dissimilarity; |
| | | 2. विरोध, वैषम्य; | বিপৰীত অৱস্থা; | बिपरीत अवस्था; | contrast; |
| | | 3. अंतर, भेद; | অন্তৰ, ব্যৱধান; | अन्तर, व्यवधान; | difference; |
| | | 4. (कार्य, स्थिति आदि की) कठिनता, विकटता; | কঠিনতা, কাঠিন্য; | कठिनता, काठिन्य; | hardship, difficulty (while doing some work etc.); |
| | | 5. उत्कटता, तीव्रता, प्रचंडता । | প্ৰচণ্ডতা, তীব্ৰতা | प्रचण्डता, तीब्रता | intensity. |
| विषय | पुं. | 1. कोई ऐसी चीज या बात जिसके संबंध में कुछ कहा, किया या सोचा-समझा जाए; | বিষয়, কথা, ঘটনা; | बिषय, कथा, घटना; | subject; |
| | | 2. कोई ऐसा काम या बात जिससे संबंध रखनेवाली बातों का स्वतंत्ररूप से अध्ययन, मीमांसा या विवेचन होता हो; | বিষয়, বিচাৰ্য তত্ত্ব বা কথা; | बिषय, बिचार्य तत्त्व बा कथा; | topic; |
| | | 3. कोई ऐसी आधारिक कल्पना या विचार जिस पर किसी प्रकार की रचना हुई हो, विषय-वस्तु; | বিষয়বস্তু, মূলতত্ত্ব, তত্ত্ব; | बिषयबस्तु, मूलतत्त्व, तत्त्व; | theme; |
| | | 4. वे बातें या विचार जिनका किसी ग्रंथ, लेख आदि में विवेचन हुआ हो या किया जाने को हो; | বিষয়, কথা, সামগ্ৰী; | बिषय, कथा, सामग्री; | matter, content; |
| | | 5. स्त्री के साथ किया जाने-वाला संभोग, मैथुन; | মৈথুন, স্ত্ৰীসম্ভোগ; | मैथुन, स्त्रीसम्भोग; | sexual inter-course; |
| | | 6. इंद्रिय सुख; | ইন্দ্ৰিয় সুখ; | इन्द्रिय सुख; | sensual pleasure, pleasures of sense; |
| | | 7. सांसारिक भोगविलास और उसके साधन की सामग्री । | সাংসাৰিক ভোগ-বিলাস বা ইয়াৰ সামগ্ৰী | सांसारिक भोग-बिलास बा इयार सामग्री | worldly pleasures and its means. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विषय-वस्तु | स्त्री. | कल्पना, विचार आदि के रूप में रहनेवाला वह मूल तत्व जिसे आधार मानकर कोई कलात्मक या कौशलपूर्ण रचना की गई हो, किसी कृति का आधारिक और मूलविचार-विषय । | বিষয় বস্তু, বিষয় | बिषय बस्तु, बिषय | theme, subject. |
| विषयांतर | पुं. | एक विषय छोड़कर दूसरे विषय पर जाना । | বিষয়ান্তৰ | बिषयान्तर | digression. |
| विषयानु-क्रमणिका | स्त्री. | विषयों के विचार से बनी हुई अनुक्रमणिका, विषय-सूची । | বিষয়-সূচী | बिषय-सूची | subject index. |
| विषयी | वि. | भोगविलास में रत रहने-वाला, कामुक । | ভোগ-বিলাসী, বিষয়ী, কামুক | भोग-बिलासी, बिषयी, कामुक | sensual and carnal. |
| विषाक्त | वि. | 1. जिसमें विष मिला हो; | বিষাক্ত, বিষযুক্ত; | बिषाक्त, बिषजुक्त; | mixed with poison; |
| | | 2. (वातावरण) जो बहुत अधिक दूषित हो । | দূষিত, বিষাক্ত | दुषित, बिषाक्त | poisonous. |
| विषाणु | पुं. | कुछ विशिष्ट रोगों में शरीर के अंदर उत्पन्न होनेवाला एक विषाक्त तत्व जो दूसरे जीवों के शरीर में किसी प्रकार पहुँचकर वही रोग उत्पन्न कर सकता है । | বিষাণু, বীজাণু | बिषाणु, बीजाणु | virus. |
| विषाद | पुं. | 1. मन की वह दु:खद अवस्था जो कोई भारी दुर्घटना होने पर और भविष्य के संबंध में मन में गहरी निराशा या भय उत्पन्न होने पर प्राय: सामूहिक रूप से उत्पन्न होती है; | বিষাদ, সন্তাপ, শোক; | बिषाद, सन्ताप, शोक; | gloom; |
| | | 2. अभिलाषा या उद्देश्य पूरा न होने पर उत्साह या वासना का दु:खद रूप से मंद पड़ना, साहित्य में एक प्रकार का संचारी भाव । | হতাশা, নিৰাশা, নৈৰাশ্য | हताशा, निराशा, नैराश्य | despondency. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विषुवत्-रेखा | स्त्री. | भूगोल में वह कल्पित रेखा जो पृथ्वी तल के पूरे मानचित्र पर ठीक बीचों-बीच गणना के लिए पूर्व-पश्चिम खींची गई हो । | বিষুব ৰেখা | विषुव रेखा | equator. |
| विषूचिका | स्त्री. | हैजा नामक रोग । | হাইজা, কলেৰা | हाइजा, कलेरा | cholera. |
| विषैला | वि. | विषयुक्त, जहरीला । | বিষাক্ত, বিষযুক্ত | विषाक्त, विषजुक्त | poisonous, venomous. |
| विष्ठा | स्त्री. | गुह, मल, पाखाना । | বিষ্ঠা, গু, মল | विष्ठा, गु, मल | faeces, excrement. |
| विसंगत | वि. | जिसके साथ संगति न हो, बेमेल, असंगत । | সংগতিহীন, বিসংগতিপূৰ্ণ | संगतिहीन, विसंगतिपूर्ण | irrelevant. |
| विसंगति | स्त्री. | असंगति । | বিসংগতি, অসংগতি | विसंगति, असंगति | irrelevance. |
| विसम्मति | स्त्री. | किसी विषय में दूसरे के मत से सहमत न होने की अवस्था या भाव, असहमति । | অসন্মতি, মতানৈক্য | असन्मति, मतानैक्य | dissent. |
| विसर्ग | पुं. | 1. (व्याकरण) एक अक्षर का संकेत (:) जिसका उच्चारण अर्ध 'ह' के समान होता है; | (ব্যাকৰণত) বিসৰ্গ; | (व्याकरणत) बिसर्ग; | (gram.), colon like sign (:); |
| | | 2. त्याग, छोड़ना । | ত্যাগ, বৰ্জ্জন | त्याग, बर्ज्जन | to abandon, to give up. |
| विसर्जन | पुं. | 1. अंत, समाप्ति; | অন্ত, সমাপ্তি; | अन्त, समाप्ति; | cessation, end; |
| | | 2. पूजन आदि के उपरांत प्रतिमा का किसी जलाशय में किया जानेवाला प्रवाह; | বিসৰ্জ্জন, বিদায়; | विसर्ज्जन, बिदाय; | submerging the image of a deity into holy water (as the concluding rite or worship etc.); |
| | | 3. कार्य की समाप्ति पर उसके सदस्यों आदि का कार्यस्थल से होनेवाला प्रस्थान; | সামূহিক ভাবে হোৱা বিদায়; | सामूहिक भावे होवा बिदाय; | dispersion; |
| | | 4. परित्याग करना, छोड़ना । | বৰ্জ্জন, পৰিত্যাগ | बर्ज्जन, परित्याग | to abandon, to give up. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विसर्जित | वि. | 1 समाप्त;<br>2. जलाशय में प्रवाहित प्रतिमा आदि);<br>3. जो प्रस्थान कर गया हो, प्रस्थित;<br>4. छोड़ा हुआ, त्यागा हुआ, परित्यक्त । | সমাপ্ত, শেষ;<br>(প্ৰতিমা) বিসৰ্জ্জিত, উটুওৱা;<br>যোৱা, প্ৰস্থান কৰা;<br>ত্যক্ত, বৰ্জ্জিত | समाप्त, शेष;<br>(प्रतिमा) बिसर्ज्जित, उटुओवा;<br>जोवा, प्रस्थान करा;<br>त्यक्त, बर्ज्जित | ended;<br>submerged (the image of a deity in holy water);<br>left;<br>abandoned, given up. |
| विसर्पी | वि. | 1. (पौधा या बेल) जो धीरे-धीरे आगे बढ़कर जमीन पर फैले या किसी आधार पर चढ़े;<br>2. रेंगता हुआ आगे बढ़ने या चलनेवाला;<br>3. सांप की तरह लहराते हुए चलनेवाला, लहरिएदार । | বগাই যোৱা (লতা);<br>চুচৰি চুচৰি আগুৱাই যোৱা;<br>সাপৰ দৰে অকাই পকাই যোৱা | बगाइ जोवा (लता);<br>चुचरि चुचरि आगुवाइ जोवा;<br>सापर दरे अकाइ पकाइ जोवा | creeping;<br>one who proceeds further or walks in crawling manner;<br>wavy, zigzag. |
| विसैन्यीकरण | पुं. | युद्ध के आवश्यकतावश प्रस्तुत किए गए सैनिकों को सैन्य सेवा से पृथक् करना, सैन्यविघटन । | সৈন্যবাহিনীৰ কামৰ পৰা গুচোৱা বা আলগ কৰা | सैन्यबाहिनीर कामर परा गुचोवा बा आलग करा | demilitarisation. |
| विस्तार | पुं. | 1. फैले हुए होने की अवस्था, धर्म या भाव, फैलाव;<br>2. वह क्षेत्र या सीमा जहां तक कोई चीज फैली हुई हो, फैलाव का क्षेत्र;<br>3. विस्तृत विवरण । | প্ৰসাৰ, বিস্তাৰ;<br>প্ৰসাৰ ক্ষেত্ৰ, বিস্তৃতি;<br>বিশদ বিবৰণ | प्रसार, बिस्तार;<br>प्रसार क्षेत्र, बिस्तृति;<br>बिशद बिबरण | spread, expansion, extension;<br>extent;<br>elaboration, details. |
| विस्तारवाद | पुं. | यह मत या सिद्धांत कि राज्य को अपने अधिकार क्षेत्र और सीमाओं का निरंतर विस्तार करते रहना चाहिए, भले ही इसमें दूसरे राज्यों या राष्ट्रों का अहित होता हो । | বিস্তাৰবাদ, প্ৰসাৰবাদ | बिस्तारबाद, प्रसारबाद | expansionism. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **विस्तीर्ण** | वि. | 1. जो फैला या फैलाया हुआ हो, विस्तृत किया हुआ; | বিস্তীৰ্ণ, বিস্তাৰিত, প্ৰসাৰিত; | बिस्तीर्ण, बिस्तारित, प्रसारित; | spread out, expanded; |
| | | 2. लम्बा-चौड़ा, बहुत बड़ा । | বিশাল, আহল-বহল | बिशाल, आहल-बहल | spacious. |
| **विस्तृत** | वि. | 1. अधिक दूर तक फैला हुआ, विस्तारवाला; | বিস্তৃত, বিস্তীৰ্ণ; | बिस्तृत, बिस्तीर्ण; | spread, extended; |
| | | 2. (कथन या वर्णन) जिसमें सब अंग या बातें विस्तारपूर्वक बताई गई हों; | বিশদ, বিতং; | बिशद, बितं; | detailed (statement or description); |
| | | 3. बहुत लंबा या लंबा-चौड़ा । | বিশাল, আহল-বহল | बिशाल, आहल-बहल | spacious. |
| **विस्थापन** | पुं. | किसी स्थान पर बसे हुए लोगों को कहीं से बलपूर्वक हटाना और वह जगह उनसे खाली करा लेना । | উচ্ছেদ, বিস্থাপন | उच्छेद, बिस्थापन | displacement. |
| **विस्थापित** | वि. | जिससे उसका निवास स्थान बलपूर्वक छीन लिया गया हो । | উচ্ছেদিত, উচ্ছেদ কৰা, বিস্থাপিত | उच्छेदित, उच्छेद करा, बिस्थापित | displaced. |
| **विस्फारण** | पुं. | 1. खोलना या फैलाना; | খোলা বা মেলা কাৰ্য; | खोला बा मेला कार्ज्य; | to open, to spread; |
| | | 2. धनुष चढ़ाना । | কাঁড় মৰা কাৰ্য | काँड़ मरा कार्ज्य; | to shoot an arrow |
| **विस्फारित** | वि. | खोला या फैलाया हुआ । | মেলা, বহলোৱা, খোলা | मेला, बहलोवा, खोला | opened wide, spread out. |
| **विस्फोट** | पुं. | 1. अंदर की भरी हुई आग या गरमी का उबल या फूटकर बाहर निकलना; | স্ফোটন, বিস্ফোৰণ; | स्फोटन, बिस्फोरण; | explosion; |
| | | 2. एकत्र गैस, बारूद आदि का अग्नि या ताप के कारण जोर का शब्द करके बाहर निकल पड़ना; | ফুটন, ফুটা কাৰ্য; | फुटन, फुटा कार्ज्य; | cracking (noise). |
| | | 3. उक्त क्रिया के कारण होनेवाला जोर का शब्द । | বিস্ফোৰণৰ শব্দ | बिस्फोरणर शब्द | noise of such explosion. |
| **विस्फोटक** | वि. | (पदार्थ) जो अंदर की गरमी या ताप के कारण चटक कर फूट जाए, (स्थिति) जिसके अनपेक्षित और संकटपूर्ण परिणाम की संभावना हो । | বিস্ফোৰক | बिस्फोरक | explosive (substance, situation etc.). |
| **विस्मय** | पुं. | आश्चर्य, अचंभा । | বিস্ময়, আশ্চৰ্য | बिस्मय, आश्चर्ज्य | wonder, surprise. |
| | | 3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर होने का भाव; | উৎকৃষ্টতা, উত্তম অৱস্থা; | उत्कृष्टता, उत्तम अवस्था; | excellence; |
| | | 4. वीर का कोई वीरतापूर्ण और साहसिक कार्य । | বীৰত্বপূৰ্ণ বা সাহসিক কাৰ্য | बीरत्वपूर्ण बा साहसिक कार्ज्य | heroic deed. |
| **वीरान** | वि. | 1. (प्रदेश) जिसमें बस्ती न हो, निर्जन; | জনপ্ৰাণীহীন, নিৰ্জন; | जनप्राणीहीन, निर्जन; | desolate, uninhabited; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| विस्मयकारी | वि. | विस्मय उत्पन्न करनेवाला, आश्चर्यजनक । | আশ্চৰ্য্যজনক, বিস্ময়জনক | आश्चर्य्यजनक, बिस्मयजनक | causing astonishment or surprising. |
| विस्मरण | पुं. | 1. भूलना, विस्मृति; 2. भुलाना । | বিস্মৰণ, পাহৰণি; পাহৰনি | बिस्मरण, पाहरणि; पाहरनि | forgetting; obliviousness. |
| विस्मित | वि. | जिसे विस्मय हुआ हो, आश्चर्यचकित । | বিস্মিত, আশ্চৰ্য্যান্বিত | बिस्मित, आश्चर्य्यान्वित | amazed, surprised. |
| विस्मृत | वि. | 1. जिसका स्मरण न रहा हो; भूला हुआ; 2. भुलाया हुआ । | বিস্মৃত, পাহৰা; পাহৰোৱা | बिस्मृत, पाहरा; पाहरोवा | forgotten; passed out of memory or recollection. |
| विस्मृति | स्त्री. | भूल जाना, विस्मरण । | বিস্মৃতি, পাহৰণি | बिस्मृति, पाहरणि | forgetfulness, oblivion. |
| विहंग | पुं. | पक्षी, चिड़िया । | চৰাই | चराइ | bird. |
| विहार | पुं. | 1. घूमना, भ्रमण; 2. बौद्ध आदि श्रमणों के रहने का मठ या आश्रम; 3. रतिक्रीड़ा; 4. आमोद-प्रमोद । | বিহাৰ, ঘূৰণ; বৌদ্ধ বিহাৰ; ৰতিক্ৰিয়া, স্ত্ৰীসম্ভোগ; আমোদ-প্ৰমোদ | बिहार, घूरण; बौद्ध बिहार; रतिक्रिया, स्त्रीसम्भोग; आमोद-प्रमोद | roaming or walking about for pleasure etc; monastry, consecration for a sacrifice; sexual enjoyment; recreation, pleasure. |
| विहित | वि. | 1. जो विधि के अनुरूप हुआ या किया गया हो, विधि के अनुरूप; 2. निर्धारित, निश्चित । | বিহিত, যথা বিধি, বিধিগত; নিৰ্দ্ধাৰিত, নিশ্চিত | बिहित जथा बिधि, बिधिगत; निर्द्धारित, निश्चित | according to rules prescribed by law, ordained by law; prescribed, fixed. |
| विहीन | वि. | रहित, बगैर, बिना । | ৰহিত, বিহীন, বিনা | रहित, बिहीन बिना | without. |
| विह्वल | वि. | व्याकुल, उद्विग्न, अशांत, घबराया हुआ । | বিহ্বল, আকুল, | बिह्वल, आकुल, | perturbed, restless, confused. |
| विह्वलता | स्त्री. | व्याकुलता, घबराहट । | বিহ্বলতা, উদ্বিগ্নতা, ব্যাকুলতা | बिह्बलता, उद्विग्नता, ब्याकुलता | perturbation, restlessness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वीक्षण | पुं. | देखने की क्रिया, निरीक्षण । | দেখন, দেখা কাৰ্য্য | देखन, देखा कार्ज्य | seeing, inspection. |
| वीचि | स्त्री. | लहर, तरंग । | ঢৌ, লহৰ, তৰংগ | ढौ, लहर, तरंग | wave, ripple. |
| वीणा | स्त्री. | एक तरह का प्राचीन भारतीय बाजा जो सितार, सरोद आदि का मूल रूप है और सब बाजों में श्रेष्ठ माना जाता है । | বীণা | बीणा | Indian lute, lyre. |
| वीतराग | वि. | सांसारिक आसक्ति का परित्याग करनेवाला, रागरहित, निस्पृह । | বীতৰাগ, নিস্পৃহ, উদাসীন, অনাসক্ত | बीतराग, निस्पृह, उदासीन, अनासक्त | free from all passion, dispassionate. |
| वीथि | स्त्री. | 1. मार्ग, रास्ता, सड़क;<br>2. वीथी । | বাট, পথ, ৰাস্তা;<br>বুলনি, বাট্ট গেলেৰী | बाट, पथ, रास्ता;<br>बुलनि, बाट्ट गेलेरी | way, road;<br>gallery. |
| वीर | वि. | 1. बलवान, बहादुर, शूर;<br>2. साहसी, निर्भय;<br>3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर । | বীৰ, বলবান;<br>সাহসী, নিৰ্ভয়;<br>উত্তম, সকলোতকৈ বড়া | बीर, बलबान;<br>साहसी, निर्भय;<br>उत्तम, सकलोतकै बढ़ा | mighty, brave;<br>adventurous, fearless;<br>excellent. |
| | पुं. | 1. योद्धा, सिपाही, सैनिक;<br>2. भाई;<br>3. साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव उत्साह है । | যোদ্ধা, চিপাহী, সৈনিক;<br>ভাই, ভ্ৰাতৃ;<br>বীৰ (ৰস) | जोद्धा, चिपाही, सैनिक;<br>भाइ, भ्रातृ;<br>बीर (रस) | warrior, soldier;<br>brother;<br>(in literature) heroism (as one of the nine Rasas). |
| वीरगति | स्त्री. | युद्ध क्षेत्र में मारे जाने पर योद्धाओं को प्राप्त होनेवाली शुभगति, युद्ध करते हुए मृत्यु होना । | বীৰগতি, বীৰৰ মৰণ | बीरगति, बीरर मरण | heroic end, killed while in action. |
| वीरता | स्त्री. | 1. बहादुरी, शूरता;<br>2. साहस, निर्भयता;<br>3. किसी काम या बात में औरों से बहुत बढ़कर होने का भाव;<br>4. वीर का कोई वीरतापूर्ण और साहसिक कार्य । | বীৰত্ব;<br>সাহস, নিৰ্ভয়তা;<br>উৎকৃষ্টতা, উত্তম অৱস্থা;<br>বীৰত্বপূৰ্ণ বা সাহসিক কাৰ্য্য | बीरत्व;<br>साहस, निर्भयता;<br>उत्कृष्टता, उत्तम अवस्था;<br>बीरत्वपूर्ण बा साहसिक कार्ज्य | bravery;<br>adventure, fearlessness;<br>excellence;<br>heroic deed. |
| वीरान | वि. | 1. (प्रदेश) जिसमें बस्ती न हो, निर्जन; | জনপ্ৰাণীহীন, নিৰ্জন; | जनप्राणीहीन, निर्जन; | desolate, uninhabited; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. (ला.) शोभाविहीन । | শোভাহীন,<br>ক্লান্তিহীন, ম্লান | शोभाहीन,<br>क्लान्तिहीन, म्लान | (fig.) devoid of glamour, grace, ugly. |
| वीर्य | पुं. | 1. शरीर की सात धातुओं में से एक जिसके कारण शरीर में बल और कांति आती है, शुक्र; | বীৰ্য্য, শুক্ৰ; | बीर्ज्य, शुक्र; | semen, virility; |
| | | 2. पराक्रम, वीरता; | পৰাক্ৰম, বীৰত্ব; | पराक्रम, बीरत्व; | valour, heroism; |
| | | 3. ताकत, बल, शक्ति । | বল, শক্তি | बल, शक्ति | vigour, strength. |
| वृंद | पुं. | समूह, समुदाय । | বৃন্দ, সমূহ, গণ | बृन्द, समूह, गण | multitude, assemblage. |
| वृक्ष | पुं. | मोटे तथा कठोर तनेवाली वनस्पतियों का एक वर्ग, पेड़, दरख्त । | বৃক্ষ, গছ | बृक्ष, गछ | tree. |
| वृत्त | पुं. | 1. वृत्तांत, हाल, घटना, चरित; | বৃত্তান্ত,<br>ঘটনা, কাহিনী; | बत्तान्त,<br>घटना, काहिनी; | report, account, incident, doings; |
| | | 2. छंद; | ছন্দ; | छन्द; | metre; |
| | | 3. वह क्षेत्र जो चारों ओर से किसी ऐसी रेखा से घिरा हो जिसका प्रत्येक बिंदु उस क्षेत्र के मध्य बिंदु से समान अंतर पर हो, परिधि, दायरा, मंडल, गोल घेरा । | বৃত্ত (ক্ষেত্ৰ),<br>মণ্ডল,<br>গোলাকাৰ<br>ঘেৰ | बृत्त (क्षेत्र),<br>मण्डल,<br>गोलाकार<br>घेर | circle, circumference. |
| वृत्तचित्र | पुं. | सिनेमा का वह चित्र जिसमें किसी विशिष्ट कार्य या घटना के मुख्य-मुख्य अंग-उपांग या ब्यौरे की और बातें लोगों कीजानकारी के लिए दिखाई जाती हैं । | তথ্যচিত্ৰ | तथाचित्र | documentary (film). |
| वृत्तांत | पुं. | 1. किसी घटना, वस्तु, विषय, स्थिति आदि की जानकारी कराने के उद्देश्य से उससे संबद्ध कही या बतलाई जानेवाली बातें या किया जानेवाला वर्णन। | বৃত্তান্ত,<br>বিবৰণী,<br>কাহিনী; | बृत्तान्त,<br>बिबरणी,<br>काहिनी; | report, account. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वृत्ति | स्त्री. | 1. चित्त, मन आदि का कोई व्यापार (जैसे चित्तवृत्ति); | চিত্ত, মন আদিৰ বৃত্তি বা বিষয়; | चित्त, मन आदिर बृत्ति बा बिषय; | mental disposition, attitude; |
| | | 2. योग में चित्त की विशिष्ट अवस्थाएं; | যোগত চিত্তৰ এটা বিশেষ অৱস্থা; | जोगत चित्तर एटा बिशेष अवस्था; | typical condition of mind in Yoga; |
| | | 3. जीवन-निर्वाह के लिए किया जानेवाला कार्य या व्यापार, धंधा, पेशा; | জীৱন নিৰ্ব্বাহৰ পথ, জীৱিকা, উপজীব্য, পেচা; | जीवन निर्ब्बाहर पथ, जीविका, उपजीव्य, पेचा; | work, business, profession; |
| | | 4. जीविका-निर्वाह, भरण-पोषण आदि के लिए मिलनेवाला धन (जैसे छात्रवृत्ति); | জলপানি, বৃত্তি; | जलपानि, बृत्ति; | stipend; |
| | | 5. ग्रंथ, विशेषतः सूत्रग्रंथ की टीका या व्याख्या; | টীকা, ব্যাখ্যা, টীপ্পনী; | टीका, ब्याख्या, टीप्पनी; | commentary; |
| | | 6. शब्दों की अर्थबोधक शक्तियां, शब्द-शक्ति; | শব্দৰ অৰ্থবোধক শক্তি, শব্দশক্তি; | शब्द अर्थबोधक शक्ति, शब्दशक्ति; | the force or signification of words; |
| | | 7. प्रकृति, स्वभाव । | প্ৰকৃত, স্বভাৱ | प्रकृत, स्वभाव | nature. |
| वृत्तिका | स्त्री. | भरण-पोषण के लिए मिलनेवाला धन, वृत्ति, वजीफा | বৃত্তি, জলপানি | बृत्ति, जलपानि | stipend. |
| वृथा | वि. | जिसका कोई उपयोग या प्रयोजन न हो, व्यर्थ, फजूल । | বৃথা, ব্যৰ্থ, মিছা, বিফল | बृथा, ब्यर्थ, मिछा, बिफल | to no purpose, in vain, useless. |
| | क्रि. वि. | बिना किसी आवश्यकता या प्रयोजन के । | মিছাই, বৃথাই, এনেই | मिछाइ, बृथाइ, एनेइ | unnecessarily, in vain. |
| वृद्ध | वि. | 1. जो अपनी प्रौढ़ावस्था पार कर चुका हो, बुड्ढा, बूढ़ा; | বৃদ্ধ, বুঢ়া; | बृद्ध, बुढ़ा; | old. |
| | | 2. गुण, विद्या आदि के विचार से औरों की अपेक्षा बहुत चतुर, विद्वान् या श्रेष्ठ । | জ্ঞানী, জানবুজা | ज्ञानी, जानबुजा | wise, learned. |
| | पुं. | 1. बुड्ढा आदमी, बूढ़ा व्यक्ति; | বুঢ়া মানুহ; | बुढ़ा मानुह; | old man; |
| | | 2. पंडित, विद्वान्; | পণ্ডিত, বিদ্বান লোক; | पण्डित, बिद्वान लोक; | scholar, learned man; |
| | | 3. पद या अवस्था आदि के विचार से औरों की अपेक्षा श्रेष्ठ तथा सम्मानित हो । | সন্মানিত বা माननीय ব্যক্তি, উত্তম লোক; | सन्मानित बा माननीय ब्यक्ति, उत्तम लोक | elder. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वृद्धा | वि. | बुढ़िया । | বুঢ়ী | बुढ़ी | old woman. |
| | स्त्री. | वह स्त्री जो अवस्था में वृद्ध हो गई हो, बुड्ढी स्त्री । | বুঢ়ী তিৰোতা | बुढ़ी तिरोता | old woman. |
| वृद्धावस्था | स्त्री. | वृद्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव, बुढ़ापा, वार्धक्य । | বৃদ্ধাৱস্থা, বাৰ্দ্ধক্য, বৃদ্ধত্ব, বুঢ়ালি | बृद्धावस्था, बार्द्धक्य, बृद्धत्व, बुढ़ालि | old age, senility. |
| वृद्धि | स्त्री. | 1. वर्धन, विकास; | বৰ্দ্ধন, বাঢ়ন, বিকাশ; | बर्द्धन, बाढ़न, बिकाश; | growth, rise; |
| | | 2. गुण, मान, मात्रा, संख्या आदि में होनेवाली अधिकता; | বৃদ্ধি, বৰ্দ্ধন; | बृद्धि, बर्द्धन; | enhancement, enlargement, addition; |
| | | 3. उन्नति, तरक्की, प्रगति; | উন্নতি, প্ৰগতি; | उन्नति, प्रगति; | progress; |
| | | 4. वेतन आदि में होनेवाली अधिकता । | বৃদ্ধি, বাঢ়ন | बृद्धि, बाढ़न | increment. |
| वृश्चिक | पुं. | 1. जहरीले डंकवाला एक प्रकार का जंतु, बिच्छू; | বৃশ্চিক, বিছা; | बृश्चिक, बिछा; | scorpion; |
| | | 2. ज्योतिष में बारह राशियों में से आठवीं राशि जिसके तारे बिच्छू का-सा आकार बनाते हैं । | বৃশ্চিক ৰাশি | बृश्चिक राशि | eighth sign of the zodiac-scorpio. |
| वृषभ | पुं. | बैल, सांड । | বৃষভ, ষাঁড় গৰু | बृषभ, षाँड़ गरु | bull. |
| वृष्टि | स्त्री. | 1. आकाश से जल की वर्षा होने की अवस्था या भाव, जलवर्षा, पानी का बरसना; | বৰষুণ, বৃষ্টি; | बरषुण, बृष्टि; | rain; |
| | | 2. वर्षा की तरह बहुत सी छोटी-छोटी चीजें ऊपर से गिरने की क्रिया या भाव; | বৰ্ষণ, ওপৰৰ পৰা পৰা কাৰ্য্য বা ভাব; | बषर्ण, ओपरर परा परा काज्य बा भाव; | shower (of anything); |
| | | 3. किसी क्रिया का कुछ समय तक लगातार होना (ला.) | প্ৰৱাহ, সোঁত | प्रवाह, सोंत | continuance. |
| वे | सर्व. | 'वह' का बहुवचन रूप । | 'বহ'-সৰ্ব্বনামৰ বহুবচনৰ ৰূপ | 'वह'-सर्ब्बनामर बहुबचनर रूप | they, those. |
| वेग | पुं. | 1. मन में होनेवाली प्रबल प्रवृत्ति, मनोवेग; | মনৰ প্ৰবল গতি; | मनर प्रवल गति; | impulse, passion; |
| | | 2. गति या चाल की तीव्रता या तेजी; | গতিৰ তীব্ৰতা বা বেগ; | गतिर तीब्रता बा बेग; | velocity, speed; |
| | | 3. शीघ्रता, जल्दी; | শীঘ্ৰতা, খৰধৰ; | शीघ्रता, खरधर; | quickness, haste; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. शरीर की वह आंतरिक वृत्ति या शक्ति जो प्राणियों को मल, मूत्र आदि का त्याग करने में प्रवृत्त करती है । | শৌচ-প্ৰস্ৰাৱ আদিৰ বল বা জোৰ | शौच-प्रस्राव आदिर बल बा जोर | expulsion of the faeces. |
| **वेगवती** | वि. | जिसका वेग अत्यधिक हो । | বেগী, বেগৱতী | बेगी, बेगवती | speedy, swift. |
| **वेगवान्** | वि. | वेगपूर्वक चलनेवाला, तेज चलनेवाला । | বেগৱান, বেগী, বেগাই যাওঁতা | बेगबान, बेगी, बेगाइ जाओंता | swift, speedy. |
| **वेणी** | स्त्री. | स्त्रियों के बालों की गूंथी हुई चोटी, कबरी । | বেণী, ছেলা গঁথা চুলি, চুলিৰ ছেলা, খোপা | बेणी, छेला गँथा चुलि, चुलिर छेला, खोपा | a braid of hair (of women). |
| **वेतन** | पुं. | 1. वह धन जो निश्चित रूप से निरंतर काम करते रहने पर बराबर नियत समय पर मिलता रहता है, तनख्वाह, तलब; | বেতন, দৰমহা; | बेतन, दरमहा; | salary, pay; |
| | | 2. पारिश्रमिक, उजरत, मजदूरी । | পাৰিশ্ৰমিক, মজুৰি, বানচ | पारिश्रमिक, मजुरि, बानच | remuneration, wages, labour charges. |
| **वेत्ता** | पुं. | अच्छा या पूर्णज्ञाता (समास में) । | বেত্তা, জ্ঞাতা, জানোতা | बेत्ता, ज्ञाता, जानोता | one who knows. |
| **वेद** | पुं. | 1. भारतीय आर्यों के आद्य प्रधान धार्मिक ग्रंथ जो हिन्दुओं में सर्वप्रधान हैं; | বেদ (শাস্ত্ৰ); | बेद (शास्त्र); | the most ancient and sacred scriptures of Hindus; |
| | | 2. ज्ञान; | জ্ঞান; | ज्ञान; | knowledge; |
| | | 3. धार्मिक ज्ञान, तत्वज्ञान । | তত্ত্বজ্ঞান, গূঢ় তত্ত্বৰ জ্ঞান | तत्त्वज्ञान, गुढ़ तत्त्वर ज्ञान | sacred knowledge, metaphysical knowledge. |
| **वेदना** | स्त्री. | बहुत तीव्र मानसिक या शारीरिक कष्ट, तीव्र दु:ख, व्यथा । | কষ্ট, বেদনা, পীড়া, ব্যথা | कष्ट, बेदना, पीड़ा ब्यथा | torture, pain, agony. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वेदांत | पुं. | भारतीय षड्दर्शनों में से एक दर्शन जो उपनिषदों की शिक्षा और सिद्धांतों पर आश्रित है और जिसमें वेदों का अंतिम या चरम उद्देश्य निरूपित है, उत्तर मीमांसा । | বেদান্ত (দৰ্শন) | बेदान्त (दर्शन) | one of the six systems of Indian philosophy so called either as teaching the ultimate scope of the Veda or simply as explained in the Upanishadas, which come at the end of the Vedas, the last of the six principal Darshanas or systems of Hindu philosophy. |
| वेदी | स्त्री. | 1. यज्ञ कार्य के लिए साफ करके तैयार की हुई भूमि;<br>2. मांगलिक या शुभ कार्य के लिए तैयार किया हुआ चौकोर स्थान, वेदिका । | বেদী, যজ্ঞ মণ্ডল, যজ্ঞভূমি;<br>বেদী, পূজাৰ ওখ ভোট | बेदी, जज्ञ मण्डल, जज्ञभूमि;<br>बेदी, पूजार ओख भोट | a place prepared for sacrifice; altar. |
| वेधक | वि. पुं. | 1. वेधन करनेवाला, छेद करनेवाला, छेदनेवाला;<br>2. नुकीली चीज धंसाकर घायल करनेवाला;<br>3. मणियों आदि को वेधकर अपनी जीविका चलानेवाला । | বিন্ধা কৰোঁতা, ফুটুৱাওঁতা;<br>বিন্ধোতা, হানোঁতা;<br>মণি আদি বিন্ধাই জীৱিকা নিৰ্ব্বাহ কৰোঁতা | बिन्धा करोंता, फुटुवाओंता;<br>बिन्धोता, हानोंता;<br>मणि आदि बिन्धाइ जीविका निर्ब्बाह करोंता | a piercer;<br>wounder, stabber;<br>a perforator. |
| वेधन | पुं. | 1. छेदने की क्रिया;<br>2. छेदकर घायल करने की क्रिया;<br>3. यंत्रों आदि की सहायता से आकाशस्थ ग्रहों आदि की गति, स्थिति आदि का पता लगाने की क्रि प्रेक्षण । | বিন্ধন;<br>হান বা খুচি ঘা লগোৱা কাৰ্য্য;<br>নিৰীক্ষণ, প্ৰেক্ষণ | बिन्धन:<br>हानि बा खुचि घा लगोवा कार्ज्य:<br>निरीक्षण, प्रेक्षण | the act of piercing;<br>to make a wound by piercing;<br>observation of planets by telescope. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **वेधशाला** | स्त्री. | वह प्रयोगशाला जिसमें ग्रह, नक्षत्रों आदि की गति का पर्यवेक्षण किया जाता है । | মান-মন্দিৰ, নিৰীক্ষণাগাৰ | मान-मन्दिर, निरीक्षणागार | observatory. |
| **वेध्य** | वि. | जिसका वेध हो सके, होने को हो या किया जाए । | বিদ্ধ, বিন্ধাৱ পৰা বা বিন্ধাবৰ যোগ্য | बिद्ध बिन्धाव परा बा बिन्धाबर जोग्य | to be pierced or perforated. |
| **वेला** | स्त्री. | 1. किसी काम या बात का नियमित या निश्चित समय; | বেলা, সময়, কাল; | बेला, समय, काल; | limit of time; |
| | | 2. समुद्र का तट; | সাগৰৰ পাৰ; | सागरर पार; | coast, sea-shore; |
| | | 3. मर्यादा, सीमा । | সীমা, মৰ্য্যাদা | सीमा, मर्ज्यादा | limit. |
| **वेश** | पुं. | 1. पहनने के कपड़े आदि, पोशाक; | বেশ, পোছাক; | बेश, पोछाक; | dress, costume, uniform; |
| | | 2. कुछ खास तरह के ऐसे कपड़े जिन्हें पहनने पर कोई विशिष्ट रूप प्राप्त होता है, भेष; | ভেশ, বেশ; | भेश, बेश; | guise; |
| | | 3. बाह्य रूप । | বাহ্যিক ৰূপ | बाह्यिक रूप | external appearance. |
| **वेश्या** | स्त्री. | ऐसी स्त्री जो धन लेकर लोगों के साथ संभोग करने का व्यवसाय करती हो, गणिका, तवायफ । | বেশ্যা, গণিকা | बेश्या, गणिका | prostitute, harlot, whore. |
| **वेश्यालय** | पुं. | वेश्या या वेश्याओं के रहने का स्थान । | বেশ্যালয় | बेश्यालय | brothel. |
| **वेश्यावृत्ति** | स्त्री. | वेश्या बन कर अर्थात् धन लेकर पर-पुरुषों से संभोग करने का व्यवसाय, वेश्याकर्म । | বেশ্যাবৃত্তি | बेश्याबृत्ति | profession of prostitution |
| **वेष्टन** | पुं. | 1. कोई चीज किसी दूसरी चीज के चारों ओर लपेटना; | বেষ্টন, ঘেৰ, মেৰ; | बेष्टन, घेर, मेर; | anything that surrounds or wraps; |
| | | 2. इस प्रकार लपेटी जानेवाली चीज; | পটী, মেৰ, আৱৰণ; | पटी, मेर, आवरण; | a bandage, band; |
| | | 3. पगड़ी । | পাগুৰী | पागुरी | turban. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वैकल्पिक | वि. | 1. जो विकल्प के रूप में हो;<br>2. जिसके विषय में विकल्प का उपयोग या प्रयोग किया जाने को हो या किया जा सकता हो, जिसके चुनाव में अपनी इच्छा या पसंद का प्रयोग किया जा सकता हो । | বিকল্প, বৈকল্পিক;<br>ঐচ্ছিক, ইচ্ছামূলক | बिकल्प, बैकल्पिक<br>ऐच्छिक, इच्छामूलक | alternative;<br>optional. |
| वैकुंठ | पुं. | 1. वह स्वर्गीय लोक जिसमें विष्णु निवास करते हैं;<br>2. स्वर्ग । | বৈকুন্ঠ;<br>সুৰ্গ | बैकुन्ठ;<br>स्वर्ग | heavenly abode of Vishnu;<br>heaven. |
| वैजयंती | स्त्री. | 1. पताका, झंडा;<br>2. खेल, प्रतियोगिता आदि में मिलनेवाला विजय का सूचक एक उपहार । | পতাকা, নিচান;<br>বিজয়, উপহাৰ | पताका, निचान;<br>बिजय, उपहार | a flag, banner;<br>a kind of garland prognosticating victory. |
| वैज्ञानिक | पुं. | विज्ञान का ज्ञाता, विज्ञानवेत्ता । | বৈজ্ঞানিক, | बैज्ञानिक, | scientist. |
| | वि. | 1. विज्ञानसंबंधी;<br>2. ठीक रीति या सिलसिले से होनेवाला, व्यवस्थित और क्रमबद्ध । | বিজ্ঞান-সম্বন্ধীয়;<br>প্ৰণালীবদ্ধ, সুশৃংখল | बिज्ञान सम्बन्धीय;<br>प्रणालीबद्ध, सुशृंखल | scientific;<br>systematic, methodical. |
| वैतनिक | वि. | 1. वेतन-संबंधी, वेतन का;<br>2. जिसे किसी पद पर काम करने के फलस्वरूप वेतन मिलता हो । | বেতন সম্বন্ধীয়;<br>বেতনভোগী, বৈতনিক | बेतन सम्बन्धीय;<br>बेतनभोगी, बैतनिक | serving for wages;<br>a hired labourer, labourer. |
| वैदग्ध्य | पुं. | 1. विदग्ध या पूर्ण पंडित होने की अवस्था, धर्म या भाव, पांडित्य, विद्वता;<br>2. कार्यकुशलता, दक्षता, पटुता;<br>3. कुशाग्रबुद्धि, चालाकी, चतुराई । | বৈদগ্ধ্য, পান্ডিত্য, নৈপুণ্য, বিদগ্ধতা;<br>দক্ষতা, পটুতা, নৈপুণ্য;<br>চতুৰালি, তীক্ষ্ণ বুদ্ধি | बैदग्ध्य, पान्डित्य, नैपुण्य, बिदग्धता;<br>दक्षता, पटुता, नैपुण्य;<br>चतुरालि, तीक्ष्ण बुद्धि | dexterity;<br>skill, proficiency;<br>cleverness, shrewdness, wit. |
| वैदिक | वि. | 1. वेदसंबंधी, वेद का; | বৈদিক, বেদ সম্বন্ধীয়; | बैदिक, बेद सम्बन्धीय; | relating to the Veda, Vedic; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो वेदों में कहा गया हो, वेदोक्त । | বেদোক্ত, বেদত কোৱা | बेदोक्त, बेदत कोवा | prescribed in the Veda, knowing the Veda. |
| **वैदेशिक** | वि. | 1. विदेश से संबंध रखनेवाला; 2. विदेश में होनेवाला । | বৈদেশিক, বিদেশৰ লগত সম্বন্ধ থকা বিদেশী | बैदेशिक, बिदेशर लगत सम्बन्ध थका; बिदेशी | belonging to another country; foreign. |
| **वैद्य** | पुं. | 1. आयुर्वेद का ज्ञाता; | বৈদ্য, কবিৰাজ; | बैद्य, कबिराज; | an expert of Ayurveda; |
| | | 2. आयुर्वेद द्वारा निर्दिष्ट चिकित्सा पद्धति के अनुसार चिकित्सा करने-वाला, आयुर्वेदिक चिकित्सक । | কবিৰাজ, আয়ুৰ্ব্বেদীয় চিকিৎসক | कबिराज, आयुर्ब्बेदीय चिकित्सक | Ayurvedic physician. |
| **वैद्यक** | पुं. | भारतीय चिकित्सा शास्त्र, आयुर्वेद । | আয়ুৰ্ব্বেদ, কবিৰাজী চিকিৎসা শাস্ত্ৰ | आयुर्ब्बेद, कबिराजी चिकित्सा शास्त्र | the Indian science of Medicine, Ayurveda. |
| **वैध** | वि. | 1. विधिमान्य, विधिसम्मत, नियमानुसार मान्य; | বৈধ, বিধিগত; | बैध, बिधिगत; | lawful, legal, in accordance with rule; |
| | | 2. विधि या कानून की दृष्टि से ठीक, विधि के अनुकूल । | বিধিগত, ন্যায্য | बिधिगत, न्याज्य | legitimate, just. |
| **वैधव्य** | पुं. | विधवा होने की अवस्था या भाव, रंडापा । | বৈধব্য, বিধৱা অৱস্থা | बैधव्य, बिधवा अवस्था | widowhood. |
| **वैधानिक** | वि. | 1. विधान संबंधी; 2. विधान के अनुकूल, विधान-सम्मत । | বিধান সম্বন্ধীয়; বিধিসন্মত, বিধিগত | बिधान सम्बन्धीय; बिधिसन्मत, बिधिगत | constitutional; in accordance to constitution, constitutional. |
| **वैभव** | पुं. | 1. धन-दौलत, ऐश्वर्य; 2. शान-शौकत, भव्यता । | বৈভৱ, ঐশ্বৰ্য্য, সম্পত্তি; পয়োভৰ, জাকজমক, শোভা | बैभव, ऐश्वर्ज्य, सम्पत्ति; पयोभर, जाकजमक, शोभा | wealth, glory; greatness, grandeur, splendour. |
| **वैभवशाली** | वि. | 1. जिसके पास बहुत अधिक धन-संपत्ति हो, वैभववाला, संपन्न, ऐश्वर्यशाली; | ঐশ্বৰ্য্যশালী, আঢ্যৱন্ত; | ऐश्वर्ज्यशाली, आढ्यवन्त; | wealthy, rich; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शान से युक्त, भव्य । | ৰংচঙীয়া, শোভিত, জাকজমক, চমত্কাৰ | रंचडीया, शोभित, जाकजमक चमत्कार | grand, glorious, magnificent. |
| वैमानिक | वि. | विमान संबंधी, विमान का । | বৈমানিক, বিমান সম্বন্ধীয় | बैमानिक, बिमान सम्बन्धीय | pertaining to an aeroplane,of an aeroplane; |
| | पुं. | हवाई जहाज चलानेवाला, विमानचालक । | পাইলট, বিমান চালক | पाइलट, बिमान चालक | pilot. |
| वैयक्तिक | वि. | 1. किसी विशिष्ट व्यक्ति या उसके अधिकार, गुण, स्वभाव आदि से संबंधित, व्यक्तिगत; | ব্যক্তিগত, ব্যক্তি সম্বন্ধীয়; | व्यक्तिगत, ब्यक्ति सम्बन्धीय; | relating to a particular person, his right, quality and nature, personal; |
| | | 2. जो सामूहिक या सार्वजनिक कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत न आता हो बल्कि जिस पर एक ही व्यक्ति का विधिक अधिकार हो, निजी; | ব্যক্তিগত, নিজস্ব, নিজা, স্বকীয়; | ब्यक्तिगत, निजस्व, निजा, स्वकीय; | not pertaining to collective or public field but which is under the legal control of a particular person, private; |
| | | 3. आत्मपरक, व्यक्तिपरक, व्यक्तिनिष्ठ । | ব্যক্তিগত, ব্যক্তিনিষ্ঠ | ब्यक्तिगत, ब्यक्तिनिष्ठ | personal, pertaining to self, subjective. |
| वैयाकरण | पुं. | 1. वह जिसे व्याकरण शास्त्र का पूर्णज्ञान हो, व्याकरण का ज्ञाता; | ব্যাকৰণজ্ঞ, ব্যাকৰণ জনোঁতা; | ब्याकरणज्ञ, ब्याकरण जनोंता; | one who has sound knowledge of grammar, grammarian; |
| | | 2. व्याकरण शास्त्र की रचना करनेवाला । | ব্যাকৰণকাৰ, ব্যাকৰণ লিখক | ब्याकरणकार, ब्याकरण लिखक | writer of a grammar. |
| | वि. | व्याकरणसंबंधी । | ব্যাকৰণ সম্বন্ধীয় | ब्याकरण सम्बन्धीय | pertaining to grammar. |
| वैर | पुं. | शत्रुता का वह उत्कट या तीव्र रूप जो प्रायः आग्रत रहता है और बहुत कुछ स्थायी या स्वाभाविक होता है । | বৈৰিতা, শত্ৰুতা | बैरिता, शत्रुता | enmity. |
| वैरागी | पुं. | उदासीन या विरक्त, साधु । | উদাসীন, ত্যাগী, সাধু | उदासीन, त्यागी, साधु | religious devotee, Saint. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | जिसका मन संसार या सांसारिक रागों की ओर से हट गया हो, रागरहित, विरक्त । | বৈৰাগী, সংসাৰ বিৰাগী | बैरागी, संसार बिरागी | one who has subdued his worldly desires, passions, an ascetic. |
| वैराग्य | पुं. | मन की वह वृत्ति जिसके कारण संसार की विषय-वासना तुच्छ प्रतीत होती है और व्यक्ति संसार के झंझट छोड़कर एकांत में रहता और ईश्वर का भजन करता है, विरक्ति । | বৈৰাগ্য, উদাসীনতা, সংসাৰৰ প্ৰতি বিৰাগ | बैराग्य, उदासीनता, संसारर प्रति बिराग | freedom from passions or from worldly attachments, indifference. |
| वैरी | पुं. | वह जिसके साथ वैर-भाव हो, दुश्मन । | বৈৰী, শত্ৰু | बैरी, शत्रु | enemy, foe, hostile. |
| वैवाहिक | वि. | 1. विवाह-संबंधी, विवाह का; 2. विवाह के फलस्वरूप होनेवाला । | বৈবাহিক, বিবাহ সম্পৰ্কীয়; বিবাহৰ লগত জৰিত বা সম্পৰ্কিত | बैवाहिक, बिबाह सम्पर्कीय; बिबाहर लगत जरित बा सम्पर्कित | nuptial, matrimonial; relating to marriage. |
| वैशाख | पुं. | भारतीय वर्ष के बारह महीनों में से एक जो चांद्र गणना से दूसरा और सौर गणना के अनुसार पहला महीना होता है । | ব'হাগ মাহ | ब'हाग माह | second lunar month in India, Baisakh. |
| वैशाखी | स्त्री. | 1. वैशाख मास की पूर्णिमा जो विशाखा नक्षत्र में पड़ती है; 2. सौर मास की संक्रांति के दिन होनेवाला उत्सव । | বৈশাখী, ব'হাগ মাহৰ পূৰ্ণিমা তিথি; বৈশাখী উৎসৱ | बैशाखी, ब'हाग माहर पूर्णिमा तिथि; बैशाखी उत्सव | the day of full moon in the month of Baisakh; an Indian festival. |
| वैश्य | पुं. | हिंदुओं में तीसरे वर्ण का व्यक्ति जिसका मुख्यकर्म व्यापार तथा खेती कहा गया है । | বৈশ্য (বৰ্ণ) | बैश्य (बर्ण) | a Vaishya or man of the third (Hindu) caste (whose business was agriculture and trade), a trader. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| वैषम्य | पुं. | दे. विषमता । | বিষমতা, বৈষম্য | बिषमता, बैषम्य | unevenness, unequality. |
| वैसा | वि. | किसी के अनुरूप या उसके अनुकरण पर किया जाने या होनेवाला, उस तरह का, उस प्रकृति का, उस प्रकार का । | তেনে, তেনেকুৱা, তেনে ধৰণৰ | तेने, तेनेकुवा, तेने धरणर | that like, such like, such as, of that kind. |
| | अव्य. | उस प्रकार, उस प्रकार से । | তেনেকৈ, তেনে, তেনেকুৱা, তেনেকুৱাকৈ | तेनेकै, तेने, तेनेकुवा, तेनेकुवाकै | of that kind. |
| वैसे | क्रि. वि. | उस प्रकार से, उस तरह से । | তেনেধৰণে, তেনেকৈ | तेनेधरणे, तेनेकै | in that manner, in the same way. |
| व्यंग | पुं. | 1. विडंबना; | ব্যংগ, বিদ্রুপ, বিড়ম্বনা; | ब्यंग, बिद्रुप, बिड़म्बना; | irony; |
| | | 2. कटाक्ष, ताना, कटूक्ति, व्यंग्योक्ति । | কটাক্ষ, ব্যংগোক্তি, শ্লেষোক্তি | कटाक्ष, ब्यंगोक्ति, श्लेषोक्ति | sarcastic, ironical remarks. |
| व्यंग्य | पुं. | 1. शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा निकलनेवाला अर्थ, व्यंग्यार्थ; | ব্যংগাৰ্থ, শ্লেষ; | ब्यंगार्थ, श्लेष; | suggestiveness of the word, suggested meaning or sense; |
| | | 2. किसी को चिढ़ाने, दुःखी करने या नीचा दिखाने के लिए कही जानेवाली ऐसी बात जो स्पष्ट शब्दों में न होने पर भी अथवा विपरीत रूप की होने पर भी उक्त प्रकार का अभिप्राय प्रकट करती हो, व्यंग, कटाक्ष; ताना; | কটাক্ষপাত, ব্যংগোক্তি, শ্লেষোক্তি; | कटाक्षपात, ब्यंगोक्ति, श्लेषोक्ति; | sarcasm, ironical remarks; |
| | | 3. विडंबना । | ব্যংগ, বিড়ম্বনা | ब्यंग, बिड़म्बना | irony, |
| | वि. | शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा व्यक्त, व्यंजित । | ব্যঞ্জিত, ধ্বনিত | ब्यन्जित, ध्वनित | suggested or implied sense. |
| व्यंग्यार्थ | पुं. | शब्द की व्यंजना शक्ति द्वारा प्राप्त अर्थ । | ব্যঞ্জিত অৰ্থ, ব্যঞ্জনাসূচক অৰ্থ | ब्यंजित अर्थ, ब्यन्जनासूचक अर्थ | suggested or implied sense. |
| व्यंजक | वि. | व्यंजन अर्थात् व्यक्त करनेवाला, भाव या अर्थ व्यक्त करनेवाला । | ব্যঞ্জক, প্ৰকাশক | ब्यन्जक, प्रकाशक | expressive. |
| | पुं. | ऐसा शब्द जो व्यंजना द्वारा अर्थ प्रकट करता हो । | ব্যঞ্জনাৰ দ্বাৰা অৰ্থ প্ৰকাশ কৰা শব্দ | ब्यन्जनार द्वारा अर्थ प्रकाश करा शब्द | suggestive word. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शहतीर | पुं. | पाटन के नीचे दी जानेवाली बड़ी कड़ी, धरन । | চ'তি, চৌতি | च'ति, चौति | beam, girder. |
| शहतूत | पुं. | एक प्रसिद्ध पेड़ और उसका फल जो पकने पर काफी मीठा होता है, तूत । | এবিধ মিঠা ফলৰ প্ৰসিদ্ধ গছ | एबिध मिठा फलर प्रसिद्ध गछ | mulberry (tree and fruit). |
| शहद | पुं. | एक बहुत मीठा, गाढ़ा और स्वादिष्ट तरल पदार्थ जिसे मधुमक्खियां अनेक प्रकार के फूलों के मकरंद से संग्रह करके अपने छत्तों में रखती हैं, मधु । | মৌ জোল, মধু | मौ जोल, मधु | honey. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शहनाई** | स्त्री. | **बांसुरी या अलगोजे की भांति मुँह से फूककर बजाया जाने-वाला एक प्रकार का बाजा जो प्राय: रोशनचौकी के साथ बजाया जाता है, नफीरी ।** | চানাই | चानाइ | a musical instrument, Indian clarinet (clarionet). |
| **शहर** | पुं. | **नगर ।** | চহৰ, নগৰ | चहर, नगर | city, town. |
| **शहरी** | वि. | **1. शहर का, शहर से संबंधित;** | নগৰ সম্পৰ্কীয়; | नगर सम्पर्कीय; | of or belonging to city, urban; |
| | | **2. शहर का निवासी;** | নাগৰিক, চহৰবাসী; | नागरिक, चहरबासी; | inhabitant of city, city-dweller, citizen; |
| | | **3. शहर निवासियों की तरह का ।** | নগৰীয়া, চহৰীয়া | नगरीया, चहरीया | similar to a city-dweller or citizen, urban. |
| **शहादत** | स्त्री. | **1. शहीद होने की अवस्था या भाव, विशेषत: किसी श्रेष्ठ उद्देश्य के लिए लड़ते हुए प्राण देना, बलिदान;** | সুহীদ হোৱা অৱস্থা, সুহীদত্ব, আত্মবলি দান; | स्वहीद होवा अवस्था, स्वहीदत्व, आत्मबलि दान; | martyrdom; |
| | | **2. गवाही;** | সাক্ষী; | साक्षी; | evidence, testimony, witness; |
| | | **3. प्रमाण ।** | প্ৰমাণ | प्रमाण | proof. |
| **शहीद** | पुं. | **अपने धर्म, सदाचार, कर्तव्यपरायणता या देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण देनेवाला, हुतात्मा ।** | সুহীদ | स्वहीद | martyr. |
| **शांत** | वि. | **1. जिसका शमन हो चुका हो, दमित, उग्रता या प्रचंडता रहित;** | শান্ত, প্ৰশান্ত; | शान्त, प्रशान्त; | abated, subsided, suppressed, allayed, pacified; |
| | | **2. समाप्त;** | শেষ, সমাপ্ত; | शेष, समाप्त; | ceased, stopped; |
| | | **3. चंचलता या आवेग आदि से रहित;** | শান্ত, স্থিৰ, নিশ্চল; | शान्त, स्थिर, निश्चल; | calm, quiet, unpert-urbed, tranquil; |
| | | **4. चुप, मौन;** | নিমাত, মৌন; | निमात, मौन; | silent, quiet; |
| | | **5. बुझा हुआ;** | নিৰ্ব্বাপিত; | निर्व्वापित; | quenched, extinguished; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6. चिंतारहित | নিশ্চিত; | निश्चित; | carefree; |
| | | 7. नि:शब्द, सुनसान । | নিঃশব্দ, নিস্তব্ধ | नि:शब्द, निस्तब्ध | peaceful, pacific, still, undisturbed. |
| | पुं. | साहित्य में नौ रसों में से एक जिसका स्थायी भाव निर्वेद है । | শান্ত (ৰস) | शान्त (रस) | tranquility. |
| शांति | स्त्री. | 1. उत्पात, उपद्रव, मारपीट, संघर्ष आदि से रहित स्थिति; | শান্তি; | शान्ति; | peace; |
| | | 2. दिल का आराम, इतमीनान और चैन; | শান্তি, সুখ; | शान्ति, सुख; | comfort, rest, ease, repose; |
| | | 3. शमन होने या करने की अवस्था या भाव, निवारण, दमन; | নিবাৰণ, দমন, শান্ত অৱস্থা; | निबारण, दमन, शान्त अवस्था; | abatement, subsidence, suppression, allayment, pacification; |
| | | 4. चंचलता, आवेग आदि से रहित स्थिति; | স্থিৰতা, স্থিৰ অৱস্থা | स्थिरता, स्थिर अवस्था; | calmness, tranquility, quietness, unperturbedness, absence of. passion; |
| | | 5. नीरवता, सन्नाटा; | নীৰৱতা, নিস্তব্ধতা; | नीरबता, निस्तब्धता; | silence, quietude; |
| | | 6. समाप्ति, अंत; | সমাপ্তি, শেষ; | समाप्ति, शेष; | cessation, stop; |
| | | 7. निश्चिंतता । | নিশ্চিন্ততা, চিন্তা-ভাৱনা | निश्चिन्तता, चिन्ता-भावना | carefreeness. |
| शांतिभंग | पुं. | शांति का नाश, उपद्रव का होना, शासन, अनुशासन आदि का न माना जाना, विघ्न उपस्थित करना । | শান্তিভংগ | शान्तिभंग | breach of peace, eruption of distrubances. |
| शाक | पुं. | 1. वनस्पति, विशेषत: ऐसी वनस्पति जिसकी तरकारी बनाई जाती हो; | শাক, শাক-পাচলি; | शाक, शाक-पाचलि; | vegetable, pot herb, any edible leaf, fruit or root used as a vegetable, greens; |
| | | 2. उक्त की बनी हुई तरकारी साग । | শাকৰ আঞ্জা বা তৰকাৰী | शाकर आन्जा बा तरकारी | cooked vegetable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाकाहार | पुं. | अनाज, फल, फूल, पत्ते आदि का भोजन (मांसाहार से भिन्न) । | শাকাহাৰ, ফলাহাৰ, নিৰামিষাহাৰ | शाकाहार, फलाहार, निरामिषाहार | vegetarian diet or food. |
| शाकाहारी | पुं., वि. | केवल अन्न, फल, सागभाजी खानेवाला, निरामिषभोजी । | নিৰামিষাহাৰী | निरामिषाहारी | vegetarian. |
| शाक्त | वि. | शक्ति अर्थात् दुर्गा से संबंधित । | শক্তি সম্বন্ধীয় | शक्ति सम्बन्धीय | relating to Sakti or the female personification of divine energy. |
| | पुं. | तंत्र संप्रदाय में दीक्षित, शक्ति अर्थात् देवी का उपासक । | শাক্ত, শক্তিৰ উপাসক | शाक्त, शक्तिर उपासक | worshipper of Śakti. |
| शाखा | स्त्री. | 1. पेड़ की टहनी, डाल; | ডাল, শাখা; | डाल, शाखा; | branch, off-shoot, bough, twig (of a tree); |
| | | 2. किसी मूल वस्तु का अंश, विभाग, हिस्सा; | অংগ, বিভাগ; | अंग, बिभाग; | lateral extension or subdivision, part, section etc.; |
| | | 3. किसी सिद्धांत, दर्शन या शास्त्र आदि के संप्रदाय, वर्ग या भेद। | বিভাগ, সম্প্ৰদায় | बिभाग, सम्प्रदाय | school (of thought etc.); |
| शागिर्द | पुं. | 1. शिष्य, चेला; | শিষ্য, চেলা; | शिष्य, चेला; | pupil, disciple; |
| | | 2. संबंध के विचार से किसी के द्वारा सिखाया-पढ़ाया गया व्यक्ति । | ছাত্ৰ, শিকাৰু | छात्र, शिकारु | student, apprentice. |
| शाठ्य | पुं. | दे. 'शठता' । | শঠতা, ছলনা, ঠগ, প্ৰবঞ্চনা | शठता, छलना, ठग, प्रबन्चना | see 'शठता'. |
| शातिर | वि. | चालाक, धूर्त । | চতুৰ, চালাক, ধূৰ্ত | चतुर, चालाक, धूर्त्त | cunning, sly, mischievous, roguish, vicious. |
| | पुं. | शतरंज का अच्छा खिलाड़ी । | দাবা খেলৰ ঘাগু, পাশাখেলত পাকৈত | दाबा खेलर घागु, पाशाखेलत पाकैत | good chess player. |
| शादी | स्त्री. | विवाह । | বিয়া, বিবাহ | बिया, बिबाह | marriage, wedding. |
| शान | स्त्री. | 1. ठाठ-बाट, तड़कभड़क-वाली सजावट; | জাকজমক, ৰংচং সাজসজ্জা; | जाकजमक, रंचं साजसज्जा; | grandeur, pomp, splendour; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. मर्यादा, प्रतिष्ठा; | সন্মান, মৰ্য্যাদা; | सन्मान, मर्य्यादा; | honour, dignity; |
| | | 3. गर्व, गौरव, बड़प्पन; | গৌৰব, গৰ্ব্ব; | गौरब, गर्ब्ब; | pride, glory; |
| | | 4. विशालता, भव्यता । | বিশালতা, প্ৰখ্যাতি | बिशालता, प्रख्याति | grandness, vastness. |
| | पुं. | सान नामक कृत्रिम पत्थर का उपकरण जिससे चाकू आदि की धार तेज की जाती है । | শানশিল | शानशिल | whet stone. |
| शानदार | वि. | 1. भड़कीला, तड़कभड़क-वाला; | জকমক, জকমকীয়া, ৰংচঙীয়া; | जकमक, जकमकीया, रंचङीया; | pompous, splendid; |
| | | 2. उच्चकोटि का प्रशंसनीय; | বিখ্যাত, গৌৰবোজ্জ্বল; | बिख्यात, गौरबोज्ज्वल; | glorious, praise-worthy; |
| | | 3. ऐश्वर्यपूर्ण । | সমৃদ্ধিশালী, ঐশ্বৰ্য্যশালী | सम्बृद्धिशाली, ऐश्वर्य्यशाली | stately, grand, opulence. |
| शान-शौकत | स्त्री. | ठाठ-बाट, तड़क-भड़क । | জকমক, ৰংচং, পয়োভৰ | जकमक, रंचं, पयोभर | embellishment, pomp and show, pomp and dignity, splendour, grandeur. |
| शाप | पुं. | अनिष्ट कामना के उद्देश्य से किया गया कथन, अभिशाप, बद्दुआ । | শাপ, শাও, অভিশাপ | शाप, शाओ, अभिशाप | curse, imprecation, anathema. |
| शापित | वि. | जिसे शाप दिया गया हो, अभिशप्त । | অভিশপ্ত, শাও খোৱা | अभिशप्त, शाओ खोवा | imprecated, cursed, accursed. |
| शाबाश (शाबास) | अव्य. | एक प्रशंसासूचक शब्द, वाह-वाह, धन्य हो, खुश रहो आदि के लिए प्रयुक्त । | বা: বা:! চাবাইচ,! ধন্য! | बा: बा:,! चाबाइच! धन्य! | well done ! bravo ! excellent ! |
| शाबाशी (शाबासी) | स्त्री. | 'शाबाश' कहना, साधुवाद, वाहवाही । | প্ৰশংসা, গুণ | प्रशंसा, ग्रण | praise, applause, plaudit. |
| शाब्दिक | वि. | 1. शब्द-संबंधी; | শাব্দিক, শব্দ সম্বন্ধীয়; | शाब्दिक, शब्द सम्बन्धीय; | relating to sounds or words; |
| | | 2. शब्द पर आश्रित; | শব্দগত, আক্ষৰিক; | शब्दगत, आक्षरिक; | literal; |
| | | 3. मौखिक । | মৌখিক | मौखिक | verbal, oral. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शाम** | स्त्री. | सूर्यास्त का समय, सायंकाल, संध्या । | সন্ধিয়া, গধূলি | सन्धिया, गधूलि | evening, dusk. |
| **शामत** | स्त्री. | 1. विपत्ति, मुसीबत; | বিপত্তি, দুৰ্য্যোগ; | बिपत्ति, दुर्ज्योग; | adversity, calamity; |
| | | 2. दुर्भाग्य, बदकिस्मती । | দুৰ্ভাগ্য, দুৰ্কপাল, দুৰ্দ্দশা | दुर्भाग्य, दुर्कपाल, दुर्द्दशा | ill luck, misfortune. |
| **शामियाना** | पु. | एक प्रकार का तंबू जो बांसों पर रस्सियों की सहायता से टांगा जाता है । | ছমিয়ানা, এক প্ৰকাৰৰ তম্বু | छमियाना, एक प्रकारर तम्बु | a kind of tent, a pavillion, a canopy. |
| **शामिल** | वि. | 1. मिला हुआ, सम्मिलित; | চামিল, একত্ৰিত, সন্মিলিত; | चामिल, एकत्रित, सन्मिलित; | included; |
| | | 2. संबद्ध; | সহযোগ কৰা; | सहजोग करा; | as[illegible]ciated; |
| | | 3. संयुक्त । | সংযুক্ত, সম্পৰ্কিত | संजुक्त, सम्पर्कित | united (to), connected (with). |
| **शायद** | अव्य. | कदाचित, संभवतः । | সম্ভৱ, সম্ভৱতঃ, হয়তো | सम्भव, सम्भवतः, हयतो | it may be, perhaps, possibly, probably. |
| **शायर** | पु. | काव्यरचना करनेवाला, कवि । | কৱি | कवि | a poet. |
| **शायरी** | स्त्री. | 1. कविता करने की कला, भाव या कार्य, कविकर्म; | কৱিকৰ্ম্ম, কাব্যকলা; | कविकर्म्म, काव्यकला; | the art or practice of poetry; |
| | | 2. कविता, काव्य । | কৱিতা, কাব্য | कविता, काव्य | poetry, poetic compositions. |
| **शारदा** | स्त्री. | 1. सरस्वती; | সৰস্বতীৰ এটা নাম; | सरस्वतीर एटा नाम; | a name of Saraswati; |
| | | 2. भारत की एक प्राचीन लिपि । | সাৰদা লিপি | सारदा लिपि | an ancient Indian script. |
| **शारदीय** | वि. | शरद्‌कालीन, शरदऋतु संबंधी । | শাৰদীয়, শৰত্‌কালীন | शारदीय, शरत्‌कालीन | autumnal, pertaining to autumn. |
| **शारीरिक** | वि. | 1. शरीर संबंधी; | শাৰীৰিক, শৰীৰ সম্বন্ধীয়; | शारीरिक, शरीर सम्बन्धीय; | relating to the body, bodily, corporeal, |
| | | 2. भौतिक । | ভৌতিক, দৈহিক | भौतिक, दैहिक | physical; material. |
| **शार्दूल** | पु. | 1. सिंह, केसरी; | সিংহ, কেশৰী; | सिंह, केशरी; | a lion; |
| | | 2. चीता, बाघ । | বাঘ | बाघ | a tiger. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शाल | पुं. | साखू या सखुआ नामक पेड़ । | শাল গছ | शाल गछ | a tree (very tall and stately), the sal tree. |
| | स्त्री. | ओढ़ने की एक प्रकार की गरम चादर । | গৰম চাদৰ, শাল কাপোৰ, আৰোৱান | गरम चादर, शाल कापोर, आरोवान | a shawl. |
| शाला | स्त्री. | 1. गृह, घर, मकान; | শালা, ঘৰ, থকা ঠাই; | शाला, घर, थका ठाइ; | house, residence, abode; |
| | | 2. किसी विशिष्ट कार्य के लिए बना हुआ स्थान (समास में) । | শালা, স্থান, ঠাই | शाला, स्थान, ठाइ | a place dedicated to or meant for a particular purpose, an apartment, a room, a hall (in comp.). |
| शाली | प्रत्य. | एक प्रत्यय जो संज्ञा शब्दों के अंत में लगकर उसे विशेषण बना देता है और 'युक्त, वाला, सहित' आदि का अर्थ देता है । | শালী, বিশেষণ তৈয়াৰ কৰা প্ৰত্যয়বিশেষ | शाली, बिशेषण तैयार करा प्रत्ययबिशेष | an adjectival suffix used at the end (comp.), endowed with, possessed of, possessing, having. |
| शालीन | वि. | 1. नम्र, विनीत; | নম্ৰ, বিনীত, ভদ্ৰ; | नम्र, बिनीत, भद्र; | modest, humble, gentle; |
| | | 2. सुशील, शिष्ट, अच्छे आचरणवाला । | শিষ্টাচাৰী, সদাচাৰী, মাৰ্জ্জিত | शिष्टाचारी, सदाचारी, मार्ज्जित | well-behaved, cultured. |
| शालीनता | स्त्री. | शालीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, नम्रता, शिष्टता । | শালীনতা, নম্ৰতা, ভদ্ৰতা | शालीनता, नम्रता, भद्रता | modesty, gentleness, humbleness, politeness. |
| शावक | पुं. | किसी पशु या पक्षी का बच्चा । | পোৱালি | पोवालि | young (of an animal). |
| शाश्वत | वि. | जो सदा से चला आ रहा हो और सदा चलता रहने को हो, नित्य, सनातन, सतत, स्थायी । | শাস্বত, নিত্য, সনাতন, স্থায়ী | शास्वत, नित्य, सनातन, स्थायी | eternal, constant, perpetual, immortal, ever-lasting. |
| शासक | पुं. | शासन करनेवाला व्यक्ति, शासनकर्ता । | শাসক, শাসনকৰ্ত্তা | शासक, शासनकर्त्ता | a ruler, administrator. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शासन | पुं. | 1. सरकार, हुकूमत;<br>2. सरकार द्वारा किए जानेवाले नियन्त्रण, संचालन, व्यवस्था आदि से संबंधित कार्य;<br>3. नियंत्रण, निर्देशन, देखरेख;<br>4. आज्ञा, आदेश । | চৰকাৰ, প্ৰশাসন;<br>শাসন,<br>প্ৰশাসনকাৰ্য্য;<br>নিয়ন্ত্ৰণ;<br>হুকুম, আদেশ, আজ্ঞা | चरकार, प्रशासन;<br>शासन,<br>प्रशासनकार्य्य;<br>नियन्त्रण;<br>हुकुम, आदेश, आज्ञा | government;<br>administration, rule;<br>control, check, restraint;<br>order, command. |
| शासनिक | वि. | 1. शासन संबंधी;<br>2. सरकारी, राजकीय । | শাসকীয়, শাসন সম্বন্ধীয়;<br>চৰকাৰী, ৰাজকীয়, শাসকীয় | शासकीय, शासन सम्बन्धीय;<br>चरकारी, राजकीय, शासकीय | pertaining to administration, administrative;<br>governmental, official. |
| शासित | वि. | 1. (प्रदेश) जो शासन के अधीन हो;<br>2. नियंत्रण के अधीन (व्यक्ति) । | শাসিত, শাসনাধীন;<br>নিয়ন্ত্ৰণাধীন, নিয়ন্ত্ৰিত, নিয়ত | शासित, शासनाधीन;<br>नियन्त्राधीन, नियन्त्रित, नियत | ruled, governed, administered;<br>restrained, controlled. |
| शास्त्र | पुं. | 1. आचार, नीति आदि के नियमों का विधान करने-वाला ऐसा धर्मग्रंथ जिसे लोग पवित्र तथा पूज्य मानते हों;<br>2. किसी कला, विषय या विशिष्ट विषय का सांगोपांग वैज्ञानिक विवेचन और विश्लेषण या तत्संबंधी ग्रंथ, विज्ञान;<br>3. किसी गंभीर विषय पर किसी के द्वारा प्रतिपादित मत या सिद्धांत;<br>4. ज्ञान की कोई शाखा । | ধৰ্ম্মগ্ৰন্থ, শাস্ত্ৰ;<br>বিদ্যা, তত্ত্ব, বিজ্ঞান;<br>প্ৰতিপাদিত সিদ্ধান্ত বা মত;<br>জ্ঞানৰ কোনো শাখা বা বিভাগ | धर्म्मग्रन्थ, शास्त्र;<br>बिद्या, तत्त्व, बिज्ञान;<br>प्रतिपादित सिद्धान्त बा मत;<br>ज्ञानर कोनो शाखा बा बिभाग | a religious or sacred treatise, sacred book, scripture, a code of law;<br>systematic knowledge, science;<br>philosophy;<br>any department of knowledge, discipline. |
| शास्त्रार्थ | पुं. | 1. शास्त्र का अर्थ; | শাস্ত্ৰৰ অৰ্থ, তত্ত্ব; | शास्त्रर अर्थ, तत्त्व; | the meaning or purpose of the sacred precept or scriptures; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. शास्त्रों के ठीक अर्थ तक पहुंचने के लिए होनेवाला तर्कवितर्क या वादविवाद; | শাস্ত্ৰৰ গূঢ়াৰ্থ নিৰ্ণয় কৰিবলৈ কৰা তৰ্ক-বিতৰ্ক; | शास्त्रा गूढ़ार्थ निर्णय करिबलै करा तर्क-बितर्क; | discussion, contention, debate or discourse on the scriptures (शास्त्र); |
| | | 3. किसी प्रकार का तात्विक वादविवाद । | তাত্ত্বিক তৰ্ক-বিতৰ্ক | तात्त्विक तर्क-बितर्क | material or substantial discussion. |
| शास्त्री | पुं. | 1. शास्त्रज्ञ, शास्त्र का जानकार, शास्त्र का पूर्ण अधिकारी विद्वान; | শাস্ত্ৰী, শাস্ত্ৰজ্ঞ, পণ্ডিত; | शास्त्री, शास्त्रज्ञ, पण्डित; | one who is well versed or skilled in the Sastras, a scholar of authority on the scriptures; |
| | | 2. कुछ विशिष्ट परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने पर मिलनेवाली एक प्रकार की उपाधि । | শাস্ত্ৰী (উপাধি) | शास्त्री (उपाधि) | one who has mastered the Sastras, learned, a great Pandit. |
| शास्त्रीय | वि. | 1. शास्त्र संबंधी; | শাস্ত্ৰীয়, শাস্ত্ৰ; | शास्त्रीय, शास्त्र; | scriptural; |
| | | 2. शास्त्र सम्मत, शास्त्र में विहित ढंग का; | শাস্ত্ৰীয়, শাস্ত্ৰ সন্মত; | शास्त्रीय, शास्त्री सन्मत; | classical, authorised by or conformable to Sastras; |
| | | 3. वैज्ञानिक; | বৈজ্ঞানিক; | बैज्ञानिक; | scientific; |
| | | 4. शास्त्रीय ज्ञान से संबंधित, शास्त्रीय ज्ञान पर आधारित । | শাস্ত্ৰীয়, শাস্ত্ৰগত | शास्त्रीय, शास्त्रगत | academic. |
| शाह | पुं. | 1. राजा, महाराजा, बादशाह; | ৰজা, মহাৰজা; | रजा, महारजा; | king, monarch; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा । | দাবাখেলৰ বাহাদুৰ বা বাদচাহ | दाबाखेलर बाहादुर बा बादचाह | the king in chess or cards. |
| शाहजादा | पुं. | बादशाह का लड़का, राजकुमार । | ৰাজকুমাৰ | राजकुमार | king's son, prince. |
| शाही | वि. | 1. शाह या बादशाह का, शाह द्वारा बनवाया हुआ; | চাহ বা বাদচাহে সজা, বাদচাহী; | चाह बा बादचाहे सजा, बादचाही; | of or built by a king, royal, imperial; |
| | | 2. शाहों का सा, राजसी । | বাদচাহী, ৰাজকীয়, ৰজাৰ | बादचाही, राजकीय, रजार | like a king, princely, kingly, royal, majestic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | स्त्री. | शासन, राज्य, राज्यकाल । | শাসন, শাসন কাল | शासन, शासन काल | reign, kingdom, rule, period of the rule. |
| शिकंजा | पुं. | 1. चीजों को कसकर दबाने का यंत्र; 2. पकड़, दबाव । | সঁৰাহ, চেপেনা, হেঁচা যন্ত্ৰ; হেঁচা, ভীৰ, খামোচ | सँराह, चेपेना, हेंचा जन्त्र; हेंचा, भीर, खामोच | clamp, pressing appliance; clasp, grasp, clutches (fig.). |
| शिकंजी (शिकंजवी) | स्त्री. | मधुरपेय जो जल में नीबू का रस और चीनी मिलाकर तैयार किया जाता है, शिकंजवी । | নেমুৰ চৰবত্ | नेमुर चरबत् | lemon squash, syrup prepared with fresh lemon. |
| शिकन | स्त्री. | सिकुड़न, सिलवट । | শোটোৰা, কোঁচ, সংকোচন | शोटोरा, कोंच, संकोचन | wrinkle, crease, shrivelling. |
| शिकमी | पुं. | वह काश्तकार जो असल काश्तकार से जमीन लेकर जोते-बोए, उपपट्टाधारी (काश्तकार) । | মৰকীয়া খোৱা মানুহ আনৰ মাটিত খেতিকৰি খোৱা মানুহ | मरकीया खोवा मानुह आनर माटित खेतिकरि खोवा मानुह | subtenant of a holding. |
| | वि. | किराए, लगान आदि के विचार से जो किसी दूसरे के अन्तर्गत हो, उपपट्टे पर लेनेवाला । | মৰকীয়া খোৱা | मरकीया खोवा | subtenanted, subleased. |
| शिकस्त | स्त्री. | 1. पराजय, हार, मात, 2. विफलता । | পৰাজয়, হাৰ; বিফলতা, অকৃতাৰ্যতা | पराजय, हार; बिफलता, अकृतकार्य्यता | defeat; failure, unsuccess. |
| शिकायत | स्त्री. | 1. किसी के दोष या अनुचित काम का किसी के समक्ष किया गया कथन, दोषकथन; | পৰনিন্দা, টোটক; | परनिन्दा, टोटक; | accusation; |
| | | 2. किसी के अनुचित काम के प्रति होनेवाला असंतोष; | অসন্তোষ; | असन्तोष; | complaint, grievance; |
| | | 3. उक्त असंतोष को दूर करने के लिए किया गया निवेदन; | অভিযোগ, আপত্তি; | अभिजोग, आपत्ति; | complaining, making complaint; |
| | | 4. दोष, त्रुटि, खराबी । | দোষ, ত্ৰুটী | दोष, त्रुटी | defect. |
| शिकायती | वि. | 1. शिकायत करनेवाला, फरियादी; | গুচৰীয়া, ফৰিয়াদী; | गुचरीया, फरीयादी; | complainant; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसमें किसी की शिकायत हो । | আপত্তি-সূচক, অভিযোগসূচক | आपत्ति-सूचक, अभिजोगसूचक | containing a complaint or grievance. |
| शिकार | पु. | 1. क्रीड़ा या आहार के लिए पशु-पक्षियों के मारने या पकड़ने का कार्य, मृगया, आखेट; | চিকাৰ, মৃগয়া; | चिकार, मृगया; | hunting, hunt,the chase; |
| | | 2. शिकार में मारा या पकड़ा गया पशु-पक्षी । | চিকাৰ, চিকাৰ কৰি মৰা জীৱ-জন্তু | चिकार, चिकार करि मरा जीव-जन्तु | prey, game, victim. |
| शिकारी | पु. | शिकार करनेवाला, व्याध, अहेरी । | চিকাৰী, ব্যাধ | चिकारी, व्याध | a hunter, huntsman. |
| | वि. | 1. शिकारसंबंधी; | চিকাৰ সমুন্ধীয়; | चिकार सम्बन्धीय; | of or belonging to the chase, relating to hunting; |
| | | 2. जिससे शिकार किया जाता हो या शिकार में सहायक हो । | চিকাৰৰ সহায়ক | चिकारर सहायक | hunting. |
| शिक्षक | पु. | 1. अध्यापक, गुरु; | শিক্ষক, অধ্যাপক, গুৰু; | शिक्षक, अध्यापक, गुरु; | teacher, educator; |
| | | 2. सिखानेवाला । | শিক্ষক, প্ৰশিক্ষক, শিকাওঁতা | शिक्षक, प्रशिक्षक, शिकाओंता | instructor, tutor, trainer. |
| शिक्षण | पु. | शिक्षा देने का काम, पढ़ाना, अध्यापन । | শিক্ষণ, প্ৰশিক্ষণ, অধ্যাপনা | शिक्षण, प्रशिक्षण, अध्यापना | teaching, instruction, educating, education. |
| शिक्षा | स्त्री. | 1. किसी प्रकार के ज्ञान के सीखने-सिखाने का क्रम, पढ़ाई; | শিক্ষা, শিকনি, পঢ়োৱা; | शिक्षा, शिकनि, पढ़ोवा; | learning, study, teaching, instruction; |
| | | 2. उक्त प्रकार से प्राप्त ज्ञान या विद्या; | শিক্ষা, শিকনি, জ্ঞান; | शिक्षा, शिकनि, ज्ञान; | education, knowledge; |
| | | 3. उपदेश, नसीहत, सबक; | উপদেশ, শিকনি; | उपदेश, शिकनि; | teaching, moral, lesson; |
| | | 4. दंड, सजा (ला.); | দন্ড, শাস্তি; | दण्ड, शास्ति; | punishment (fig.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. छः वेदांगों में से एक जिसमें वैदिक साहित्य के वर्णों, मात्राओं, स्वरों, आदि के उच्चारण का विवेचन है । | (প্ৰাচীন) শিক্ষা, ধ্বনিতত্ত্ব | (प्राचीन) शिक्षा, ध्वनितत्त्व | one of the six vedangas, the science which teaches the proper pronunciation of words and laws of euphony. |
| शिक्षार्थी | पु. | 1. शिक्षा प्राप्त करने का इच्छुक व्यक्ति; | শিক্ষাৰ্থী, শিকাৰু; | शिक्षार्थी, शिकारु; | desirous of getting education; |
| | | 2. शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी । | ছাত্ৰ, বিদ্যাৰ্থী | छात्र, बिद्यार्थी | student, pupil. |
| शिक्षित | वि. | 1. जो शिक्षा प्राप्त कर चुका हो, पढ़ा-लिखा; | শিক্ষিত, শিক্ষাপোৱা; | शिक्षित, शिक्षापोवा; | educated; |
| | | 2. सिखाया हुआ । | শিকোৱা, শিক্ষা দিয়া | शिकोवा, शिक्षा दिया | taught, instructed, trained. |
| शिखर | पु. | 1. किसी चीज का सबसे ऊपरी भाग, सिरा, चोटी; | শিখৰ, চূড়া; | शिखर, चूड़ा; | top, peak, point in general; |
| | | 2. पर्वत की चोटी; | শৃংগ, টিং; | शृंग, टिं; | top, summit or peak of a mountain; |
| | | 3. मंदिर या मकान के ऊपर का उठा हुआ नुकीला सिरा, कंगूरा । | শীৰ্ষ, চূড়া | शीर्ष, चूड़ा | turret, pinnacle. |
| शिखर सम्मेलन | पु. | किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक विषय पर विचार करने के लिए कई राष्ट्रों के सर्वोच्च अधिकारियों या शासकों का सम्मेलन । | শীৰ্ষ সন্মিলন | शीर्ष सन्मिलन | summit conference. |
| शिखा | स्त्री. | 1. सिर के बीचों-बीच छोड़ा हुआ बालों का गुच्छा जो कटाया नहीं जाता, चोटी, चुटिया, चूड़ा; | টিকনি; | टिकनि; | a lock of hair left on the crown of the head; |
| | | 2. मोर आदि के सिर की कलगी; | চৰাইৰ মূৰৰ জঁ; | चराइर मूरर जँ; | crest or comb of a cock or peacock; |
| | | 3. आग, दीपक आदि की लौ; | জুইৰ শিখা, আগ; | जुइर शिखा, आग; | flame; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 4. नोक, ऊपर उठा हुआ सिरा । | জোঙা মূৰ, জোং | जोङा मूर, जों | sharp end, point, peak, pinnacle, end tip, top, summit. |
| शिखी | पुं. | 1. मोर, मयूर; | ম'ৰা, ময়ূৰ; | म'रा, मयूर; | peacock; |
| | | 2. मुर्गा । | কুকুৰা | कुकुरा | cock. |
| | वि. | शिखायुक्त, चोटीवाला । | ঢিকনি থকা | ढिकनि थका | crested, having a lock of hair on top of the head. |
| शिथिल | वि. | 1. ढीला, जो कसकर बंधा न हो; | শিথিল, ঢিলা; | शिथिल, ढिला; | loosened, loose, slack, lax; |
| | | 2. आलसी, सुस्त; | ধীৰ, লেহেম; | धीर, लेहेम; | slow, tardy, languid; |
| | | 3. थका हुआ, निढाल; | ক্লান্ত, শ্ৰান্ত; | क्लान्त, श्रान्त; | weary, tired; |
| | | 4. जिसे कुछ छूट दी गई हो, जिसका पालन दृढ़ता-पूर्वक न हो । | ঢিলা, সোলোক-ঢোলোক | ढिला, सोलोक-ढोलोक | loosely done, not strictly or rigidly performed, relaxed. |
| शिथिलता | स्त्री. | 1. शिथिल होने की अवस्था, धर्म या भाव, ढीलापन; | শিথিলতা, ঢিলামি; | शिथिलता, ढिलामि; | looseness, slackness, laxity; |
| | | 2. आलस्य, सुस्ती; | এলাহ; | एलाह; | slowness, tardiness; |
| | | 3. थकान; | ভাগৰ, ক্লান্তি; | भागर, क्लान्ति; | weariness, tiredness; |
| | | 4. छूट, दृढ़तापूर्वक पालन न करना; | ঢিলামি; | ढिलामि; | relaxation, remission, unrigid or unstrict performance; |
| | | 5. वाक्यरचना संबंधी एक दोष जिसमें अर्थ की दृष्टि से शब्द भलीभांति गठे हुए नहीं होते । | বাক্যত পদ-বিন্যাসৰ ভুল | बाक्यत पद-बिन्यासर भुल | a kind of flaw in the construction of a sentence, laxity or looseness of words in the construction of a sentence |
| शिर | पुं. | 1. सिर; | মূৰ, শিৰ; | मूर, शिर; | head; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कपाल, खोपड़ी; | মূৰৰ খোলা, লাও খোলা; | मूरर खोला, लाओ खोला; | skull; |
| | | 3. ऊपरी भाग, चोटी; | শৃংগ, টিং; | शृंग, टिं; | a peak, summit, top; |
| | | 4. प्रधान, अगुआ; | প্ৰধান,; | प्रधान; | chief, principal; |
| | | 5. मस्तक, माथा । | মূৰ, কপাল, আগ ভাগ | मूर, कपाल, आग भाग | forehead, head, front, forepart. |
| शिरा | स्त्री. | खून की छोटी नाड़ी, रक्त-वाहनी छोटी नाड़ी । | শিৰা, নাড়ী, ধমনী | शिरा, नाड़ी, धमनी | vein, blood vessel. |
| शिरोधार्य | वि. | 1. आदरपूर्वक स्वीकार किए जाने योग्य, अतिशय माननीय, सादर स्वीकार्य । | শিৰোধাৰ্য্য, সন্মানেৰে মানি ল'ব লগীয়া | शिरोधार्य्य, सन्मानेरे मानि ल'ब लगीया | to be greatly honoured, worthy of respect or to be respected, to be honourably accepted. |
| शिरोमणि | पुं. | 1. सिर या मस्तक पर धारण करने का रत्न, चूड़ामणि; | শিৰোমণি, শিৰৰ ভূষণ; | शिरोमणि, शिरर भूषण; | jewel worn on the head, a crest jewel; |
| | | 2. श्रेष्ठ पुरुष । | শ্ৰেষ্ঠ পুৰুষ, শীৰ্ষস্থানীয় লোক | श्रेष्ठ पुरुष, शीर्षस्थानीय लोक | the most outstanding person. |
| | वि. | सर्वश्रेष्ठ । | সৰ্ব্বশ্ৰেষ্ঠ | सर्ब्बश्रेष्ठ | most outstanding. |
| शिरोरेखा | स्त्री. | वर्णों के ऊपर लगाई जानेवाली आड़ीलकीर या रेखा । | বৰ্ণৰ ওপৰৰ মাত্ৰা, শিৰোৰেখা, ঊৰ্দ্ধমাত্ৰা | बर्णर ओपरर मात्रा, शिरोरेखा, ऊर्द्धमात्रा | top line, a horizontal line drawn on the top of the letters. |
| शिरोरूह | पुं. | सिर के बाल । | মূৰৰ চুলি | मूरर चुलि | the hair of the head. |
| शिला | स्त्री. | 1. पत्थर; | শিল, পাথৰ; | शिल, पाथर; | a stone; |
| | | 2. पत्थर का बड़ा खंड, चट्टान; | প্ৰকান্ড শিল, শিলাখন্ড; | प्रकाण्ड शिल, शिलाखण्ड; | rock; |
| | | 3. पत्थर की पटिया या पट्टी, सिल । | পটা | पटा | a flat stone or stone slab (on which condiments are ground.). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शिलाजीत | स्त्री. | सूर्य के ताप से तपी हुई कुछ विशिष्ट प्रकार की चट्टानों से निकला काला रस जो बहुत पौष्टिक माना जाता है, शिलारस । | শিলাৰস, এবিধ দৰব | शिलारस, एबिध दरब | storax, rock-exudation. |
| शिलान्यास | पुं. | 1. नए भवन की नींव के रूप में पत्थर रखना; | ভোঁটি স্থাপন; | भोंटि स्थापन; | laying of the foundation stone; |
| | | 2. नींव रखने का कृत्य या समारोह । | আধাৰশিলা স্থাপনৰ অনুষ্ঠান | आधारशिला स्थापनर अनुष्ठान | ceremony of laying of the foundation stone. |
| शिलालेख | पुं. | पत्थर पर खुदा हुआ लेख । | শিলালিপি | शिलालिपि | (rock) inscription. |
| शिलीमुख | पुं. | 1. भ्रमर; | ভোমোৰা; | भोमोरा; | a bee; |
| | | 2. बाण, तीर । | বাণ, কাঁড় | बाण, काँड़ | an arrow. |
| शिल्प | पुं. | 1. हस्तकला, दस्तकारी; | হস্তকলা, হস্তবিদ্যা; | हस्तकला, हस्तबिद्या; | handicraft; |
| | | 2. कारीगरी; | কৌশল, নিপুণতা; | कौशल, निपुणता; | skill (in any art), craft, art; |
| | | 3. रचनाविधान, निर्माण; | নিৰ্মাণৰ কৌশল; | निर्माणर कौशल; | technique; |
| | | 4. स्थापत्य, वास्तुकला । | স্থপতি বিদ্যা | स्थपति बिद्या | architecture. |
| शिल्पकार | पुं. | 1. शिल्पी, कारीगर; | শিল্পী, কাৰিকৰ; | शिल्पी, कारिकर; | artisan, craftsman |
| | | 2. मकान बनानेवाला राज । | ৰাজমিস্ত্ৰী | राजमिस्त्री | architect. |
| शिल्पी | पुं. | 1. शिल्प संबंधी काम करने-वाला, शिल्पकार, कारीगर; | শিল্পী, শিল্পকাৰ, কাৰিকৰ; | शिल्पी, शिल्पकार, कारिकर; | craftsman, artisan; |
| | | 2. राज, मकान बनानेवाला कारीगर । | ৰাজমিস্ত্ৰী | राजमिस्त्री | architect. |
| शिव | पुं. | 1. हिन्दुओं के तीन प्रधान देवताओं में से एक, जिनका कार्य सृष्टि का संहार करना है, महादेव, शंकर, महेश; | শিৱ, মহাদেৱ; | शिव, महादेव; | name of the third god of the sacred Hindu trinity, who is entrusted with the work of destruction; |
| | | 2. कल्याण, मंगल । | শিৱ, মংগল, কল্যাণ, শুভ | शिव, मंगल, कल्याण, शुभ | the good, well being, welfare. |
| | वि. | शुभ, मांगलिक । | শুভ, মাংগলিক | शुभ, मांगलिक | auspicious, propitious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शिवाला** | पुं. | ऐसा देवमंदिर जिसमें शिवलिंग, शिवमूर्ति, स्थापित हो, शिवालय, शिवमंदिर । | শিৱালয়, শিৱমন্দিৰ | शिवालय, शिवमन्दिर | any temple dedicated to Siva. |
| **शिविका** | स्त्री. | पालकी, डोली । | দোলা, পাল্কী | दोला, पाल्की | a palanquin, litter; |
| **शिविर** | पुं. | 1. पड़ाव; | শিবিৰ, বাহৰ; | शिबिर, बाहर; | camp; |
| | | 2. सैनिक पड़ाव, छावनी; | সৈন্যৰ বাহৰ; | सैन्यर बाहर; | a military camp; |
| | | 3. खेमा, तंबू । | তম্বু | तम्बु | tent. |
| **शिशिर** | पुं. | 1. छह ऋतुओं में से एक जो माघ और फाल्गुन के महीनों में पड़ती है; | শীতকাল, মাঘ আৰু ফাগুণৰ দুমাহ কাল; | शीतकाल, माघ आरु फागुणर दुमाह काल; | the cold season about the middle of January to that of March. |
| | | 2. शीतकाल, जाड़ा । | শীতকাল | शीतकाल | winter. |
| **शिशु** | पुं. | 1. नवजात से लेकर लगभग आठ वर्ष तक की उम्र का बालक, बच्चा; | শিশু, বালক; | शिशु, बालक; | a boy under eight years of age, a child, infant; |
| | | 2. बहुत ही छोटा बच्चा; | কেচুৱা; | केचुवा; | baby; |
| | | 3. पशुओं, पक्षियों आदि का बच्चा, शावक । | পোৱালি | पोवालि | the young of any animal. |
| **शिष्टता** | स्त्री. | 1. शिष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव, सभ्यता, सौजन्य; | শিষ্টতা, ভদ্ৰতা, নম্ৰতা; | शिष्टता, भद्रता, नम्रता; | politeness, civility, courteousness, gentleness; |
| | | 2. शिष्ट आचरण । | শিষ্টাচাৰ | शिष्टाचार | good behaviour, decency. |
| **शिष्टमंडल** | पुं. | किसी विशिष्ट कार्य के लिए कहीं भेजा जानेवाला विशिष्ट व्यक्तियों का दल, प्रतिनिधि-मंडल । | সঁজাতি দল | सँजाति दल | delegation, deputation. |
| **शिष्टाचार** | पुं. | 1. शिष्टतापूर्ण आचरण और व्यवहार; | শিষ্টাচাৰ; | शिष्टाचार; | gentlemanly conduct, proper behaviour, good manners, politeness, civility, courtesy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. निर्धारित नियमों के अनुसार आचरण, औपचारिक आचरण, दिखावटी सभ्य व्यवहार । | শিষ্টাচাৰ, সভ্য ব্যৱহাৰ | शिष्टाचार, सभ्य व्यवहार | formal conduct or manners, formal politeness, etiquette. |
| शिष्य | पुं. | 1. शिक्षक या अध्यापक से शिक्षा प्राप्त करनेवाला, छात्र, विद्यार्थी; | ছাত্ৰ, বিদ্যাৰ্থী; | छात्र, बिद्यार्थी; | student, pupil; |
| | | 2. किसी से विद्या आदि सीखनेवाला या उसके आदर्शों का अनुयायी, चेला । | শিষ্য, চেলা | शिष्य, चेला | disciple, follower. |
| शीघ्र | क्रि. वि. | 1. जल्द, अविलंब, झटपट, तुरंत, फौरन; | শীঘ্ৰে, সোনকালে, ততালিকে; | शीघ्रे, सोनकाले, तातालिके; | quickly, immediately, urgently speedily, rapidly; |
| | | 2. निकट भविष्य में, जल्दी । | সোনকালে | सोनकाले | soon, in a short time. |
| शीघ्रगामी | वि. | तेज चलनेवाला, द्रुतगामी । | শীঘ্ৰগামী, বেগী | शीघ्रगामी, बेगी | going or moving quickly, fast (in movement). |
| शीघ्रता | स्त्री. | 1. जल्दी; | শীঘ্ৰতা; | शीघ्रता; | soon; |
| | | 2. तेजी, फुर्ती; | বেগ; | बेग; | quickness, swiftness; |
| | | 3. जल्दबाजी, उतावलापन । | খৰধৰ, ততাতৈয়া অৱস্থা | खरधर, ततातैया अवस्था | haste, hastiness, hurry. |
| शीत | वि. | शीतल, ठंडा । | শীতল, চেঁচা | शीतल, चेंचा | cool, cold, chilly; |
| | पुं. | 1. जाड़ा, ठंड, सरदी; | শীত, ঠান্ডা; | शीत, ठान्डा; | cold, coldness; |
| | | 2. जाड़े का मौसम । | শীতকাল | शीतकाल | cold season, winter. |
| शीतयुद्ध | पुं. | राष्ट्रों के पारस्परिक व्यवहार की ऐसी स्थिति जिसमें प्रत्यक्ष रूप से युद्ध तो नहीं होता, फिर भी प्रत्येक राष्ट्र स्वयं को शक्तिशाली और प्रभावयुक्त | শীতল যুদ্ধ | शीतल जुद्ध | cold war. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | बनाने के लिए ऐसी चालें चलता है जिनसे दूसरे राष्ट्रों के समक्ष बाधाएं और उलझनें खड़ी होती रहती हैं । | | | |
| शीतल | वि. | 1. शीतगुणयुक्त, ठंडा; | শীতল, ঠান্ডা; | शीतल, ठाण्डा; | cool, cold, chilly, frigid; |
| | | 2. आवेशरहित, शांत, सौम्य; | শান্ত, ধীৰ | शान्त, धीर | not exciting, calm, gentle, composed. |
| शीतलता | स्त्री. | 1. शीतल होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव; | শীতলতা, ঠান্ডা; | शीतलता, ठान्डा; | coldness, chilliness; |
| | | 2. आवेश से रहित होने का भाव, शांति । | শান্তি, প্ৰশান্তি | शान्ति, प्रशान्ति | calmness, unexcitedness, composure. |
| शीतला | स्त्री. | 1. एक रोग जिसमें शरीर पर दाने या फफोले निकल आते हैं, चेचक; | বসন্ত, আই; | बसन्त, आइ; | small-pox; |
| | | 2. उक्त रोग की अधिष्ठात्री देवी । | শীতলা গোসাঁনী, আইসকল | शीतला गोसाँनी, आइसकल | goddess presiding over small-pox. |
| शीतोष्ण | वि. | 1. ठंडा और गरम; | শীতোষ্ণ, গৰম আৰু ঠান্ডা; | शीतोष्ण, गरम आरु ठाण्डा; | temperate, cold and hot, a mixture of cold and heat; |
| | | 2. कुछ-कुछ ठंडा और कुछ-कुछ गरम । | কুহুমীয়া গৰম | कुहुमीया गरम | lukewarm. |
| शीरा | पुं. | गुड़, चीनी, मिसरी आदि के घोल को उबालकर तैयार की हुई चासनी । | চেনিৰ ৰস, চেনীয়া | चेनिर रस, चेनीया | syrup, molasses. |
| शीर्ष | पु. | 1. सिर; | শিৰ, মূৰ; | शिर, मूर; | head; |
| | | 2. मस्तक; | কপাল; | कपाल; | forehead; |
| | | 3. किसी वस्तु का सबसे ऊपरी तथा उन्नत सिरा; | কোনো বস্তুৰ ওপৰৰ ভাগ, শিৰ; | कोनो बस्तुर ओपरर भाग, शिर; | upper part, tip, top; |
| | | 4. (ज्यामिति) वह बिंदु जिस पर दो ओर से दो तिरछी रेखाएं आकर मिलती हों; | (জ্যামিতিত) শীৰ্ষবিন্দু; | (ज्यामितित) शीर्षबिन्दु; | (geom.) vertex of a triangle ; |
| | | 5. खाते में किसी मद का नाम । | শীৰ্ষ, শিতান, শিৰোনামা | शीर्ष, शितान, शिरोनामा | head (of account), item. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शीर्षक** | पुं. | **निबंध, ग्रन्थ, लेख आदि के ऊपर दिया जानेवाला उनका नाम जिससे उनके विषय का कुछ परिचय मिलता है ।** | শীৰ্ষক, শিতান, শিৰোনামা | शीर्षक, शितान, शिरोनामा | heading, title. |
| **शीर्षबिंदु** | पुं. | **आकाश में वह स्थान या उसका सूचक बिंदु जो हमारे सिर के ठीक ऊपर पड़ता है, शिरोबिंदु, ऊर्ध्वबिन्दु ।** | শীৰ্ষবিন্দু | शीर्षबिन्दु | zenith. |
| **शील** | पुं. | **1. नैतिक आचरण और व्यवहार, शुद्ध और शुभ चरित्र;** | শীল, সত্গুণ, সচৰিত্ৰ, নৈতিক আচৰণ; | शील, सत्गुण, सचरित्र, नैतिक आचरण; | moral conduct, morality, good conduct, virtue, piety; |
| | | **2. विनम्रता, शिष्टता;** | শিষ্টতা, বিনম্ৰতা, সাধুতা; | शिष्टता, बिनम्रता, साधुता; | modesty, politeness, humbleness, courtesy; |
| | | **3. लज्जा, संकोच;** | লজ্জা, লাজ; | लज्जा, लाज; | shyness, bashfulness; |
| | | **4. स्वभाव, प्रकृति ।** | স্বভাৱ, প্ৰকৃতি | स्वभाव, प्रकृति | disposition, nature. |
| **शीलवान्** | वि. | **1. उत्तम शील अर्थात् आचरणवाला, सुशील, नेक चलन;** | শীলবান, সুশীল, চৰিত্ৰবান; | शीलबान, सुशील, चरित्रबान; | possessed of good qualities, of good moral character, of a good or amiable disposition, well-behaved; |
| | | **2. शिष्ट, नम्र;** | শিষ্ট, নম্ৰ, ভদ্ৰ; | शिष्ट, नम्र, भद्र; | modest, polite, humble; |
| | | **3. संकोची, लज्जालु ।** | লাজুক, লাজকুৰীয়া | लाजुक, लाजकुरीया | shy, bashful. |
| **शीश** | पुं. | **सिर ।** | শিৰ, মূৰ | शिर, मूर | head. |
| **शीशम** | पुं. | **एक प्रसिद्ध पेड़ जिसकी लकड़ी इमारत, मेज, कुर्सी आदि बनाने के काम आती है ।** | শিশু গছ | शिशु गछ | Indian rose-wood tree. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शीशमहल | पुं. | 1. वह कमरा जिसकी दीवारों में सर्वत्र शीशे जड़े हों; | শীশমহল, আইনাৰ বেৰ দিয়া কোঠা; | शीशमहल, आइनार बेर दिया कोठा; | apartment the walls of which are inlaid with pieces of glass; |
| | | 2. शीशे का मकान । | আইনাৰ ঘৰ | आइनार घर | glass house. |
| शीशा | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध कड़ा और भंगुर पदार्थ जो बालू, खारी मिट्टी या रेह को आग में गलाने से बनता है तथा जिससे अनेक प्रकार के पात्र, दर्पण आदि बनते हैं । | চিচা, কাঁচ; | चिचा, काँच; | glass; |
| | | 2. दर्पण, आईना । | দাপোণ, আইনা | दापोण, आइना | looking glass, mirror. |
| शीशी | स्त्री. | कांच की लम्बी कुप्पी, बोतल के आकार का छोटा पात्र । | চিচা, বটল | चिचा, बटल | small bottle, phial. vial. |
| शुक | पुं. | तोता, सुग्गा । | ভাটৌ, শুক | भाटौ, शुक | parrot. |
| शुक्ति | स्त्री. | 1. सीप, सीपी; | মুক্তা-শামুক, জনে শামুক; | मुक्ता-शामुक, जने शामुक; | oyster, peal oyster; |
| | | 2. सीपी का कड़ा खोल । | শামুকৰ খোলা | शामुकर खोला | oyster-shell. |
| शुक्र | पुं. | 1. एक ग्रह जो कभी-कभी दिन के प्रकाश में भी दिखाई देता है; | শুক্ৰ গ্ৰহ, শুকতৰা; | शुक्र ग्रह, शुकतरा; | the planet Venus; |
| | | 2. वीर्य; | শুক্ৰ, বীৰ্য্য; | शुक्र बीर्ज्य; | semen, sperm; |
| | | 3. शुक्रवार; | শুকুৰ বাৰ; | शुकुर बार; | Friday; |
| | | 4. कृतज्ञता का प्रकाशन, उपकार मानना । | কৃতজ্ঞতা-প্ৰকাশক উক্তি | कृतज्ञता-प्रकाशक उक्ति | thanks, expression of gratitudes, thanks giving. |
| शुक्रगुज़ार | वि. | आभार माननेवाला, आभार प्रदर्शित करनेवाला । | সকৃতজ্ঞ, কৃতজ্ঞ | सकृतज्ञ, कृतज्ञ | thankful, grateful. |
| शुक्रवार | पुं. | बृहस्पतिवार के बाद का और शनिवार के पहले का दिन, सप्ताह का छटा दिन । | শুকুৰ বাৰ | शुकुर बार | Friday. |
| शुक्रिया | पुं. | कृतज्ञता-प्रकाशन, उपकार मानना, आभार । | ধন্যবাদ, কৃতজ্ঞতা প্ৰকাশ | धन्यबाद, कृतज्ञता प्रकाश | gratitude, thanks giving. |
| | अव्य. | धन्यवाद । | ধন্যবাদ | धन्यबाद | thanks! thank you. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शुक्ल** | वि. | 1. श्वेत, सफेद; | শুক্ল, বগা, শুকুলা; | शुक्ल, बगा, शुकुला; | white; |
| | | 2. चमकीला । | উজ্জ্বল | उज्ज्वल | bright. |
| | पुं. | चान्द्रमास का शुक्लपक्ष । | শুক্লপক্ষ | शुक्लपक्ष | bright or light half of a lunar month (from new to full moon). |
| **शुक्लपक्ष** | पुं. | महीने के दो भागों में से वह भाग जिसमें चन्द्रमा की कला प्रतिदिन बढ़ती है और रात उजाली होती जाती है । | শুক্লপক্ষ | शुक्लपक्ष | light half of the month (fortnight of the moon's increase). |
| **शुचि** | स्त्री. | 1. पवित्रता, शुद्धता; | পৱিত্ৰতা,<br>শুচিতা, শুদ্ধি; | पवित्रता,<br>शुचिता, शुद्धि; | purity, sanctity, holiness; |
| | | 2. स्वच्छता । | পৰিষ্কাৰ অৱস্থা | परिष्कार अवस्था | cleanliness. |
| | वि. | 1. शुद्ध, पवित्र; | শুদ্ধ, পৱিত্ৰ; | शुद्ध, पवित्र; | pure, sacred; |
| | | 2. साफ, स्वच्छ; | নিৰ্ম্মল, চাফা; | निर्म्मल, चाफा; | clean, clear; |
| | | 3. निर्दोष; | নিৰ্দোষ,<br>নিছিদ্ৰ; | निर्दोष,<br>निछिद्र; | free from fault, flawless, guiltless; |
| | | 4. ईमानदार, सच्चा । | সাধু, সৎ | साधु, सत् | honest, upright, true, virtuous. |
| **शुचिता** | स्त्री. | 1. पवित्रता, शुद्धता; | শুচিতা,<br>পৱিত্ৰতা; | शुचिता,<br>पवित्रता; | purity, sanctity, holiness; |
| | | 2. स्वच्छता, सफाई; | বিশুদ্ধতা,<br>নিৰ্ম্মলতা; | बिशुद्धता,<br>निर्म्मलता; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. ईमानदारी, सच्चाई; | সাধুতা,<br>সততা; | साधुता,<br>सतता; | honesty, virtuousness, uprightness; |
| | | 4. निर्दोषता । | নিৰ্দোষতা,<br>নিছিদ্ৰতা | निर्दोषता,<br>निछिद्रता | faultlessness, flawlessness, guiltlessness. |
| **शुतुरमुर्ग** | पुं. | मुर्गे की जाति का एक विशालकाय पक्षी जिसकी गर्दन ऊंट की तरह लंबी होती है । | উটপখী,<br>উট চৰাই | उटपखी,<br>उट चराइ | ostrich. |
| **शुद्ध** | वि. | 1. पवित्र; | পৱিত্ৰ; | पवित्र; | pure, sacred; |
| | | 2. साफ, स्वच्छ, निर्मल; | নিৰ্ম্মল, চাফা; | निर्म्मल, चाफा; | clean, clear, purified; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. मिलावटरहित, खालिस, सच्चा, असली; | নিভাঁজ, বিশুদ্ধ, খাটি; | निभाँज, बिशुद्ध, खाँटि; | unadulterated, genuine; |
| | | 4. निर्दोष; | নির্দোষ, নিছিদ্র; | निर्दोष, निछिद्र; | faultless, flawless; |
| | | 5. निष्पाप; | নিষ্পাপ; | निष्पाप; | guiltless; |
| | | 6. जिसमें अशुद्धि, गलती या भूल न हो, त्रुटिरहित, सही, ठीक । | শুদ্ধ, নিৰ্মল, ত্ৰুটিহীন | शुद्ध, निर्म्मल, त्रुटीहीन | correct, rectified, defectless. |
| | पुं. | संगीत शास्त्र में प्राचीन रागों की संज्ञा । | (সংগীতশাস্ত্ৰত) প্ৰাচীন ৰাগৰ নাম | (संगीतशास्त्रत) प्राचीन रागर नाम | natural note in Indian Classical music. |
| शुद्धता | स्त्री. | 1. पवित्रता; | পবিত্ৰতা; | पवित्रता; | purity, holiness; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | নিৰ্মলতা; | निर्म्मलता; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | নির্দোষতা, ত্ৰুটিহীনতা; | निर्दोषता, त्रुटीहीनता; | faultlessness, flawlessness; guiltlessness; |
| | | 4. मिलावट रहित होने का भाव । | নিভাঁজ, খাঁটি অৱস্থা | निभाँज, खाँटि अवस्था | unadulteratedness, genuineness. |
| शुद्धि | स्त्री. | 1. पवित्रता; | শুদ্ধি, পবিত্ৰতা; | शुद्धि, पवित्रता; | purity, holiness, sanctity; |
| | | 2. सफाई, स्वच्छता; | নিৰ্মলতা; | निर्म्मलता; | cleanliness, clearness; |
| | | 3. निर्दोषता; | নিছিদ্ৰতা, নির্দোষতা; | निछिद्रता, निर्दोषता; | faultlessness, flawlessness, guiltlessness; |
| | | 4. संशोधन, ठीक करना; | সংশোধন, শুধৰণি; | संशोधन, शुधरणि; | correction, rectification; |
| | | 5. मिलावट रहित होने का भाव; | নিভাঁজ বা খাঁটি অৱস্থা; | निभाँज बा खाँटि अवस्था; | unadulteratedness, genuineness; |
| | | 6. शुद्ध होने या करने की क्रिया, मार्जन । | শোধন, শুদ্ধি, পৰিষ্কাৰকৰণ | शोधन, शुद्धि, परिष्कारकरण | cleaning, clearing. |
| शुद्धिपत्र | पुं. | 1. ग्रंथ आदि के अंत में लगाया जानेवाला वह पत्र, सूची आदि जिसमें उक्त ग्रंथ आदि में हुई अशुद्धियों को ठीक करके लिखा गया हो;। | শুধৰণিপত্ৰ, শুদ্ধিপত্ৰ; | शुधरणिपत्र, शुद्धिपत्र; | errata; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. समाचारपत्र आदि में प्रकाशित ऐसी कोई सूचना जिसमें पूर्वप्रकाशित गलत सूचना को ठीक किया गया हो । | শুধৰণি | शुधरणि | corrigendum. |
| शुभ | वि. | मंगलमय, कल्याणकारी । | শুভ, মংগলময়, কল্যাণকাৰী | शुभ मंगलमय, कल्याणकारी | auspicious, lucky, happy, fortunate. |
| | पुं. | कल्याण, मंगल । | কল্যাণ, মংগল | कल्याण, मंगल | auspiciousness, welfare, well-being, good fortune, happiness. |
| शुभचिन्तक | पुं. | किसी की भलाई चाहनेवाला, हितैषी, शुभेच्छु, शुभाकांक्षी । | কল্যাণকামী, শুভাকাঙ্ক্ষী | कल्याणकामी, शुभाकांक्षी | well-wisher, friend. |
| शुभाकांक्षी | पुं., वि. | शुभचिंतक । | শুভাকাঙ্ক্ষী, মংগলকামী | शुभाकांक्षी, मंगलकामी | well-wishing, well-wisher. |
| शुभागमन | पुं. | मंगलप्रद या सुखद आगमन । | শুভ আগমন | शुभ आगमन | welcome, welcome arrival. |
| शुभाशीष | स्त्री. | मंगलकारी आशीर्वाद, शुभाशीर्वाद । | আশীৰ্বাদ, শুভইচ্ছা, শুভাশীষ | आशीर्व्वाद, शुभइच्छा, शुभाशीष | good wishes, benediction, blessing. |
| शुभेच्छु | पुं. | शुभचिंतक, शुभकामना करनेवाला । | শুভাকাঙ্ক্ষী, শুভেচ্ছু | शुभाकांक्षी, शुभेच्छु | well-wisher. |
| शुभ्र | वि. | 1. श्वेत, सफेद; | শুভ্ৰ, বগা; | शुभ्र, बगा; | white; |
| | | 2. चमकीला, उज्ज्वल; | উজ্জ্বল, জিলিকি; | उज्ज्वल, जिलिकि; | shining, bright, radiant; |
| | | 3. निर्मल, निष्कलंक । | নিৰ্মল, নিষ্কলঙ্ক | निर्म्मल, निष्कलंक | spotless, immaculate. |
| शुभ्रता | स्त्री. | 1. सफेदी; | শুভ্ৰতা, বগা গুণ বা অৱস্থা; | शुभ्रता, बगा गुण वा अवस्था; | whiteness; |
| | | 2. चमकीलापन, निर्मलता; | উজ্জ্বলতা; | उज्ज्वलता; | radiance, brightness; |
| | | 3. निष्कलंकता । | নিষ্কলঙ্কতা, নিৰ্দোষতা | निष्कलङकता, निर्दोषता | spotlessness, immaculateness. |
| शुरू | पुं. | आरंभ, प्रारंभ । | আৰম্ভ, আৰম্ভণি | आरम्भ, आरम्भणि | beginning, commencement. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शुल्क** | पुं. | 1. वह धन जो वस्तुओं की उत्पत्ति, उपभोग, आयात, निर्यात आदि करने पर कानूनन कर के रूप में देय हो; | শুল্ক, কৰ, মাচুল; | शुल्क, कर, माचुल; | duty; |
| | | 2. विशिष्ट सुविधा प्रदान करने पर किसी संस्था को दिया जानेवाला धन; | কৰ, মাচুল; | कर, माचुल; | fee; |
| | | 3. चंदा । | চান্দা, বৰঙণি | चान्दा, बरङणि | subscription. |
| **शुश्रूषा** | स्त्री. | 1. सेवा-टहल; | সেৱা, আল; | सेवा, आल; | service, attendance; |
| | | 2. परिचर्या, रोगी की देखरेख । | পৰিচৰ্য্যা, শুশ্ৰূষা | परिचर्य्या, शुश्रूषा | nursing. |
| **शुष्क** | वि. | 1. आर्द्रतारहित; | শুকান, নীৰস; | शुकान, नीरस; | dried up, dry, withered; |
| | | 2. जहां वर्षा न हुई हो या न होती हो, सूखा; | শুকান, খৰাং; | शुकान, खरां; | arid, droughty. |
| | | 3. हृदयहीन, कोमलतारहित; | নিৰ্দ্দয়, হৃদয়হীন; | निर्द्दय, हृदयहीन; | unfeeling, emotionless; |
| | | 4. नीरस, दिमाग को थकाने वाला । | নীৰস, শুকান | नीरस, शुकान | prosaic, uninteresting, tedious. |
| **शुष्कता** | स्त्री. | 1. शुष्क होने की अवस्था या भाव, आर्द्रता से रहित होना; | শুষ্কতা, নীৰসতা; | शुष्कता, नीरसता; | dryness, witheredness; |
| | | 2. हृदयहीनता, कोमलता से रहित होना; | নিৰ্দ্দয়তা, হৃদয়হীনতা; | निर्द्दयता, हृदयहीनता; | unfeeling temperament, emotionlessness, hardness; |
| | | 3. नीरसता, उबाऊपन; | নীৰসতা; | नीरसता; | prosaicness; |
| | | 4. अनावृष्टि, सूखा । | খৰ, অনাবৃষ্টি | खर, अनावृष्टि | aridity, draught. |
| **शूल** | पुं. | 1. नुकीला सिरा, नोक; | জোং; | जों; | point, tip, sharp end; |
| | | 2. अन्न की बाल का सींका या नुकीला भाग, टूँड़; | শুং; | शुं; | awn of barley etc. |
| | | 3. नुकीला रोयां । | খিয়, ডাঠ নোম | खिय, डाठ नोम | bristle, sharp hair, stiff hair. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शूकर | पुं. | सूअर नामक पशु, वाराह । | शूकৰ, गाহৰি | शूकर, गाहरि | hog, bear, pig. |
| शूद्र | पुं. | 1. हिन्दुओं की वर्णव्यवस्था में चतुर्थ वर्ण; | शूद्रवर्ण; | शूद्रबर्ण; | fourth or the last of the four principal classes or castes of Hindus; |
| | | 2. उक्त वर्ण का व्यक्ति । | शूद्र লোক | शूद्र लोक | member of the above caste. |
| शून्य | वि. | 1. रिक्त, खाली; | शुদা, शून्য, খালী, উদং; | शुदा, शून्य, खाली उदं; | empty, void, vacant; |
| | | 2. अस्तित्वरहित, असत्; | অস্তিত্বহীন; | अस्तित्वहीन; | non-existent; |
| | | 3. निर्जन; | निर्জ্জन; | निर्ज्जन; | desolate, deserted (place); |
| | | 4. (समस्त पदों के अंत में) रहित, हीन । | जनप्राणीহীন; शून्য, ৰহিত | जनप्राणीहीन; शून्य, रहित | (in comp.) devoid of. |
| | पुं. | 1. ख़ाली स्थान, अवकाश; | খালী ঠাই; | खाली ठाइ; | vacuum, void, blank; |
| | | 2. आकाश; | आकाश; | आकाश; | sky, space, atmosphere; |
| | | 3. एकांत स्थान; | निर्জ্জन ঠাই; | निर्ज्जन, ठाइ; | desolate or deserted place, seclusion; |
| | | 4. गणित में अभावसूचक चिह्न; | (অঙ্কৰ) शून্য; | (अङकर) शून्य; | cipher, zero; |
| | | 5. बिन्दु, बिन्दी; | বিন্দু; | बिन्दु; | dot; |
| | | 6. अभाव, अनस्तित्व । | অভাৱ, शून্যতা | अभाव, शून्यता | non-entity, (absolute) non-existence. |
| शूर | वि., पुं. | 1. वीर, बहादुर; | বীৰ; | बीर; | brave or valiant man; |
| | | 2. योद्धा, सूरमा; | যোদ্ধা, বীৰ; | जोद्धा, बीर; | warrior; |
| | | 3. वह जो किसी काम या बात में औरों से बढ़कर हो । | উত্তম, শ্রেষ্ঠ, বিশিষ্ট | उत्तम, श्रेष्ठ, बिशिष्ट | outstanding or eminent person. |
| शूरता | स्त्री. | शूर होने की अवस्था या भाव, शौर्य, बहादुरी, वीरता पराक्रम । | বীৰত্ব, পৰাক্ৰম | बीरत्व, पराक्रम | bravery, courage, valour, heroism, gallantry. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शूल | पुं. | 1. बरछा, भाला; | বল্লম, জাঠি; | बल्लम, जाठि; | spear, lance; |
| | | 2. बड़ा, लंबा और नुकीला कांटा; | দীঘল কাঁইট বা জোং আফৰি; | दीघल काँइट बा जों आफरि; | prong, pointed big thorn; |
| | | 3. वात प्रकोप के कारण आंतों में होनेवाली प्रबल पीड़ा; | পেটৰবিষ, পিত্তশূল; | पेटरबिष, पित्तशूल; | sharp pain in the stomach, colic; |
| | | 4. ऐसी शारीरिक पीड़ा जो बरछी की तरह चुभती हुई जान पड़ती है; | হনা-খোচা, বিষ; | हना-खोचा, बिष; | any sharp or acute pain; |
| | | 5. वेदना, व्यथा । | বেদনা, কষ্ট, পীড়া | बेदना, कष्ट, पीड़ा | grief, sorrow. |
| शूली | स्त्री. | 1. सूली, फांसी का तख्ता; | ফাঁচী; | फाँची; | gallows; |
| | | 2. फांसी की सजा, प्राणदण्ड । | প্ৰাণদণ্ড, ফাঁচী | प्राणदण्ड, फाँची | (death by) hanging, execution. |
| शृंखला | स्त्री. | 1. क्रम, माला; | ক্ৰম, শাৰী; | क्रम, शारी; | series, succession, range; |
| | | 2. पंक्ति, कतार, श्रेणी; | শাৰী, শ্ৰেণী; | शारी, श्रेणी; | line, row, queue; |
| | | 3. कोटिक्रम, तारतम्य; | ক্ৰম, শৃঙ্খলা; | क्रम, शृङखला; | order, sequence; |
| | | 4. करधनी | কঁকালৰ টঙালি, কৰ্দ্ধনি (কৰধনি); | कँकालर टङालि, कर्द्धनि (करधनि); | chain or belt worn round the waist; |
| | | 5. जंजीर, सिकड़ी; | শিকলি; | शिकलि; | chain, fetter in general; |
| | | 6. बंधन । | বন্ধন | बन्धन | bond, tie. |
| शृंग | पुं. | 1. पशुओं की सींग; | শিং; | शिं; | horn; |
| | | 2. चोटी, शिखर; | শিখৰ, টিং; | शिखर, टिं; | top or summit (of a mountain); |
| | | 3. कंगूरा। | চূড়া, শিখৰ | चूड़ा, शिखर | top of a building, turnet; |
| शृंगार | पुं. | 1. साहित्य के नौ रसों में से एक प्रधान रस जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के प्रेमपूर्ण व्यवहारों की चर्चा होती है; | শৃংগাৰ ৰস, আদিৰস; | शृंगार रस, आदिरस; | sentiment of love or sexual passion, erotic sentiment; |
| | | 2. सौंदर्य की वृद्धि के लिए सौंदर्य प्रसाधनों द्वारा बनाव-सजाव; | প্ৰসাধন, সাজন-কাচন; | प्रसाधन, साजन-काचन; | make-up; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सौंदर्य विधायक तत्व । | প্ৰসাধনৰ সামগ্ৰী | प्रसाधनर सामग्री | decoration, embellishment, ornament. |
| शृगाल | पुं. | 1. गीदड़; | শিয়াল; | शियाल; | jackal. |
| | | 2. (ला.) डरपोक, कायर । | আলাসত | आलासत | (fig.) coward. |
| शेखचिल्ली | पुं. | 1. एक कल्पित मूर्ख जिसकी मूर्खता की अनेक कहानियां जनसाधारण में प्रसिद्ध हैं | চাং পতা লোক; | चां पता लोक; | conventional fool who builds castles in the air; |
| | | 2. बड़ी-बड़ी हवाई योजनाएं बनानेवाला व्यक्ति, बढ़-चढ़कर बेसिर-पैर की बातें करनेवाला व्यक्ति । | কল্পনা-বিলাসী লোক | कल्पना-बिलासी लोक | typical outwit ever living in a fool's paradise. |
| शेखी | स्त्री. | 1. मिथ्याभिमान, डींग; | ডাঙ্কোপ, বৰ কথা; | डाङकोप, बर कथा; | vanity, boast, brag. |
| | | 2. झूठीशान, अकड़ । | গৰ্ব্ব, অহঙ্কাৰ | गर्ब्ब, अहंकार | ostentatious; display, strut. |
| शेखीबाज | वि. | शेखी बघारने या डींग हांकने-वाला, मिथ्याभिमानी । | বৰ কথীয়া, ডাঙ্কোপ মাৰোঁতা | बर कथीया, डाङकोप मारोंता | boaster, braggart. |
| शेर | पुं. | 1. एक प्रसिद्ध हिंसक पशु, सिंह; | সিংহ; | सिंह; | lion; |
| | | 2. (ला.) निर्भीक, वीर और साहसी पुरुष; | নিৰ্ভীক, সাহসী; | निर्भीक, साहसी; | (fig.) fearless, courageous and brave man; |
| | | 3. गजल के दो चरण । | দুইচৰণীয়া বা দ্বিপদী উৰ্দ্দু কৱিতা | दुइचरणीया बा द्विपदी उर्दू कविता | couplet (in Urdu poetry). |
| शेरवानी | स्त्री. | मुसलमानी ढंग का एक प्रकार का अंगा । | শ্বেৰৱানী এবিধ দীঘল কোটচোলা | श्वेरवानी, एबिध दीघल कोटचोला | a typical long light coat. |
| शेष | वि. | 1. बचा हुआ, बाकी, अवशिष्ट; | শেষ, বাকী, অৱশিষ্ট; | शेष, बाकी, अवशिष्ट; | remaining, rest, all the other; |
| | | 2. समाप्त, नष्ट; | অন্ত, সমাপ্ত; | अन्त, समाप्त; | terminated, destroyed; |
| | | 3. जिसका भुगतान न हुआ हो, बकाया; | ৰাহি; | राहि; | outstanding; |
| | | 4. जिसका उल्लेख, कथन आदि अभी होने को हो; | বাকী, বাদ পৰা; | बाकी, बाद परा; | left out or omitted to be said; |
| | | 5. आवश्यकता से अधिक, फालतू । | অতিৰিক্ত, অধিক | अतिरिक्त, अधिक | surplus. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | 1. अवशिष्ट अंश; | বাকী, অৱশিষ্ট অংশ; | बाकी, अवशिष्ट अंश; | remaining portion, rest, residue; |
| | | 2. बड़ी संख्या में से छोटी संख्या घटाने पर बची हुई संख्या; | শেষ, বাকী; | शेष, बाकी; | remainder; |
| | | 3. समाप्ति; | সমাপ্তি, শেষ; | समाप्ति, शेष; | end, termination, conclusion; |
| | | 4. अतिरिक्त पदार्थ, फालतू; | অতিৰিক্ত, আদিকা; | अतिरिक्त, आदिका; | surplus; |
| | | 5. अशोधित राशि, बकाया; | বাকী, অৱশেষ; | बाकी, अवशेष; | balance, outstanding amount; |
| | | 6. कथन का छोड़ा हुआ अंश। | বাকী থকা, বাদ পৰা অংশ | बाकी थका, बाद परा अंश | anything left out or omitted to be said. |
| शेषनाग | पुं. | सर्पराज शेष जो पुराणानुसार पृथ्वी को अपने सिर पर धारण करनेवाले माने गए हैं । | শেষ নাগ | शेष नाग | name of the celebrated, mythological thousand headed, serpent who bears the entire world on his heads. |
| शैक्षिक | वि. | शिक्षा संबंधी । | শৈক্ষিক, শিক্ষা সম্বন্ধীয় | शैक्षिक, शिक्षा सम्बन्धीय | academic, educational. |
| शैतान | पुं. | 1. दुष्ट देवयोनि, ईश्वर के सन्मार्ग का विरोध करनेवाली शक्ति; | চয়তান, অসত্ শক্তি; | चयतान, असत् शक्ति; | devil, Satan, an evil spirit, evil genius, mischief; |
| | | 2. अत्याचारी या दुष्ट व्यक्ति । | অত্যাচাৰী লোক | अत्याचारी लोक | tyrant and wicked person. |
| | वि. | 1. नटखट; | বদমাচ; | बदमाच; | naughty; |
| | | 2. दुष्ट । | দুষ্ট, ধূৰ্ত | दुष्ट, धूर्त | mischievous, guileful, wicked. |
| शैतानी | वि. | शैतान की तरह बहुत दुष्ट । | অতি অসত্ | अति असत् | devilish, diabolical; |
| | स्त्री. | दुष्टता, शरारत । | দুষ্টালি, ধূৰ্তালি | दुष्टालि, धूर्तालि | naughtiness, mischievousness, wickedness, mischief. |

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
( शिक्षा विभाग
भारत सरकार की ओर से भेंट

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शैल्य** | पुं. | शीतलता, ठंडक । | শীত, শীতলতা | शीत, शीतलता | coldness, cold. |
| **शैथिल्य** | पुं. | दे. शिथिलता । | শিথিলতা, ঢিলামি | शिथिलता, ढिलामि | see 'शिथिलता' । |
| **शैल** | पुं. | 1. पर्वत, पहाड़;<br>2. चट्टान, शिला । | পৰ্ব্বত, পাহাৰ;<br>শিল, পাথৰ | पर्ब्बत, पाहार;<br>शिल, पाथर | mountain, hill;<br>rock. |
| **शैलजा** | स्त्री. | पार्वती, दुर्गा । | পাৰ্ব্বতী | पार्ब्बती | epithet of Durga or Parvati. |
| **शैली** | स्त्री. | 1. ढंग, तरीका, पद्धति;<br>2. (साहित्य) रचना अथवा अभिव्यक्ति का विशिष्ट ढंग;<br>3. कोई चीज निर्मित या प्रस्तुत करने का कलापूर्ण ढंग । | শৈলী, পদ্ধতি, ৰীতি;<br>সাহিত্য ৰচনাৰ বিশিষ্ট ৰীতি বা পদ্ধতি;<br>বিশিষ্ট প্ৰণালী বা ৰীতি | शैली, पद्धति, रीति;<br>साहित्य रचनार बिशिष्ट रीति बा पद्धति;<br>बिशिष्ट प्रणाली बा रीति | way, manner, method;<br>(lit.) style, mode of expression, diction;<br>style (architectural etc.). |
| **शैव** | वि. | 1. शिवसंबंधी;<br>2. शैवमतानुयायी । | শৈৱ, শিৱ সম্বন্ধীয়;<br>শৈৱ মতাৱলম্বী | शैव, शिव सम्बन्धीय;<br>शैव मतावलम्बी | relating or belonging to the God Siva;<br>follower of the Siva sect or Saivism. |
| | पुं. | 1. शिव का उपासक या भक्त;<br>2. शिव के उपासकों का संप्रदाय । | শিৱৰ ভক্ত;<br>শৈৱ সম্প্ৰদায় | शिवर भक्त;<br>शैव सम्प्रदाय | worshipper or devotee of Siva;<br>name of one of the three principal Hindu sects, Saivism. |
| **शैवाल** | पुं. | सेवार । | শেলাই, শেলুৱৈ | शेलाइ, शेलुवै | alga. |
| **शैशव** | पुं. | 1. शिशु होने की अवस्था या भाव, बचपन, लड़कपन;<br>2. सोलह वर्ष से कम अवस्था । | শৈশৱ, শিশু অৱস্থা, বালকত্ব;<br>শৈশৱ, বাল্য কাল | शैशव, शिशु अवस्था, बालकत्व;<br>शैशव, बाल्य काल | infancy;<br>childhood (period below sixteen). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **शोक** | पुं. | **1. इष्ट वस्तु या आत्मीय जन के वियोग, नाश या मृत्यु के कारण होने-वाली मानसिक व्यथा, घोर दु:ख;** | শোক, দু:খ; | शोक, दु:ख; | mourning, lamentation, wailing; |
| | | **2. बहुत अधिक दु:ख, संताप;** | সন্তাপ, গভীৰ শোক; | सन्ताप, गभीर शोक; | sorrow, grief anguish; |
| | | 3. **संवेदना ।** | সমবেদনা | समबेदना | condolence. |
| **शोकसंताप** | पुं. | **शोक से होनेवाली मानसिक जलन, बहुत तीव्र मानसिक क्लेश या पीड़ा ।** | শোক-সন্তাপ | शोक-सन्ताप | grief, distress, woe, sorrow, deep anguish, compunction. |
| **शोकाकुल** | वि. | **शोक से व्याकुल ।** | শোকাকুল, শোকত অভিভূত | शोकाकुल, शोकत अभिभूत | overcome with sorrow, over-whelmed with grief, greatly distressed. |
| **शोख** | वि. | 1. **ढीठ, निर्भय;** | উদ্দণ্ড, উদ্ধত; | उद्दण्ड, उद्धत; | insolent, bold; |
| | | 2. **नटखट, चपल, विनोदी;** | উদ্ধত, চঞ্চল, ধেমেলীয়া; | उद्धत, चंचल, धेमेलीया; | playful, sportive, mischievous; |
| | | 3. चटकीला (रंग) । | উজ্জ্বল, চকচকীয়া | उज्ज्वल, चकचकीया | bright (as colour). |
| **शोखी** | स्त्री. | 1. **ढिठाई, निर्भयता;** | উদ্ধতালি, উদ্দণ্ডতা; | उद्धतालि, उद्दण्डता; | insolence, boldness; |
| | | 2. **चपलता, नटखटपन;** | চপলতা, দুষ্টালি; | चपलता, दुष्टालि; | playfulness, sportiveness, mischief; |
| | | 3. **(रंग का) चटकीलापन;** | উজ্জ্বলতা; | उज्ज्वलता; | brightness (as of colour); |
| | | 4. **नाजनखरा, नखरेबाजी ।** | লাহ-বিলাহ, লচপচনি, ছলাহি | लाह-बिलाह, लचपचनि, छलाहि | coquetry. |
| **शोच** | पुं. | 1. **चिंता, फिक्र;** | চিন্তা, ভাৱনা; | चिन्ता, भावना; | anxiety, concern; |
| | | 2. **दु:ख, रंज ।** | দু:খ, বেজাৰ | दु:ख, बेजार | sorrow, grief. |
| **शोचनीय** | वि. | 1. **जो चिंता या फिक्र का विषय हो, चिंतनीय;** | চিন্তনীয়; | चिन्तनीय; | causing concern or anxiety; |
| | | 2. **जिसे देखकर दु:ख या रंज हो ।** | দুখলগা, শোক লগা, শোচনীয় | दुखलगा, शोक लगा, शोचनीय | lamentable, deplorable, pitiable. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शोणित | पुं. | रक्त, खून । | তেজ, শোণিত | तेज, शोणित | blood. |
| | वि. | लाल । | ৰঙা, লাল | रङा, लाल | red. |
| शोथ | पुं. | 1. सूजन; | উখহনি, উখহা, ফিকনি; | उखहनि, उखहा, फिकनि; | swelling; |
| | | 2. शरीर के किसी अंग में सूजन होने का रोग । | জলন্ধৰ, শোথ ৰোগ | जलन्धर, शोथ रोग | dropsy. |
| शोध | पुं. | 1. खोज, अनुसंधान; | বিচাৰ, গবেষণা; | बिचार, गबेषणा; | research; |
| | | 2. (ऋण) चुकाना, अदा करना; | পৰিশোধ, আদায়; | परिशोध, आदाय; | acquittance, paying off (as of debts); |
| | | 3. शुद्ध या साफ करना, सफ़ाई; | শোধন, পৰিষ্কাৰ কৰণ; | शोधन, परिष्कार करण; | purification, cleansing; |
| | | 4. कमी, त्रुटि, आदि ठीक या दुरुस्त करना । | শুধৰণি | शुधरणि | correction, rectification. |
| शोधक | वि., पुं. | 1. शुद्ध या साफ करनेवाला; | শুদ্ধ কৰোঁতা, চাফা কৰোঁতা; | शुद्ध करोंता, चाफा करोंता; | purificatory, purifying, cleansing, purgative, purifier; |
| | | 2. त्रुटि शुद्ध करनेवाला; | শুধৰাওঁতা; | शुधराओंता; | corrective, rectifier, corrector; |
| | | 3. (ऋण) चुकानेवाला; | পৰিশোধ কৰোঁতা; | परिशोध करोंता; | paying off a debt; |
| | | 4. अन्वेषण करनेवाला, खोजी । | বিচাৰ অন্বেষণ বা গবেষণা কৰোঁতা | बिचार अन्बेषण बा गबेषणा करोंता | researcher. |
| शोधन | पुं. | 1. शुद्ध या साफ करने की क्रिया या भाव, निर्दोषीकरण, शुद्धिकरण; | শোধন, শুদ্ধিকৰণ; | शोधन, शुद्धिकरण; | purifying, cleansing, refining; |
| | | 2. संशोधन, सही करना; | সংশোধন; | संशोधन; | correction, rectification, clearing away errors; |
| | | 3. (ऋण) चुकाना, अदा करना । | পৰিশোধ, আদায় | परिशोध, आदाय | payment, discharge, acquittance (of debt). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शोधना | स. क्रि. | 1. किसी शुभ कार्य के लिए विहित-अविहित मास, तिथि आदि का विचार करना; | তিথি বাৰ চা, শুভ দিন বাৰ চা; | तिथि बार चा, शुभ दिन बार चा; | to work out an auspicious moment for marriage etc. by astrological calculations; |
| | | 2. शुद्ध करना; | বিশুদ্ধ কৰ, চাফা কৰ; | विशुद्ध कर, चाफा कर; | to cleanse, to purify; |
| | | 3. दुरुस्त करना । | শুধৰা, শুদ্ধ কৰ | शुधरा, शद्ध कर | to correct. |
| शोध प्रबंध | पुं. | ऐसा प्रबंध-लेख जिसमें किसी विषय के सब अंगों की अच्छी तरह जांच-पड़ताल करके उसके संबंध में कोई मत या विचार स्थिर किया गया हो । | গবেষণামূলক ৰচনা, গবেষণা-গ্ৰন্থ | गबेषणामूलक रचना, गबेषणा-ग्रन्थ | thesis, research work. |
| शोधित | वि. | 1. जिसका शोधन हुआ हो, शुद्ध या साफ किया हुआ; | শোধিত, পৰিশোধিত, পৰিষ্কাৰ কৰা; | शोधित, परिशोधित, परिष्कार करा; | purified, cleansed refined; |
| | | 2. संशोधित; | সংশোধিত, শুধৰোৱা; | संशोधित, शुधरोवा; | corrected, rectified; |
| | | 3. जिसके संबंध में शोध या अन्वेषण हुआ हो; | গবেষণা বা অনুসন্ধান কৰা; | गबेषणा बा अनुसन्धान करा; | researched, discovered; |
| | | 4. परिशोधित, चुकाया हुआ (ऋण) । | পৰিশোধ কৰা, আদায় দিয়া | परिशोध करा, आदाय दिया | acquitted, paid off, discharged, liquidated (as a debt). |
| शोभन | वि. | 1. शोभायुक्त, सुंदर; | শোভন, সুন্দৰ, মনোহৰ; | शोभन, सुन्दर, मनोहर; | handsome, beautiful, lovely, graceful; |
| | | 2. शोभावर्धक; | শোভাবৰ্দ্ধক, শুৱনী; | शोभाबर्द्धक, शुवनी; | adorning, beautifying; |
| | | 3. उचित; | উপযুক্ত, যথোচিত; | उपजुक्त, जथोचित; | befitting, becoming, proper; |
| | | 4. मंगलकारक, शुभ । | মংগলকাৰক, শুভ | मंगलकारक, शुभ | good, auspicious, fortunate. |
| शोभनीय | वि. | 1. उचित; | শোভনীয়, উচিত; | शोभनीय, उचित; | befitting, becoming, proper, suitable; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुंदर । | মনোহৰ, সুন্দৰ | मनोहर, सुन्दर | handsome, lovely, graceful. |
| शोभा | स्त्री. | 1. (शारीरिक या प्राकृतिक) सौंदर्य, छवि, लावण्य; | শোভা, সৌন্দর্য্য, লাৱণ্য; | शोभा, सौन्दर्ज्य, लावण्य; | natural beauty, grace, elegance; |
| | | 2. कांति, चमक; | কান্তি, জেউতি; | कान्ति, जेउति; | lustre, brilliance, radiance; |
| | | 3. सौन्दर्यवर्धक तत्व । | শোভাবৰ্দ্ধক তত্ত্ব | शोभावर्द्धक तत्त्व | beautifying element, embellishment. |
| शोभायमान | वि. | 1. जो देखने में सुंदर लगता हो; | চকুত লগা, উজ্জ্বল, মনোহৰ; | चकुत लगा, उज्ज्वल, मनोहर; | looking beautiful, graceful, lustrous etc.; |
| | | 2. शोभा देता हुआ, शोभा बढ़ाता हुआ; | শোভাবৰ্দ্ধক, জেউতি চৰোৱা; | शोभावर्द्धक, जेउति चरोवा; | adding to the beauty of, gracing (the occasion or place) by one's presence; |
| | | 3. विराजमान । | বিৰাজমান | बिराजमान | graciously seated. |
| शोभित | वि. | 1. शोभायुक्त, सुंदर; | শোভিত, শোভা-যুক্ত, সুন্দৰ; | शोभित, शोभा-जुक्त, सुन्दर; | beautiful,lovely, graceful; |
| | | 2. सजा हुआ, सज्जित; | সজ্জিত; | सज्जित; | adorned, graced, decorated, embellished; |
| | | 3. विराजमान । | বিৰাজমান, জেউতি চৰোৱা | बिराजमान, जेउति चरोवा | graciously seated, gracing (an occasion or place) by one's presence. |
| शोर | पुं. | 1. ऊंची, तीखी और कर्णकटु आवाज, हल्ला, कोलाहल; | চিঞৰবাখৰ, কোলাহল; | चिञरबाखर, कोलाहल; | cry, noise, outcry, exclamation, din, tumult; |
| | | 2. (ला.) किसी चीज की सहसा होनेवाली व्यापक चर्चा, धूम । | হুলস্থুল, ধুম | हुलस्थुल, धुम | (fig.) burning topic. |
| शोरबा (शोरवा) | पुं. | पकाए हुए तरकारी, दाल, मांस आदि का जूस, रसा । | চুৰুহা, জোল | चुरुहा, जोल | soup, broth. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| शोरा | पुं. | सफेद रंग का एक प्रकार का क्षार जो मिट्टी से निकलता है । | যক্ষাৰ, যখাৰ | जक्षार, जखार | soda nitre, sodium-nitrate. |
| शोला | पुं. | आग की लपट, ज्वाला । | জুইৰ শিখা, আঙনি | जुइर शिखा, आङनि | flame of fire. |
| शोशा | पुं. | 1. किसी बात में निकाली हुई ऐसी अनोखी या नई बात जो उसे किसी दूसरी ओर प्रवृत्त कर सकती हो या उसमें कोई त्रुटि दिखलाती हो; | বিৰূপ কথা; | बिरूप कथा; | queer thing; |
| | | 2. कोई व्यंग्यपूर्ण या झगड़ा खड़ा करनेवाली बात; | ব্যংগোক্তি, বিদ্রুপ; | व्यंगोक्ति, बिद्रुप; | lampoonery; |
| | | 3. आगे निकली हुई नोक । | ওলাই থকা জোঙা মূৰ | ओलाइ थका जोङा मूर | projecting point. |
| शोषक | वि. | 1. सोखनेवाला, नमी आदि चूसनेवाला; | শোষক, শাহোঁতা; | शोषक, शाहोंता; | drying up, sucking up; |
| | | 2. अपने स्वार्थ के लिए नष्ट करनेवाला । | শোষক, শোষণকাৰী | शोषक, शोषणकारी | absorbing, absorbent. |
| | पुं. | 1. दूसरों का धन हरण करनेवाला तथा उनका पूर्ण और वास्तविक देय भाग न देनेवाला व्यक्ति या व्यक्तिसमूह, शोषण करनेवाला; | শোষক, শোষণকাৰী লোক; | शोषक, शोषणकारी लोक; | exploiter, one who exploits; |
| | | 2. सोखने या चूसनेवाला पदार्थ आदि, अवशोषक, अवशोषी । | শোহা বা শুহি লোৱা বস্তু | शोहा बा शुहि लोवा बस्तु | absorber, that which absorbs. |
| शोषण | पुं. | 1. सोखना या सुखाना, चूसना; | শোহন; | शोहन; | drying up, sucking up, suction, absorption, soaking, desiccation; |
| | | 2. परोक्ष उपायों से किसी की कमाई या धन धीरे-धीरे अपने हाथ में करना, | শোষণ | शोषण | exploitation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | किसी के श्रम या व्यापार आदि से अनुचित लाभ उठाना । | | | |
| शोषित | वि. | 1. सोखा, सूखा या सुखाया हुआ; | শুকুৱা, শুহি লোৱা, শোহা; | शुकुवा, शुहि लोवा, शोहा; | dried up, sucked up, absorbed, desiccated; |
| | | 2. (व्यक्ति या वर्ग) जिसका देय भाग उसे पूरा-पूरा न मिलता हो और इस प्रकार जिसकी दुर्बलता या असहाय अवस्था का दूसरे फायदा उठाते हों । | শোষিত, শোষণ কৰা | शोषित, शोषण करा | exploited. |
| शौक | पुं. | 1. प्रबल इच्छा, चाह, लालसा; | প্ৰবল ইচ্ছা, লালসা; | प्रबल इच्छा, लालसा; | desire, yearning, fondness, deep longing; |
| | | 2. प्रवृत्ति, रुचि; | প্ৰবৃত্তি, চখ, ৰুচি; | प्रबृत्ति, चख, रुचि; | inclination, predilection, liking, interest, fancy; |
| | | 3. चसका, व्यसन; | নিচা, ৰতি; | निचा, रति; | addiction, compelling habituation; |
| | | 4. शौक का काम । | ৰাপ লগা কাম, বিলাস, চখ | राप लगा काम, बिलास चख | hobby. |
| शौकिया | वि. | शौक से भरा हुआ, केवल शौक के लिए कोई काम करनेवाला । | বিলাসী, চৌখিন, চখ কৰোঁতা | बिलासी, चौखिन, चख करोंता | amateur. |
| | क्रि. वि. | 1. शौक से, शौक के कारण, चाव से, दिलबहलाव के लिए; | চখতে; | चखते; | as a hobby, fondly; |
| | | 2. सामान्य प्रचलन के अनुसार । | চখ হিচাবে | चख हिचाबे | fashionably. |
| शौकीन | वि. | 1. जिसे किसी काम, चीज या बात का बहुत शौक हो; | চৌখিন, চখ থকা; | चौखिन, चख थका; | fond of fine things, desirous, longing deeply; |
| | | 2. जो सदा सजा-सँवरा या बना-ठना रहता हो, छैला; | সাজি-কাছি বা ধুন-পেচ মাৰি থকা; | साजि-काछि बा धुन-पेच मारि थका; | foppish, dandy; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों का प्रेमी, फैशनप्रिय । | লাহতী, ধুন-পেচ মাল পোৱা | लाहती, धुन-पेच माल पोवा | fashionable. |
| शौकीनी | स्त्री. | 1. शौकीन होने की अवस्था या भाव, चाह, लालसा; | লালসা, হেঁপাহ, চৌখিন হোৱা অৱস্থা বা ভাৱ; | लालसा, हेंपाह, चौखिन होवा अवस्था बा भाव; | fondness; |
| | | 2. सदा बने-ठने रहने की इच्छा, छैलापन; | ধুন-পেচ মাৰি থকাৰ হেঁপাহ; | धुन-पेच मारि थकार हेंपाह; | foppishness, dandyism; |
| | | 3. सुंदर और नए-नए वस्त्रों की चाह, फैशनप्रियता । | ধুন-পেচ, বিলাসিতা, চখ | धुन-पेच, बिलासित, चख | fashionableness. |
| शौच | पुं. | 1. शुद्धि, पवित्रता, शुचिता; | শুদ্ধি, পবিত্ৰতা, শুচিতা; | शुद्धि, पवित्रता, शुचिता; | purity, cleanness, purification; |
| | | 2. पाखाने जाना, मलत्याग द्वारा शरीर शुद्धि; | শৌচ, শৌচ কৰা, মলত্যাগ; | शौच, शौच करा, मलत्याग; | voiding of excrement, evacuation of bowels; |
| | | 3. मलत्याग के बाद किया जानेवाला गुदा का प्रक्षालन; | পোকৰ ধোৱা কাৰ্য্য; | पोकर धोवा कार्ज्य; | ablution of the anus after evacuation; |
| | | 4. किसी निकट संबंधी की मृत्यु होने पर लोक व्यवहार के अनुसार निश्चित समय तक क्षौर कर्म आदि कराकर शुद्ध होना । | মৃত্যুৰ পিচৰ শুদ্ধি | मृत्युर पिचर शुद्धि | purification from defilement caused particularly by the death of a relative. |
| शौचालय | पुं. | घरों आदि में वह स्थान जहां लोग मलत्याग करने के लिए जाते हैं और वहां हाथ-मुंह धोने के लिए जल की व्यवस्था रहती है, पाखाना, संडास, शौचघर । | শৌচাগাৰ, পায়খানা | शौचागार, पायखाना | latrine, lavatory. |
| शौर्य | पुं. | शूरता, वीरता, पराक्रम, वीरतापूर्ण कृत्य। | শৌৰ্য্য, বীৰ্য্য, পৰাক্ৰম | शौर्ज्य, वीर्ज्य, पराक्रम | heroism, valour, bravery, prowess. |
| श्मशान | पुं. | 1. शव जलाने का स्थान, मसान, मरघट; | শ্মশান, মৰিশালৈ; | श्मशान, मरिशालै; | a place where corpses are burnt, burning ground, cremation ground; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कब्रिस्तान; | কবৰখানা; | कबरखाना; | cemetery, grave yard; |
| | | 3. बिलकुल उजड़ा हुआ स्थान (ला.) । | চন পৰা, নির্জন ঠাই | चन परा, निर्जन ठाइ | a deserted place (fig.). |
| श्मश्रु | पुं. | दाढ़ी और मूंछें । | গোঁফ, ডাড়ি | गोंफ, डाढ़ि | the beard and moustache. |
| श्याम | वि. | 1. काला और नीला मिला हुआ (रंग); | শাওঁ বৰণীয়া, শ্যাম বৰণীয়া; | शाँओ बरणीया, श्याम बरणीया; | dark blue; |
| | | 2. हलका काला, सांवला; | ধোঁৱা বৰণীয়া; | धोंवा बरणीया; | slightly dark complexioned; |
| | | 3. काला, कृष्ण । | ক'লা | क'ला | dark coloured, black. |
| | पुं. | श्रीकृष्ण का एक नाम जो उनके शरीर के श्याम वर्ण होने के कारण पड़ा था । | শ্রীকৃষ্ণৰ এটা নাম | श्रीकृष्णर एटा नाम | name of Lord Krishna. |
| श्यामल | वि. | श्यामवर्णवाला, काला, सांवला । | শ্যামল, শ্যাম বৰণীয়া | श्यामल, श्याम बरणीया | black, dark-blue, blackish, dark complexioned. |
| श्रद्धांजलि | स्त्री. | किसी पूज्य या बड़े व्यक्ति के संबंध में श्रद्धा और आदरपूर्वक कही जानेवाली बातें । | শ্রদ্ধাঞ্জলি, শ্রদ্ধাজ্ঞাপন | श्रद्धान्जलि, श्रद्धाज्ञापन | tribute, homage. |
| श्रद्धा | स्त्री. | 1. आदरपूर्ण भावना, पूज्यभाव; | শ্রদ্ধা, সন্মানৰ ভাৱ; | श्रद्धा, सन्मानर भाव; | respect, reverence, veneration; |
| | | 2. आस्था, विश्वास; | আস্থা, বিশ্বাস, শ্রদ্ধা; | आस्था, बिश्वास, श्रद्धा; | trust, faith, belief, confidence; |
| | | 3. किसी काम या बात की प्रबल इच्छा । | প্রবল ইচ্ছা | प्रबल इच्छा | strong or vehement desire. |
| श्रद्धालु | वि. | 1. श्रद्धायुक्त, आदरपूर्ण भावना से युक्त, श्रद्धावान्; | শ্রদ্ধাবান, শ্রদ্ধাযুক্ত; | श्रद्धाबान, श्रद्धाजुक्त; | having veneration or reverence, respectful; |
| | | 2. श्रद्धा अर्थात विश्वास से युक्त, आस्थावान् । | আস্থাবান | आस्थाबान | having faith, faithful, believing, disposed to trust, trustful. |

| हिंदी शब्द | व्या. कों. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्रद्धेय** | वि. | 1. श्रद्धाभाजन, पूजनीय, आदरणीय; | শ্ৰদ্ধেয়, পূজনীয়, শ্ৰদ্ধাৰ পাত্ৰ; | श्रद्धेय, पूजनीय, श्रद्धार पात्र; | venerable, reverend; |
| | | 2. विश्वसनीय । | আস্থাভাজন, বিশ্বাসভাজন | आस्थाभाजन, बिश्वासभाजन | trustworthy. |
| **श्रम** | पुं. | 1. शरीर या मन को थकाने या शिथिल करनेवाला काम, परिश्रम, मेहनत; | শ্ৰম, পৰিশ্ৰম, খাটনি; | श्रम, परिश्रम, खाटनि; | labour; exertion; |
| | | 2. मशक्कत, कठोर मेहनत; | টন, কাম, পৰিশ্ৰম; | टन, काम, परिश्रम; | toil, hard labour; |
| | | 3. क्लांति, थकावट; | ভাগৰ, ক্লান্তি; | भागर, क्लान्ति; | weariness, fatigue, exhaustion; |
| | | 4. प्रयत्न, प्रयास । | যত্ন, প্ৰয়াস, উদ্যোগ | जत्न, प्रयास, उद्योग | effort. |
| **श्रमजीवी** | वि. | शारीरिक तथा बौद्धिक परिश्रम कर जीविका चलाने-वाला । | শ্ৰমজীৱী | श्रमजीवी | working. |
| | पुं. | मेहनतकश, मजदूर । | বনুৱা, মজদুৰ | बनुवा, मजदुर | labourer, one who lives by one's sweat. |
| **श्रमण** | पुं. | बौद्ध संन्यासी, बौद्ध भिक्षु । | শ্ৰমন, বৌদ্ধ ভিক্ষু | श्रमण, बौद्ध भिक्षु | a Buddhist ascetic, a Buddhist monk or mendicant. |
| **श्रमदान** | पुं. | किसी सामूहिक हित के लिए स्वेच्छा से निःशुल्क श्रम करना । | শ্ৰমদান | श्रमदान | voluntary contribution of labour for a public cause. |
| **श्रमिक** | पुं. | शारीरिक श्रम द्वारा जीविका चलानेवाला, मजदूर । | শ্ৰমিক, বনুৱা, মজদুৰ | श्रमिक, बनुवा, मजदुर | a labourer, labour. |
| **श्रवण** | पुं. | 1. सुनने की क्रिया या भाव, सुनना; | শ্ৰৱণ, শুনা কাৰ্য; | श्रवण, शुना कार्ज्य; | the act of hearing, audition; |
| | | 2. सुनने की इंद्रिय, कान; | কাণ; | काण; | the ear, organ of hearing; |
| | | 3. ज्योतिष में सत्ताईस नक्षत्रों में से बाईसवां नक्षत्र जिसमें तीन तारे होते हैं । | শ্ৰৱণা নক্ষত্ৰ | श्रवणा नक्षत्र | name of a lunar unison containing three stars. |
| **श्रवणेंद्रिय** | स्त्री. | सुनने की इंद्रिय, कान, कर्ण । | শ্ৰৱণেন্দ্ৰিয়, কাণ | श्रवणेन्द्रिय, काण | the organ of hearing, the ear. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्रव्य | वि. | जो सुना जा सके या सुनाई देता हो; | শুনিব পৰা | शुनिब परा | perceptible to the ear, audible, which can be heard. |
| श्रव्यकाव्य | पुं. | भारतीय काव्यशास्त्र की दृष्टि से काव्य का वह प्रकार जिसका रंगमंच पर अभिनय नहीं होता प्रत्युत जो सुना और पढ़ा जाता है । | শ্ৰব্য কাব্য, পঢ়া আৰু শুনা কাব্য | श्रव्य काव्य, पढ़ा आरु शुना काव्य | one of the two main divisions of literature in Indian poetic literature that can be read and heard and is not meant for presentation on the stage. |
| श्रांत | वि. | श्रांतियुक्त, थका हुआ । | শ্ৰান্ত, ক্লান্ত, ভাগৰুৱা | श्रान्त, क्लान्त, भागरुवा | wearied, tired, fatigued, exhausted. |
| श्रांति | स्त्री. | थकान । | ভাগৰ, ক্লান্তি | भागर, क्लान्ति | fatigue, weariness, exhaustion. |
| श्राद्ध | पुं. | 1. सनातनी हिन्दुओं में पितरों या मृत व्यक्तियों को प्रसन्न करने के उद्देश्य से किए जानेवाले पिंडदान, ब्राह्मण भोजन आदि कृत्य जो उनके प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए किए जाते हैं; | শ্ৰাদ্ধ, শৰাধ; | श्राद्ध, शराध; | a funeral rite or ceremony performed in honour of the departed spirits of dead relatives as obsequial oblation, a gift or offering at a sraddha; |
| | | 2. आश्विन मास का कृष्णपक्ष, जिसमें विशिष्ट रूप से उक्त प्रकार के कृत्य करने का विधान है, पितृपक्ष । | পিতৃপক্ষ, আহিনৰ কৃষ্ণপক্ষৰ সময় ছোৱা | पितृपक्ष, आहिनर कृष्णपक्षर समय छोवा | the dark fortnight of the month of Ashvin when oblations are offered to the manes for their spiritual gratification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्राप (शाप) | पु. | दे. 'शाप'। | শাও, অভিশাপ | शाओ, अभिशाप | same as 'शाप'. |
| श्रावक | पु. | 1. बौद्ध सन्यासी; | বৌদ্ধ ভিক্ষু বা সন্যাসী; | बौद्ध भिक्षु बा सन्न्यासी; | a Buddhist ascetic or votary; |
| | | 2. जैन सन्यासी; | জৈন সন্যাসী; | जैन सन्न्यासी; | a Jain ascetic; |
| | | 3. जैन मतानुयायी; | জৈন মতাবলম্বী; | जैन मताबलम्बी; | a follower of Jainism; |
| | | 4. शिष्य, छात्र । | শিষ্য, ছাত্র | शिष्य, छात्र | a pupil, disciple. |
| श्रावण | पुं. | चांद्रगणना के अनुसार वह महीना जिसकी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र होता है तथा जो आषाढ़ और भादों के बीच पड़ता है, सावन । | শাওণ মাহ | शाओण माह | name of a lunar month corres-ponding to July and August. |
| | वि. | 1. श्रवण या कान से संबंधित: | কাণৰ; | काणर; | relating to the ear; |
| | | 2. श्रवणनक्षत्र से संबंधित, श्रवणनक्षत्र का; | শ্ৰৱণানক্ষত্ৰ সম্বন্ধীয়; | श्रवणानक्षत्र सम्बन्धीय; | of or belonging to the asterism Sravana; |
| | | 3. श्रवणनक्षत्र में उत्पन्न । | শ্ৰৱণানক্ষত্ৰত ওপজা, শাওণা | श्रवणानक्षत्रत ओपजा, शाओणा | born under the asterism Sravana; |
| श्रावणी | स्त्री. | 1. श्रावणमास की पूर्णिमा; | শাওণ মাহৰ পূৰ্ণিমা; | शाओण माहर पूर्णिमा; | the day of full moon in Sravana; |
| | | 2. उक्त पूर्णिमा को होनेवाला त्योहार । | শাওণৰ পূৰ্ণিমা তিথিত পতা উত্সৱ, ৰক্ষা বন্ধন উত্সৱ | शाओणर पूर्णिमा तिथित पता उत्सव, रक्षा बन्धन उत्सव | name of the annual ceremony performed on this day when the sacred thread is put on anew. |
| श्री | स्त्री. | 1. विष्णु की पत्नी, लक्ष्मी; | বিষ্ণুৰ পত্নী, লক্ষ্মী; | बिष्णुर पत्नी, लक्ष्मी; | the goddess of wealth, Lakshmi, the wife of Vishnu; |
| | | 2. धनदौलत, संपत्ति; | ধন-দৌলত, সা-সম্পত্তি; | धन-दौलत, सा-सम्पत्ति; | wealth, riches, affluence, prosperity, plenty; |
| | | 3. ऐश्वर्य, वैभव; | ঐশ্বৰ্য্য বিভূতি; | ऐश्वर्ज्य बिभूति; | grandeur, glory, magnificence; |
| | | 4. शोभा, सौंदर्य; | সৌন্দৰ্য্য; | सौन्दर्ज्य; | beauty, grace; |
| | | 5. यश, कीर्ति । | যশ, কীৰ্ত্তি, খ্যাতি | जश, कीर्त्ति, ख्याति | fame, renown; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | एक प्रकार का आदरसूचक विशेषण जो पुरुषों के नाम के पहले लगाया जाता है । | পুৰুষৰ নামৰ আগত লিখা 'শ্ৰী' | पुरुषर नामर आगत लिखा 'श्री' | an honorific term prefixed to the names of men, mister, Mr., Sir. |
| श्रीखंड | पुं. | 1. चंदन;<br>2. एक प्रकार का मीठा पकवान । | চন্দন কাঠ;<br>শ্ৰীখন্ড, এবিধ মিঠা খোৱা বস্তু | चन्दन काठ;<br>श्रीखण्ड, एबिध मिठा खोवा बस्तु | sandal wood;<br>a kind of sweet dish. |
| श्रीमती | स्त्री.<br>वि. | पत्नी ।<br>प्राय: विवाहिता स्त्रियों के नाम के पूर्व जोड़ा जानेवाला आदरसूचक विशेषण । | পত্নী, পৰিবাৰ<br>'শ্ৰীমতী' | पत्नी, पविबार<br>'श्रीमती' | wife.<br>an honorific term prefixed to the name (particularly) of a married woman, Mrs., Madam. |
| श्रीमान् | वि. | 1. पुरुषों के नाम के पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण;<br>2. धनसंपन्न । | 'শ্ৰীমান';<br>ধনবান, আঢ্যবন্ত | 'श्रीमान';<br>धनबान, आढ्यबन्त | an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr.,Sir;<br>wealthy, rich, opulent. |
| श्रीयुत् | वि. | 1. पुरुषों के नाम से पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण;<br>2. लक्ष्मीवान्, धनसंपन्न । | 'শ্ৰীযুত';<br>আঢ্যৱন্ত, ঐশ্বৰ্য্যবান | 'श्रीजुत';<br>आढ्यवन्त, ऐश्वर्य्यबान | an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr., Sir.<br>wealthy, prosperous. |
| श्रुत | वि. | 1. सुना हुआ;<br>2. ज्ञात;<br>3. प्रसिद्ध । | শ্ৰুত, শুনা;<br>জনা, জ্ঞাত;<br>প্ৰসিদ্ধ, বিখ্যাত | श्रुत, शुना;<br>जना, ज्ञात;<br>प्रसिद्ध, बिख्यात | heard, listened;<br>learnt, ascertained, understood;<br>well known, famous, celebrated, renowned. |
| श्रुति | स्त्री. | 1. सुनने की क्रिया या भाव, श्रवण करना, सुनना; | শ্ৰুতি, শুনা কাৰ্য্য বা ভাব; | श्रुति, शुना कार्ज्य बा भाव; | hearing, the act of hearing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कान, कर्णेंद्रिय; | কাণ; | काण; | the ear, the organ of hearing; |
| | | 3. वेद में वह विशिष्ट प्रकार की ध्वनि जो किसी स्वर का उच्चारण करने में आंशिक रूप से सहायक होती है; | শ্ৰুতি, বেদ; | श्रुति, बेद; | the Veda (known by revelation); |
| | | 4. अफवाह, किंवदन्ती, जनश्रुति । | জনশ্ৰুতি, কিম্বদন্তী, জনপ্ৰবাদ | जनश्रुति, किम्बदन्ती, जनप्रबाद | rumour, hearsay, current but unverified statement. |
| श्रुतिलेख | पुं. | वह लेख जो किसी के द्वारा बोले हुए वाक्यों को सुनकर लिखा जाए, श्रुतलेख । | শ্ৰুতলিপি | श्रुतलिपि | a dictation. |
| श्रेणी | स्त्री. | 1. कतार, पंक्ति; | শাৰী, লানি; | शारी, लानि; | line, row, queue; |
| | | 2. क्रम, सिलसिला, शृंखला; | ক্ৰম, শৃংখলা; | क्रम, शृंखला; | order, sequence; |
| | | 3. एक ही तरह की ऐसी चीजों या बातों का वर्ग जो कुछ दूर तक एक ही रूप में चलता रहे; | শ্ৰেণী, মালা; | श्रेणी, माला; | series, succession, range; |
| | | 4. कार्य, योग्यता, आदि के विचार से पदार्थों, व्यक्तियों आदि का वर्ग, विभाग, दरजा; | ভাগ, বিভাগ, শ্ৰেণী; | भाग, बिभाग, श्रेणी; | category, class, grade, rank; |
| | | 5. ज़ीना, सीढ़ी; | জখলা, সোপান, খটখটী; | जखला, सोपान, खटखटी; | ladder, stair; |
| | | 6. दल, समूह । | দল, সমূহ | दल, समूह | group, flock. |
| श्रेणीबद्ध | वि. | 1. पंक्ति के रूप में बंधा हुआ, पंक्तिबद्ध; | শাৰী পতা, শ্ৰেণীবন্ধ; | शारी, पता, श्रेणीबद्ध; | forming a row, being in line; |
| | | 2. क्रमबद्ध, शृंखलाबद्ध; | শৃংখলাবন্ধ, ক্ৰম লগা; | शृंखलाबद्ध, क्रम लगा; | orderly, ordered, being in sequence; |
| | | 3. दलबद्ध; | দলবন্ধ; | दलबद्ध; | grouped; |
| | | 4. वर्गीकृत । | বৰ্গীকৃত, শ্ৰেণী-বিভাগ কৰা | बर्गीकृत, श्रेणी-बिभाग करा | classified, graded. |
| श्रेय | पुं. | 1. अच्छाई, उत्तमता; | ভাল, উত্তমতা; | भाल, उत्तमता; | goodness, merit, worth; |
| | | 2. मंगल, कल्याण; | মংগল, কল্যাণ; | मंगल, कल्याण; | welfare, good, good fortune, well being; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. यश; | যশ, কীর্ত্তি; | जश, कीर्त्ति; | fame, renown; |
| | | 4. ऐसा धार्मिक कृत्य जो मोक्ष की प्राप्ति में सहायक हो । | মোক্ষৰ সহায়ক ধৰ্ম্মীয় কৃত্য বা কৰ্ম্ম | मोक्षर सहायक धर्म्मीय कृत्य बा कर्म्म | righteous deeds, moral, religious merit leading to salvation. |
| श्रेयस्कर | वि. | 1. मंगलकारी, कल्याणकर, शुभ; | শুভ, মংগলকাৰী, কল্যাণকাৰী; | शुभ, मंगलकारी, कल्याणकारी; | promoting happiness, favourable, propitious, auspicious; |
| | | 2. यशस्कर; | যশস্কৰ, কীৰ্তিবৰ্ধক; | जशस्कर, कीर्त्तिबर्द्धक; | bringing fame or renown; |
| | | 3. वांछनीय । | শ্ৰেয়স্কৰ, বাঞ্ছনীয়, প্ৰাৰ্থনীয় | श्रेयस्कर, बांछनीय, प्रार्थनीय | desirable. |
| श्रेष्ठ | वि. | 1. गुण, मान आदि के विचार से बढ़कर, उत्तम, उत्कृष्ट; | শ্ৰেষ্ঠ, উত্তম, উত্কৃষ্ট; | श्रेष्ठ, उत्तम, उत्कृष्ट; | best, most excellent, excellent pre-eminent, superior, |
| | | 2. उच्च मानवीय गुणों से सम्पन्न (व्यक्ति) । | অতি গুণবন্ত, মহান (লোক) | अति गुणबन्त, महान (लोक) | great, large-hearted, noble. |
| श्रेष्ठता | स्त्री. | श्रेष्ठ या उत्तम होने की अवस्था या भाव, उत्तमता, अच्छाई । | শ্ৰেষ্ঠত্ব, উত্কৃষ্টতা | श्रेष्ठत्व, उत्कृष्टता | betterness, superiority, eminence, excellence. |
| श्रेष्ठी | पु. | 1. सेठ; | ব্যৱসায়ী, সদাগৰ, মহাজন; | ब्यवसायी, सदागर, महाजन; | a wealthy merchant; |
| | | 2. अत्यन्त धनी व्यक्ति; | অতি ধনী বা আঢ্যৱন্ত লোক; | अति धनी बा आढ्यवन्त लोक; | a moneyed man, a very rich person; |
| | | 3. व्यापारियों या बनियों का प्रधान । | প্ৰধান বণিক | प्रधान बणिक | the head or chief of a mercantile guild, chief of the merchants. |
| श्रोता | पु. | 1. सुननेवाला; | শ্ৰোতা, শুনোঁতা; | श्रोता, शुनोंता; | a hearer, listener; |
| | | 2. किसी सभा, नाटक-प्रदर्शन आदि के दर्शक, सुनने-वाले या पाठक (बहुवचन में) । | দৰ্শকমণ্ডলী, শ্ৰোতাসকল | दर्शकमण्डली, श्रोतासकल | audience (in plural). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **श्लाघनीय** | वि. | प्रशंसनीय । | প্ৰশংসনীয়, প্ৰশংসাৰ যোগ্য | प्रशंसनीय, प्रशंसार जोग्य | admirable, praise-worthy, laudable, commendable. |
| **श्लाघा** | स्त्री. | 1. प्रशंसा; | প্ৰশংসা, শ্লাঘা; | प्रशंसा, श्लाघा; | praise, admiration, commendation; |
| | | 2. चापलूसी । | তোষামোদ | तोषामोद | flattery. |
| **श्लिष्ट** | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ; | লগা, লাগি থকা; | लगा, लागि थका; | embraced, clasped, joined together, clung, adhered to; |
| | | 2. सम्मिलित, संयुक्त, संश्लिष्ट; | মিলিত, যুক্ত, সংশ্লিষ্ট; | मिलित, जुक्त, संश्लिष्ट; | synthetic, synthesized, mixed; |
| | | 3. श्लेषयुक्त, दो अर्थों वाला । | দ্ব্যৰ্থক, দুটা অৰ্থ বুজোৱা | द्वयर्थक, दुटा अर्थ बुजोवा | involving a pun, susceptible of a double interpretation, equivocal. |
| **श्लील** | वि. | 1. जो अश्लील अर्थात भद्दा न हो; | শ্লীল, শিষ্ট, সত্; | श्लील, शिष्ट, सत्; | which is not obscene; |
| | | 2. जो शिष्ट समाज में दिखाए या पढ़े जाने योग्य हो, समयोचित, अग्राम्य । | সভ্য, ভদ্ৰ-জনোচিত | सभ्य, भद्र-जनोचित | not vulgar, decent. |
| **श्लेष** | पुं. | 1. काव्य में एक अलंकार जिसमें एक शब्द के कई अर्थों द्वारा काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है या किया जाता है; | শ্লেষ, কাব্যৰ অলঙ্কাৰ বিশেষ; | श्लेष,काब्यर अलङ्कार बिशेष; | pun, paronomasia, agnomination; |
| | | 2. संयोग, जुड़ना, मिलना; | সংযোগ, মিলন, যোগ; | संजोग, मिलन, जोग; | clinging or adhering to, union, junction, contact. |
| | | 3. आलिंगन । | আলিংগন | आलिंगन | embrace. |
| **श्लोक** | पुं. | 1. यश, कीर्ति; | যশ, কীৰ্ত্তি, খ্যাতি; | जश, कीर्त्ति, ख्याति; | celebrity, fame, renown, name; |
| | | 2. प्रशंसा; | প্ৰশংসা, বখান; | प्रशंसा, बखान; | praise, glory; |
| | | 3. प्रशंसा का विषय; | প্ৰশংসাৰ বিষয়; | प्रशंसार बिषय; | an object of praise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. संस्कृत के अनुष्टुप छंद का पुराना नाम; | (সংস্কৃত) শ্লোক; | (संस्कृत) श्लोक; | a stanza in Sanskrit poetics; |
| | | 5. आजकल संस्कृत का कोई छंद या पद्य; | সংস্কৃতৰ ছন্দ বা কবিতা; | संस्कृतर छन्द बा कविता; | a stanza or verse in general (in Sanskrit); |
| | | 6. प्रशंसात्मक पद्य या स्तोत्र । | স্তৱ, স্তুতি, গীত, ভটিমা | स्तव, स्तुति, गीत, भटिमा | hymn of praise. |
| श्वसुर | पुं. | किसी के पति या पत्नी का पिता, ससुर । | শহুৰ | शहुर | a father-in-law, wife's or husband's father. |
| श्वान | पुं. | कुत्ता । | কুকুৰ | कुकुर | a dog. |
| श्वास | पुं. | 1. प्राणियों का नाक से हवा खींचकर अंदर फेफड़ों या हृदय तक पहुंचाना और फिर बाहर निकालना, सांस; | শ্বাস-প্ৰশ্বাস, উশাহ-নিশাহ; | श्वास-प्रश्वास, उशाह-निशाह; | breathing, breath, respiration; |
| | | 2. दमा नामक रोग । | হাপানি, শ্বাসৰোগ | हापानि, श्वासरोग | asthma. |
| श्वासनली | स्त्री. | सिर, गले और छाती के अंदर की वह नली जिससे प्राणी सांस लेते और निकालते हैं । | শ্বাসনলী, বায়ুনলী | श्वासनली, बायुनली | trachea, wind pipe, bronchial tube. |
| श्वासोच्छ्वास | पुं. | वेगपूर्वक सांस लेना और बाहर निकालना । | জোৰেৰে লোৱা উশাহ-নিশাহ | जोरेरे लोवा उशाह-निशाह | deep inspiration and expiration, exhalation and inhalation, respiration. |
| श्वेत | वि. | 1. सफेद, धवल, उजला, उज्ज्वल; | বগা, ধবল; | बगा, धबल; | white; |
| | | 2. निर्मल, स्वच्छ, साफ; | নিৰ্ম্মল, চাফা, পৰিষ্কাৰ; | निर्म्मल, चाफा, परिष्कार; | clean; |
| | | 3. निर्दोष; | নিৰ্ম্মল, নিৰ্দোষ; | निर्म्मल, निर्दोष; | flawless, blemishless; |
| | | 4. उज्ज्वलवर्ण का, गोरा । | গৌৰ বৰ্ণৰ | गौर बर्णर | fair complexioned. |
| श्वेतपत्र | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह राजकीय विज्ञप्ति जो किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा, वार्ता आदि के संबंध में (प्रायः सफेद कागज पर लिखकर) प्रकाशित की जाती है । | শ্বেতপত্ৰ | श्वेतपत्र | white paper. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| श्लाघनीय | वि. | प्रशंसनीय । | প্ৰশংসনীয়, প্ৰশংসাৰ যোগ্য | प्रशंसनीय, प्रशंसार जोग्य | admirable, praise-worthy, laudable, commendable. |
| श्लाघा | स्त्री. | 1. प्रशंसा; | প্ৰশংসা, শ্লাঘা; | प्रशंसा, श्लाघा; | praise, admiration, commendation; |
| | | 2. चापलूसी । | তোষামোদ | तोषामोद | flattery. |
| श्लिष्ट | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ; | লগা, লাগি থকা; | लगा, लागि थका; | embraced, clasped, joined together, clung, adhered to; |
| | | 2. सम्मिलित, संयुक्त, संश्लिष्ट; | মিলিত, যুক্ত, সংশ্লিষ্ট; | मिलित, जुक्त, संश्लिष्ट; | synthetic, synthesized, mixed; |
| | | 3. श्लेषयुक्त, दो अर्थों वाला । | দ্ব্যৰ্থক, দুটা অৰ্থ বুজোৱা | द्वयर्थक, दुटा अर्थ बुजोवा | involving a pun, susceptible of a double interpreta-tion, equivocal. |
| श्लील | वि. | 1. जो अश्लील अर्थात भद्दा न हो; | শ্লীল, শিষ্ট, সত্; | श्लील, शिष्ट, सत्; | which is not obscene; |
| | | 2. जो शिष्ट समाज में दिखाए या पढ़े जाने योग्य हो, समयोचित, अग्राम्य । | সভ্য, ভদ্ৰ-জনোচিত | सभ्य, भद्र-जनोचित | not vulgar, decent. |
| श्लेष | पुं. | 1. काव्य में एक अलंकार जिसमें एक शब्द के कई अर्थों द्वारा काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है या किया जाता है; | শ্লেষ, কাব্যৰ অলংকাৰ বিশেষ; | श्लेष,काव्यर अलङकार बिशेष; | pun, paronomasia, agnomination; |
| | | 2. संयोग, जुड़ना, मिलना; | সংযোগ, মিলন, যোগ; | संजोग, मिलन, जोग; | clinging or adhering to, union, junction, contact. |
| | | 3. आलिंगन । | আলিংগন | आलिंगन | embrace. |
| श्लोक | पुं. | 1. यश, कीर्ति; | যশ, কীৰ্ত্তি, খ্যাতি; | जश, कीर्त्ति, ख्याति; | celebrity, fame, renown, name; |
| | | 2. प्रशंसा; | প্ৰশংসা, বখান; | प्रशंसा, बखान; | praise, glory; |
| | | 3. प्रशंसा का विषय; | প্ৰশংসাৰ বিষয়; | प्रशंसार बिषय; | an object of praise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बच्चे के जन्म दिन से छठा दिन तथा उस दिन होनेवाला कृत्य, छठी; | ছয়তি, ওপজাৰ ছয় দিনৰ দিনা পতা উৎসৱ; | छयति, ओपजार छय दिनर दिना पता उत्सव; | the sixth day from the day of child-birth, and the celebrations of that day; |
| | | 3. संबंध कारक की विभवित्त (व्याकरण) । | ষষ্ঠি বিভক্তি | षष्ठि बिभक्ति | (in gram.) the sixth or genitive case. possessive case. |
| षोडश | वि. | जो गिनती में दस से छः अधिक हो, सोलह । | ষোল, ষোল | षोल, षोल | sixteen. |
| | पुं. | सोलह की सूचक संख्या । | 16 | 16 | the number sixteen. |
| षोडशी | वि. | सोलह वर्षों की (युवती), तरुणी । | গাভৰু, ষোড়শী, তৰুণী | गाभरु, षोड़षी, तरुणी | (a girl) of sixteen years of age, young (girl or woman); |
| | स्त्री. | सोलह वर्षों की युवती स्त्री । | ষোল্ল বছৰীয়া তিৰোতা | षोल्ल बछरीया तिरोता | a girl of sixteen years of age, or woman in the period of youth. |
| संकट | पुं. | विपत्ति, मुसीबत । | সঙ্কট, বিপদ, বিপত্তি | संकट, बिपद, बिपत्ति | distress, crisis, emergency. |
| संकटापन्न | विं. | कष्ट में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त । | সঙ্কটাপন্ন, বিপদাপন্ন, বিপদগ্রস্ত | सङकटापन्न, बिपदापन्न, बिपदग्रस्त | beset with difficulties, in distress. |
| संकर | वि. | 1. दो या अधिक भिन्न-भिन्न तत्वों या पदार्थों के मेल से बना हुआ; | শঙ্কৰ, মিশ্রিত, খিচিৰি; | शंकर, मिश्रित, खिछिरि; | hybrid; |
| | | 2. दो अलग-अलग जातियों के जीवों या प्राणीयों के संसर्ग से उत्पन्न । | সঙ্কৰ, বৰ্ণসঙ্কৰ খচ্চৰ | शंकर, बर्णसंकर खच्चर | cross bred. |
| संकरा | वि. | तंग, कम चौड़ा । | ঠেক, সংকীর্ণ | ठेक, संकीर्ण | narrow, strait. |
| संकलन | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया, संग्रह करना; | সংকলন, সংগ্ৰহ; | संकलन, संग्रह; | the act of heaping together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसी साहित्यिक कृति जिसमें अनेक ग्रन्थों या स्थानों से बहुत सी बातें इकट्ठी करके रखी गई हों । | (সাহিত্য) সংকলন | (साहित्य) संकलन | collection, compilation, anthology. |
| संकलित | वि. | 1. एकत्रीकृत; | একত্রিত, সংগৃহীত; | एकत्रित, संगृहीत; | amassed, assembled; |
| | | 2. जो संकलन की क्रिया से बना हो । | সংকলিত | संकलित | collection, compilation. |
| संकल्प | पुं. | 1. विचार, इरादा; | সংকল্প, ইচ্ছা, কামনা; | संकल्प, इच्छा, कामना; | intention; |
| | | 2. दृढ़ निश्चय; | দৃঢ়তা, স্থিৰ নিশ্চয়তা; | दृढ़ता, स्थिर निश्चयता; | determination, resolve; |
| | | 3. दान पुण्य या और कोई देवकार्य आरम्भ करने से पूर्व मंत्रोच्चारण करते हुए हाथ में जल लेकर उसका विचार प्रकट करना; | (পূজাৰ) সংকল্প; | (पूजार) संकल्प; | a solemn vow to perform an observance; |
| | | 4. सभा समिति में किसी विषय में विचारपूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय । | সিদ্ধান্ত, প্ৰস্তাৱ | सिद्धान्त, प्रस्ताव | resolution. |
| संकल्पना | वि. | 1. संकल्प करने की क्रिया या भाव; | সংকল্প গ্ৰহণ; | संकल्प ग्रहण; | making a vow; |
| | | 2. धारणा; | ধাৰণা; | धारणा; | concept; |
| | | 3. इच्छा । | ইচ্ছা, কামনা | इच्छा, कामना | desire. |
| संकल्पित | वि. | 1. जिसका संकल्प किया गया हो; | সংকল্পিত, সংকল্প কৰা; | संकल्पित, संकल्प करा; | determined, resolved upon; |
| | | 2. जिसकी कल्पना की गई हो । | কল্পিত, কল্পনা কৰি লোৱা, ধৰি লোৱা | कल्पित, कल्पना करि लोवा, धरि लोवा | imagined, fancied. |
| संकाय | पुं. | उच्च कोटि के अध्ययन के लिए ज्ञान-विज्ञान आदि का कोई विशिष्ट विभाग या शाखा । | সংকায়, ফেকাল্টি | संकाय, फेकाल्टि | faculty. |
| संकीर्ण | वि. | तंग, संकुचित । | ঠেক, সঙ্কীর্ণ | ठेक, संकीर्ण | narrow, parochial. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संकीर्णता** | स्त्री. | संकीर्ण होने की अवस्था या भाव । | সঙ্কীৰ্ণতা | संकीर्णता | narrowness, parochiality. |
| **संकीर्तन** | पुं. | सम्यक् वर्णन, देवता के नाम का जाप, गुणगान आदि । | সংকীৰ্তন, কীৰ্তন | संकीर्त्तन, कीर्त्तन | glorification (of a deity), singing of hymns or devotional songs. |
| **संकुचन** | पुं. | सिकुड़ना, संकुचित होना । | সংকোচন, কোঁচ খোৱা অৱস্থা | संकोचन, कोंच खोवा अवस्था | contraction, shrinking. |
| **संकुचित** | वि. | 1. सिकुड़ा या सिकोड़ा हुआ; | সংকুচিত, কোঁচ খোৱা; | संकुचित, कोंच खोवा; | contracted, abridged; |
| | | 2. तंग, संकरा । | ঠেক, সঙ্কীৰ্ণ | ठेक, संकीर्ण | narrow, strait, parochial. |
| **संकुल** | वि. | 1. घना; | ডাঠ, নিবিড়, ঘন; | डाठ, निबिड़, घन; | thick, dense, congested; |
| | | 2. भरा हुआ, पूर्ण । | পূৰ্ণ, ভৰা | पूर्ण, भरा | filled (with), full (of). |
| **संकुलता** | स्त्री. | संकुल होने की अवस्था या भाव । | ডাঠ বা নিবিড় অৱস্থা, ভীৰ | डाठ बा निबिड़ अवस्था, भीर | congestion, crowd. |
| **संकेत** | पुं. | 1. अभिप्रायसूचक अंगचेष्टा, इशारा । | সঙ্কেত, ইংগিত; | संकेत, इंगित; | a sign, gesture. hint, signal; |
| | | 2. चिहन, निशान । | চিন, চিহ্ন | चिन, चिह्न | sign, mark, token. |
| **संकेतित** | वि. | 1. जिसके संबंध में संकेत हुआ हो; | ইংগিত দিয়া, সংকেত দিয়া, সূচিত; | इंगित दिया, संकेत दिया, सूचित; | indicated; |
| | | 2. निश्चित । | নিশ্চিত, নিৰ্ধাৰিত | निश्चित, निर्द्धारित | agreed upon, fixed by. |
| **संकोच** | पुं. | 1. सिकुड़ने की क्रिया या भाव; | সংকোচ, সংকোচন, কোঁচ; | संकोच, संकोचन, कोंच; | shrinking up, contraction; |
| | | 2. झिझक, हिचक; | সংকোচ, দ্বিধা, ইতস্তত:; | संकोच, द्विधा, इतस्तत:; | hesitation; |
| | | 3. लज्जा । | লাজ | लाज | modesty, shyness. |
| **संकोची** | वि. | 1. संकुचित होनेवाला, सिकुड़नेवाला; | কোঁচ খোৱা, সংকোচিত; | कोंच खोवा, संकोचित; | shrinking, contracting; |
| | | 2. झिझकनेवाला; | সংকোচ কৰোঁতা; | संकोच करोंता; | hesitant; |
| | | 3. लज्जालु । | লাজুক, লাজুকৰীয়া | लाजुक, लाजुकरीया | shy, bashful, modest. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संक्रमण** | पुं. | 1. एक स्थिति या अवस्था से दूसरी में प्रवेश; | সংক্ৰমণ; | संक्रमण; | transition; |
| | | 2. रोग आदि का फैलते हुए एक से दूसरे को होना । | সংক্ৰমণ, বিয়পা কাৰ্য্য | संक्रमण, बियपा कार्य्य | infection. |
| **संक्रमण काल** | पुं. | वह समय जब कोई पहले रूप से बदलकर दूसरे रूप में आ रहा हो । | সংক্ৰমণ কাল, পৰিবৰ্ত্তন সময় | संक्रमण काल, परिबर्त्तन समय | transitional period. |
| **संक्रमित** | वि. | 1. किसी के अन्दर पहुंचाया या प्रविष्ट किया हुआ; | প্ৰৱেশ কৰোৱা, ভিতৰলৈ নিয়া; | प्रबेश करोवा, भितरलै निया; | conducted, led to; |
| | | 2. परिवर्तित किया या बदला हुआ । | পৰিৱৰ্ত্তিত, সলনি বা | परिबर्त्तित, सलनि बा | transferred, changed. |
| **संक्रांत** | वि. | 1. गमन; | গমন, যোৱা; | गमन, जोवा; | passed, gone; |
| | | 2. प्रविष्ट; | সোমোৱা, প্ৰৱিষ্ট, প্ৰৱেশ কৰা; | सोमोवा, प्रबिष्ट, प्रबेश करा; | passed through or into, entered into; |
| | | 3. स्थानांतरित । | স্থানান্তৰিত, বদলি হোৱা | स्थानान्तारित, बदलि होवा | transferred. |
| **संक्रांति** | स्त्री. | 1. सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना; | আন এটা ৰাশিলৈ সূৰ্য্যৰ গমন; | आन एटा राशिलै सूर्ज्यर गमन; | passage of the sun or a planet from one sign or position in the heaven into another; |
| | | 2. वह दिन जिसमें सूर्य का उक्त प्रकार का संचार होता है । | সূৰ্য্যৰ ৰাশ্যন্তৰৰ দিন, সংক্ৰান্তি | सूर्ज्यर राश्यन्तरर दिन, संक्रान्ति | the above day observed as a festival. |
| **संक्रामक** | वि. | एक से दूसरे में संक्रमण करनेवाला, छूत आदि से फैलनेवाला (रोग) । | সংক্ৰামক, সোঁচৰা | संक्रामक, सोंचरा | infectious (disease). |
| **संक्षिप्त** | वि. | 1. छोटा किया हुआ (पुस्तक आदि का रूप); | সংক্ষিপ্ত, চমু; | संक्षिप्त, चमु; | short, abridged; |
| | | 2. संक्षेप में कहा या लिखा गया । | সংক্ষেপ, চমু | संक्षेप, चमु | brief, concise. |
| **संक्षिप्ति** | स्त्री. | संक्षिप्तीकृत रूप, संक्षिप्त शब्द । | সংক্ষিপ্ত ৰূপ, চমু ৰূপ | संक्षिप्त रूप, चमु रूप | abbreviation. |
| **संक्षिप्तीकरण** | पुं. | किसी कथा, विषय आदि को संक्षिप्त करना । | সংক্ষেপকৰণ, চমুকৰণ | संक्षेपकरण, चमुकरण | abridgement, summarization. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संक्षेप | पुं. | 1. थोड़े में कही बात का रूप;<br>2. लेख आदि का काट-छांट कर कम किया हुआ रूप । | চমু আভাস, সংক্ষেপ ৰূপ;<br>সাৰ, মূল, সংক্ষিপ্ত ৰূপ | चमु आभास, संक्षेप रूप;<br>सार, मूल, संक्षिप्त रूप | an abridgement, summary;<br>epitome, precis. |
| संखिया | पुं. | एक बहुत तेज विष । | বৰ বিহ | बर बिह | arsenic. |
| संख्या | स्त्री. | 1. गणना, गिनती;<br>2. 1, 2, 3 आदि अंक । | গণনা, গন্তি;<br>1,2,3, আদি সংখ্যা | गणना, गन्ति;<br>1,2,3, अदि संख्या | reckoning, calculation;<br>number, figure. |
| संग | पुं. | साथ होने या रखने की अवस्था या भाव, साथ, सोहबत । | সংগ, লগ, মিলন, সংসৰ্গ | संग लग, मिलन, संसर्ग | association, company, contact. |
| संगठन | पुं. | कार्य विशेष की सिद्धि के लिए निर्मित कोई संस्था । | সংগঠন, সংস্থা | संगठन, संस्था | organization, set up. |
| संगठित | वि. | कार्य विशेष के लिए परस्पर संबद्ध । | গঠিত, সংগঠিত | गठित, संगठित | organized. |
| संगणन | पुं. | गणना का वह गंभीर और जटिल प्रकार और रूप जिसमें साधारण गणना के सिवा अनुभवों और नियत सिद्धांतों आदि का भी उपयोग होता है । | সংগণন | संगणन | computation. |
| संगत | स्त्री. | 1. संग रखने या होने का भाव, सोहबत;<br>2. गाने वाले के साथ सारंगी तबला आदि बजाना । | সংগ, সংসৰ্গ, মিলন;<br>সংগত বাদ্য | संग, संसर्ग, मिलन;<br>संगत बाद्य | company;<br>accompaniment (in music). |
| | वि. | 1. मिला हुआ या लगा हुआ;<br>2. उपयुक्त, मौजूं;<br>3. पूर्वापर संबंध के विचार से मेल खानेवाला । | মিল থকা, সংগত;<br>সংগত, উপযুক্ত;<br>বিহিত, সংগত, সংগতি থকা | मिल थका, संगत;<br>संगत, उपजुक्त;<br>बिहित, संगत, संगति थका | relevant;<br>proper, apt;<br>logical, compatible. |
| संगति | स्त्री. | 1. मिलन, संपर्क;<br>2. सामंजस्य, उपयुक्तता । | সংগ, সম্পৰ্ক, মিলন;<br>সামঞ্জস্য, সংগতি, মিল | संग, सम्पर्क, मिलन;<br>सामन्जस्य, संगति, मिल | company, society, association;<br>fitness, appropriateness. |
| संगतिया (संगती) | पुं. | गाने आदि के साथ साथ बजानेवाला । | সংগত বাদক | संगत बादक | an accompanyist. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संगदिल** | वि. | निर्दय, बेरहम । | নিৰ্দয়, নিষ্ঠুৰ, কাঠচিতীয়া | निर्दय, निष्ठुर, काठचितीया | hard-hearted, unfeeling, cruel. |
| **संगम** | पुं. | 1. दो धाराओं या नदियों के मिलने का स्थान; 2. मिलन, संयोग । | সংগম, মিলনস্থল; মিলন, সংযোগ | संगम, मिलनस्थल; मिलन, संजोग | confluence (of rivers); union, junction, conjunction. |
| **संगमरमर** | पुं. | सफेद रंग का एक प्रकार का बहुत चिकना और मूल्यवान प्रसिद्ध पत्थर । | মাৰ্বল পাথৰ | मार्बल पाथर | marble. |
| **संगरोध** | पुं. | वह क्रिया या व्यवस्था जिसके अनुसार देश में बाहर से आनेवाले किसी संक्रामक रोग के रोकने के लिए मार्ग में या किसी स्थान पर यात्रियों को कुछ समय के लिए रखा जाता है । | সংগ ৰোধ | संग रोध | quarantine. |
| **संगिनी** | स्त्री. | 1. साथ रहनेवाली स्त्री, सहचरी; 2. पत्नी, भार्या । | সহচৰী, সংগিনী; পত্নী, ঘৈনী | सहचरी, संगिनी; पत्नी, घैनी | female companion; wife. |
| **संगी** | पुं. | जो प्रायः सदा संग रहता हो, साथी । | সংগী, লগৰীয়া | संगी, लगरीया | companion, associate. |
| **संगीत** | पुं. | ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार विशिष्ट लय में होनेवाला प्रस्फुटन । | সংগীত | संगीत | music. |
| **संगीतज्ञ** | पुं. | संगीत विद्या का ज्ञाता, गायक या वादक । | সংগীতজ্ঞ | संगीतज्ञ | musician. |
| **संगीन** | वि. | 1. पत्थर का बना हुआ; 2. सख्त, कठोर, मजबूत; 3. गंभीर । | শিলৰ; টান, কঠিন; গভীৰ, গহীন | शिलर; टान, कठिन; गभीर, गहीन | made of stone; hard, firm, solid; grave, serious. |
| | स्त्री. | बंदूक में लगाया जानेवाला छुरी के आकार का लंबा नोकदार हथियार । | সংগীন | संगीन | bayonet. |
| **संगूढ़** | वि. | सुरक्षित छिपाया हुआ । | সম্পূৰ্ণৰূপে গুপুত, ৰহস্যপূৰ্ণ | सम्पूर्णरूपे गुपुत, रहस्यपूर्ण | completely concealed or hidden. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संगृहीत | वि. | संग्रह किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | সংগৃহীত, একত্ৰিত, গোটোৱা | संगृहीत, एकत्रित, गोटोवा | collected, compiled. |
| संगोपन | पुं. | अच्छी तरह से छिपा कर रखना । | সংগোপন | संगोपन | complete concealment. |
| संगोपनीय | वि. | छिपाकर रखने योग्य । | সংগোপনীয়, গোপনীয় | संगोपनीय, गोपनीय | to be completely hidden, concealed. |
| संग्रह | पुं. | 1. एकत्र करने की क्रिया या भाव, संचय; | সংগ্ৰহ, সঞ্চয়; | संग्रह, संचय; | collection; |
| | | 2. इकट्ठी की हुई चीजों का समूह या ढेर । | দ'ম, স্তূপ | द'म, स्तूप | depository, storage. |
| संग्रहण | पुं. | 1. ग्रहण करना, लेना; | গ্ৰহণ, লোৱা কাৰ্য; | ग्रहण, लोवा कार्य्य; | taking hold of, seizing; |
| | | 2. संकलन करना, एकत्र करना । | সংগ্ৰহ, গোটোৱা কাৰ্য | संग्रह, गोटोवा कार्य्य | collecting. |
| संग्रहणी | स्त्री. | अतिसार का एक रूप जिसमें खाना बिना पचे ही मल के रूप में निकल जाता है । | গ্ৰহণী ৰোগ | ग्रहणी रोग | dysentery. |
| संग्रहणीय | वि. | संग्रह करने योग्य । | গ্ৰহণীয়, গোটোৱাৰ যোগ্য | ग्रहणीय, गोटोवार जोग्य | fit to be collected or preserved or . acquired. |
| संग्रहालय | पुं. | वह स्थान जहां विशेष महत्व की वस्तुओं का संग्रह किया गया हो । | সংগ্ৰহালয়, যাদুঘৰ | संग्रहालय, जादुघर | museum. |
| संग्रही (संग्रहीता) | पुं. | एकत्र करनेवाला । | সংগ্ৰাহক, গোটাওঁতা | संग्राहक, गोटाओंता | collector, procurer. |
| | | | সংগ্ৰাম, যুদ্ধ | संग्राम, जुद्ध | |
| संग्राहक | वि. | एकत्र या जमा करनेवाला । | সংগ্ৰাহক, গোটাওঁতা | संग्राहक, गोटाओंता | collector, compiler. |
| संग्राह्य | वि. | जमा करके रखने लायक । | সংগ্ৰহৰ বা সঞ্চয়ৰ যোগ্য | संग्रहर बा सन्चयर जोग्य | fit to be collected or preserved. |
| संघ | पुं. | 1. समूह, झुंड, दल; | সংঘ, সমূহ, দল; | संघ, समूह, दल; | assemblage, multitude, crowd; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना हुआ संगठन; | সংঘ, দল, সংস্থা; | संघ, दल, संस्था; | organization, association. |
| | | 3. प्राचीन भारत में एक प्रकार का लोकतंत्री राज्य जिसकी व्यवस्था जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते थे; | প্ৰাচীন ভাৰতৰ এক প্ৰকাৰৰ লোকতান্ত্ৰিক শাসন ব্যৱস্থা; | प्राचीन भारतर एक प्रकारर लोकतान्त्रिक शासन व्यवस्था; | federation, union; |
| | | 4. आधुनिक राजनीति में राज्यों, राष्ट्रों आदि के पारस्परिक समझौते से बननेवाला ऐसा संगठन जो कुछ विशिष्ट बातों में एक केन्द्रीय सत्ता का अधिकार एवं अनुशासन मानता हो । | (ৰাষ্ট্ৰৰ) সংঘ | (राष्ट्र) संघ | federation, union. |
| संघटन | पुं. | दे. 'संगठन' । | সংগঠন | संगठन | see 'संगठन'. |
| संघटित | वि. | दे. 'संगठित' । | গঠিত, সংগঠিত | गठित, संगठित | see 'संगठित'. |
| संघर्ष | पुं. | 1. दो वस्तुओं का आपस में रगड़ खाना; | সংঘৰ্ষ; | संघर्ष; | competition, emulation; |
| | | 2. होड़, स्पर्द्धा; | প্ৰতিদ্বন্দ্বিতা, প্ৰতিযোগিতা; | प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिजोगिता; | competition, emulation; |
| | | 3. दो विरोधी दलों में एक दूसरे को दबाने के लिए होनेवाला कोई ऐसा प्रयत्न जिसमें दोनों अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं; | প্ৰতিদ্বন্দ্বিতা, প্ৰতিযোগিতা; | प्रतिद्वन्द्विता, प्रतिजोगिता; | rivalry, contest for superiority; |
| | | 4. कठिनाइयों या प्रबल विरोधी शक्तियों को दबाने के लिए प्राणपण से की जानेवाली चेष्टा । | প্ৰবল প্ৰতিদ্বন্দ্বিতা | प्रवल प्रतिद्वन्द्विता | struggle. |
| संचित | वि. | इकट्ठा किया हुआ, एकत्र किया हुआ । | সঞ্চিত, সংগৃহীত, গোটাই থোৱা | संचित, संगृहीत, गोटाइ थोवा | accumulated, collected. |
| संजीवनी | स्त्री. | मृत को जीवित करनेवाली एक कल्पित ओषधि । | মৃত সঞ্জীৱনী | मृत संजीवनी | a kind of elixir (said to restore the dead to life). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संजोना | स. क्रि. | 1. सजाना, सज्जित करना;<br>2. सामग्री आदि एकत्र करके क्रम से रखना । | সজা, সাজ, শুৱনীকৈ সজা;<br>শৃঙ্খলা লগা | सजा, साज, शुवनीकै सजा;<br>शृंखला लगा | to decorate, to embellish;<br>to put together, to arrange. |
| संज्ञा | स्त्री. | 1. चेतना शक्ति, होश;<br>2. वस्तु, व्यक्ति आदि का नाम;<br>3. व्याकरण में वह विकारी शब्द, जो किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु का द्योतक होता है । | সংজ্ঞা, চেতনা, হুচ;<br>(বস্তু বা ব্যক্তিৰ) নাম;<br>(ব্যাকৰণত) নামপদ | संज्ञा, चेतना, हुच;<br>(बस्तु वा ब्यक्तिर) नाम;<br>(ब्याकरणत) नामपद | consciousness, sense;<br>name, designation, appellation;<br>(in gram.) a noun substantive. |
| संज्ञाहीन | वि. | चेतनारहित, बेहोश । | অজ্ঞান, অচেতন | अज्ञान, अचेतन | unconscious. |
| संड़सी | स्त्री. | रसोई में बरता जानेवाला एक तरह का कैंचीनुमा उपकरण जिससे बटलोई आदि चूल्हे पर से उतारे जाते हैं । | সঁৰাহ, চেপেনা | सँराह, चेपेना | pair of pincers or forceps. |
| संडास | पुं. | कुएँ की तरह का एक प्रकार का गहरा गड्ढा जिसमें लोग मल त्याग करते हैं । | পায়খানা, শৌচকৰা গাঁত | पायखाना, शौचकरा गाँत | a cesspool, latrine. |
| संत | पुं. | साधु, धर्मात्मा, महात्मा । | যত্ন, মহন্ত, সাধু, ধৰ্ম্মাত্মা | जत्न, महन्त, साधु, धर्मात्मा | a pious or venerable man, a saint. |
| संतत | क्रि. वि. | निरन्तर, लगातार। | একেৰাহে, নেৰানেপেৰাকৈ | एकेराहे, नेरानेपेराकै | continuous, uninterrupted. |
| संतति | स्त्री. | संतान, बाल-बच्चे । | সন্তান, সন্ততি | सन्तान, सन्तति | offspring, posterity. |
| संतप्त | वि. | 1. बहुत अधिक तपा या जला हुआ;<br>2. दुखी, पीड़ित । | অত্যন্ত উত্তপ্ত, বৰ গৰম;<br>সন্তপ্ত, পীড়িত | अत्यन्त, उत्तप्त, बर गरम;<br>सन्तप्त, पीड़ित | greatly heated or inflamed, red-hot;<br>tormented, distressed, afflicted. |
| संतरा | पुं. | एक प्रकार का खट्टा और मीठा नीबू । | সুমথিৰা, কমলা | सुमथिरा, कमला | orange. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संतरी** | पुं. | किसी स्थान पर पहरा देनेवाला सिपाही, पहरेदार । | চন্তৰী, পহৰা দিয়া চিপাহী | चन्तरी, पहरा दिया चिपाही | sentry. |
| **संतान** | पुं. | संतति, औलाद । | সন্তান, সন্ততি | सन्तान, सन्तति | progeny, offspring, issue. |
| **संताप** | पुं. | 1. अग्नि, धूप आदि का बहुत तीव्र ताप;<br>2. कष्ट, पीड़ा;<br>3. पाप आदि करने पर मन में होनेवाला अनुताप । | বৰ বেছি উত্তাপ;<br>কষ্ট, পীড়া;<br>অনুতাপ, অনুশোচনা | बर बेछि उत्ताप;<br>कष्ट, पीड़ा;<br>अनुताप, अनुशोचना | great heat, burning heat;<br>affliction, pain;<br>remorse, penitence, repentance. |
| **संतुलन** | पुं. | 1. तौलते समय दोनों पलड़ों का बराबर होना;<br>2. वह स्थिति जिसमें सभी अंग बराबर के या यथास्थान हों । | সমান জোখ, সমতুলন;<br>সকলো অংগ মিলি বা সমান হৈ থকা অৱস্থা | समान जोख, समतुलन;<br>सकलो अंग मिलि बा समान है थका अवस्था | balance, equilibrium;<br>equipoise. |
| **संतुलित** | वि. | 1. जिसका संतुलन हुआ हो;<br>2. न अधिक, न कम, ठीक । | সমতুল, সমান, ঠিক মিলি থকা;<br>সমান, ফেৰ নোহোৱা | समतुल, समान, ठिक मिलि थका;<br>समान, फेर नोहोवा | balanced, equipoised;<br>equal. |
| **संतुष्ट** | वि. | 1. जिसका संतोष कर दिया गया हो अथवा हो गया हो, तृप्त;<br>2. जो समझाने-बुझाने से मान गया हो या राजी हो गया हो । | সন্তুষ্ট, তুষ্ট;<br>শাঁত হোৱা, জিত হোৱা, সান্তনা পোৱা | सन्तुष्ट, तुष्ट;<br>शाँत होवा, जित होवा, सान्तना पोवा | satisfied, gratified, contented;<br>consoled, comforted. |
| **संतुष्टि** | पुं. | 1. संतुष्ट होने की क्रिया या भाव, तृप्ति;<br>2. तृप्ति, प्रसन्नता;<br>3. धैर्य । | সন্তুষ্টি, তৃপ্তি;<br>তৃপ্তি, প্ৰসন্নতা;<br>ধৈৰ্য্য, সহন | सन्तुष्टि, तृप्ति;<br>तृप्ति, प्रसन्नता;<br>धैर्ज्य, सहन | satisfaction, contentment, gratification;<br>delight;<br>patience. |
| **संतोषी** | वि. | संतुष्ट रहनेवाला, सब्र करनेवाला । | সন্তোষী, সন্তুষ্ট | सन्तोषी, सन्तुष्ट | satisfied, contented. |
| **संत्रस्त** | वि. | बहुत अधिक डरा हुआ । | সন্ত্ৰস্ত, ভয়াতুৰ | सन्त्रस्त, भयातुर | frightened, alarmed. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संदर्भ** | पुं. | पुस्तक, लेख आदि में वर्णित प्रसंग, विषय आदि जिसका विचार या उल्लेख हो, प्रसंग । | প্ৰসংগ, সন্দৰ্ভ, সম্পৰ্ক | प्रसंग, सन्दर्भ, सम्पर्क | reference, context. |
| **संदर्भ ग्रन्थ** | पुं. | ऐसा ग्रन्थ जिसे कुछ विशिष्ट प्रसंगों की जानकारी या विमर्श के लिए देखा जाता है, साधारणतः आद्योपान्त पढ़ा नहीं जाता । | প্ৰসংগ গ্ৰন্থ | प्रसंग ग्रन्थ | reference book. |
| **संदर्शन** | पुं. | दे. 'मार्गदर्शन' । | 'मार्गदर्शन' চোৱাঁ | 'मार्गदर्शन' चोवाँ | see 'मार्गदर्शन'. |
| **संदल** | पुं. | चंदन | চন্দন (কাঠ) | चन्दन (काठ) | sandal wood. |
| **संदली** | वि. | चंदन का, चंदन के रंग का । | চন্দনৰ, চন্দন ৰঙৰ | चन्दनर, चन्दन रङर | made of sandal wood, of the colour of sandal wood. |
| | स्त्री. | ऊंची तिपाई, कुर्सी या चौकी । | ওখ চকী বা বেন্সি | ओख चकी वा बेन्सि | bench, seat. |
| **संदिग्ध** | वि. | 1. जिसके संबंध में संदेह या भ्रम हुआ हो; 2. जिसके संबंध में किसी प्रकार का अनिश्चय हो । | সন্দিগ্ধ, সন্দেহ হোৱা; অনিশ্চয় | सन्दिग्ध, सन्देह होवा; अनिश्चय | dubious, doubtful; uncertain, ambiguous. |
| **संदिग्धता** | स्त्री. | संदिग्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव । | সন্দেহ হোৱা অৱস্থা, অনিশ্চয়তা | सन्देह होवा अवस्था, अनिश्चयता | uncertainty, doubt, ambiguity. |
| **संदीपन** | पुं. | तीव्र या प्रबल करने की क्रिया या भाव, उद्दीपन । | উদ্দীপন, জ্বলোৱা কাৰ্য্য | उद्दीपन, ज्वलोवा कार्ज्य | kindling, exciting, provoking. |
| **संदीप्त** | वि. | प्रज्वलित, जिसका उद्दीपन हुआ हो । | প্ৰজ্জ্বলিত, জ্বলি থকা | प्रज्ज्वलित, ज्वलि थका | kindled or inflamed, excited, stimulated. |
| **संदेश** | पुं. | 1. खबर, समाचार; | বাতৰি, খবৰ, সমাচাৰ; | बातरि, खबर, समाचार; | news, tidings; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह कथन या बात जो प्राय: लिखित या मौखिक रूप में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को भेजी जाती है । | বাৰ্তা, খবৰ | बार्त्ता, खबर | report. message. |
| संदेशवाहक | पुं. | संदेश या समाचार ले आनेवाला । | কটকী, বাৰ্তাবাহী | कटकी, बार्त्ताबाही | messenger. |
| संदेशहर | पुं. | दे. 'संदेशवाहक' । | কটকী,খবৰ দিওঁতা, বাৰ্তাবাহী | कटकी,खबर दिओंता, बार्त्ताबाही | see 'संदेशवाहक'. |
| संदेशा | पुं. | दे. 'संदेश' । | খবৰ, বাতৰি | खबर, बातरि | see 'संदेश'. |
| संदेह | पुं. | किसी वस्तु अथवा बात के सम्बन्ध में मन में होनेवाला यह भाव या विचार कि कहीं यह अनुचित, त्याज्य या दूषित तो नहीं है अथवा क्या इसकी सत्यता मानने योग्य है, शक । | সন্দেহ | सन्देह | doubt, uncertainty, suspicion. |
| संदेहात्मक | वि. | संदेहपूर्ण, संदिग्ध । | সন্দেহাত্মক, সন্দেহজনক | सन्हेहात्मक, सन्देहजनक | doubtful. |
| संधान | पुं. | 1. निशाना बैठाना; | লক্ষ্য স্থিৰ কৰা কাৰ্য, সন্ধান; | लक्ष्य स्थिर करा कार्ज्य, सन्धान; | fixing (an arrow to a bow etc.); |
| | | 2. दो वस्तुओं का मिलना । | মিলোৱা কাৰ্য বা অৱস্থা | मिलोवा कार्ज्य बा अवस्था | act of placing or holding together. |
| संधि | स्त्री. | 1. समझौता, सुलह; | সন্ধি, আপোচ, মকামিলা; | सन्धि, आपोच, मकामिला; | treaty; |
| | | 2. वह स्थान जहां एक वस्तु दूसरी में जुड़ी हो, जोड़; | সন্ধি, জোৰা; | सन्धि, जोरा; | joint, articulation; |
| | | 3. दरार; | ফাট, ফাঁক; | फाट, फाँक; | breach, chasm; |
| | | 4. व्याकरण में शब्दों के रूपों में होनेवाला वह विकार जो दो अक्षरों के पास-पास करने पर उनके योग के कारण होता है; | (ব্যাকৰণত) সন্ধি ; | (ब्याकरणत) सन्धि; | conjunction; |
| | | 5. परिवर्तन काल; | পৰিবৰ্তনৰ সময়; | परिवर्त्तनर समय; | period of transition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 6. नाटक में किसी प्रधान प्रयोजन के साधक कथांशों का किसी एक मध्यवर्ती प्रयोजन के साथ होनेवाला संबंध । | (নাটকৰ) সন্ধি | (नाटकर) सन्धि | division or joint (in a drama). |
| संध्या | स्त्री. | 1. दिन और रात दोनों के मिलने का समय; | সন্ধ্যা, সাঁজ, গধূলি; | सन्ध्या, साँज, गधूलि; | twilight or evening; |
| | | 2. उस समय किया जानेवाला धार्मिक कृत्य जो प्रात: सांय और मध्याह्न में किया जाता है; | সন্ধ্যা পূজা, সন্ধিয়াৰ পূজা; | सन्ध्या पूजा, सन्धियार पूजा; | evening prayer; |
| | | 3. दो युगों के मिलने का समय । | যুগসন্ধি, দুটা যুগৰ মিলনৰ সময় | जुगसन्धि, दुटा जुगर मिलनर समय | period which precedes a Yuga, time intervening between the expiration of one Yuga and the commencement of another. |
| संन्यास | पु. | 1. हिन्दुओं के चार आश्रमों में से अंतिम जिसमें सब प्रकार के सांसारिक संबंध छोड़कर मनुष्य त्यागी और विरक्त हो जाता है; | সন্যাসাশ্ৰম, সন্ন্যাস ধৰ্ম্ম; | सन्न्यासाश्रम, सन्न्यास धर्म्म; | the fourth religious order (asram); |
| | | 2. पूरी तरह से छोड़ना, परित्याग करना । | সম্পূৰ্ণ ত্যাগ বা বৈৰাগ্য | सम्पूर्ण त्याग बा बैराग्य | relinquishment, resignation, abandonment. |
| संन्यासी | पु. | 1. जिसने संन्यास आश्रम ग्रहण किया हो; | সন্ন্যাসী; | सन्न्यासी; | a Brahman of the fourth order or asram; |
| | | 2. त्यागी और विरक्त । | বৈৰাগী, ত্যাগী, উদাসীন | बैरागी, त्यागी, उदासीन | one who abandons or resigns. |
| संपत्ति | स्त्री. | 1. धन-दौलत और जायदाद; | সম্পত্তি, ঐশ্বৰ্য্য-বিভূতি; | सम्पत्ति, ऐश्वर्य्य-बिभूति; | opulence, wealth, property; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई ऐसी वस्तु जो महत्व की हो और जिसे संजोया जाता हो । | সম্পত্তি, সম্পদ | सम्पत्ति, सम्पद | attainment, acquisition, possession. |
| **संपदा** | स्त्री. | धन दौलत, ऐश्वर्य । | ধন-দৌলত, ঐশ্বৰ্য্য | धन-दौलत, ऐश्वर्ज्य | wealth, opulence, estate. |
| **संपन्न** | वि. | 1. पूरा किया हुआ, पूर्ण, साधित; | সম্পূৰ্ণ, সম্পন্ন; | सम्पूर्ण, सम्पन्न; | accomplished, effected, completed; |
| | | 2. किसी गुण या वस्तु से युक्त; | (কোনো গুণ বা বস্তুৰে) যুক্ত; | (कोनो गुण बा बस्तुरे) जुक्त; | endowed (with), possessed (of); |
| | | 3. धनी, अमीर । | আঢ্যৱন্ত, ধনী | आढ्यवन्त, धनी | prosperous, thriving, rich. |
| **संपर्क** | पुं. | 1. मेल, संयोग; | মিল, সংযোগ; | मिल, संजोग; | mixture; |
| | | 2. आपस में होनेवाला किसी प्रकार का लगाव या वास्ता; | সংসর্গ, সম্পর্ক; | संसर्ग, सम्पर्क; | contact, association, |
| | | 3. स्पर्श; | স্পৰ্শ, সংস্পৰ্শ; | स्पर्श, संस्पर्श; | touch; |
| | | 4. गणित में राशियों का जोड़ । | যোগ, মুঠ, সমষ্টি | जोग, मुठ, समष्टि | addition, sum. |
| **संपादक** | पुं. | 1. वह जो किसी पुस्तक, सामयिक पत्र आदि के सब लेख या विषय अच्छी तरह ठीक करके या देखकर उन्हें प्रकाशन के योग्य बनाता हो ; | সম্পাদক; | सम्पादक; | editor; |
| | | 2. कोई काम पूरा करनेवाला, प्रस्तुत या तैयार करनेवाला । | সম্পাদনকাৰী | सम्पादनकारी | one who accomplishes or obtains. |
| **संपादकीय** | वि. | संपादक संबंधी या संपादक का । | সম্পাদকীয়, সম্পাদকৰ | सम्पादकीय, सम्पादकर | editorial. |
| | पुं. | संपादक द्वारा लिखी हुई टिप्पणी या अग्रलेख । | সম্পাদকীয় | सम्पादकीय | (an) editorial. |
| **संपादन** | पुं. | 1. पूरा करना, प्रस्तुत करना; | সম্পাদন; | सम्पादन; | accomplishing, effecting, fulfilment; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ग्रन्थादि शुद्ध कर उन्हें प्रकाशन योग्य बनाना या सामयिक या दैनिक पत्र विषय आदि की दृष्टि से ठीक करना और उसका संचालन करना । | সম্পাদনা | सम्पादना | editing. |
| संपादित | वि. | जिसका संपादन किया गया हो । | সম্পাদিত | सम्पादित | accomplished, edited. |
| संपीडन | पुं. | 1. चारों ओर से इस प्रकार दबाना कि उसका विस्तार कम हो जाए; 2. कष्ट देना । | কেউফালৰ পৰা চেপি ধৰা অৱস্থা বা কাৰ্য্য; পীড়ন, কষ্ট দিয়া কাৰ্য্য | केउफालर परा चेपि धरा अवस्था बा कार्य्य; पीड़न, कष्ट दिया कार्य्य | squeezing together, compression; pain, torture. |
| संपुट | पुं. | 1. कटोरे जैसी कोई वस्तु, दोना; 2. अंजलि । | বাটি, পাত্ৰ; অঞ্জলি, আঁজলি | बाटि, पात्र; अन्जालि, आँजलि | hemispherical bowl; space between two palms. |
| संपूर्ण | वि. | 1. आदि से अंत तक सब, सारा; 2. पूरा या समाप्त किया हुआ । | সম্পূৰ্ণ, পূৰ্ণ; শেষ বা সমাপ্ত কৰা | सम्पूर्ण, पूर्ण; शेष बा समाप्त करा | all, whole, complete; completed, finished. |
| संपेरा | पुं. | सांप पकड़ने, पालने या सांप का तमाशा दिखलानेवाला । | সাপ নচুৱাওঁতা | साप नचुवाओंता | snake-charmer. |
| संप्रति | अव्य. | आजकल में, इस समय । | সম্প্ৰতি, এতিয়া, বৰ্ত্তমান | सम्प्रति, एतिया, बर्त्तमान | now, at present. |
| संप्रदान | पुं. | 1. व्याकरण में एक कारक जो उस संज्ञा की स्थिति का बोध कराता है जिसके निमित्त कोई कार्य किया गया होता है; 2. देना, प्रदान करना । | সম্প্ৰদান কাৰক; দান, সম্প্ৰদান, প্ৰদান | सम्प्रदान कारक; दान, सम्प्रदान, प्रदान | (in Gram.) dative case; giving, bestowing. |
| संप्रदाय | पुं. | 1. परम्परा से चला आया हुआ ज्ञान या सिद्धान्त; 2. किसी धर्म के अन्तर्गत कोई विशिष्ट मत या सिद्धान्त । | সম্প্ৰদায়; কোনো ধৰ্ম্মৰ মত বা সিদ্ধান্ত, সম্প্ৰদায়; | सम्प्रदाय; कोनो धर्म्मर मत बा सिद्धान्त, सम्प्रदार्य; | traditional doctrine or knowledge; a peculiar system of religious teaching; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एक ही तरह का मत या सिद्धांत रखनेवाले लोगों का समूह या वर्ग । | সম্প্ৰদায়, গোষ্ঠী | सम्प्रदाय, गोष्ठी | sect, community. |
| संप्रदायवाद | पुं. | केवल अपने ही संप्रदाय को विशेष महत्व देना और अन्य संप्रदायवालों से द्वेष करना । | সাম্প্ৰদায়িকতা | साम्प्रदायिकता | communalism, sectarianism. |
| संबंध | पुं. | 1. रिश्ता, नाता; | সম্বন্ধ, সম্পৰ্ক; | सम्बन्ध, सम्पर्क; | relation, relationship; |
| | | 2. आपस में होनेवाली घनिष्ठता या मेलजोल; | মিলাপ্ৰীতি, ঘনিষ্ঠতা; | मिलाप्रीति, घनिष्ठता; | friendly connection, friendship; |
| | | 3. व्याकरण में छठा कारक जिसमें एक शब्द के साथ दूसरे शब्द का संबंध या लगाव सूचित होता है । | সম্বন্ধ পদ | सम्बन्ध पद | relation, as the meaning of the genitive case (in Gra.). |
| संबंधी | वि. | संबंध या लगाव रखनेवाला । | সম্বন্ধীয়, সম্পৰ্কীয় | सम्बन्धीय, सम्पर्कीय | connected with, belonging to, related (to). |
| | पुं. | वह जिसके साथ रक्त अथवा विवाह का संबंध हो । | সম্বন্ধীয় লোক, আত্মীয়, কুটুম | सम्बन्धीय लोक, आत्मीय, कुटुम | relative, kinsman. |
| संबद्ध | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा हुआ, मिलाया गया हुआ; | বন্ধা, জড়িত, লগ লগোৱা; | बन्धा, जड़ित, लग लगोवा; | joined, bound or fastened together, attached; |
| | | 2. किसी प्रकार का संबंध रखनेवाला । | সম্বন্ধ ৰখা, জড়িত | सम्बन्ध रखा, जड़ित | connected with, related to, belonging to. |
| संबल | पुं. | 1. कोई ऐसी वस्तु जिससे किसी कार्य या बात में आगे बढ़ने में पूरी-पूरी सहायता मिलती हो या जिसका आश्रय लिया जाता हो, सहारा; | সহায়, সম্বল, আশ্ৰয়, আলম্বন; | सहाय, सम्बल, आश्रय, आलम्बन; | support, backing; |
| | | 2. पाथेय । | পাথেয়, পথৰ খাদ্য-সম্ভাৰ | पाथेय, पथर खाद्य-सम्भार | stock of provision for a journey. |
| संबोधन | पुं. | 1. आह्वान करना, पुकारना; | আহ্বান, মাত, সম্বোধন; | आह्वान, मात, सम्बोधन; | calling to, addressing; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह शब्द जिससे किसी को पुकारा जाता है; | মতা বা সম্বোধন কৰা মাত; | मता वा सम्बोधन करा मात; | an epithet (used in calling a person); |
| | | 3. व्याकरण में आठवां कारक । | (ব্যাকৰণত) সম্বোধন পদ | (व्याकरणत) सम्बोधन पद | (in Gram.) vocative case. |
| संबोधित | वि. | जिसका संबोधन किया गया हो । | সম্বোধন কৰা বা সম্বোধন ধৰা | सम्बोधन करा बा सम्बोधन धरा | called to, addressed. |
| संभलना | अ. क्रि. | 1. अपनी बिगड़ती हुई स्थिति को ठीक कर लेना; | চন্ডাল, স্তম্ভ; | चन्डाल, स्तम्भ; | to recover oneself (from a stumble or fall etc.); |
| | | 2. रुकना, थमना, काबू में रहना; | ৰ, স্তম্ভ, থাৱৰ; | र, स्तम्भ, थावर; | to stand, to stop; |
| | | 3. सावधान होना, चोट आदि से बचाव करना । | সাৱধান বা সতর্ক হ | सावधान बा सतर्क ह | to be alert, to be cautious. |
| संभव | वि. | जो किया जा सकता हो या हो सकता है, मुमकिन । | সম্ভৱ, হ'ব পৰা | सम्भव, ह'ब परा | possible. |
| संभवतः | क्रि. वि. | हो सकता है, शायद, मुमकिन है । | সম্ভৱতঃ, সম্ভৱ, হয়তো | सम्भवतः, सम्भव, हयतो | probably, perhaps, possibly. |
| संभार | पुं. | साज-सामान, सामग्री । | সাজ-সৰঞ্জাম, সামগ্ৰী, সম্ভাৰ | साज-सरन्जाम, सामग्री, सम्भार | equipment provision, necessaries. |
| संभाल | स्त्री. | 1. संभलने या संभालने की क्रिया या भाव; | চম্ভাল; | चम्भाल; | act or process of being alert or safe; |
| | | 2. कोई वस्तु संभाल कर रखने की क्रिया या भाव देखरेख, हिफाजत । | ভৰণ পোষণ, ৰক্ষণাবেক্ষণ, চোৱা মেলা | भरण पोषण, रक्षणाबेक्षण, चोवा मेला | care-taking, upkeeping, maintenance. |
| संभालना | स. क्रि. | 1. पालन करना, रक्षा करना, सहारा देना; | প্ৰতিপাল কৰ, চম্ভাল; | प्रतिपाल कर, चम्भाल; | to support, to sustain, to look after; |
| | | 2. प्रबंध करना, सहेजना, भार उठाना; | পৰিচালনা কৰ, তদবিৰ কৰ; | परिचालना कर, तदबिर कर; | to manage, to superintend; |
| | | 3. गिरते हुए को बीच में रोकना; | ধৰি ৰাখ, আশ্ৰয় দি; | धरि राख, आश्रय दि; | hold up, uphold, prop; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. बिगड़ते हुए संबंध में ऐसी क्रिया करना जिससे वह अधिक न बिगड़ने पाये प्रत्युत धीरे-धीरे सुधरने लगे । | ধৰি ৰাখ, ৰাখ | धरि राख, राख | to reconcile, to amend. |
| सँभाला | पुं. | मरणासन्न व्यक्ति की वह स्थिति जिसमें वह कुछ समय के लिए सँभला हुआ जान पड़े । | মৃত্যুৰ আগ মুহূৰ্তৰ চেতনা | मृत्युर आग मुहूर्त्तर चेतना | the apparent rally before death. |
| संभावना | स्त्री. | किसी घटना या बात के संबंध में वह स्थिति जिसमें उस घटना के घटित होने या उस बात के पूरे होने की शक्यता होती है । | সম্ভাৱনা | सम्भावना | possibility, probability, likelihood. |
| संभावित | वि. | जिसकी संभावना हो, मुमकिन, संभव । | সম্ভাৱিত, সম্ভৱ হোৱা | सम्भावित, सम्भव होवा | probable, likely. |
| संभाव्य | वि. | जो हो सकता हो, जो कल्पना या विचार में आ सकता हो । | সম্ভাব্য, হ'ব পৰা | सम्भाव्य, ह'ब परा | supposable, imaginable, probable. |
| संभाषण | पुं. | बातचीत, वार्तालाप । | কথা-বাৰ্তা, আলাপ | कथा-बार्त्ता, आलाप | conversation, discourse. |
| संभोक्ता | पुं. | उपभोग करनेवाला, भोगनेवाला । | উপভোগ কৰোঁতা, ভোগ কৰোঁতা | उपभोग करोंता, भोग करोंता | consumer, one who eats or enjoys. |
| संभोग | पुं. | 1. स्त्री पुरुष का मैथुन, रतिक्रीड़ा;<br>2. किसी वस्तु का किया जाने-वाला पूरा उपयोग । | স্ত্ৰী সম্ভোগ, মৈথুন;<br>সম্পূৰ্ণ ব্যৱহাৰ বা প্ৰয়োগ বা ভোগ | स्त्री सम्भोग, मैथुन;<br>सम्पूर्ण ब्यवहार बा प्रयोग बा भोग | sexual union, coition;<br>full or best use. |
| संभ्रम | पुं. | 1. उतावली, जल्दबाजी, घबराहट;<br>2. आदर, मान । | ব্যগ্ৰতা, উত্ৰাৱল অৱস্থা;<br>মান, সন্মান | ब्यग्रता, उत्रावल अवस्था;<br>मान, सन्मान | eagerness, haste, nervousness;<br>respect. |
| संभ्रांत | वि. | प्रतिष्ठित, सम्मानित । | সম্ভ্ৰান্ত, সন্মানিত, মাননীয় | सम्भ्रान्त, सन्मानित, माननीय | respectable. |
| संयत | वि. | 1. जितेंद्रिय; | জিতেন্দ্ৰিয়, সংযত; | जितेन्द्रिय, संजत; | one who has restrained his passion; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. व्यवस्थित किया हुआ; | ব্যৱস্থা কৰা, নিৰূপিত; | ब्यवस्था करा, निरूपित; | arranged; |
| | | 3. रोका हुआ, कैद किया हुआ। | নিয়ত, জব্দ হোৱা, বন্দী কৰা | नियत, जब्द होवा, बन्दी करा | fettered, captive, imprisoned. |
| संयम | पुं. | 1. चित्त की अनुचित वृत्तियों का निरोध, इन्द्रिय निग्रह, रोक, नियंत्रण; | সংযম, ইন্দ্রিয় নিগ্রহ; | संजम, इन्द्रिय निग्रह; | restraint, control, continence; |
| | | 2. हानिकारक कार्यों या बातों से बचते हुए अलग या दूर रहना। | সংযম | संजम | sobriety, temperance, forbearance. |
| संयमन | पुं. | निग्रह, दमन। | সংযম, দমন, নিয়ন্ত্রণ | संजम, दमन, नियन्त्रण | self-denial, restraint. |
| संयमित | वि. | 1. नियंत्रित, रोका हुआ; | সংযমিত, নিয়ন্ত্রিত, দমিত; | संजमित, नियन्त्रित, दमित; | restrained, checked, subdued; |
| | | 2. धार्मिक प्रवृत्तिवाला। | সংযমী | संजमी | piously disposed. |
| संयमी | पुं., वि. | संयम करनेवाला, आत्मनिग्रही। | সংযমী, আত্মসংযমী | संजमी, आत्मसंजमी | one who subdues or controls his passions, continent, temperate, sober. |
| संयुक्त | वि. | 1. किसी के साथ जुड़ा, मिला, लगा या सटा हुआ; | সংযুক্ত, যুক্ত, জড়িত; | संजुक्त, जुक्त, जड़ित; | joined, connected, united; |
| | | 2. जिसके दो या अधिक भागीदार हों। | দুটা বা অধিক অংশীদাৰৰ যোগ থকা | दुटा बा अधिक अंशीदारर जोग थका | consisting of two or more partners. |
| संयुक्ताक्षर | पुं. | वह अक्षर जो दो अक्षरों के मेल से बना हो। | সংযুক্ত অক্ষৰ, সংযুক্ত বৰ্ণ | संजुक्त अक्षर, संजुक्त बर्ण | combined consonants. |
| संयोग | पुं. | 1. दो या अधिक वस्तुओं का एक में या एक साथ होना, मेल, मिश्रण; | সংযোগ, মিলন, যোগ; | संजोग, मिलन, जोग; | combination, communion, association; |
| | | 2. आकस्मिक रूप से आनेवाली वह स्थिति जिसमें एक घटना के साथ ही कोई दूसरी घटना भी घटित हो; | সংযোগ, মিল; | संजोग, मिल; | chance, coincidence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. प्रेमी और प्रेमिका का मिलन; | প্ৰেমিক আৰু প্ৰেমিকাৰ মিলন; | प्रेमिक आरु प्रेमिकार मिलन; | union; |
| | | 4. व्याकरण में कई व्यंजनों का एक साथ होनेवाला मेल । | ব্যঞ্জনৰ লগত ব্যঞ্জনৰ সংযোগ | ब्यन्जनर लगत ब्यन्जनर संजोग | conjunct consonant. |
| **संयोगी** | वि. | जिसका संयोग हो चुका हो । | সংযোগী, যোগ হোৱা | संजोगी, जोग होवा | united, conjoined. |
| **संयोजक** | वि. | संयोजन करनेवाला । | সংযোজক, সংযোগ কৰোঁতা | संजोजक, संजोग करोंता | joining together, connecting. |
| | पुं. | 1. सभा, समिति आदि की बैठक का आयोजन करनेवाला; | সভা-সমিতিৰ বৈঠকৰ আয়োজন কৰোঁতা; | सभा-समितिर बैठकर आयोजन करोंता; | convenor; |
| | | 2. व्याकरण में वह शब्द जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने का काम करता हो । | সংযোজক অব্যয় পদ | संजोजक अव्यय पद | conjunction (gram.). |
| **संयोजन** | पुं. | 1. जोड़ने, मिलाने की क्रिया; | সংযোজন, জোৰা লগোৱা কাৰ্য্য, মিলন; | संजोजन, जोरा लगोवा कार्ज्य, मिलन; | act of joining or uniting with; |
| | | 2. कार्य का आयोजन या व्यवस्था, प्रबन्ध । | আয়োজন, ব্যৱস্থা | आयोजन, ब्यवस्था | arrangement. |
| **संयोजित** | वि. | जिसका संयोजन हुआ हो या किया गया हो । | সংযোজিত, আয়োজিত | संजोजित, आयोजित | conjoined, attached. |
| **संरक्षक** | वि., पुं. | 1. देखभाल, निरीक्षण करनेवाला, आश्रयदाता; | সংৰক্ষক, ৰক্ষা কৰোঁতা, অভিভাবক; | संरक्षक, रक्षा करोंता, अभिभावक; | custodian, protector, guardian; |
| | | 2. संस्थाओं आदि में वह बड़ा और मान्य व्यक्ति जो उसके प्रधान पोषकों या समर्थकों में माना जाता हो । | পৃষ্ঠপোষক | पृष्ठपोषक | patron. |
| **संरक्षणीय** | वि. | संरक्षण का अधिकारी या पात्र । | সংৰক্ষণীয়, সংৰক্ষণ যোগ্য বা পাত্ৰ | संरक्षणीय, संरक्षणा जोग्य बा पात्र | worthy of being protected or guarded against. |
| **संरक्षित** | वि. | जिसका संरक्षण किया गया हो या हुआ हो । | সংৰক্ষিত, সংৰক্ষণ কৰা | संरक्षित, संरक्षण करा | protected, guarded, preserved. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संरचना | स्त्री. | 1. कोई ऐसी वस्तु बनाने की क्रिया या भाव जिसमें अनेक प्रकार के बहुत से अंगों-उपांगों का प्रयोग करना पड़ता हो;<br>2. उक्त प्रकार से बनी हुई कोई चीज । | জটিল ৰচনা বা নিৰ্ম্মাণ;<br>জটিল গঠন | जटिल रचना बा निर्म्माण;<br>जटिल गठन | construction;<br>structure. |
| संलग्न | वि. | किसी के साथ मिला हुआ, लगा हुआ, जुड़ा हुआ । | লগ লগা, মিলি থকা, সংলগ্ন | लग लगा, मिलि थका, संलग्न | attached, enclosed, appended. |
| संलाप | पुं. | 1. आपस की बातचीत, वार्तालाप;<br>2. अपने आप बकना या बड़बड़ाना । | সংলাপ, আলাপ-আলোচনা, কথোপকথন;<br>ভোৰভোৰণি, বকবকনি | संलाप, आलाप-आलोचना, कथोपकथन;<br>भोरभोरणि, बकबकनि | conversation, discourse;<br>ramble. |
| संवत् | पुं. | सन्, वर्ष, साल । | সন, চন, সাল | सन, चन, साल | year, era (as Saka or Vikram). |
| संवत्सर | पुं. | दे. 'संवत्' । | সন, চন, সাল | सन, चन, साल | see 'संवत्'. |
| संवरण | पुं. | 1. मनोवेग आदि को दबाकर वश में रखना;<br>2. छिपाना, परदा करना । | মনৰ সংযম, ইন্দ্ৰিয় দমন;<br>ঢাকন, গোপন কৰা বা লুকুওৱা কাৰ্য্য | मनर संजम, इन्द्रिय दमन;<br>ढाकन, गोपन करा बा लुकुओवा कार्ज्य | subjugation of passions;<br>covering, screening, hiding, concealment. |
| संवरना | अ. क्रि. | अच्छी या ठीक दशा को प्राप्त होना, सुन्दर रूप में आना । | সাজ, সজা, অলংকৃত কৰ | साज, सजा, अलंकृत कर | to be made up, to be decorated, to be arranged. |
| संवर्ग | पुं. | कार्यालयों आदि में सेवा अथवा पद का एक विशिष्ट वर्ग । | সেৱাৰ বা পদবীৰ মৰ্য্যাদাগত শ্ৰেণী | सेवार बा पदबीर मर्ज्यादागत श्रेणी | cadre. |
| संवर्ती | वि. | किसी के साथ वर्तमान रहने या होनेवाला या एक ही काल में औरों के साथ प्रायः उसी रूप में परन्तु भिन्न-भिन्न स्थानों में होनेवाला । | সমকালীন, সমসাময়িক | समकालीन, समसामयिक | contemporary, contemporaneous. |
| संवर्द्धक | वि. | बढ़ानेवाला । | সংবৰ্দ্ধক, বঢ়াওঁতা | संबर्द्धक, बढ़ाओंता | augmenting, increasing. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संवर्द्धन** | पुं. | **1. अच्छी तरह बढ़ना या बढ़ाना;** | সংবৰ্ধন, ভালদৰে বঢ়া কাৰ্য্য; | संबर्द्धन, भालदरे बढ़ा कार्ज्य; | augmenting, increasing; |
| | | **2. पालपोसकर बड़ा करना।** | লালন-পালন | लालन-पालन | bringing up, rearing, raising. |
| **संवर्द्धित** | वि. | **जिसका संवर्द्धन किया गया हो या हुआ हो।** | বৰ্দ্ধিত, তুলিতালি ডাঙৰ কৰা | बर्द्धित, तुलितालि डाङर करा | brought up, raised. |
| **संवाद** | पुं. | **1. बातचीत, वार्तालाप;** | কথোপকথন, আলাপ-আলোচনা; | कथोपकथन, आलाप-आलोचना; | conversation, discourse; |
| | | **2. खबर, समाचार;** | খবৰ, বাতৰি; | खबर, बातरि; | information, news; |
| | | **3. सादृश्य आदि के कारण चीजें, बातें आदि का आपस में ठीक बैठना या मेल खाना।** | মিল যোৱা বা খাপ খোৱা অৱস্থা বা কাৰ্য্য | मिल जोवा बा खाप खोवा अवस्था बा कार्ज्य | conformity, correspondence, harmonisation, concordance (in music). |
| **संवाददाता** | पुं. | **समाचार भेजनेवाला।** | সংবাদদাতা, বাতৰি যোগনিয়াৰ | संबाददाता, बातरि जोगनियार | correspondent, pressman. |
| **संवादी** | वि. | **1. किसी के साथ अनुकूल पड़ने, बैठने या होनेवाला;** | মিল থকা, অনুকূল হোৱা; | मिल थका, अनुकूल होवा; | agreeing or harmonizing with, corresponding to; |
| | | **2. बात करनेवाला।** | কথা পাতোঁতা | कथा पातोंता | speaking, conversing. |
| | पुं. | **संगीत में वह स्वर जिसका वादी से मेल हो और जो राग विशेष में वादी से कम पर अन्य स्वरों से अधिक मेल रखता हो।** | (সংগীতত) ৰাগ-বিশেষে বাদী বা তাতকৈ তলৰ ৰাগৰ লগত মিলা সুৰ বিশেষ | (संगीतत) राग-बिशेषे बादी बा तातकै तलर रागर लगत मिला स्वर बिशेष | sub-ominent or the note next in importance to Vadi in a rag. |
| **संवारना** | स. क्रि. | **1. सुसज्जित करना, सजाना;** | সজা, সুসজ্জিত কৰ; | सजा, सुसज्जित कर; | to dress, to decorate; |
| | | **2. ठीक करना, तरतीब में रखना;** | শৃঙ্খলা লগা; | शृङखला लगा; | to arrange, to methodize; |
| | | **3. सुधारना, मरम्मत करना।** | মেৰামতি কৰ, শুধৰা | मेरामति कर, शुधरा | to correct, to mend, to improve. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संविदा | स्त्री. | कुछ खास शर्तों पर आपस में होनेवाला किसी प्रकार का इकरार या समझौता । | ঠিকা, চৰ্ত, সংবিদা নিৱিদা | ठिका, चर्त्त, संबिदा निविदा | contract. |
| संविदाकार | पुं., वि. | इकरार या समझौता करनेवाला । | ঠিকাদাৰ | ठिकादार | contractor, contracting. |
| संविधान | पुं. | 1. राजनीति और शासनतंत्र में कानून के रूप में बने हुए वे मौलिक नियम और सिद्धांत जिनके अनुसार किसी राज्य, राष्ट्र या संस्था का संघटन और संचालन होता है; | সংবিধান, শাসন-বিধি; | संबिधान, शासन-बिधि; | constitution; |
| | | 2. व्यवस्था, प्रबन्ध । | ব্যৱস্থা | ब्यवस्था | arrangement. |
| संविधि | पुं. | विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव जो विधान के अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है । | সংবিধি, পৰিনিয়ম | संबिधि, परिनियम | statute. |
| संवेदन | पुं. | 1. अनुभूति या प्रतीति; | সংবেদন, অনুভূতি; | संबेदन, अनुभूति; | sensation, feeling; |
| | | 2. किसी को किसी बात का ज्ञान या बोध कराना । | সংবেদন, জ্ঞাপন | संबेदन, ज्ञापन | making known, communication. |
| संवेदना | स्त्री. | मन में होनेवाला बोध या अनुभव, अनुभूति । | মনৰ অনুভূতি, বোধ, সংবেদনা | मनर अनुभूति, बोध, संबेदना | sensitivity, sensation. |
| संवेद्य | वि. | जिसकी अनुभूति या ज्ञान हो सकता हो । | জানিব পৰা, বোধগম্য | जानिब परा, बोधगम्य | intelligible, perceptible, worth experiencing. |
| संशय | पुं. | 1. संदेह, अनिश्चय; | সন্দেহ, অনিশ্চয়তা; | सन्देह, अनिश्चयता; | uncertainty, doubt; |
| | | 2. खतरे या संकट की आशंका या संभावना । | সংকটৰ আশংকা বা সদ্ভাৱনা | संकटर आशंका बा सद्भावना | risk, peril, danger. |
| संशयात्मक | वि. | संदेहपूर्ण, अनिश्चित । | সন্দেহজনক, অনিশ্চয়, অনিশ্চিত | सन्देहजनक, अनिश्चय, अनिश्चित | dubious, uncertain. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संशयी** | वि. | संशय, संदेह करनेवाला, शक्की । | সংশয়ী, সন্দেহ-কৰোঁতা | संशयी, सन्देह-करोंता | wavering, doubtful, sceptic. |
| **संशोधक** | पुं. | 1. सुधारनेवाला;<br>2. (तत्व) जो किसी बात या पदार्थ की शुद्धि में सहायक होता हो । | শুধৰাওতা, সংশোধন কৰোঁতা;<br>পৰিশোধক, সংশোধক | शुधराओता, संशोधन करोंता;<br>परिशोधक, संशोधक | mendor, rectifier;<br>purifier. |
| **संशोधन** | पुं. | 1. शुद्ध करना या साफ करना;<br>2. त्रुटि, दोष आदि दूर करके ठीक और दुरुस्त करना । | সংশোধন, শুদ্ধি;<br>শুধৰণি, সংশোধনি | संशोधन, शुद्धि;<br>शुधरणि, संशोधनि | purification, cleansing;<br>correction, amendment. |
| **संशोधित** | वि. | 1. शुद्ध किया हुआ;<br>2. सुधारा हुआ । | শোধিত, শুদ্ধ কৰা;<br>সংশোধিত, শুদ্ধ কৰা | शोधित, शुद्ध करा;<br>संशोधित, शुद्ध करा | completely cleansed and purified;<br>corrected, amended. |
| **संश्लिष्ट** | वि. | अच्छी तरह जुड़ा, मिला या लगा हुआ । | সংশ্লিষ্ট, জড়িত, মিশ্রিত, সমাহিত | संश्लिष्ट, जड़ित, मिश्रित, समाहित | mixed up, synthesised. |
| **संसद** | स्त्री. | शासन संबंधी कार्यों सहायता देने, नये विधान बनाने तथा पुराने विधानों में संशोधन करने के लिए प्रजा द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा । | সংসদ, মহাসভা | संसद, महासभा | parliament. |
| **संसर्ग** | पुं. | संयोग, मेल, लगाव या संबंध । | সংসর্গ, সংযোগ, সম্বন্ধ, মিল | संसर्ग, संजोग, सम्बन्ध, मिल | contact, company association. |
| **संसर्गी** | वि. | संसर्ग या लगाव रखनेवाला । | সংযোগী, সম্বন্ধীয়, সম্পৰ্কীয় | संजोगी, सम्बन्धीय, सम्पर्कीय | keeping company with, familiar, associate. |
| **संसार** | पुं. | दुनिया, मर्त्यलोक । | সংসাৰ, মৰ্ত্যলোক | संसार, मर्त्यलोक | mundane existence, the world. |
| **संसारी** | वि. | 1. संसार संबंधी, लौकिक; | সংসাৰ সম্বন্ধীয়, লৌকিক; | संसार सम्बन्धीय, लौकिक; | mundane, worldly; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. गृहस्थ जीवन व्यतीत करनेवाला | সংসাৰী, গৃহস্থী, গৃহী; | संसारी, गृहस्थी, गृही; | one who has a family; |
| | | 3. लोक व्यवहार में कुशल । | সংসাৰী, সাংসাৰিক | संसारी, सांसारिक | a worldly man. |
| संस्करण | पुं. | 1. पुस्तकों आदि की एक बार में एक ही तरह की होनेवाली छपाई, आवृत्ति; | সংস্কৰণ, তাঙৰণ; | संस्करण, ताङरण; | edition, issue (of a journal); |
| | | 2. दुरुस्त या शुद्ध करना, सुधारना । | সংশোধন, সংস্কৰণ | संशोधन, संस्करण | correction, improvement. |
| संस्कार | पुं. | 1. किसी वस्तु को ठीक या दुरुस्त करके उचित रूप देने की क्रिया, परिष्कार; | সংস্কাৰ, যথোচিত ৰূপ দান; | संस्कार, जथोचित रूप दान; | refinement; |
| | | 2. पूर्वजन्म के आचार-व्यवहार, पाप-पुण्य आदि का आत्मा पर पड़ा हुआ वह प्रभाव जो मनुष्य के परवर्ती जन्म में उसके कार्यों, प्रवृत्तियों, रुचियों आदि के रूप में प्रकट होता है; | (পূৰ্ব্বজনমৰ) সংস্কাৰ; | (पूर्ब्बजनमर) संस्कार; | mental impressions (forming the mind); |
| | | 3. हिन्दुओं में जन्म से मरण तक होनेवाले वे विशिष्ट धार्मिक कृत्य जो द्विजातियों के लिए विहित हैं । | দশ সংস্কাৰ | दश संस्कार | ritual, sacrament, ceremony. |
| संस्कारी | वि. | अच्छे संस्कारवाला । | সংস্কৃত, মাৰ্জ্জিত | संस्कृत, मार्ज्जित | cultured, refined. |
| संस्कृत | वि. | 1. संस्कार द्वारा शुद्ध, पवित्र किया हुआ; | সংস্কৃত, পৰিমাৰ্জ্জিত; | संस्कृत, परिमार्ज्जित; | cultured; |
| | | 2. परिमार्जित, परिष्कृत । | পৰিশোধিত, পৰিষ্কৃত | परिशोधित, परिष्कृत | refined, polished. |
| | स्त्री. | भारतीय आर्यों की प्राचीन साहित्यिक भाषा जिसमें उनके धर्मग्रन्थ आदि हैं । | সংস্কৃত (ভাষা) | संस्कृत (भाषा) | Sanskrit (language) |
| संस्कृति | स्त्री. | 1. आचरणगत परम्परा, सभ्यता; | সংস্কৃতি, কৃষ্টি; | संस्कृति, कृष्टि; | civilization, culture; |
| | | 2. संस्कार करने की क्रिया या भाव । | সংস্কাৰ কৰা কাৰ্য্য বা ভাৱ | संस्कार करा कार्ज्य बा भाव | perfection, purification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **संस्ताव** | पुं. | 1. सिफारिश;<br>2. प्रशंसा, स्तुति;<br>3. यज्ञ में स्तुति करनेवाले ब्राह्मणों के बैठने का स्थान । | অনুমোদন, অনুৰোধ, সুপাৰিচ;<br>প্ৰশংসা, স্তুতি;<br>যজ্ঞত স্তুতি গোৱা ব্ৰাহ্মণ বহা ঠাই | अनुमोदन, अनुरोध, सुपारिच;<br>प्रशंसा, स्तुति;<br>जज्ञत स्तुति गोवा ब्राह्मण बहा ठाइ | recommendation;<br>praise, celebration;<br>the place which Brahmanas reciting hymns and prayers occupy at a sacrifice. |
| **संस्था** | स्त्री. | संघटित वर्ग, समाज या समूह, सभा, समिति । | সংস্থা, সংঘ, সমাজ | संस्था, संघ, समाज | institution, organisation. |
| **संस्थान** | पुं. | 1. साहित्य, कला, विज्ञान आदि की उन्नति के लिए स्थापित संस्था या संघटन;<br>2. ढांचा, संरचना । | অনুস্থান, সংঘ, সংস্থান;<br>নিৰ্ম্মাণ, গঠন | अनुस्थान, संघ, संस्थान;<br>निर्म्माण, गठन | institute;<br>structure, configuration. |
| **संस्थापक** | पुं. | 1. स्थापित करनेवाला;<br>2. नये काम या बात का प्रवर्तन करनेवाला । | স্থাপন কৰোঁতা;<br>প্ৰবৰ্ত্তক, অগ্ৰণী | स्थापन करोंता;<br>प्रबर्त्तक, अग्रणी | founder;<br>precursor, pioneer. |
| **संस्थापन** | पुं. | 1. स्थापित करना;<br>2. कोई नया काम या नई बात चलाना । | সংস্থাপন, স্থাপন, থাপন;<br>প্ৰবৰ্ত্তন, প্ৰচলন | संस्थापन, स्थापन, थापन;<br>प्रबर्त्तन, प्रचलन | the act of establishing, founding;<br>pioneering, introducing something. |
| **संस्थापना** | स्त्री. | दे. 'संस्थापन' । | সংস্থাপন, প্ৰবৰ্ত্তন | संस्थापन, प्रबर्त्तन | see '**संस्थापन**'. |
| **संस्थापित** | वि. | स्थापित किया हुआ । | সংস্থাপিত, স্থাপিত থাপন কৰা | संस्थापित, स्थापित, थापन करा | established, founded. |
| **संस्मरण** | पुं. | 1. इष्ट देव आदि का बारबार स्मरण करना या उनका नाम जपना;<br>2. किसी व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण और मुख्य घटनाओं या बातों का उल्लेख या कथन । | ইষ্ট দেৱতাৰ নাম জপ বা স্মৰণ;<br>সোঁৱৰণি, সোঁৱৰণ, স্মৃতিলেখা কথন | इष्ट देवतार नाम जप बा स्मरण;<br>सोंवरणि, सोंवरण, स्मृतिलेखा | remembering, calling to mind;<br>memoirs, reminiscences, recollections. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| संस्मरणीय | वि. | 1. बहुत दिनों तक याद रहने लायक; | স্মৰণীয়; | स्मरणीय; | to be remembered for a long time; |
| | | 2. जिसका नाम-जप आदि करना आवश्यक और उचित हो । | স্মৰণীয়, স্মৰণৰ যোগ্য | स्मरणीय, स्मरणर जोग्य | worthy of being worshipped. |
| संस्मृति | स्त्री. | पूर्ण स्मृति, पूरी याद । | পূৰ্ণ স্মৃতি, সম্পূৰ্ণ স্মৰণ | पूर्ण स्मृति, सम्पूर्ण स्मरण | remembrance, recollection. |
| संहार | पुं. | 1. ध्वंस, नाश; | ধ্বংস, নাশ; | ध्वंस, नाश; | annihilation, destruction; |
| | | 2. बहुत से व्यक्तियों की युद्ध आदि में एक-साथ होनेवाली हत्या । | সংহাৰ, সামূহিক-হত্যাকান্ড | संहार, सामूहिक-हत्याकाण्ड | massacre. |
| संहारक | वि., पुं. | नाश करनेवाला । | সংহাৰক, ধ্বংসকাৰী | संहारक, ध्वंसकारी | destroyer, ruiner, destructor. |
| संहिता | स्त्री. | 1. वेदों का मन्त्रभाग; | বেদৰ মন্ত্ৰভাগ, সংহিতা; | बेदर मन्त्रभाग, संहिता; | arrangement of the text of the Vedas; |
| | | 2. संग्रह, संकलन; | সংগ্ৰহ, সংকলন; | संग्रह, संकलन; | collection, compilation, compendium; |
| | | 3. राजकीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया हुआ नियमों-विधियों आदि का संग्रह । | আইন-কানুনৰ সংগ্ৰহ, সংহিতা | आइन-कानुनर संग्रह, संहिता | compendium or compilation of laws, code, digest. |
| सकना | अ. क्रि. | समर्थ होना, योग्य होना । | সমৰ্থ হ, যোগ্য হ | समर्थ ह, जोग्य ह | can, may, to be able, to be competent. |
| सकपकाना | अ. क्रि. | 1. चकित होना; | চক খা আচৰিত হ; | चक खा, आचरित ह; | to be startled; |
| | | 2. लज्जा आदि के कारण घबड़ाहट में पड़ जाना; | (লাজত) ইতস্তত: কৰ, সংকুচিত হ; | (लाजत) इतस्ततः कर, संकुचित ह; | to be unnerved out of blushing or hesitation; |
| | | 3. हिचकना, आगापीछा करना । | ঘেঁহুনেহু কৰ, দোমোজাত পৰ ইতস্তত: কৰ | घेंहुनेहु कर, दोमोजात पर इतस्ततः कर | to hesitate, to be dubious. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सकर्मक | वि. | (वह क्रिया) जिसका प्रभाव कर्ता पर न पड़कर दूसरे पर पड़े । | সকৰ্ম্মক (ক্ৰিয়া) | सकर्म्मक (क्रिया) | (in Gram.) having an object, transitive. |
| सकल | वि. | सब, समस्त, कुल । | সকলো, সমস্ত | सकलो, समस्त | all, entire, whole. |
| सकाम | वि. | कामनायुक्त, फलाकांक्षा से युक्त । | কামনাযুক্ত, সকাম | कामनाजुक्त, सकाम | desirous of, lustful. |
| सकारना | स. क्रि. | 1. हुंडी पर हस्ताक्षर करके उसे स्वीकार कर लेना; 2. स्वीकार करना, मान लेना । | স্বাক্ষৰ কৰি গ্ৰহণ কৰ বা স্বীকাৰ কৰ; স্বীকাৰ কৰ, মানি ল | स्वाक्षर करि ग्रहण कर वा स्वीकार कर; स्वीकार कर, मानि ल | to accept or endorse as accepted (a bill); to accept, to agree. |
| सकुचाना | अ. क्रि. | 1. संकोच करना, शरमाना; 2. फूलों आदि का संपुटित या बंद होना । | লাজ কৰ, সংকোচ কৰ; জঁয় পৰ, লেৰেল | लाज कर, संकोच कर; जँय पर, लेरेल | to hesitate, to blush; to wither (as a flower). |
| सकोरा | पुं. | मिट्टी की एक प्रकार की छोटी कटोरी । | মাটিৰ সৰু পাত্ৰ | माटिर सरु पात्र | small earthen cup. |
| सक्का | पुं. | भिश्ती, मशक में पानी भरकर पिलानेवाला । | চামচাৰ মোনাত পানী কঢ়িয়াই বিলাই ফুৰা মানুহ | चामचार मोनात पानी कढ़ियाइ बिलाइ फुरा मानुह | water-carrier. |
| सक्रिय | वि. | 1. क्रियायुक्त; 2. जो क्रियात्मक रूप में हो । | ক্ৰিয়া থকা (বাক্য); সক্ৰিয় | क्रिया थका (वाक्य); सक्रिय | having a verb; active. |
| सक्षम | वि. | 1. क्षमतायुक्त, समर्थ; 2. जो किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए उपयुक्त फलतः उसका अधिकारी या पात्र हो । | শক্তি থকা; পাত্ৰ, উপযুক্ত, যোগ্য | शक्ति थका; पात्र, उपजुक्त, जोग्य | capable, efficient; competent. |
| सक्षमता | स्त्री. | सक्षम होने की अवस्था, गुण या भाव । | সক্ষমতা, সামৰ্থ্য | सक्षमता, सामर्थ्य | capability, competence. |
| सखा | पुं. | दोस्त, मित्र, सहचर । | সখি, সখা, বন্ধু | सखि, सखा, बन्धु | friend, associate, companion. |
| सखी | स्त्री. | सहेली, सहचरी, संगिनी । | সখি, বান্ধবী | सखी, बान्धवी | a woman's friend, companion, a female friend or confidant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सख्त** | वि. | **1. कठोर, कड़ा;** | টান, কঠিন, কঠোৰ; | टान, कठिन, कठोर; | hard, stiff, strong; |
| | | **2. कठिन, मुश्किल;** | টান, কঠিন; | टान, कठिन; | difficult, arduous; |
| | | **3. तीक्ष्ण, तेज;** | তীক্ষ্ণ, তীব্ৰ, উগ্ৰ; | तीक्ष्ण, तीव्र, उग्र; | intense, vehement, violent; |
| | | **4. बहुत अधिक ।** | অত্যধিক | अत्यधिक | excessive. |
| **सख्ती** | स्त्री. | **1. कड़ापन, कठोरता;** | কঠিনতা, কঠোৰতা; | कठिनता, कठोरता; | strictness, stiffness, rigidity; |
| | | **2. कठोर व्यवहार ।** | নিষ্ঠুৰতা, কঠোৰতা, নিৰ্দয়তা | निष्ठुरता, कठोरता, निर्दयता | atrocity, cruelty. |
| **सगा** | वि. | **1. एक ही माता से उत्पन्न, सहोदर;** | সহোদৰ, সগৰ্ভী; | सहोदर, सगर्भी; | real, born of the same parents; |
| | | **2. रिश्ते में अपने ही कुल या परिवार का ।** | আত্মীয়, আপোন, তেজৰ সম্বন্ধ থকা | आत्मीय, आपोन, तेजर सम्बन्ध थका | kin, blood relation. |
| **सगाई** | स्त्री. | **विवाह का ठहराव, मंगनी ।** | (বিবাহৰ) কথা দিয়া, | (बिबाहर) कथा दिया | betrothal. |
| **सगुण** | वि. | **गुण से युक्त ।** | সগুণ, গুণযুক্ত, গুণময় | सगुण, गुणजुक्त, गुणमय | possessing good qualities or attributes; |
| | पुं. | **संत्व, रज, तम – तीनों गुणों से युक्त परमात्मा का वह रूप जिसमें वह लौकिक प्राणियों सदृश आचरण करता है ।** | পৰমাত্মাৰ সগুণ ৰূপ | परमात्मार सगुण रूप | God incarnation possessed of attributes. |
| **सगुणोपासना** | स्त्री. | **साकार ब्रह्म की उपासना** | সাকাৰ ব্ৰহ্মৰ উপাসনা | साकार ब्रह्मर उपासना | worship of God possessed of attributes. |
| **सगोत्र** | वि. | **एक ही गोत्र का ।** | সগোত্ৰী, একে গোত্ৰৰ | सगोत्री, एके गोत्रर | being of the same family or kin, related. |
| **सघन** | वि. | **घना, अविरल, ठोस ।** | ঘন, ডাঠ | घन, डाठ | thick, dense, solid. |
| **सघनता** | स्त्री. | **सघन होने की अवस्था, गुण या भाव ।** | ঘনত্ব, ঘনতা | घनत्व, घनता | denseness, intensity. |
| **सच** | वि. | **जो यथार्थ हो, वास्तविक ।** | সঁচা, যথাৰ্থ, খাঁটি | सँचा, जथार्थ, खाँटि | true, real. |
| | पुं. | **सच्ची बात ।** | সঁচা কথা | सँचा कथा | truth, reality. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सचमुच** | क्रि. वि. | यथार्थतः, ठीक-ठाक, वास्तव में । | সঁচাকৈ, আচলতে, দৰাচলতে | सँचाकै, आचलते, दराचलते | truly, verily, indeed. |
| **सचाई** | स्त्री. | 1. सत्यता, वास्तविकता; 2. ईमानदारी । | সত্যতা, যথাৰ্থতা; সততা, বিশ্বাস | सत्यता, जथार्थता; सतता, बिश्वास | truth, reality; sincerity, honesty. |
| **सचित्र** | वि. | चित्रों से युक्त । | সচিত্ৰ, চিত্ৰ থকা | सचित्र, चित्र थका | pictorial, illustrated. |
| **सचिव** | पुं. | 1. मंत्री या वजीर; 2. किसी बड़े अधिकारी या विभाग का वह व्यक्ति जो अभिलेख आदि सुरक्षित रखता हो और मुख्य रूप से पत्र-व्यवहार आदि की व्यवस्था करता हो । | মন্ত্ৰী, মন্ত্ৰণাদাতা; সচিব, সম্পাদক | मन्त्री, मन्त्रणादाता; सचिव, सम्पादक | minister, counsellor; secretary. |
| **सचिवालय** | पुं. | वह स्थान जहां राज्य के प्रमुख विभागों के सचिवों और प्रमुख अधिकारियों के कार्यालय हों । | সচিবালয়, মন্ত্ৰণালয় | सचिवालय, मन्त्रणालय | secretariat. |
| **सचेत** | वि. | 1. जिसमें चेतना हो; 2. सतर्क, सावधान । | সচেতন, চেতনা থকা; সতৰ্ক, সাবধান | सचेतन, चेतना थका; सतर्क, सावधान | conscious; watchful, on (one's) guard. |
| **सचेतक** | पुं. | 1. सचेत या सजग रखने-वाला; 2. संसद आदि में वह अधिकारी जिसका कर्त्तव्य सदस्यों को इस विषय में सचेत कराना होता है कि अमुक प्रस्ताव पर मत देने के लिए आपकी उपस्थिति आवश्यक है । | সচেতন, সজাগ, সতৰ্ক; অধ্যক্ষ, হুইপ | सचेतन, सजाग, सतर्क; अध्यक्ष, हुइप | one who cautions; whip (political). |
| **सचेतन** | वि. | चेतनायुक्त । | সচেতন, সজাগ | सचेतन, सजाग | conscious. |
| **सचेष्ट** | वि. | चेष्टाशील, चेष्टा करनेवाला । | সচেষ্ট, চেষ্টাশীল | सचेष्ट, चेष्टाशील | making efforts, acting. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सच्चा | वि. | 1. सच बोलनेवाला, सत्यवादी; 2. ईमानदार; 3. जिसमें कोई खोट या मैल न हो । | সত্যবাদী, সঁচাকথীয়া; বিশ্বাসী, সত্যবান; নিৰ্ম্মল, নিৰ্দোষ | सत्यबादी, सँचाकथीया; बिश्वासी, सत्यबान; निर्म्मल, निर्दोष | true, genuine, real; honest, sincere; pure, unalloyed. |
| सजग | वि. | सतर्क, सावधान, होशियार | সজাগ, সতৰ্ক, হুচিয়াৰ | सजाग, सतर्क, हुचियार | alert, cautious, vigilant. |
| सजधज | स्त्री. | सजावट, बनाव-सिंगार । | সাজন-কাচন, সাজ-সজ্জা | साजन-काचन, साज-सज्जा | ornamentation, adorning. |
| सजन | पुं. | 1. स्त्री का पति, स्वामी; 2. प्रियतम के लिए शिष्ट संबोधन । | পতি, স্বামী; প্ৰিয়তমক কৰা সম্বোধন | पति, स्वामी; प्रियतमक करा सम्बोधन | husband; beloved, dear, darling. |
| सजना | अ. क्रि. | 1. वस्त्रादि से अलंकृत होना; 2. सुन्दर जान पड़ना, सुशोभित होना । | পোছাক কৰ, পিন্ধ, সাজ-পাৰ কৰ; সুসজ্জিত হ, সাজি-কাচি ওলা | पोछाक कर, पिन्ध, साज-पार कर; सुसज्जित ह, साजि-काचि ओला | to be adorned or decorated; to be well arranged, neatly dressed. |
| | पुं. | प्रियतम । | প্ৰিয়তম, প্ৰেমিক | प्रियतम, प्रेमिक | lover. |
| सजनी | स्त्री. | सखी, सहेली । | সখি, বান্ধবী, প্ৰিয়া | सखी, बान्धबी, प्रिया | sweetheart, beloved, wife. |
| सजल | वि. | जलयुक्त, भीगा हुआ । | তিতা, ভিজা, পানী লগা | तिता, भिजा, पानी लगा | wet, moist, humid. |
| सजा | स्त्री. | अपराध, आदि के कारण अपराधी को दिया जानेवाला दंड । | সাজা, শাস্তি, দন্ড | साजा, शास्ति, दण्ड | punishment, penalty. |
| सजाति | वि. | एक ही जाति का, वर्ग का । | স্বজাতীয়, একে জাতিৰ | स्वजातीय, एके जातिर | of one and the same species, of the same tribe or caste or race. |
| सजातीय | वि. | दे. 'सजाति' । | স্বজাতীয় | स्वजातीय | see 'सजाति' |
| सजाना | स. क्रि. | 1. वस्तुओं को ऐसे क्रम से रखना कि वे आकर्षक और सुन्दर जान पड़ें; | সজা, শুৱনীকৈ ৰাখ; | सजा, शुवनीकै राख; | to furnish, to arrange; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अलंकृत करना, किसी वस्तु को ऐसी वस्तुओं से युक्त करना कि वह सुन्दर जान पड़े । | অলঙ্কৃত কৰ, শুৱনী কৰ | अलंकृत कर, शुवनी कर | to decorate, to beautify. |
| **सजावट** | स्त्री. | सजे हुए होने की अवस्था, क्रिया या भाव, शोभा । | সাজন-কাচন, শোভা | साजन-काचन, शोभा | decoration, ornamentation. |
| **सजीला** | वि. | 1. सजधजवाला, सजधज से रहनेवाला;<br>2. सुन्दर, आकर्षक । | সাজি-কাচি থকা, পৰিপাটীকৈ পোছাত কৰোঁতা; সুন্দৰ, মনোহৰ, শুৱনী | साजि-काचि थका, परिपाटिकै पोछात करोंता; सुन्दर, मनोहर, शुवनी | well-dressed;<br>graceful, handsome. |
| **सजीव** | वि. | जीवयुक्त, जिसमें प्राण हो । | সজীৱ, জীয়া, জীৱন্ত | सजीव, जीया, जीवन्त | having life, living, alive. |
| **सजीवता** | स्त्री. | सजीव होने का भाव । | সজীৱতা, জীৱিত অৱস্থা বা ভাৱ | सजीवता, जीवित अवस्था वा भाव | liveliness. |
| **सज्जन** | वि., पुं. | भला आदमी, सत्पुरुष । | সজ্জন, সুপুৰুষ, ভদ্ৰলোক | सज्जन, सुपुरुष, भद्रलोक | well-born, gentleman, nobleman, gentle, noble. |
| **सज्जनता** | स्त्री. | सज्जन होने की अवस्था, गुण या भाव । | ভদ্ৰতা, সজ্জনতা, শিষ্টতা | भद्रता, सज्जनता, शिष्टता | gentility, nobility. |
| **सज्जा** | स्त्री. | साज-सामान । | সা-সজুলি, সাজ-সৰঞ্জাম | सा-सजुलि, साज-सरन्जाम | apparatus, equipment. |
| **सज्जित** | वि. | 1. सजा हुआ, अलंकृत;<br>2. सामान आदि से युक्त । | সজ্জিত, পিন্ধা উৰা কৰা;<br>সা-সজুলি থকা | सज्जित, पिन्धा उरा करा;<br>सा-सजुलि थका | dressed, decorated, embellished;<br>equipped. |
| **सज्जी** | स्त्री. | एक प्रकार की क्षार युक्त मिट्टी । | সাজি-মাটি, খাৰ মাটি | साजि-माटि, खार माटि | saltpetre. |
| **सटक** | स्त्री. | 1. चुपके से चल देने की क्रिया;<br>2. तंबाकू पीने का लम्बा लचीला नैचा जो अन्दर छल्लेदार तार देकर बनाया जाता है । | পলাই পত্ৰং দিয়া কাৰ্য্য বা অৱস্থা;<br>হোকাৰ লেহুকা নলিচা | पलाइ पत्रं दिया कार्ज्य वा अवस्था;<br>होकार लेहुका नलिचा | act of slinking off or away;<br>huqqa-snake. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सटकना | अ. क्रि. | धीरे से खिसक जाना, चल देना, चंपत होना । | পলাই পত্ৰং দি, মোৰ পোলোকা দি, ভাগ | पलाइ पत्रं दि, मोर पोलोका दि, भाग | to disappear, to run away, to slink away, to decamp, to vanish. |
| सटकाना | स. क्रि. | छड़ी आदि से मारना । | বেঁতেৰে কোবা, বেঁতা | बेंतरे कोबा, बेंता | to strike with a cane. |
| सटना | अ. क्रि. | दो वस्तुओं का एक साथ लग जाना, चिपकना । | লাগি ধৰ, এঠা লাগ | लागि धर, एठा लाग | to stick, to adhere, to come close. |
| सटपटाना | अ. क्रि. | हिचकिचाना, भौचक्का होना । | ঘেঁহুনেহু কৰ, ইতস্ততঃ কৰ, কিংকৰ্তব্য বিমূঢ় হ, স্তব্ধ হ | घेंहुनेहु कर, इतस्ततः कर, किंकर्त्तव्य बिमूढ़ ह स्तब्ध ह | to be amazed or to be confounded, to be unnerved. |
| सटाना | स. क्रि. | 1. जोड़ना, मिलाना; | জোৰা, লগ লগা; | जोरा, लग लगा; | to join, to unite, to graft (in); |
| | | 2. चिपकाना । | খুৱা, লগা, এঠা লগা | खुवा, लगा, एठा लगा | to stick (in or on), to paste. |
| सटीक | वि. | 1. जिसमें मूल के साथ टीका भी हो; | সটীক, টীকাযুক্ত (মূল পাঠ); | सटीक, टीकाजुक्त (मूल पाठ); | accompanied or explained by a commentary; |
| | | 2. बिलकुल ठीक, उपयुक्त । | উপযুক্ত, ঠিক, নিৰ্ভুল | उपजुक्त, ठिक, निर्भुल | apt, befitting, correct and accurate. |
| सटोरिया | पुं. | जो सट्टा खेलने का शौकीन हो, सट्टेबाज़ । | ফট্কাবাজ, বজাৰৰ দৰ-ভাও অনুমান কৰিব পৰা ব্যৱসায়ী | फट्काबाज, बजारर दर-भाओ अनुमान करिब परा ब्यवसायी | speculator. |
| सट्टा | पुं. | साधारण व्यापार से भिन्न क्रय-विक्रय का एक कल्पित प्रकार जिसमें लाभ-हानि का निश्चय भाव के उतरने चढ़ने के हिसाब से होता है । | ফট্কা | फट्का | speculation. |
| सट्टी | स्त्री. | वह बाजार जिसमें एक ही मेल की बहुत सी वस्तुएँ लोग लाकर बेचते हों । | হাট, বজাৰ | हाट, बजार | market place. |
| सट्टेबाज़ | पुं. | दे. 'सटोरिया' । | ফট্কাবাজ | फट्काबाज | see 'सटोरिया'. |
| सठियाना | अ. क्रि. | 1. साठ वर्ष की अवस्था का होना; | ষাঠি বছৰীয়া হ; | षाठि बछरीया ह; | to be of sixty years; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वार्धक्य के कारण मानसिक शक्ति का ह्रास होना । | বুঢ়া হ, শক্তি হ্রাস হ | बुढ़ा ह, शक्ति ह्रास ह | to become decrepit, to be in (one's) dotage. |
| सड़क | स्त्री. | मनुष्यों, सवारियों आदि के गमनागमन के योग्य बना हुआ चौड़ा मार्ग, रास्ता । | ৰাস্তা, ৰাজ-পথ | रास्ता, राज-पथ | road, highway. |
| सड़न | स्त्री. | सड़ने की अवस्था या क्रिया । | পেলা বা পঁচা কাৰ্য্য বা অৱস্থা | पेला बा पँचा कार्य्य बा अवस्था | decay, decomposition, rot. |
| सड़ना | अ. क्रि. | 1. किसी वस्तु का गलना, संयोजक तत्वों का अलग-अलग हो जाना; | গেল, পঁচ; | गेल, पँच; | to decay, to rot; |
| | | 2. बुरी हालत में रहना । | দুৰৱস্থাত পৰ | दुरबस्थात पर | to be in misery. |
| सड़सठ | वि. | साठ से सात अधिक। | সাতষষ্ঠি | सातषष्ठि | sixtyseven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | 67 সংখ্যা | 67 संख्या | number sixty-seven. |
| सड़यांध | स्त्री. | सड़ी हुई वस्तु से निकलने-वाली दुर्गन्ध । | গেলা পঁচা গোন্ধ | गेला पचा गोन्ध | putrid or fetid smell, stench. |
| सड़ाना | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु को सड़ने में प्रवृत्त करना; | গেলা, পঁচা; | गेला, पँचा; | to cause to rot, to reduce to a state of putrefaction; |
| | | 2. बुरी हालत में रखना । | দুৰৱস্থাত পেলা বা ৰাখ | दुरवस्थात पेला बा राख | to reduce to misery or bad plight. |
| सड़ियल | वि. | बहुत ही निकम्मा, निम्न कोटि का या रद्दी । | নিকৃষ্ট, কোনো কামত নহা | निकृष्ट, कोनो कामत नहा | worthless, good for nothing. |
| सत | पुं. | किसी वस्तु में से निकला सारभाग । | সাৰ বস্তু, সাৰ | सार बस्त्तु, सार | essence, juice. |
| सतत | वि. | अविच्छिन्न; | অবিচ্ছিন্ন, নেৰা-নেপেৰা | अविच्छिन्न, नेरा-नेपेरा | constant, lasting, incessant. |
| | क्रि. वि. | हमेशा, सर्वदा । | নেৰানেপেৰাকৈ, একেৰাহে, সদায় | नेरानेपेराकै, एकेराहे, सदाय | incessantly, uninterruptedly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सतमासा | वि., पुं. | जो गर्भ में सात ही महीने रहने के उपरांत जनमा हो । | সাত মহীয়া, সাত মাহতে ওপজা | सात महीया, सात माहते ओपजा | seven months, born in the seventh month to pregnancy, child born in the seventh month of pregnancy. |
| सतर्क | वि. | 1. तर्कयुक्त, तर्कपूर्ण; 2. सचेत, सावधान । | তৰ্কযুক্ত, বিবদমান; সতৰ্ক, সাৱধান | तर्कजुक्त, बिबदमान; सतर्क, सावधान | argumentative; alert, cautious, careful. |
| सतर्कता | स्त्री. | सावधानी, होशियारी । | সতৰ্কতা, সাৱধানতা | सतर्कता, सावधानता | vigilance, alertness. |
| सतसई | स्त्री. | सात सौ पद्यों का समूह या ग्रंथ । | সাত শ কৱিতাৰ সমষ্টি বা পুথি | सात श कवितार संमष्टि बा पुथि | collection of seven hundred couplets. |
| सतह | स्त्री. | किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार । | উপবিভাগ, ওপৰৰ তল | उपबिभाग, ओपरर तल | surface, level. |
| सतहत्तर | वि. | जो गिनती में सत्तर से सात अधिक हो । | সাতসত্তৰ | सातसत्तर | seventy-seven. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या । | 77 সংখ্যা | 77 संख्या | number seventy-seven. |
| सतही | वि. | 1. सतह या ऊपरी स्तर पर होनेवाला; 2. ऊपरी दिखौआ । | উপৰিভাগত থকা; উপৰুৱা, দেখনিয়াৰ | उपरिभागत थका; उपरुवा, देखनियार | of or belonging to a surface; superficial, ostentatious. |
| सताना | स. क्रि. | तंग या परेशान करना, कष्ट देना । | কষ্ট দি, পীড়, বিৰক্ত কৰ | कष्ट दि, पीड़, बिरक्त कर | to harass, to torment, to trouble. |
| सतासी | वि. | जो गिनती में अस्सी से सात अधिक हो । | সপ্তাশী, সাতাশী | सप्ताशी, साताशी | eighty-seven. |
| | पुं. | उक्त की सूचक संख्या । | 87 সংখ্যা | 87 संख्या | number eighty-seven. |
| सती | स्त्री. | 1. साध्वी, पतिव्रता स्त्री; | সতী, সাধ্বী বা পতিব্ৰতা স্ত্ৰী; | सती, साध्वी बा पतिब्रता स्त्री; | chaste woman; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह स्त्री जो अपने पति की मृत्यु के बाद स्वेच्छा से चिता पर जलकर प्राणांत करती हो । | সতী যোৱা তিৰোতা, সতী | सती जोवा तिरोता, सती | Sati, a woman who willingly burns herself on her husband's funeral pyre. |
| सतीत्व | पुं. | सती होने का भाव, पतिव्रत्य । | সতীত্ব, পতিব্ৰতা গুণ | सतीत्व, पतीव्रता गुण | virtuousness, chastity. |
| सत् | वि. | 1. सत्ता-युक्त, विद्यमान; | সতিত্ব থকা, সত্বাযুক্ত, বিদ্যমান; | सतित्व थका, सत्त्वाजुक्त, विद्यमान; | being, existing, existent; |
| | | 2. सज्जन, साधु; | সজ্জন, সত্, সাধু; | सज्जन, सत्, साधु; | good, virtuous, honest; |
| | | 3. उत्तम, श्रेष्ठ । | উত্তম, শ্ৰেষ্ঠ, উত্কৃষ্ট | उत्तम, श्रेष्ठ, उत्कृष्ट | excellent, best. |
| सत्कर्म | पुं. | नेक काम, पुण्य कर्म । | সত্ কৰ্ম্ম, পূণ্য কৰ্ম্ম | सत् कर्म्म, पुण्य कर्म्म | good or virtuous act, pious deed. |
| सत्कार | पुं. | 1. आवभगत, आतिथ्य; 2. आदर-सम्मान । | সত্কাৰ, মান, সন্মান; আতিথ্য, সেৱা-শুশ্ৰূষা | सत्कार, मान, सन्मान; आतिथ्य, सेवा-शुश्रूषा | hospitality; reverence, respect, honour. |
| सत्त | पुं. | किसी पदार्थ का सार भाग, असली तत्व । | সাৰভাগ, মূলতত্ত্ব | सारभाग, मूलतत्त्व | essence, extract. |
| सत्तर | वि. | जो गिनती में साठ से दस अधिक हो । | সত্তৰ | सत्तर | seventy. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | 70 সংখ্যা | 70 संख्या | number seventy. |
| सत्तरह (सत्रह) | वि. | जो गिनती में दस से सात अधिक हो । | সোতৰ | सोतर | seventeen. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | 17 সংখ্যা | 17 संख्या | number seventeen. |
| सत्ता | स्त्री. | 1. अस्तित्व, हस्ती; | সত্ব, অস্তিত্ব; | सत्त्व, अस्तित्व; | existence, entity, being; |
| | | 2. अधिकार, शक्ति या सामर्थ्य । | শক্তি, অধিকাৰ, সামৰ্থ্য | शक्ति, अधिकार, सामर्थ्य | power, authority. |
| सत्ताइस (सत्ताईस) | वि. | जो गिनती में बीस से सात अधिक हो । | সাতাইচ | साताइच | twenty-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | 27 সংখ্যা | 27 संख्या | number twenty-seven. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सत्ताधारी** | वि., पुं. | जिसके हाथ में सत्ता हो । | অধিকাৰী, ক্ষমতাধাৰী | अधिकारी, क्षमताधारी | ruling, in authority, man of authority, power. |
| **सत्तानवे** | वि. | जो गिनती में सौ से तीन कम हो । | সাতানুব্বৈ | सातान्नबै | ninety-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | 97 সংখ্যা | 97 संख्या | number ninety-seven. |
| **सत्तावन** | वि. | जो गिनती में पचास से सात अधिक हो । | সাতাৱন | सातावन | fifty-seven. |
| | पुं. | उक्त की बोधक संख्या । | 57 সংখ্যা | 57 संख्या | number fifty-seven. |
| **सत्तू (सतुआ)** | पुं. | भुने हुए जौ, चने आदि का आटा । | ছাতু গুৰি | छातु गुरि | flour of parched gram or barley. |
| **सत्व** | पुं. | 1. किसी वस्तु में से निकाला हुआ मूल और सार भाग; | মূলভাগ, সাৰ, সাৰাংশ; | मूलभाग, सार, सारांश; | substance; |
| | | 2. शक्ति, प्राण तत्व; | শক্তি, জীৱনী শক্তি, চেতনা শক্তি; | शक्ति, जीवनी शक्ति, चेतना शक्ति; | strength, vitality, vigour; |
| | | 3. प्रकृति के तीन गुणों में से एक जो सर्वोच्च हो । | প্ৰকৃতিৰ শ্ৰেষ্ঠ গুণ, সত্ত্ব গুণ | प्रकृतिर श्रेष्ठ गुण, सत्त्व गुण | any natural property or quality. |
| **सत्पुरुष** | पुं. | सदाचारी, भला आदमी । | সদাচাৰী লোক | सदाचारी लोक | good or virtuous man. |
| **सत्य** | वि. | सच, यथार्थ । | সত্য, সঁচা, যথাৰ্থ | सत्य, सँचा, जथार्थ | true, real, genuine. |
| | पुं. | यथार्थ और वास्तविक तथ्य या बात; । | সঁচা কথা, আচল কথা | सँचा कथा, आचल कथा | truth, reality. |
| **सत्यता** | स्त्री. | सचाई, वास्तविकता । | সত্য, সত্যতা, যথাৰ্থতা | सत्य, सत्यता, जथार्थता | truth, veracity. |
| **सत्यवादी** | पुं. | सच बोलनेवाला । | সত্যবাদী, সঁচাকথীয়া | सत्यबादी, सँचाकथीया | one who speaks the truth, truthful person. |
| **सत्यांकन** | पुं. | अनुसमर्थन । | সমৰ্থন, অনুমোদন | समर्थन, अनुमोदन | ratification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सत्याग्रह | पुं. | आधुनिक राजनीति में वह अहिंसात्मक कार्रवाई जो किसी निश्चय, व्यवहार आदि के प्रति अपना विरोध आदि प्रकट करने के लिए की जाती है और जिसका मुख्य अंग उस निश्चय या व्यवहार का पालन न करने के रूप में होता है । | সত্যাগ্ৰহ | सत्याग्रह | satyagraha (insistence for truth), passive resistance. |
| सत्याग्रही | वि. पुं. | सत्याग्रह करनेवाला । | সত্যাগ্ৰহী | सत्याग्रही | one who offers passive resistance. |
| सत्यानाश | पुं. | सर्वनाश, बरबादी । | সৰ্ব্বনাশ, ধ্বংস | सर्ब्बनाश, ध्वंस | complete ruin, total destruction. |
| सत्यानाशी | वि. | सत्यानाश करनेवाला, चौपट करनेवाला । | সৰ্ব্বনাশী, বিধ্বংসী | सर्ब्बनाशी, बिध्वंसी | ruining, devastating. |
| सत्यापन | पुं. | जाँच या मिलान करके देखना कि ज्यों का त्यों और ठीक है कि नहीं । | পৰীক্ষণ, পৰীক্ষা | परीक्षण, परीक्षा | verification. |
| सत्र | पुं. | 1. वह स्थान जहाँ गरीबों को भोजन दिया जाता है; | দৰিদ্ৰৰ বা দুখীয়াৰ ভোজনালয়; | दरिद्रर बा दुखीयार भोजनालय; | free kitchen; |
| | | 2. वह नियत काल जिसमें कोई काम एक बार आरंभ होकर कुछ समय तक निरंतर चलता रहता हो । | একেৰাহে কাম কৰা সময়, অধিবেশন | एकेराहे काम करा समय, अधिबेशन | session. |
| सत्वर | वि. | तेज, फुर्तीला । | বেগী, খৰতকীয়া | बेगी, खरतकीया | speedy, swift, quick. |
| | अव्य. | शीघ्र, तुरन्त । | বেগেৰে, সোনকালে, শীঘ্ৰে, তুৰন্তে | बेगेरे,सोनकाले, शीघ्रे, तुरन्ते | quickly, speedily |
| सत्संग | पुं. | अच्छे आदमियों का साथ, अच्छी सोहबत । | সত্ সংগ | सत् संग | association with virtuous people. |
| सदन | पुं. | 1. घर, मकान; | ঘৰ, আবাস, ভৱন; | घर, आबास, भवन; | residence, house, place; |
| | | 2. वह स्थान जहाँ किसी देश या राज्य के विधान बनाने के कार्य होते हों । | (বিধান) সদন, ভৱন, সভা | (बिधान) सदन, भवन, सभा | either house of legislature. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सदमा | पुं. | कष्टप्रद मानसिक आघात । | মানসিক আঘাত, শোক | मानसिक आघात, शोक | blow, emotional stroke. |
| सदर | वि. | प्रधान, मुख्य । | প্ৰধান, মুখ্য | प्रधान, मुख्य | head, chief. |
| | पुं. | 1. सभा का सभापति; | সভাপতি; | सभापति; | chairman, president; |
| | | 2. सबसे ऊपर का भाग या स्थान । | একেবাৰে ওপৰৰ ভাগ, শীৰ্ষস্থান | एकेबारे ओपरर भाग, शीर्षस्थान | upper or uppermost part or end (of anything). |
| सदर मुकाम | पुं. | प्रधान कार्यालय, मुख्यालय । | প্ৰধান বা মুখ্য কাৰ্য্যালয়, সদৰ কাৰ্য্যালয় | प्रधान बा मुख्य कार्य्यालय, सदर कार्य्यालय | headquarters. |
| सदस्य | पुं. | उन व्यक्तियों में से हर एक जिनके योग से कुटुम्ब, परिवार, समाज आदि बनते हैं । | সদস্য, সভ্য | सदस्य, सभ्य | member. |
| सदस्यता | स्त्री. | सदस्य की स्थिति या भाव । | সদস্যত্ব, সদস্যতা | सदस्यत्व, सदस्यता | membership. |
| सदा | क्रि. वि. | 1. नित्य, हमेशा; | সদায়, নিতৌ; | सदाय, नितौ; | always, perpetually; |
| | | 2. निरन्तर, लगातार । | নিৰন্তৰ, একেৰাহে | निरन्तर, एकेराहे | continually, ever. |
| सदाचरण | पुं. | अच्छा चालचलन । | সদাচৰণ, শিষ্টাচাৰ | सदाचरण, शिष्टाचार | good moral conduct. |
| सदाचार | पुं. | धर्म नीति आदि की दृष्टि से अच्छा और शुभ आचरण, अच्छा चालचलन । | সদাচাৰ, ধৰ্ম্মাচৰণ | सदाचार, धर्म्माचरण | moral or virtuous conduct, traditionary observance. |
| सदाचारी | वि. | अच्छे आचरणवाला (व्यक्ति) । | সদাচাৰী, শিষ্টাচাৰী, ধৰ্ম্মাচাৰী (লোক) | सदाचारी, शिष्टाचारी, धर्म्माचारी (लोक) | of virtuous or moral conduct. |
| सदाबहार | वि. | सदा हरामरा रहनेवाला, जिसमें कभी पतझड़ न होता हो । | নিত্য শ্যামল, চিৰ সেউজীয়া | नित्य श्यामल, चिर सेउजीया | evergreen, perennial. |
| सदाशय | वि. | उच्च विचारोंवाला, सज्जन । | সদাশয়, মহানুভৱ, সজ্জন | सदाशय, महानुभव, सज्जन | of a good or noble mind. |
| सदाशयता | स्त्री. | 1. सदाशय होने की अवस्था, गुण या भाव; | সদাশয়তা, মহানুভৱতা; | सदाशयता, महानुभवता; | bonafides, genuineness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विधिक क्षेत्र में वह स्थिति जिसमें मनुष्य ईमानदारी और सचाई से कोई काम करता है और जिसके फलस्वरूप कोई अनुचित कार्य हो जाने पर भी वह दोषी नहीं माना जाता । | মহানুভৱতা | महानुभवता | nobility, magnanimity. |
| **सदी** | स्त्री. | सौ वर्ष का काल, शताब्दी । | শতাব্দী, এশ বছৰ | शताब्दी, एश बछर | century, centenary. |
| **सदुपदेश** | पुं. | उत्तम शिक्षा, अच्छी सलाह । | সদুপদেশ, উপদেশ | सदुपदेश, उपदेश | wholesome instruction, salutary counsel. |
| **सदुपयोग** | पुं. | अच्छा, उत्तम उपयोग । | সদ্ব্যৱহাৰ | सद्व्यवहार | good or proper use, usage. |
| **सदृश** | वि. | समान । | সদৃশ, সমান, নিচিনা | सदृश, समान, निचिना | like, resembling, of the same rank. |
| **सदैव** | क्रि. वि. | सर्वदा, हमेशा ही । | সৰ্ব্বদা, সদায়, নিতৌ | सर्व्वदा, सदाय, नितौ | always, ever. |
| **सदोष** | वि. | 1. जिसमें दोष हो, दोष से युक्त;<br>2. अपराधी । | দোষযুক্ত, সদোষ;<br>অপৰাধী | दोषजुक्त, सदोष;<br>अपराधी | faulty, defective;<br>sinful, guilty. |
| **सद्भाव** | पुं. | 1. शुभ भाव, हित का भाव;<br>2. दो पक्षों में होनेवाली मैत्रीपूर्ण स्थिति । | সদভাৱ, সৌজন্য, ভাল ভাৱ;<br>মিল, মৈত্ৰী, সম্বন্ধ | सद्भाव, सौजन्य, भाल भाव;<br>मिल, मैत्री, सम्बन्ध | kindly feeling, amiability;<br>understanding, goodwill. |
| **सद्यः** | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त;<br>2. आज ही । | ততালিকে, তুৰন্তে, শীঘ্ৰে;<br>আজি | ततालिके, तुरन्ते, शीघ्रे;<br>आजि | forthwith, immediately, at once;<br>today, this very day. |
| **सधना** | अ. क्रि. | 1. काम पूरा होना, कार्य सिद्ध होना;<br>2. ठीक तरह से अभ्यस्त होना; | সিদ্ধি হ, পূৰ্ণ হ;<br>অভ্যাস হ; | सिद्धि ह, पूर्ण ह;<br>अभ्यास ह; | to be accomplished, to be finished;<br>to be familiarized, to be accustomed; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. घोड़ों आदि का सीखकर काम लायक होना । | কামৰ লায়ক হ, উপযোগী হ | कामर लायक ह, उपज़ोगी ह | to be trained. |
| सधवा | स्त्री. | ऐसी स्त्री जिसका पति जीवित हो, सुहागिन । | সধবা তিৰোতা | सधबा तिरोता | woman whose husband is alive. |
| सधाना | स. क्रि. | 1. साधने के काम में दूसरे को प्रवृत्त करना; | অভ্যাস কৰা; | अभ्यास करा; | to cause to get used; |
| | | 2. जंगली पशुपक्षियों को विशेष प्रकार का आचरण सिखाना । | শিকা, শিক্ষা দি | शिका, शिक्षा दि | to teach, to train (an animal), to tame, to familiarize, to domesticate. |
| सधुक्कड़ी | स्त्री. | साधुओं की भाषा । | সাধুৰ ভাষা, ভকতীয়া ভাষা | साधुर भाषा, भकतीया भाषा | language of the Sadhus. |
| सन | पुं. | एक प्रसिद्ध पौधा जिसकी छाल के रेशों से टाट, रस्से आदि बनते हैं । | সন (গছ বা সূতা) | सन (गछ बा सूता) | hemp. |
| सनक | स्त्री. | धुन, झोंक, खब्त । | মনৰ খেয়াল, প্ৰবৃত্তি, উন্মাদনা | मनर खेयाल, प्रबृत्ति, उन्मादना | whim, craze, mania. |
| सनकी | वि., पुं. | जिसे किसी तरह की सनक या झक हो, झक्की । | খামখেয়ালী, উন্মাদ | खामखेयाली, उन्माद | whimsical, crazy, crank (person). |
| सनद | स्त्री. | प्रमाणपत्र । | প্ৰমাণপত্ৰ, চনদ | प्रमाणपत्र, चनद | testimonial, certificate. |
| सनना | अ. क्रि. | 1. जल के योग से चूर्णादि का एक में मिलना; | সনা যা, মৰা যা; | सना जा, मरा जा; | to be kneaded (as dough, flour, earth); |
| | | 2. लिप्त होना । | লিপ্ত হ | लिप्त ह | to be involved in. |
| सनसनी | स्त्री. | भय, आश्चर्य आदि के कारण उत्पन्न स्तब्धता, हलकी उत्तेजना और घबराहट, खलबली । | আশ্চৰ্যান্বিত অৱস্থা, স্তব্ধতা, বিবুদ্ধি অৱস্থা, উত্তেজনা, উখল-মাখল | आश्चर्यान्वित अवस्था, स्तब्धता, बिबुद्धि अवस्था, उत्तेजना, उखल-माखल | tingling or thrilling sensation. |
| सनातन | वि. | 1. नित्य, अनादि, स्थायी; | সনাতন, নিত্য, অনাদি, স্থায়ী; | सनातन, नित्य, अनादि, स्थायी; | perpetual, constant, eternal; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. बहुत पुराना । | অতি প্ৰাচীন | अति प्राचीन | primeval, ancient. |
| **सनातनी** | वि. | सनातन धर्म का अनुयायी । | সনাতনী, সনাতন ধৰ্ম্মাৱলম্বী | सनातनी, सनातन धर्म्मावलम्बी | follower of Sanatan Dharma. |
| **सन्** | पुं. | साल, संवत् । | চন, সাল, সম্বত্ | चन, साल, सम्बत् | era, year. |
| **सन्न** | वि. | भौंचक्का, स्तंभित, स्तब्ध । | স্তব্ধ, স্তম্ভিত, কিংকৰ্ত্তব্য বিমূঢ় | स्तब्ध, स्तम्भित, किंकर्त्तब्य बिमूढ़ | stunned, stupefied. |
| **सन्नद्ध** | वि. | 1. कोई कार्य करने के लिए उद्यत, तैयार; | সাজু, প্ৰস্তুত, সষ্টম; | साजु, प्रस्तुत, सष्टम; | ready, prepared; |
| | | 2. किसी के साथ जुड़ा या लगा हुआ । | জোৰা লগা, বন্ধা, জড়িত | जोरा लगा, बन्धा, जड़ित | tied together, bound. |
| **सन्नाटा** | पुं. | निस्तब्धता, नीरवता । | নিস্তব্ধতা, নীৰৱতা | निस्तब्धता, नीरवता | silence, solitude, quietude. |
| **सन्निकट** | क्रि. वि. | पास, नजदीक । | ওচৰত, কাষতে | ओचरत, काषते | near, close, proximate. |
| **सन्निधि** | स्त्री. | समीपता, निकटता । | নিকটতা, সমীপতা | निकटता, समीपता | proximity, vicinity. |
| **सन्निपात** | पुं. | एक प्रकार का भीषण ज्वर जिसमें वात, पित्त तथा कफ तीनों कुपित हो जाते हैं । | সন্নিপাত জ্বৰ | सन्निपात ज्वर | combined derangement of the three humours of the body causing fever which is of a dangerous kind. |
| **सन्निवेश** | पुं. | उचित स्थान पर रखना, जमाना । | সন্নিবেশ | सन्निबेश | seating in the proper place, insertion. |
| **सन्निहित** | वि. | 1. पास रखा हुआ, निकटस्थ; | সন্নিহিত, নিকটস্থ, সমীপস্থ; | सन्निहित, निकटस्थ, समीपस्थ; | placed near, together, near, contiguous; |
| | | 2. रखा, जमाया हुआ । | ৰখা, লগোৱা | रखा, लगोवा | fixed, placed. |
| **सन्मार्ग** | पुं. | उत्तम या भला मार्ग । | সত্পথ, সন্মাৰ্গ | सत्पथ, सन्मार्ग | right path, path of virtue. |
| **सपत्नीक** | वि. | पत्नी के साथ । | সপত্নীক, সপৰিবাৰ | सपत्नीक, सपरिबार | accompanied by one's wife. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सपना | पुं. | वह घटना या दृश्य जो सोये होने पर अन्तर्मन में काल्पनिक रूप में भासित होता है, स्वप्न । | সুপ্ন, সপোন | स्वप्न, सपोन | dream. |
| सपरिवार | वि. | परिवार के सदस्यों के साथ । | সপৰিয়ালে, ল'ৰা-তিৰোতাৰে সৈতে | सपरियाले, ल'रा-तिरोतारे सैते | with family, attended by a retinue. |
| सपाट | वि. | जिसका तल बराबर या सम हो, समतल, जो ऊबड़-खाबड़ न हो । | সমতল, সমান, মিহি, নিমজ | समतल, समान, मिहि, निमज | flat, smooth, even, plain. |
| सपाटा | पुं. | 1. चलने या दौड़ने का वेग; | তীব্র বেগ, জোৰ গতিবেগ; | तीब्र बेग, जोर गतिबेग; | quick or forced march; |
| | | 2. झपटने की क्रिया या भाव । | জাঁপ মৰা কাৰ্য্য বা ভাব | जाँप मरा कार्ज्य बा भाव | leap, spring. |
| सपूत | पुं. | अच्छा, कुल का नाम बढ़ाने-वाला पुत्र । | সত্ পুত্র, সুপুত্র, কুলৰ প্রদীপ | सत् पुत्र, सुपुत्र, कुलर प्रदीप | dutiful or worthy son. |
| सपेरा | पुं. | साँप पकड़कर पालने तथा लोगों को तमाशा दिखाने-वाला । | সাপ নচুৱাওঁতা | साप नचुवाओंता | snake-charmer. |
| सप्त | वि. | जो गिनती में सात हो । | সাত | सात | seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या । | 7 সংখ্যা | 7 संख्या | number seven. |
| सप्तक | पुं. | 1. सात वस्तुओं का संग्रह; | সাতোটা বস্তুৰ সংগ্রহ বা গোট; | सातोटा बस्तुर संग्रह बा गोट; | collection or aggregate of seven; |
| | | 2. संगीत के सात स्वरों का समाहार । | সপ্তক, সপ্ত সুৰৰ সমাহাৰ | सप्तक, सप्त स्वरर समाहार | octave. |
| | वि. | 1. सात; | সাত; | सात; | seven; |
| | | 2. सातवाँ । | সপ্তম | सप्तम | seventh. |
| सप्तपदी | स्त्री. | विवाह की एक विधि जिसमें अग्नि की सात बार परिक्रमा की जाती है । | বিয়াত সাত বাৰ অগ্নিক প্রদক্ষিণ কৰা অনুষ্ঠান বা বিধি | बियात सात बार अग्निक प्रदक्षिण करा अनुष्ठान बा बिधि | seven steps at marriage ceremony. |
| सप्तम | वि. | सातवाँ । | সপ্তম | सप्तम | seventh. |
| सप्तमी | स्त्री. | 1. चांद्र मास के किसी पक्ष की सातवीं तिथि; | সপ্তমী তিথি; | सप्तमी तिथि; | seventh day of the lunar fortnight; |
| | | 2. व्याकरण में अधिकरण कारक की विभक्ति । | সপ্তমী বিভক্তি | सप्तमी बिभक्ति | locative case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| **सप्तर्षि** | पुं. | सात प्राचीन ऋषियों का समूह या मंडल। | সপ্তৰ্ষি মন্ডল | सप्तर्षि मण्डल | seven principal stars in the constellation of Ursa Major (supposed to represent the seven sages). |
| **सप्ताह** | पुं. | सात दिन की अवधि, हफ्ता। | সপ্তাহ | सप्ताह | week. |
| **सफर** | पुं. | शहर से बाहर जाना, यात्रा। | ভ্ৰাণ, ফুৰণ, যাত্ৰা | भ्राण, फुरण, जात्रा | journey, travel. |
| **सफरी** | वि. | सफर सम्बन्धी। | ভ্ৰমণ বা যাত্ৰা সম্বন্ধীয় | भ्रमण बा जात्रा सम्बन्धीय | of or relating to travelling or a journey. |
| **सफल** | वि. | 1. फलवाला, फलयुक्त;<br>2. कृतकार्य, कामयाब। | সফল, ফলযুক্ত, ফলপ্ৰসূ;<br>কৃতকাৰ্য্য, উত্তীৰ্ণ | सफल, फलजुक्त, फलप्रसू;<br>कृतकार्य्य, उत्तीर्ण | fruitful, bearing or yielding fruit, productive;<br>accomplished, fulfilled, successful. |
| **सफलता** | स्त्री. | कामयाबी, सिद्धि। | সফলতা, সিদ্ধি, কৃতকাৰ্য্যতা | सफलता, सिद्धि कृतकार्य्यता | success, achievement. |
| **सफा** | वि.<br>पुं. | साफ, स्वच्छ।<br>पृष्ठ। | চাফা, নিকা,<br>পৃষ্ঠা | चाफा, निका<br>पृष्ठा | white, clean.<br>page. |
| **सफाई** | स्त्री. | 1. स्वच्छता, निर्मलता;<br>2. स्पष्टीकरण;<br>3. आरोपित दोष से रहित होने की अवस्था या भाव, बचाव। | নিৰ্ম্মলতা, পৱিত্ৰতা;<br>স্পষ্টীকৰণ;<br>নিৰ্দোষিতা প্ৰমাণ | निर्म्मलता, पवित्रता;<br>स्पष्टीकरण;<br>निर्दोषिता प्रमाण | cleanliness, purity;<br>clarification;<br>defence (in law suit). |
| **सफाचट** | वि. | बिल्कुल साफ, जिसका कुछ भी अंश या चिहन बाकी न रहने दिया गया हो। | সম্পূৰ্ণৰূপে চাফ-চিকোন, পৰিষ্কাৰ | सम्पूर्णरूपे चाफ-चिकोन, परिष्कार | perfectly clean, blank. |
| **सफाया** | पुं. | समाप्ति, नाश। | সমাপ্তি, শেষ, নিৰ্ম্মূলকৰণ | समाप्ति, शेष, निर्म्मूलकरण | clean sweep, ruination. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सफेद | वि. | 1. जो रंगीन न हो, श्वेत; | বগা, একো ৰং নোহোৱা; | बगा, एको रं, नोहोवा; | white; |
| | | 2. स्वच्छ तथा उज्ज्वल । | সুচ্ছ, পৰিষ্কাৰ, উজ্জ্বল | स्वच्छ, परिष्कार, उज्ज्वल | clean and bright. |
| सफेदा | पुं. | 1. जस्ते का चूर्ण या भस्म जो दवा तथा रंगाई के काम आती है; | দস্তাৰ ভস্ম; | दस्तार भष्म; | white lead; |
| | | 2. एक प्रकार का बढ़िया आम । | এবিধ ভাল আম | एबिध भाल आम | name of a kind of mango. |
| सफेदी | स्त्री. | 1. सफेद होने की अवस्था या भाव, श्वेतता; | শুভ্রতা, বগা; | शुभ्रता, बगा; | whiteness; |
| | | 2. दीवारों आदि पर होनेवाली चूने के घोल की पुताई । | বেৰত চূণ লগোৱা কাৰ্য্য | बेरत चूण लगोवा कार्य्य | whitewash. |
| सब | वि. | 1. कुल; | সকলো; | सकलो; | all; |
| | | 2. समस्त, सारा, सम्पूर्ण । | সমস্ত, তেনেই সকলো, গোটেই মুঠ | समस्त, तेनेइ सकलो, गोटेइ, मुठ | entire, whole, total. |
| सबक | पुं. | 1. अध्ययन के समय उतना अंश जितना एक बार में पढ़ाया जाए, पाठ; | পাঠ; | पाठ; | lesson; |
| | | 2. नसीहत, शिक्षा । | উপদেশ, শিক্ষা | उपदेश, शिक्षा | moral. |
| सबब | पुं. | कारण, वजह, हेतु । | কাৰণ, হেতু, নিমিত্ত, অজুহাত | कारण, हेतु, निमित्त, अजुहात | cause, reason. |
| सबल | वि. | बलवान्, ताकतवर । | সবল, বলী, মজবুত, শক্তিশালী | सबल, बली, मजबुत, शक्तिशाली | strong, powerful. |
| सबूत | पुं. | वह चीज या बात जिससे कोई और बात साबित होती हो, प्रमाण । | প্রমাণ | प्रमाण | proof, testimony. |
| सब्जी | स्त्री. | 1. सागपात, हरी तरकारी; | শাক-পাচলি, খাৰধি; | शाक-पाचलि, खारधि; | herbage, vegetables; |
| | | 2. हरियाली, हरापन । | সেউজীয়া বননি বা ঘাঁইনি | सेउजीया, बननि बा घाइनि | verdure, greenery, greenness. |
| सब्र | पुं. | वह मानसिक स्थिति जिसमें मनुष्य किसी प्रकार की विपत्ति या विलम्ब का सामना होने पर भी चुपचाप और शांत भाव से सहन करता है, धैर्य, तसल्ली । | ধৈৰ্য্য, সংযম, সহনশীলতা | धैर्य्य, संजम, सहनशीलता | patience, self-restraint, endurance. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सभा | स्त्री. | 1. परिषद्, समिति, एक स्थान पर बैठे हुए बहुत से भले आदमियों का समूह; | সভা, মেল, সমিতি, পৰিষদ; | सभा, मेल, समिति, परिषद; | assembly, meeting; |
| | | 2. वह संस्था जो किसी विशेष कार्य की सिद्धि के लिए संघटित हुई हो । | সংঘ, সংস্থা, সমিতি | संघ, संस्था, समिति | association, society. |
| सभाकक्ष | पुं. | वह कमरा जहां सभा आयोजित की जाती हो । | সভাঘৰ, সভাকক্ষ | सभाघर, सभाकक्ष | assembly hall, chamber. |
| सभापति | पुं. | सभा का अध्यक्ष । | সভাপতি | सभापति | president, chairman. |
| सभासद | पुं. | जो किसी समुदाय, संस्था आदि का सदस्य हो । | সভাসদ, সদস্য, সভ্য | सभासद, सदस्य, सभ्य | member of an assembly or society. |
| सभ्य | वि. | शिष्ट, संस्कृत, विनम्र । | সভ্য, মাৰ্জ্জিত, সংস্কৃত | सभ्य, मार्जित, संस्कृत | refined, civilized; cultured, civil. |
| सभ्यता | स्त्री. | 1. सभ्य होने का भाव; | সভ্যতা, শিষ্টতা; | सभ्यता, शिष्टता; | courtesy, decency, good manners; |
| | | 2. वे सब काम और बातें जो किसी जाति या देश के लोग प्रकृति पर विजय पाने और जीवन निर्वाह में सुगमता लाने के लिए भौतिक साधनों का उपयोग करते हुए आरम्भ से अब तक करते आए है । किसी जाति या देश की बाहय तथा भौतिक उन्नतियों का सामूहिक रूप । | সভ্যতা | सभ्यता | civilization, culture. |
| सम | वि. | 1. हमवार, जो ऊबड़-खाबड़ न हो; | সম, সমান, মিহি; | सम, समान, मिहि; | plain, smooth, even; |
| | | 2. एक बराबर, तुल्य, समान; | সমান, সমতুল্য; | समान, समतुल्य; | similar, equal; |
| | | 3. (संख्या) जिसे दो से भाग देने पर कुछ न बचे । | যুৰীয়া (সংখ্যা) | जुरीया (संख्या) | even (as number). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | संगीत में वह स्थान जहां लय के विचार से गति की समाप्ति होती है । | (সংগীতৰ) সমলয় | (संगीतर) समलय | first accented beat in a rhythmic cycle. |
| समकक्ष | वि. | जोड़ या बराबरी का, सब बातों में बराबरी करनेवाला । | সমান, সমতুল্য, সমকক্ষ | समान, समतुल्य, समकक्ष | equal, equivalent. |
| समकालीन | वि. | जो एक ही समय में हो । | সমসাময়িক, সমকালীন | समसामयिक, समकालीन | contemporary, contemporaneous. |
| समकोण | वि., पुं. | जिसमें आमने-सामने के दोनों कोण समान हों । | সমকোণ | समकोण | rectangular, a right angle. |
| समक्ष | वि. | जो आंखों के सम्मुख हो, गोचर, उपस्थित । | সমুখ, দৃষ্টি গোচৰ | समुख, दृष्टि गोचर | before, visible. |
| | क्रि. वि. | सामने । | সমুখতে, চকুৰ আগতে | समुखते, चकुर आगते | before the eyes (of), in sight (of). |
| समग्र | वि. | समस्त, समूचा, सारा । | সকলো, গোটেই, সমগ্ৰ | सकलो, गोटेइ, समग्र | all, entire, whole. |
| समझ | स्त्री. | वह मानसिक शक्ति जिसमें सब चीजों और बातों के आशय, भलाई-बुराई आदि का परिज्ञान होता है, अक्ल, बुद्धि । | বুজ, বুদ্ধি, বুজিৰ বা ধৰিব পৰা শক্তি | बुज, बुद्धि, बुजिर बा धरिब परा शक्ति | understanding, grasp, sense. |
| समझदार | वि. | जिसमें अच्छी समझ हो, अक्लमंद । | বুধিয়ক, চতুৰ, বিবেচক | बुधियक, चतुर, बिबेचक | intelligent, sensible. |
| समझदारी | स्त्री. | समझदार होने का गुण । | বুদ্ধি, বিবেচনা | बुद्धि, बिबेचना | keenness, understanding, wisdom. |
| समझना | अ. क्रि. | 1. जान लेना, ठीक और पूर्ण ज्ञान प्राप्त करना; 2. विचारना । | বুজ, বুজি পা, জান; চিন্ত, বিবেচনা কৰ | बुज, बुजि पा, जान; चिन्त, बिबेचना कर | to understand, grasp; to think, consider, suppose. |
| समझाना | स. क्रि. | बोध कराना, जतलाना । | বুজা, জনাই দি | बुजा, जनाइ दि | to explain, to advise. |
| समझौता | पुं. | 1. राजीनामा, मेल; | আপোচ, মিটমাট; | आपोच, मिटमाट; | compromise, understanding; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आपस में होनेवाला करार या निश्चय। | চুক্তি, সন্ধি | चुक्ति, सन्धि | agreement, pact. |
| **समतल** | वि. | जो ऊबड़-खाबड़ न हो, हमवार। | সমতল, সমান, মিহি | समतल, समान, मिहि | level, even, plain. |
| **समता** | स्त्री. | सादृश्य, बराबरी, तुल्यता। | সমতা, তুল্যতা, সাদৃশ্য | समान, तुल्यता, सादृश्य | similarity, equality, parity. |
| **समत्व** | पुं. | दे. 'समता'। | সমতা, সাদৃশ্য, সমত্ব | समता, सादृश्य, समत्व | see 'समता'. |
| **समदर्शी** | वि., पुं. | सबको एकसा देखने-समझने वाला। | সমদৰ্শী, নিৰপেক্ষ | समदर्शी, निरपेक्ष | looking at both sides impartially, impartial, impartial person. |
| **समधियाना** | पुं. | पुत्र या पुत्री की ससुराल। | বিয়৷-বিয়নীৰ ঘৰ | बियै-बियनीर घर | the home or family of a son's or daughter's father-in-law. |
| **समधी** | पुं. | पुत्र या पुत्री का ससुर। | বিয়৷ | बियै | son's or daughter's father-in-law (the fathers of a bride and bridegroom are samdhis to each other). |
| **समन्वय** | पुं. | वह अवस्था जिसमें कथनों या बातों का पारस्परिक विरोध दूर करके उनमें एकरूपता लाई जाती है। | সমন্বয় | समन्वय | coordination, harmony. |
| **समन्वित** | वि. | जिसका समन्वय हुआ हो। | সমন্বয় সাধন কৰা হোৱা | समन्बय साधन करा होवा | coordinated, harmonized. |
| **समय** | पुं. | 1. दिन-रात के विचार से काल का कोई मान, वक्त; 2. अवसर, मौका। | সময়, কাল, বেলা; সুযোগ অৱসৰ, আজৰি | समय, काल, बेला; सुजोग, अवसर, आजरि | time, hour, period; moment, opportunity, occasion. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समयसारणी** | स्त्री. | वह पुस्तिका जिसमें विभिन्न गाड़ियों आदि के विभिन्न स्टेशनों पर पहुंचने तथा छूटने के समय का उल्लेख किया जाता है । | সময়-সূচী, সময়-ফলি | समय-सूची, समय-फलि | time-table. |
| **समयोचित** | वि. | अवसर के उपयुक्त । | সময়োচিত, সময়ৰ লগত খাপ খোৱা | समयोचित, समयर लगत खाप खोवा | opportune, timely. |
| **समयोपरि** | वि. | जो निश्चित समय के अलावा अतिरिक्त समय में किया गया हो या हुआ हो । | অতিৰিক্ত সময়ৰ | अतिरिक्त समयर | overtime. |
| **समर** | पुं. | युद्ध, संग्राम । | যুদ্ধ, ৰণ, সংগ্ৰাম | जुद्ध, रण, संग्राम | war, battle. |
| **समर्थ** | वि. | 1. बलवान, सशक्त; 2. योग्य, उपयुक्त । | শক্তিশালী, বলী; সমৰ্থ, যোগ্য, উপযুক্ত | शक्तिशाली, बली; समर्थ्य, जोग्य, उपजुक्त | powerful, strong; capable, competent. |
| **समर्थक** | वि. | समर्थन करनेवाला, पुष्टि करनेवाला, ताईद करनेवाला । | সমৰ্থক, সমৰ্থনকাৰী | समर्थक, समर्थनकारी | supporter. |
| **समर्थता** | स्त्री. | क्षमता, सामर्थ्य, शक्ति । | সামৰ্থ্য, শক্তি, ক্ষমতা | सामर्थ्य, शक्ति, क्षमता | capability, competency. |
| **समर्थन** | पुं. | पुष्टि करना, ताईद करना, किसी के मत, विचार आदि के संबंध में यह कहना कि इसमें हमारी भी सहमति है । | সন্মতি, সমৰ্থন, অনুমোদন | सन्मति, समर्थन, अनुमोदन | support, corroboration. |
| **समर्थनीय** | वि. | जिसका समर्थन किया जा सकता हो या हो सकता हो । | সমৰ্থনীয়, সমৰ্থনৰ যোগ্য | समर्थनीय, समर्थनर जोग्य | worth supporting |
| **समर्थांग** | वि. | कार्य करने के लिए जिसके सब अंग ठीक और क्षमतायुक्त हों । | দৃঢ়াংগ, প্ৰবলকায়, সক্ষমকায় | दृढ़ांग, प्रबलकाय, सक्षमकाय | able-bodied. |
| **समर्थित** | वि. | जिसका समर्थन किया गया हो । | সমৰ্থিত | समर्थित | supported. |
| **समर्पण** | पुं. | 1. सौंपना, देना; 2. भेंट करना । | সমৰ্পণ; উছৰ্গা, দান, উপহাৰ | समर्पण; उछर्गा, दान, उपहार | surrender; dedication. |
| **समर्पित** | वि. | दिया हुआ, सौंपा हुआ, भेंट किया हुआ । | সমৰ্পিত, উছৰ্গা কৰা | समर्पित, उछर्गा करा | surrendered, dedicated. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समवयस्क** | वि. | समान अवस्था वाला । | সমবয়সীয়া | समबयसीया | of the same age, equal in age. |
| **समवर्ती** | वि. | 1. जो समान रूप से स्थिर रहता हो; | সমবৰ্ত্তী; | समबर्त्ती; | concurrent; |
| | | 2. जो पास ही स्थित हो । | আসন্ন, ওপৰতে থকা | आसन्न, ओपरते थका | contiguous. |
| **समवाय** | पुं. | 1. समूह, झुंड; | সমূহ, দল; | समूह, दल; | collection, multitude; |
| | | 2. नियमानुसार गठित वह व्यापारिक संस्था जिसके हिस्सेदारों को अपनी लगाई पूंजी के अनुपात से लाभांश मिलता हो । | যৌথ কাৰবাৰ বা ব্যৱসায় | जौथ कारबार बा ब्यवसाय | company. |
| **समवेत** | वि. | एक जगह इकट्ठा किया हुआ, एकत्र । | সমবেত, গোট-খোৱা, একত্ৰিত | समबेत, गोट-खोवा, एकत्रित | collected, collective. |
| **समवेदना** | स्त्री. | किसी के दुःख में दुःखी होने का भाव, सहानुभूति । | সমবেদনা, সহানুভূতি | समबेदना, सहानुभूति | condolence, sympathy. |
| **समशीतोष्ण** | वि. | जहां सर्दी-गर्मी की मात्रा बराबर रहे । | নাতিশীতোষ্ণ | नातिशीतोष्ण | moderate, temperate. |
| **समष्टि** | स्त्री. | सामूहिकता, संपूर्णता । | সমষ্টি, সামুহিকতা, সমূহ গোট | समष्टि, सामुहिकता, समूह गोट | collectiveness, totality, aggregate. |
| **समस्त** | वि. | 1. सब, कुल, पूरा; | সমস্ত, সকলো, গোটেই, সম্পূৰ্ণ; | समस्त, सकलो, गोटेइ, सम्पूर्ण; | all, whole, entire, complete; |
| | | 2. जो समास के नियमों के अनुसार मिलकर एक हो गया हो । | সমাসনিষ্পন্ন, সমস্ত (পদ) | समासनिष्पन्न, समस्त (पद) | (in Gram.) compounded. |
| **समस्या** | स्त्री. | 1. उलझन वाली ऐसी विचारणीय बात जिसका निराकरण सहज में न हो सकता हो, कठिन या विकट प्रसंग; | জটিল বিষয়, সমস্যা; | जटिल बिषय, समस्या; | problem; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कविता का अंतिम चरण या अंश जो उसी तुक तथा लय में छंद को पूरा करने के लिए स्पर्धी को दिया जाए । | প্ৰতিযোগীয়ে পূৰ কৰিব লগীয়া কৱিতাৰ অন্তিম চৰণ বা পদ | प्रतिजोगीये पूर करिब लगीया कवितार अन्तिम चरण बा पद | the last portion or line of a metrical composition which is meant for completion in the same metre by a competitor. |
| समस्यापूर्ति | स्त्री. | किसी समस्या को लेकर छंद, कविता आदि को पूरा करना । | কৱিতাৰ প্ৰতিযোগিতাত সমস্যা পূৰণ অৰ্থাৎ অন্তিম চৰণ বা পাদ পূৰণ | कवितार प्रतिजोगितात समस्या पूरण अर्थात् अन्तिम चरण बा पाद पूरण | completing a metrical composition posed as a **समस्या** । |
| समा | पुं. | 1. समय, वक्त; | সময়, কাল; | समय, काल; | time, occasion, weather; |
| | | 2. ऋतु, जमाना; | ঋতু, বতৰ, কাল; | ऋतु, बतर, काल; | season; |
| | | 3. सुंदर और सुहावना दृश्य । | সুন্দৰ, শোভন দৃশ্য | सुन्दर, शोभन दृश्य | scene, landscape, view. |
| समाई | स्त्री. | 1. समाने की क्रिया या भाव; | সামৰ্থ্য, ক্ষমতা; | सामर्थ्य, क्षमता; | capacity; |
| | | 2. सहनशक्ति । | সহনশক্তি, ধৈৰ্য্য | सहनशक्ति, धैर्य्य | endurance. |
| समागम | पुं. | 1. भेंट, मिलन; | সমাগম, আহ-যাহ, মিলন; | समागम, आह-जाह, मिलन; | encounter, meeting; |
| | | 2. संभोग, मैथुन । | স্ত্ৰী সম্ভোগ, মৈথুন | स्त्री सम्भोग, मैथुन | intercourse. |
| समाचार | पुं. | वृत्तांत, खबर, संवाद । | সমাচাৰ, খবৰ, বাৰ্ত্তা | समाचार, खबर, बार्त्ता | news, report, message. |
| समाचार-पत्र | पुं. | नियमित समय पर प्रकाशित होनेवाला वह पत्र जिसमें अनेक प्रदेशों, राष्ट्रों आदि से संबंधित समाचार रहते हों, अखबार । | বাতৰি কাকত, খবৰা কাগজ | बातरि काकत, खबरा कागज | newspaper. |
| समाज | पुं. | 1. बहुत से लोगों का गिरोह या झुंड; | সমাজ; | समाज; | community, society, congregation; |
| | | 2. किसी विशिष्ट उद्देश्य से स्थापित की हुई सभा । | সংস্থা, সংঘ, সমাজ | संस्था, संघ, समाज | club, association. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समाजवाद** | पु. | एक आर्थिक तथा राजनीतिक विचार-प्रणाली जिसके अनुसार सत्ता तथा स्वामित्व व्यक्तिगत हाथों में नहीं रहना चाहिए बल्कि सामूहिक रूप से समाज में निहित रहना चाहिए । | সমাজবাদ | समाजबाद | socialism. |
| **समाजवादी** | वि. | 1. समाजवाद सम्बन्धी; | সমাজবাদী; | समाजबादी; | socialistic; |
| | | 2. समाजवाद का अनुयायी या समर्थक । | সমাজবাদী | समाजबादी | socialist. |
| **समादर** | पु. | अच्छा और उचित आदर, सम्मान, खातिर । | সমাদৰ, সন্মান, খাতিৰ | समादर, सन्मान, खातिर | great respect, reverence, veneration. |
| **समादृत** | वि. | जिसका अच्छी तरह आदर हुआ हो । | সমাদৃত | समादृत | respected, honoured. |
| **समादेश** | पु. | आज्ञा, आदेश, निदेश । | আজ্ঞা, আদেশ, নির্দ্দেশ | आज्ञा, आदेश, निर्द्देश | command. |
| **समाधान** | पु. | 1. आपत्ति की निवृत्ति करना, संदेह निवारण करना; 2. वह युक्ति या योजना जिसके द्वारा समस्या हल की जाती हो । | সমাধান, নিষ্পত্তি; সমস্যাৰ নিৰাকৰণ, সমাধান | समाधान, निष्पत्ति; समस्यार· निराकरण, समाधान | the act of solving a problem; solution. |
| **समाधि** | स्त्री. | 1. ईश्वर के ध्यान में मग्न होना; 2. वह स्थान जहां किसी का मृत शरीर या अस्थियां गाड़ी गई हों । | ধ্যানত নিমগ্ন অৱস্থা, সমাধি; কবৰ, অস্থি পুতি ৰখা ঠাই | ध्यानत निमग्न अवस्था, समाधि; कबर अस्थि पुति रखा ठाइ | meditation, trance; grave, tomb. |
| **समाधिस्थ** | वि. | जो समाधि लगाए हुए हो । | সমাধিস্থ, ধ্যানস্থ | समाधिस्थ, ध्यानस्थ | absorbed in meditation or contemplation. |
| **समान** | वि. | गुण, मूल्य, महत्व आदि के विचार से किसी के अनुरूप या बराबरी का, बराबर, तुल्य, सदृश । | সমান, তুল্য, সদৃশ, অনুৰূপ | समान, तुल्य, सदृश, अनुरूप | equal, equivalent, similar. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समानता** | स्त्री. | तुल्यता, बराबरी, सादृश्य । | সমানতা, তুল্যতা, সাদৃশ্য, মিল | समानता, तुल्यता, सादृश्य, मिल | parity, equality, similarity. |
| **समानांतर** | वि. | 1. (रेखाएं आदि) जो नित्य समान अंतर पर रहें; | সমান্তৰাল | समान्तराल | parallel; |
| | | 2. साथ-साथ चलने, काम करने वाला । | | | as above. |
| **समाना** | अ. क्रि. | 1. अंदर आना, भरना, अटना; | সোমা, অন্তৰ্ভুক্ত হ; | सोमा, अन्तर्भुक्त ह; | to be contained (in), to fit (in); |
| | | 2. व्याप्त होना । | বিয়ন, ব্যাপ্ত হ, বিস্তাৰ হ | बियन, ब्याप्त ह, बिस्तार ह | to permeate, to pervade. |
| **समानाधिकार** | पुं. | बराबर का अधिकार । | সমান অধিকাৰ | समान अधिकार | equal rights. |
| **समानार्थक** | वि. | समान अर्थ रखनेवाला, पर्यायवाची । | সমাৰ্থক, পৰ্য্যায়বাচী | समार्थक, पर्ज्यायबाची | having the same meaning, synonymous. |
| **समापन** | पुं. | समाप्त करना, पूरा करना । | সমাপন, সমাপ্তি, শেষ | समापन, समाप्ति, शेष | completion, conclusion. |
| **समाप्त** | वि. | 1. (कार्य) पूरा किया हुआ; | সমাপ্ত, শেষ কৰা, পূৰ কৰা; | समाप्त, शेष करा, पूर करा; | completed, concluded; |
| | | 2. (वस्तु) जिसका भोग, संहार आदि के कारण अस्तित्व नष्ट हो गया हो; | লোপ হোৱা, ধ্বংস হোৱা; | लोप होवा, ध्वंस होवा; | exhausted, finished; |
| | | 3. (नौकरी) जिसका कार्यकाल बीत चुका हो । | শেষ হোৱা, অন্ত পৰা | शेष होवा, अन्त परा | terminated. |
| **समाप्ति** | स्त्री. | खतम या पूरा होना । | সমাপ্তি, সমাপন, শেষ | समाप्ति, समापन, शेष | completion, end, termination. |
| **समाप्य** | वि. | खतम या पूरा करने या होने के लायक । | সমাপন বা পৰা কৰিবৰ যোগ্য | समापन बा परा करिबर जोग्य | to be accomplished or concluded or completed. |
| **समारंभ** | पुं. | आरंभ, शुरूआत । | শুভ আৰম্ভ, আৰম্ভ | शुभ आरम्भ, आरम्भ | commencement, inauguration. |
| **समारोह** | पुं. | कोई ऐसा शुभ आयोजन जिसमें चहलपहल तथा धूमधाम हो । | সমাৰোহ, উৎসৱৰ আয়োজন | समारोह, उत्सवर आयोजन | function, celebration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समालोचक** | पुं. | समीक्षक, समालोचना करनेवाला । | সমালোচক, সমালোচনা কৰোঁতা | समालोचक, समालोचना करोंता | critic. |
| **समालोचन** | पुं. | 1. किसी वस्तु, कृति या व्यक्ति आदि के गुण-दोष का सम्यक् विवेचन करना; | সমালোচনা, পৰ্যালোচনা; | समालोचना, पर्ज्यालोचना; | criticism; |
| | | 2. साहित्य में, वह लेख जिसमें किसी कृति के गुण-दोषों के संबंध में किसी ने अपने विचार प्रकट किए हों । | (সাহিত্যৰ) সমালোচনা, সমালোচনা-মূলক ৰচনা বা প্ৰবন্ধ | (साहित्यर) समालोचना, समालोचना-मूलक रचना बा प्रबन्ध | literary criticism. |
| **समालोचना** | स्त्री. | दे. 'समालोचन' । | সমালোচনা | समालोचना | see 'समालोचन'. |
| **समावर्तन** | पुं. | 1. वापस आना, लौटना, विशेषकर प्राचीन भारत में वह समारोह जिसमें गुरुकुल के स्नातकों को विद्याध्ययन कर लेने के उपरांत विदाई दी जाती थी; | সমাবৰ্তন (উত্সৱ), শিষ্যৰ বিদায়; | समाबर्त्तन (उत्सव), शिष्यर बिदाय; | return; |
| | | 2. विश्वविद्यालयों में होने-वाला वह समारोह जिसमें उच्च परीक्षाओं में उत्तीर्ण होनेवाले छात्रों को प्रमाण-पत्र आदि दिए जाते हैं, दीक्षान्त समारोह । | (বিশ্ববিদ্যালয়ৰ) সমাবৰ্তন (উত্সৱ) | (विश्वबिद्यालयर) समाबर्त्तन (उत्सव) | convocation. |
| **समाविष्ट** | वि. | जिसका समावेश कर लिया गया हो, जो मिला लिया गया हो । | অন্তৰ্ভুক্ত | अन्तर्भुक्त | entered, included, incorporated. |
| **समावेश** | पुं. | मिलना, शामिल होना । | সমাবেশ, মিলন, চামিল | समाबेश, मिलन, चामिल | inclusion, entry, incorporation. |
| **समास** | पुं. | 1. योग, मेल; | সংযোগ, মিলন; | संजोग, मिलन; | conjunction, combination, union; |
| | | 2. संक्षेप; | সংক্ষেপকৰণ; | संक्षेपकरण; | contraction, abbreviation; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. दो या अधिक पदों को मिलाकर एक पद का रूप देना । | (ব্যাকৰণত) পদৰ সমাস | (व्याकरणत) पदर समास | compound word. |
| समाहर्ता | पुं. | वह राज कर्मचारी जिसके जिम्मे किसी जिले से राजकर या प्राप्य धन आदि उगाहने का काम होता है । | সমাহৰ্তা | समाहर्त्ता | collector (as of taxes). |
| समाहार | पुं. | 1. बहुत-सी वस्तुओं को एक जगह इकट्ठा करना, संग्रह; | সংগ্ৰহ, পুঁজি, থুপ; | संग्रह, पूँजि, थूप; | collection, accumulation; |
| | | 2. ढेर, राशि । | দ'ম, পুঞ্জ, ৰাশি | द'म, पुन्ज, राशि | heap, pile. |
| समाहित | वि. | 1. एक जगह इकट्ठा किया हुआ; | সংগৃহীত, থুপ কৰা, জমা কৰা; | संगृहीत थूप करा, जमा करा; | brought together, assembled; |
| | | 2. केंद्रित; | কেন্দ্ৰীভূত; | केन्द्रीभूत; | concentrated; |
| | | 3. शांत । | সমাহিত, শান্ত, স্থিৰ | समाहित, शान्त, स्थिर | composed, collected, calm (as mind). |
| समिति | स्त्री. | 1. विशेष कार्य के लिए गठित कुछ व्यक्तियों की सभा; | সমিতি, সভা; | समिति, सभा; | committee; |
| | | 2. सभा, समाज । | সভা, সমাজ, সংঘ | सभा, समाज, संघ | union, association. |
| समिधा | स्त्री. | यज्ञ में जलाने की लकड़ी । | যজ্ঞকাষ্ঠ, সমিধ | जज्ञकाष्ठ, समिध | wood, fuel, especially sacrificial sticks |
| समीकरण | पुं. | 1. समान या बराबर करना; | সমান কৰা কাৰ্য্য; | समान करा काज्र्य; | the act of making even or equal, equalizing; |
| | | 2. (गणित में) ज्ञात राशि की सहायता से अज्ञात राशि निकालने की एक क्रिया । | (গণিতত) সমীকৰণ | (गणितत) समीकरण | (in Arith.) reducing fractions to a common denominator, equation. |
| समीक्षक | पुं. | सम्यक् रूप से देखने या समीक्षा करनेवाला, समालोचक । | সমীক্ষক, সমালোচক | समीक्षक, समालोचक | reviewer, critic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समीक्षा** | स्त्री. | 1. ग्रंथों, लेखों आदि के गुण-दोषों का विवेचन, समालोचन; | সমালোচনা, সমীক্ষা; | समालोचना, समीक्षा; | review, criticism; |
| | | 2. अच्छी तरह देखने की क्रिया । | ভালদৰে পৰীক্ষা কৰি চোৱা | भालदरे परीक्षा करि चोवा | looking well at, full consideration. |
| **समीचीन** | वि. | ठीक, उचित, न्याय्य । | সমীচীন, উচিত, ন্যায্য | समीचीन, उचित, न्याय | fit, proper, right. |
| **समीप** | वि. | निकट, पास । | নিকট, ওচৰ, কাষ | निकट, ओचर, काष | near, adjacent, close by, beside. |
| **समीपता** | स्त्री. | निकटता | সমীপতা, নিকটত্ব | समीपता, निकटत्व | nearness, proximity. |
| **समीपवर्ती** | वि. | जो समीप या पास में स्थित हो । | সমীপৱৰ্তী, ওচৰতে থকা, আসন্ন | समीपबर्त्ती, ओचरते थका, आसन्न | adjacent, neighbouring. |
| **समीर** | पुं. | वायु, हवा । | সমীৰণ, বায়ু, বতাহ | समीरण, बायु, बताह | wind, air, breeze. |
| **समुंदर** | पुं. | समुद्र । | সমুদ্ৰ, সাগৰ | समुद्र, सागर | sea, ocean. |
| **समुचित** | वि. | ठीक, उचित, उपयुक्त । | উচিত, যথোচিত, উপযুক্ত | उचित, जथेचित, उपजुक्त | fit, right, proper, appropriate. |
| **समुच्चय** | पुं. | 1. समूह, राशि; | সমূহ, পুঞ্জ, ৰাশি, থূপ; | समूह, पून्ज, राशि, थूप; | collection, accumulation; |
| | | 2. शब्दों या वाक्यों का योग । | শব্দ বা বাক্যৰ সংযোগ | शब्द बा बाक्यर संजोग | (in Gram.) conjunction of words. |
| **समुदाय** | पुं. | 1. समूह, राशि; | সমূহ, ৰাশি, থূপ, দ'ম; | समूह, राशि, थूप, द'म; | number, heap, mass, aggregate; |
| | | 2. समाज, बिरादरी । | সমাজ, সম্প্ৰদায় | समाज, सम्प्रदाय | community. |
| **समुद्र** | पुं. | वह विशाल जल राशि जो इस पृथ्वी तल के प्राय: तीन-चौथाई हिस्से में व्याप्त है, सागर । | সমুদ্ৰ, সাগৰ | समुद्र, सागर | sea, ocean. |
| **समुद्री (समुद्रीय)** | वि. | समुद्र का, समुद्र-सम्बन्धी । | সাগৰীয়, সামুদ্ৰিক | सागरीय, सामुद्रिक | marine, oceanic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समुन्नत** | वि. | 1. जिसकी यथेष्ट उन्नति हुई हो, खूब बढ़ा-चढ़ा; 2. बहुत ऊंचा । | সমুন্নত, যথেষ্ট উন্নত, আগ বঢ়া; অতি উচ্চ, অতি ওখ | समुन्नत, जथेष्ट उन्नत, आग बढ़ा; अति उच्च, अति ओख | progressed, developed; elevated, high, lofty. |
| **समुन्नति** | स्त्री. | 1. समृद्धि; | সমৃদ্ধি, সমুন্নতি; | समृद्धि, समुन्नति; | rise, prosperity, progress, development; |
| | | 2. ऊंचाई । | উচ্চতা | उच्चता | height, loftiness. |
| **समूचा** | वि. | कुल, पूरा, सब । | সকলো, সম্পূৰ্ণ, আটাইবোৰ | सकलो, सम्पूर्ण, आटाइबोर | whole, entire, complete. |
| **समूल** | वि. | जिसमें मूल या जड़ हो । | মূল বা শিপাৰে সৈতে থকা | मूल् बा शिपारे सैते थका | having roots, well founded. |
| | क्रि. वि. | जड़ या मूल से, पूरी तरह । | সমূলে, তেনেই, গোটেই | समूले, तेनेइ, गोटेइ | completely, utterly. |
| **समूह** | पुं. | 1. ढेर, राशि; 2. झुंड, समुदाय । | সমূহ, ৰাশি; দল, সমাজ, সম্প্ৰদায় | समूह, राशि; दल; समाज, सम्प्रदाय | quantity, heap; group, multitude, assemblage. |
| **समृद्ध** | वि. | संपन्न, धनवान् । | আঢ্যবন্ত, সমৃদ্ধ | आढ्यबन्त, समृद्ध | very prosperous, flourishing, wealthy. |
| **समृद्धि** | स्त्री. | बहुत अधिक सम्पन्नता, अमीरी । | সমৃদ্ধি, ধন-সম্পত্তি | समृद्धि, धन-सम्पत्ति | prosperity, affluence, richness. |
| **समेटना** | स. क्रि. | 1. बिखरी हुई वस्तुओं को इकट्ठा करना; 2. शेष कार्य को पूरा करना, समाप्त करना । | গোটা, থূপ কৰ; শেষ কৰ, পূৰ কৰ, ওৰ পেলা | गोटा, थूप कर; शेष कर, पूर कर, ओर पेला | to collect together, to amass; to wind up. |
| **समेत** | वि. | किसी के साथ मिला या लगा हुआ, संयुक्त । | সমেত, মিলিত, সংযুক্ত, যুক্ত | समते, मिलित, संजुक्त, जुक्त | united together, associated (with). |
| | क्रि. वि. | सहित, साथ । | সৈতে, লগত | सैते, लगत | with, together with, along with. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **समोना** | स. क्रि. | 1. समाविष्ट या सम्मिलित करना; 2. इकट्ठा या संगृहीत करना । | অন্তর্ভুক্ত কৰ চামিল কৰ; গোটা থুপা | अन्तर्भुक्त कर; चामिल कर; गोटा थुपा | to include, to incorporate; to collect, to assemble. |
| **समोसा** | पुं. | सिंघाड़े की शक्ल का एक नमकीन पकवान । | চিংৰা | चिंरा | a kind of stuffed piece of a triangular shape. |
| **सम्मत** | वि. | 1. एक ही राय का, सहमत; 2. पुष्ट, समर्थित, अनुमोदित । | সন্মত, একমত হোৱা, এক মত; সমৰ্থিত, অনুমোদিত | सन्मत, एकमत होवा, एक मत; समर्थित, अनुमोदित | of one mind, of the same opinion; supported by, approved by, acknowledged. |
| **सम्मति** | स्त्री. | 1. सलाह, राय; 2. सहमति । | উপদেশ, পৰামৰ্শ; সন্মতি, মত | उपदेश, परामर्श; सन्मति, मत | advice, opinion; consent, agreement. |
| **सम्मन (समन)** | पुं. | न्यायालय द्वारा प्रेषित वह पत्र जिसमें किसी को न्यायालय में उपस्थित होने का आदेश दिया जाता है । | চমন, আজ্ঞাপত্ৰ | चमन, आज्ञापत्र | summons. |
| **सम्मान** | पुं. | इज्जत, आदर, प्रतिष्ठा । | সন্মান, মান, মৰ্যাদা | सन्मान, मान, मर्य्यादा | honour, respect, homage. |
| **सम्माननीय** | वि. | जिसका सम्मान किया जाना आवश्यक और उचित हो । | সন্মানী, মাননীয়, শ্ৰদ্ধাস্পদ | सन्मानी, माननीय, श्रद्धास्पद | honourable, respectable. |
| **सम्मानित** | वि. | जिसका सम्मान किया गया हो । | সন্মানিত | सन्मानित | honoured, respected. |
| **सम्मिलन** | पुं. | मिलना, एकत्र होना । | সন্মিলন, সন্মিলন, মিলন | सन्मिलन, सन्मिलन, मिलन | coming together, union. |
| **सम्मिलित** | वि. | 1. किसी के साथ मिला या मिलाया हुआ; 2. मिलजुल कर किया हुआ, सामूहिक । | চামিল হোৱা, অন্তর্ভুক্ত, মিলিত; সামূহিক, সমূহীয়া | चामिल होवा, अन्तर्भुक्त, मिलित; सामुहिक, समूहीया | included; collective. |
| **सम्मिश्रण** | पुं. | 1. मिलाने की क्रिया; 2. मिलावट । | মিশ্ৰণ, সংমিশ্ৰণ, মিলোৱা কাৰ্য্য; ভাঁজ, ভেঁজাল | मिश्रण, संमिश्रण, मिलोवा कार्य्य; भाँज, भेंजाल | the act or process of mixing together; adulteration. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्मिश्रित | वि. | 1. मिलाया हुआ, एक साथ किया हुआ;<br>2. मिलावटी । | মিশ্রিত, মিলোৱা;<br>ভেঁজাল, ভাঁজ দিয়া | मिश्रित, मिलोवा;<br>भेंजाल, भाँज दिया | mixed together, intermixed;<br>adulterated. |
| सम्मुख | वि. | सामने, समक्ष, आगे । | সন্মুখ, উপস্থিত, আগতে থকা | सन्मुख, उपस्थित, आगते थका | in front (of), in the presence (of), before. |
| सम्मेलन | पुं. | मनुष्यों का किसी विशेष उद्देश्य से अथवा किसी विषय पर विचार करने के लिए एकत्र होने वाला समाज । | সন্মিলন, সভা | सन्मिलन, सभा | gathering, conference. |
| सम्मोह | पुं. | 1. मूर्च्छा, बेहोशी;<br>2. प्रेम, मोह;<br>3. अज्ञान, मूर्खता । | মূৰ্চ্ছা, সংজ্ঞাহীনতা;<br>প্রেম, মোহ;<br>অজ্ঞতা, মূৰ্খালি | मूर्च्छा, संज्ञाहीनता;<br>प्रेम, मोह;<br>अज्ञता, मूर्खालि | hypnosis;<br>infatuation, fascination;<br>ignorance, folly. |
| सम्मोहक | वि. | 1. बेहोश या संज्ञाहीन करने वाला;<br>2. मुग्ध करनेवाला, वश में करनेवाला । | সংজ্ঞাহীন, অচেতন, বেহুচ;<br>সন্মাহক, মোহনী, বশকাৰী | संज्ञाहीन, अचेतन, बेहुच;<br>सन्माहक, मोहनी, बशकारी | hypnotic;<br>hypnotising, fascinating. |
| सम्मोहन | पुं. | 1. मुग्ध करना;<br>2. बहकाना । | সন্মোহন, মোহন, বশীকৰণ;<br>মোহন, ভোল নিওৱা কাৰ্য্য | सन्मोहन, मोहन, बशीकरण;<br>मोहन, भोल निओवा काज्र्य | fascination, hypnosis;<br>beguilement. |
| सम्यक् | वि. | 1. उचित, उपयुक्त;<br>2. ठीक, सही । | ঠিক, উপযুক্ত, যথাৰ্থ;<br>ঠিক, খাঁটি, সঁচা | ठीक, उपजुक्त, जथार्थ;<br>ठीक, खाँटि, सँचा | right, fit, appropriate;<br>correct, accurate. |
| सम्राज्ञी | स्त्री. | सम्राट् की पत्नी । | সম্রাজ্ঞী, মহাৰাণী, পাটমাদৈ | सम्राज्ञी, महाराणी, पाटमादै | empress. |
| सम्राट | पुं. | साम्राज्य का स्वामी । | সম্রাট, চক্রবর্ত্তী ৰজা | सम्राट, चक्रवर्त्ती, रजा | emperor. |
| सम्हलना | अ. क्रि. | दे. 'संभलना' । | 'संभलना' চোৱাঁ | 'संभलना' चोवाँ | see 'संभलना'. |
| सयाना | वि. | 1. जो बाल्यावस्था पार कर वयस्क हो चला हो;<br>2. बुद्धिमान, समझदार;<br>3. चालाक, धूर्त । | ডেকা, যুবক, প্রাপ্ত বয়স্ক;<br>বিবেকী, বুদ্ধিমান;<br>চালাক, চতুৰ, ধূৰ্ত্ত, বুধিয়ক | डेका, जुबक, प्राप्त बयस्क;<br>बिबेकी, बुद्धिमान;<br>चालाक, चतुर, धूर्त्त, बुधियक | grown up, adolescent;<br>sagacious, wise;<br>clever, shrewd, cunning. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सर** | वि. | **1. हराया हुआ, पराजित;** | পৰাজিত, হৰা; | पराजित, हरा; | defeated. vanquished; |
| | | **2. (काम) पूरा या समाप्त किया हुआ ।** | সম্পূৰ্ণ হোৱা, পূৰহোৱা, ওৰ পৰা | सम्पूर्ण होवा, पूरहोवा, ओर परा | completed, accomplished. |
| | पुं. | **1. बड़ा तालाब;** | ডাঙৰ পুখুৰী; | डाङर पुखुरी; | pond, pool, tank; |
| | | **2. सिर;** | মূৰ শিৰ, শীৰ্ষ; | मूर, शिर, शीर्ष; | head, top; |
| | | **3. चोटी, शीर्षभाग ।** | চূড়া, শীৰ্ষ, টিং | चूड़ा, शीर्ष, टिं | pinnacle, tip. |
| **सरकंडा** | पुं. | **सरपत की जाति का एक पौधा जिसमें गाठें होती हैं ।** | বতা, ইকৰা, খাগৰি | बता, इकरा खागरि | a kind of reed. |
| **सरकना** | अ. क्रि. | **1. जमीन से सटे हुए आगे बढ़ना, रेंगना;** | চুঁচৰি যা, চোঁচৰ, পিচলি গৈ থাক; | चुँचरि जा, चोंचर, पिचलि गै थाक; | to slide, to slip, to crawl; |
| | | **2. धीरे-धीरे तथा थोड़ा-थोड़ा आगे बढ़ना ।** | লাহে লাহে আগবাঢ় বা খোজ কাঢ় | लाहे लाहे आगबाढ़ बा खोज काढ़ | to move slowly. |
| **सरकार** | स्त्री. | **किसी देश के सम्राट, राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री द्वारा चुने हुए मंत्रियों का वह दल जो सामूहिक रूप से उस देश का शासन करता है ।** | চৰকাৰ, প্ৰশাসন | चरकार, प्रशासन | administration, government. |
| **सरकारी** | वि. | **सरकार का, राजकीय ।** | চৰকাৰী, শাসকীয় | चरकारी, शासकीय | relating to Government, official. |
| **सरगम** | पुं. | **1. संगीत में षड्ज से निषाद तक के सातों स्वरों का समूह;** | (সংগীতত) সপ্ত-সুৰৰ সমূহ বা সমাহাৰ; | (संगीतत) सप्त-स्वरर समूह बा समाहार; | the gamut; |
| | | **2. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का उच्चारण;** | গীতত প্ৰযোজ্য সুৰৰ উচ্চাৰণ; | गीतत प्रजोज्य स्वरर उच्चारण; | solfa notation; |
| | | **3. किसी गीत में लगने वाले स्वरों का क्रम, स्वरलिपि ।** | সুৰ-লিপি, সুৰ-ফলি | स्वर-लिपि, स्वर-फलि | a syllabic form of musical composition. |
| **सरगर्मी** | स्त्री. | **सक्रियता, क्रियाशीलता ।** | তৎপৰতা, সক্ৰিয়তা, কৰ্ম্মব্যস্ততা | तंत्परता, सक्रियता, कर्म्मब्यस्तता | hectic activity. |
| **सरणि (सरणी)** | स्त्री. | **1. मार्ग, रास्ता;** | ৰাস্তা, পথ, বাট; | रास्ता, पथ, बाट; | channel; |
| | | **2. पंक्ति ।** | পংক্তি, শাৰী, শ্ৰেণী | पंक्ति, शारी, श्रेणी | row, line. |
| **सरनाम** | पुं. | **प्रसिद्ध, मशहूर, विख्यात ।** | প্ৰসিদ্ধ, বিখ্যাত | प्रसिद्ध, बिख्यात | well-known, renowned, famous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सरपंच | पुं. | पंचायत का सभापति । | পঞ্চায়তৰ সভাপতি | पन्चायतर सभापति | head of the panchayat. |
| सरपट | स्त्री. | घोड़े की बहुत तेज चाल जिसमें वह दोनों पैर साथ-साथ आगे फेंकता है । | ঘোঁৰাৰ বেগী খোজ বা কদম | घोंरार बेगी खोज बा कदम | quick pace. |
| | क्रि. वि. | घोड़े की उक्त चाल की तरह तेज भागते या दौड़ते हुए । | ঘোঁৰাৰ দৌৰেৰে | घोंरार दौरेरे | galloping.. |
| सरपत | पुं. | कुश की जाति का एक तृण । | উলু, খেৰ | उलु, खेर | a kind of reed or reed grass. |
| सरल | वि. | 1. जो टेढ़ा या वक्र न हो, सीधा; 2. जिसके मन में छल-कपट न हो, सीधा और भोला; 3. आसान, सहज । | পোন, চিধা, সৰল; সৰল, পোনপটীয়া; সহজ, সৰল | पोन, चिधा, सरल; सरल, पोनपटीया; सहज, सरल | straight, not crooked; upright, honest, sincere, artless; simple, easy. |
| सरलता | स्त्री. | 1. सीधापन, भोलापन; 2. आसानी, सुगमता । | সৰলতা; সহজতা, সৰলতা, সুগমতা | सरलता; सहजता, सरलता, सुगमता | artlessness, simplicity; easiness. |
| सरलीकरण | पुं. | जटिल विषय आदि को आसान बना देना । | সৰলীকৰণ | सरलीकरण | simplification. |
| सरस | वि. | 1. रसयुक्त, रसीला; 2. हरा और ताजा; 3. (रचना) जो भावमयी और मोहक हो; 4. रसिक, सहृदय । | ৰসাল, সৰস, ৰহীয়া; তাজা, নতুন; সৰস, ৰসাল; ৰসিক | रसाल, सरस, रहीया; ताजा, नतुन; सरस, रसाल; रसिक | juicy, sapid; fresh, new, blooming; beautiful, elegant; interesting, humorous. |
| सरसरी | वि. | जमकर या अच्छी तरह नहीं बल्कि यों ही और जल्दी में होनेवाला । | খৰখেদা, মোটামুটি | खरखेदा, मोटामुटि | cursory, hurried; |
| सरसिज | पु. | कमल । | পদুম, কমল | पदुम, कमल | a lotus. |
| सरसों | स्त्री. | एक तेलहन, सर्षप । | সৰিয়হ | सरियह | mustard seed or plant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सरस्वती** | स्त्री. | 1. विद्या और वाणी की अधिष्ठात्री देवी; | সৰস্বতী; | सरस्वती; | the goddess of speech and learning; |
| | | 2. विद्या, इल्म; | বিদ্যা, বাণী; | बिद्या, बाणी; | speech; eloquence, learning. |
| | | 3. एक प्राचीन नदी । | সৰস্বতী নদী | सरस्वती नदी | the river Saraswati. |
| **सरहज (सलहज)** | स्त्री. | साले की पत्नी । | খুলশালিৰ পত্নী | खुलशालिर पत्नी | wife's brother's wife. |
| **सरहद** | स्त्री. | किसी देश, भू-भाग या राज्य की सीमा । | দেশ বা ৰাজ্যৰ সীমা, প্ৰান্ত | देश बा राज्यर सीमा, प्रान्त | boundary, frontiers, border. |
| **सराफ (सर्राफ़)** | पुं. | 1. सोने-चांदी का व्यापारी; | সোণ-ৰূপৰ বেপাৰী; | सोण-रूपर बेपारी; | person who deals in gold jewellery; |
| | | 2. वह दुकानदार जो बड़े सिक्कों को कुछ दलाली लेकर छोटे सिक्कों में बदल देता हो । | টকা ভঙাই দিওতা | टका भडाइ दिओता | a money changer. |
| **सराफा (सर्राफा)** | पुं. | 1. सराफा का पेशा; | সোণ-ৰূপৰ বেপাৰ, টকা ভঙাই দিয়া কাৰবাৰ; | सोण-रूपर बेपार, टका डडाइ दिया कारबार; | the profession of jewellery or money changing, business of gold; |
| | | 2. वह बाजार जिसमें सराफों की अनेक दुकानें हों । | সোণ-ৰূপৰ বজাৰ | सोण-रूपर बजार | Gold and silver exchange. |
| **सराबोर** | वि. | अच्छी तरह भीगा हुआ, तरबतर । | তিতি জুৰুলি জুপুৰি হোৱা | तिति जुरुलि जुपुरि होवा | completely drenched, soaked. |
| **सराय** | स्त्री. | मुसाफिर खाना । | চৰাই ঘৰ, অতিথি শালা | चराइ घर, अतिथि शाला | inn, tavern. |
| **सरासर** | क्रि. वि. | पूर्णतया, बिल्कुल । | সম্পূৰ্ণৰূপে. | सम्पूर्णरूपे | wholly, entirely, out and out. |
| **सराहना** | स्त्री. | तारीफ, प्रंशसा। | গুণগান | गुणगान | praise, eulogy. |
| | स.क्रि. | तारीफ करना, प्रशंसा करना | প্ৰশংসা কৰ, বখান | प्रशंसा कर, बखान | to praise, commend, applaud. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सराहनीय** | वि. | प्रशंसा के योग्य, तारीफ के लायक । | প্ৰশংসনীয় | प्रशंसनीय | praise-worthy, laudable. |
| **सरिता** | स्त्री. | 1. नदी;<br>2. धारा या प्रवाह। | নদী, নৈ;<br>ধাৰা, প্ৰবাহ, সোঁত | नदी, नै;<br>धारा, प्रबाह, सोंत | river, stream;<br>flow, current |
| **सरिया** | पुं. | 1. सरकंडे का छड़;<br>2. लोहे का पतला लंबा छड़ । | বতা বা ইকৰাৰ মাৰি;<br>লোৰ সৰু দীঘলীয়া শলা | बता वा इकरार मारि;<br>लोर सरु दीघलीया शला | a piece of reed;<br>a thin iron rod (used in making bars or fences)<br>like resembling, after the pattern or type (of). |
| **सरीखा** | वि. | समान, सदृश । | সমান, সদৃশ, নিচিনা | समान, सदृश, निचिना | like, similar, resembling. |
| **सरूप** | वि. | 1. समान, सदृश;<br>2. साकार, रूपवाला । | সমান, সদৃশ, মিল থকা;<br>সাকাৰ, ৰূপ থকা | समान, सदृश, मिल थका;<br>साकार रूप थका | like, similar, resembling;<br>possessing form or appearance (of), having shape. |
| **सरूपता** | स्त्री. | तुल्यरूपता, सादृश्य । | সাদৃশ্য, মিল, সদৃশতা | सादृश्य, मिल, सदृशता | identity of form, likeness, resemblance. |
| **सरेश (सरेस)** | पुं. | एक लसदार पदार्थ जो पशुओं के चमड़े से तैयार किया जाता है और मुख्यत: लकड़ी जोड़ने के काम आता है । | চিৰিছ এঠা | चिरिछ एठा | glue. |
| **सरोकार** | पुं. | वास्ता, संबंध । | সম্বন্ধ, সম্পৰ্ক | सम्बन्ध, सम्पर्क | concern, business. |
| **सरोज** | पुं. | कमल । | পদুম | पदुम | lotus. |
| **सरोद** | पुं. | वीणा की तरह का एक प्रकार का बाजा । | সৰোদ | सरोद | a kind of violin. |
| **सरोवर** | पुं. | तालाब । | সৰোবৰ, হ্ৰদ, পুখুৰী | सरोबर, ह्रद, पुखुरी | large lake or pond. |
| **सरौता** | पुं. | सुपारी काटने का एक औजार । | চোৰতা, চুপাৰি কটা এবিধ সঁজুলি | चोरता, चुपारि कटा एबिध सँजुलि | nut cracker. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सर्ग** | पुं. | 1. किसी ग्रंथ विशेषत: काव्य ग्रंथ का अध्याय या प्रकरण;<br>2. प्रकृति, स्वभाव;<br>3. त्याग । | কাব্যৰ অধ্যায়, প্ৰকৰণ;<br>প্ৰকৃতি, স্বভাৱ;<br>ত্যাগ | काब्यर अध्याय, प्रकरण;<br>प्रकृति, स्वभाव;<br>त्याग | section, chapter, canto (as of a poem);<br>nature, disposition;<br>relinquishment, abandonment. |
| **सर्जक** | पुं. | रचना करनेवाला, स्रष्टा । | ৰচোঁতা, স্ৰষ্টা | रचोंता, स्रष्टा | creator. |
| **सर्जन** | पुं. | 1. उत्पन्न करना या जन्म देना;<br>2. त्याग, छोड़ना । | স্ৰজন, ৰচনা;<br>ত্যাগ, বৰ্জ্জন | स्रजन, रचना;<br>त्याग, बर्ज्जन | creating, producing.<br>abandoning, quitting. |
| **सर्द** | वि. | 1. ठंडा;<br>2. फीका, बेमजा;<br>3. उत्साह रहित । | ঠান্ডা, শীতল;<br>সেৰেকা, পানী পানী লগা;<br>নিৰুত্সাহী, | ठान्डा, शीतल,<br>सेरेका, पानी पानी लगा;<br>निरुत्साही, | cold, cool;<br>insipid, tasteless;<br>lifeless. |
| **सर्दा** | पुं. | खरबूजे का एक भेद जो बढ़िया और अधिक मीठा होता है । | এবিধ ভাল জাতীয় তৰমুজ | एबिध भाल जातीय तरमुज | a kind of melon. |
| **सर्दी** | स्त्री. | 1. जाड़ा;<br>2. जाड़े का मौसम;<br>3. जुकाम या प्रतिश्याप नामक रोग । | ঠান্ডা, জাৰ;<br>শীত কাল;<br>পানী লগা, চৰ্দ্দি | ठान्डा, जार;<br>शीत काल;<br>पानी लगा, चर्द्दि | cold;<br>winter;<br>cold, chill. |
| **सर्दी-जुकाम** | पुं. | ठंड लगने से छींकें आदि आना, नाक से पानी बहना आदि । | কাহ-পানী লগা | काह-पानी लगा | cold and cough. |
| **सर्प** | पुं. | सरीसृप वर्ग का एक जन्तु, सांप । | সাপ | साप | serpent, snake. |
| **सर्व** | वि. | आदि से अंत तक, सब, समस्त, सारा । | সমষ্ট, সব, সকলো | समष्ट, सब, सकलो | all, whole, entire, complete. |
| **सर्वज्ञ** | वि. | सब कुछ जाननेवाला । | সৰ্ব্বজ্ঞ, সৰবজান | सर्ब्बज्ञ, सरबजान | all knowing, omniscient. |
| | पुं. | ईश्वर । | ঈশ্বৰ | ईश्वर | the Supreme Being. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्वतः | अव्य. | चारों ओर, सब तरफ । | কেউফালে, সকলোতে | केउफाले, सकलोते | on all sides, everywhere, all round. |
| सर्वतोमुखी | वि. | 1. जिसका मुंह चारों ओर हो; | সৰ্ব্বতোমুখী, বহুমুখী; | सर्ब्बतोमुखी, बहुमुखी; | facing in all directions, turned, everywhere; |
| | | 2. जो सभी ओर प्रवृत्त रहता हो; | বহুমুখী; | बहुमुखी; | versatile; |
| | | 3. जो सभी तरह के कार्यों में दक्ष हो । | সকলো কামতে পাকৈত | सकलो कामते पाकैत | all round (worker). |
| सर्वत्र | क्रि. वि. | सब जगह । | সৰ্ব্বত্ৰ, সকলোতে | सर्ब्बत्र, सकलोते | in all places, everywhere. |
| सर्वथा | क्रि. वि. | हर तरह से, पूर्णतः । | সকলো প্ৰকাৰে, সম্পূৰ্ণৰূপে | सकलो प्रकारे, सम्पूर्णरूपे | in every respect, by all means, completely. |
| सर्वदा | क्रि. वि. | हमेशा, सदा । | সদায়, নিতৌ | सदाय, नितौ | at all times, always. |
| सर्वनाम | पुं. | संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होनेवाला शब्द । | সৰ্ব্বনাম | सर्ब्बनाम | pronoun. |
| सर्वनाश | पुं. | पूरा विनाश, तबाही । | সৰ্ব্বনাশ | सर्ब्बनाश | complete ruin, devastation. |
| सर्वव्यापक | पुं. | जो सब पदार्थों और सब स्थानों में व्याप्त हो । | সৰ্ব্বব্যাপ্ত, সকলোতে বিদ্যমান | सर्ब्बव्याप्त, सकलोते बिद्यमान | omnipresent, universal. |
| सर्वव्यापी | वि. | दे. 'सर्वव्यापक' । | সৰ্ব্বব্যাপ্ত | सर्ब्बव्याप्त | see 'सर्वव्यापक' । |
| सर्वश्रेष्ठ | वि. | सर्वोत्तम, सबसे बढ़कर । | সৰ্ব্বশ্ৰেষ্ঠ, সৰ্ব্বোত্তম | सर्ब्बश्रेष्ठ, सर्ब्बोत्तम | best, finest, most excellent. |
| सर्वसम्मति | स्त्री. | सब की सम्मति या राय, मतैक्य । | সৰ্ব্ব সন্মতি | सर्ब्ब सन्मति | unanimity. |
| सर्वसाधारण | पुं. | साधारण लोग, जनता । | সৰ্ব্বসাধাৰণ | सर्ब्बसाधारण | common man, people at large. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्वस्व | पुं. | सब कुछ, सारी सम्पत्ति । | সৰ্ব্বস্ব, সকলো সম্পত্তি, যথা- সৰ্ব্বস্ব | सर्ब्वस्व, सकलो सम्पत्ति, जथा- सर्ब्वस्व | the whole of a person's property or possessions, one's all. |
| सर्वहारा | पुं. | समाज का निम्नतम श्रमिक वर्ग । | সৰ্ব্বহাৰা, সাধাৰণ শ্ৰেণীৰ শ্ৰমিকবৰ্গ | सर्ब्बहारा, साधारण श्रेणीर श्रमिकबर्ग | proletariat. |
| सर्वांग | पुं. | सारा शरीर,सब अंग । | সৰ্ব্বাংগ, গোটেই শৰীৰ | सर्ब्बांग, गोटेइ शरीर | the whole body. |
| सर्वांगीण | वि. | 1. सब अंगों में व्याप्त होने-वाला; | সৰ্ব্বাংগীন, গোটেই শৰীৰৰ; | सर्ब्बांगीन, गोटेइ शरीरर; | pervading or thrilling through the whole body; |
| | | 2. जो सभी अंगों से युक्त हो । | গোটেই শৰীৰটোতে থকা | गोटेइ शरीरटोते थका | permeating all round. |
| सर्वेक्षक | पुं. | सर्वेक्षण करनेवाला । | জৰীপ কৰোঁতা | जरीप करोंता | surveyor. |
| सर्वेक्षण | पुं. | 1. किसी विषय के सही तथ्यों की जानकारी के लिए इस विषय के सब अंगों का किया जाने-वाला आधिकारिक निरीक्षण; | জৰীপ; | जरीप; | survey; |
| | | 2. ऐसा विवेचन जिसमें किसी विषय के सब अंगों को परखा गया हो । | পূৰ্ণাংগ বা সম্পূৰ্ণ জৰীপ | पूर्णांग बा सम्पूर्ण जरीप | survey. |
| सर्वेश्वर | पुं. | 1. सबका स्वामी या मालिक; | সকলোৰে গৰাকী; | सकलोरे गराकी; | the lord of all, master of all; |
| | | 2. ईश्वर; | পৰমেশ্বৰ; | परमेश्वर; | the Supreme Being; |
| | | 3. चक्रवर्ती राजा । | চক্ৰবৰ্ত্তী ৰজা, সম্ৰাট | चक्रबर्त्ती रजा, सम्राट | universal monarch. |
| सर्वोच्च न्यायालय | पुं. | किसी देश का वह सबसे बड़ा न्यायालय जिसके अधीन वहां की सारी न्यायपालिका हो और जिसमें वहां के उच्च न्यायालयों के निर्णय आदि के संबंध में अन्तिम रूप से पुनर्विचार किया जा सकता हो । | উচ্চতম ন্যায়ালয় | उच्चतम न्यायालय | Supreme Court. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सर्वोत्तम | वि. | सबसे अच्छा, सर्वश्रेष्ठ । | সৰ্ব্বোত্তম, অতি উত্তম | सर्ब्बोत्तम, अति उत्तम | best of all, excellent. |
| सर्वोदय | पुं. | सब लोगों के आर्थिक, नैतिक तथा सामाजिक उत्थान के लिए चलाया गया स्वतंत्र भारत का एक आंदोलन । | সৰ্ব্বোদয় (আন্দোলন) | सर्ब्बोदय (आन्दोलन) | uplift of all. |
| सर्वोपरि | वि. | जो सबसे ऊपर या बढ़कर हो । | সৰ্ব্বোচ্চ, উচ্চতম | सर्ब्बोच्च, उच्चतम | supreme, above all, ahead of all. |
| | क्रि. वि. | सबसे ऊपर । | সকলোৰে ওপৰত বা আগত | सकलोरे ओपरत बा आगत | above all, ahead of all. |
| सलमा | पुं. | कपड़ों पर बेलबूटे बनाने के काम आनेवाला सोने चांदी का तार, बादला । | কাপোৰত বোৱা বা লগোৱা গুণা | कापोरत बोवा बा लगोवा गुणा | a band of embroidery. |
| सलवार | स्त्री. | एक खास तरह की काट का पाजामा । | চালোৱাৰ, এবিধ পায়জামা | चालोवार, एबिध पायजामा | a kind of trousers. |
| सलाई | स्त्री. | काठ, धातु आदि की पतली छोटी छड़ । | শলা, কাঠি | शला, काठि | knitting needle, needle, thin wire. |
| सलाख | स्त्री. | धातु की छड़ । | শলা, কাঠি | शला, काठि | thin iron rod, bar. |
| सलामत | क्रि. वि. | सकुशल । | তালে কুশলে | ताले कुशले | safe, sound, well. |
| सलामी | स्त्री. | 1. सलाम करने की रस्म; 2. विशेषत: सैनिकों आदि का एकमात्र किसी बड़े अधिकारी, अभ्यागत आदि का अभिवादन करना; | চালাম, নমস্কাৰ; টোপধ্বনিৰে কৰা অভিবাদন; | चालाम, नमस्कार; टोपध्वनिरे करा अभिबादन; | act of salutation; salute in honour of a respected guest or officer. |
| | | 3. तोपें आदि दागकर किसी का स्वागत करना । | অভিবাদন | अभिबादन | salute by booming of guns. |
| सलाह | स्त्री. | सम्मति, राय, मशवरा । | পৰামৰ্শ, উপদেশ, অভিমত | परामर्श, उपदेश, अभिमत | advice, counsel, opinion. |
| सलाहकार | पुं. | राय देनेवाला, परामर्शदाता । | পৰামৰ্শদাতা, উপদেষ্টা | परामर्शदाता, उपदेष्टा | adviser, counsellor. |
| सलिल | पुं. | जल, पानी । | পানী | पानी | water. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सलीका** | पुं. | शऊर, तमीज, योग्यता । | যোগ্যতা, আদব-কায়দা, শিষ্টাচাৰ | जोग्यता, आदब-कायदा, शिष्टाचार | manners, etiquette. |
| **सलूक** | पुं. | किसी के प्रति किया जाने-वाला व्यवहार । | ব্যৱহাৰ, আচৰণ | ब्यवहार, आचरण | behaviour or conduct, treatment. |
| **सलोना** | वि. | 1. नमक मिला हुआ, नमकीन; | লুনীয়া; | लुनीया; | salted, tasteful; |
| | | 2. सुन्दर, लावण्यमय । | শুৱনী, মনোমোহা | शुवनी, मनोमोहा | beautiful, charming. |
| **सल्तनत** | स्त्री. | राज्य, बादशाहत, हुकूमत । | বাদচাহিত্ব, প্ৰভুত্ব, ৰাজত্ব | बादचाहित्व, प्रभुत्व, राजत्व | sultanate, empire, kingdom. |
| **सवर्ण** | वि. | 1. समान रंग का; | একে ৰঙৰ; | एके रङर; | of the same colour; |
| | | 2. समान जाति का । | স্বজাতীয় | स्वजातीय | of the same caste or tribe. |
| **सवा** | वि. | पूरा और एक चौथाई । | চোৱা এক, এক আৰু চাৰি ভাগৰ এভাগ | चोवा एक, एक आरु चारि भागर एभाग | one and a quarter. |
| **सवाई** | स्त्री. | ऋण का वह प्रकार जिसमें मूलधन का चतुर्थांश ब्याज के रूप में देना पड़ता है । | চোৱা ভাগ সুত লৈ দিয়া ধাৰ | चोवा भाग सुत लै दिया ऋण | a kind of loan where one fourth of the principal is to be paid by way of interest. |
| **सवाया** | वि. | 1. पूरे से एक चौथाई से अधिक, सवा गुना; | চোৱা এক গুণ; | चोवा एक गुण; | one and a quarter times; |
| | | 2. किसी की तुलना में कुछ अधिक या बढ़ा हुआ । | তুলনাত কিছু বেছি | तुलनात किछु बेछि | more than, ahead of. |
| **सवार** | पुं. | वह जो किसी सवारी या यान पर आरूढ़ हो । | চোৱাৰী, উঠোঁতা, চহিচ | चोवारी, उठोंता, चहिच | rider, horseman, person sitting in/ on a carriage. |
| **सवारी** | स्त्री. | 1. सवार होने की क्रिया; | আৰোহণ; | आरोहण; | riding; |
| | | 2. ऐसा साधन जिस पर सवार होकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हों, यान; | যান, বাহন; | जान, बाहन; | vehicle, conveyance; |
| | | 3. जुलूस; | সমদল, শোভাযাত্ৰা; | समदल, शोभाजात्रा; | procession; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. सवार होनेवाला व्यक्ति, मुसाफिर । | যাত্ৰী | जात्री | passenger. |
| सवारी गाड़ी | स्त्री. | यात्रियों को लाने ले जानेवाली रेलगाड़ी । | যাত্ৰী-গাড়ী | जात्री-गाड़ी | passenger train. |
| सवाल | पु. | 1. गणित का प्रश्न; | প্ৰশ্ন; | प्रश्न; | problem (in Arith.); |
| | | 2. याचना, फरियाद; | খোজন, বিচৰা, খোজা; | खोजन, बिचरा, खोजा; | begging, asking; |
| | | 3. पूछना । | সোধা, প্ৰশ্ন | सोधा, प्रश्न | question, querry. |
| सविनय अवज्ञा | स्त्री. | नम्रतापूर्वक किसी राज्याधिकारी की ऐसी आज्ञा को न मानना जो अन्यायमूलक प्रतीत हो और परिणामत: दिए जानेवाले दंड को धीरता-पूर्वक सहन करना । | অসহযোগ | असहजोग | civil disobedience. |
| सवेरा | पु. | प्रात:काल, सुबह । | পুৱা, ৰাতিপুৱা | पुरा, रातिपुरा | morning. |
| सवेरे | अव्य. | 1. साधारण समय से कुछ पहले; | সোনকালে, আগেয়ে; | सोनकाले, आगेये; | early, soon; |
| | | 2. प्रात:काल के समय । | ভোকমোকালিতে | भोकमोकालिते | in the early morning. |
| सवैया | पु. | एक प्रकार का छंद । | এবিধ ছন্দ | एविध छन्द | a kind of verse. |
| सशंक | वि. | जिसके मन में कोई शंका हो । | শঙ্কাযুক্ত, সন্দেহ-যুক্ত, সন্দেহী | शंकाजुक्त, सन्देह-जुक्त, सन्हेही | suspicious, doubtful. |
| सशस्त्र | वि. | जिसके पास शस्त्र हों, शस्त्रों से लैस । | সশস্ত্ৰ, অস্ত্ৰেৰে সৈতে | सशस्त्र, अस्त्रेरे सैते | having arms, armed. |
| ससुर | पु. | विवाहित व्यक्ति के संबंध के विचार से पति या पत्नी का पिता । | শহুৰ | शहुर | father-in-law. |
| ससुराल | स्त्री. | पति या पत्नी के पिता का घर । | শহুৰৰ ঘৰ | शहुरर घर | father-in-law's house. |
| सस्ता (स्त्री. सस्ती) | वि. | 1. अल्प मूल्य का; | সস্তা, কম দামী; | सस्ता, कम दामी; | cheap, low-priced; |
| | | 2. घटिया । | নিকৃষ্ট, বেয়া | निकृष्ट, बेया | inferior. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सहकारिता** | स्त्री. | **सहकारी या सहायक होने का भाव, मदद, सहायता ।** | সহায়, সাহায্য | सहाय, साहाज्य | cooperation. |
| **सहकारी** | वि. | **1. सहकार सम्बन्धी, सहकार का;** | সহকাৰী, সহায়ক; | सहकारी, सहायक; | cooperative; |
| | | **2. साथ-साथ करनेवाला ।** | সহকৰ্ম্মী | सहकर्म्मी | associate, colleague. |
| **सहगमन** | पुं. | **1. किसी के साथ जीने की क्रिया;** | একে লগে যোৱা কাৰ্য্য; | एके लगे जोवा कार्ज्य; | the act of going with, accompanying; |
| | | **2. मृत पति के साथ पत्नी का चिता पर चढ़ना ।** | সতীযোৱা কাৰ্য্য, সতী গমন | सतीजोवा कार्ज्य, सती गमन | the voluntary burning of a widow on the funeral pyre with her deceased husband. |
| **सहगान** | पुं. | **1. कई व्यक्तियों का साथ मिलकर गाना;** | সমবেত গীত; | समबेत गीत; | collective singing; |
| | | **2. कई व्यक्तियों द्वारा साथ मिलकर गाया हुआ गाना ।** | সমবেত সংগীত | समबेता संगीत | chorus. |
| **सहचर (स्त्री. सहचरी)** | पुं. | **साथी, मित्र ।** | সহচৰ, বন্ধু, সংগী | सहचर, बन्धु, संगी | associate, companion, friend. |
| **सहज** | वि. | **1. जन्मजात, प्राकृतिक;** | সহজ, জন্মগত; | सहज, जन्मगत; | innate, inherent; |
| | | **2. आसान ।** | সহজ, সৰল | सहज, सरल | easy, simple, facile. |
| **सहजन (सहिजन)** | पुं. | **एक प्रकार का बड़ा वृक्ष जिसकी लंबी फलियां तरकारी आदि के काम आती हैं ।** | সজিনা | सजिना | a kind of tree. |
| **सहधर्मिणी** | स्त्री. | **पत्नी ।** | সহধৰ্ম্মিনী, পত্নী | सहधर्म्मिनी, पत्नी | wife. |
| **सहन** | पुं. | **1. सहने की क्रिया;** | সহন, সহাগুণ; | सहन, सहागुण; | bearing, enduring, patience; |
| | | **2. आंगन, चौक ।** | চোতাল | चोताल | court-yard. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सहनशील | वि. | जिसमें अत्याचार, विपत्ति, आदि सहन करने की स्वाभाविक क्षमता या प्रवृत्ति हो, सहिष्णु। | সহনশীল | सहनशील | patient, tolerant, for-bearing. |
| सहना | स. क्रि. | 1. सहन करना, झेलना; | সহ, সহ্য কৰ; | सह, सह्य कर; | to bear, to suffer, to endure; |
| | | 2. बर्दाश्त करना, कष्ट उठाना। | কষ্ট কৰ, সহ্য কৰ | कष्ट कर, सह्य कर | to tolerate. |
| सहनीय | वि. | जो सहा जा सके, सहे जाने योग्य। | সহনীয় | सहनीय | tolerable. |
| सहपाठी | पुं. | साथ पढ़नेवाला। | সহপাঠী | सहपाठी | class-fellow, class-mate. |
| सहमत | वि. | जिसका मत दूसरे से मिलता हो या जो दूसरे के मत को ठीक मानकर उसकी पुष्टि करता हो। | এক মত, ঐক্য মত | एक मत, ऐक्य मत | agreed, consented. |
| सहमति | स्त्री. | सहमत होने की अवस्था या भाव। | সহমতি, এক মতি | सहमति, एक मति | agreement, consent. |
| सहमना | अ. क्रि. | भयभीत होना, डरना। | ভয় কৰ, ভয় খা | भय कर, भय खा | to shrink out of fear, to be alarmed. |
| सहयोग | पुं. | 1. साथ मिलकर काम करना; | সহযোগ; | सहजोग; | cooperation, collaboration; |
| | | 2. किसी के काम में सम्मिलित होकर उसका हाथ बंटाना। | সহায়, সাহায্য | सहाय, साहाज्य | assistance. |
| सहयोगी | पुं. | साथ काम करनेवाला। | সহযোগী, সহকৰ্ম্মী | सहजोगी, सहकर्म्मी | colleague, coworker, cooperator. |
| सहयोजन | पुं. | 1. साथ मिलाने की क्रिया या भाव; | এক লগ কৰা ভাব বা কাৰ্য্য; | एक लग करा भाव बा कार्ज्य; | uniting or joining together; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आजकल वह नीति जिसके अनुसार किसी समिति के सदस्य ऐसे व्यक्तियों को भी अपने साथ सम्मिलित कर लेते हैं जो मूलत: निर्वाचित नहीं होते फिर भी जिनसे सहायता मिलने की आशा होती है । | সমকল্পন | समकल्पन | cooption. |
| **सहल** | वि. | आसान, सरल । | সকল, সহজ | सकल, सहज | easy, simple. |
| **सहलग्न** | वि. | साथ लगा या लगाया हुआ । | একে লগ লগোৱা, লগতে গাঁথি দিয়া | एके लग लगोवा, लगते गाँथि दिया | enclosed, appended. |
| **सहलाना** | स. क्रि. | धीरे-धीरे मलना या हाथ फेरना । | হাত বুলা, হাত ফুৰা | हात बुला, हात फुरा | to rub gently, to caress. |
| **सहवास** | पुं. | मैथुन, संभोग । | সহবাস, মৈথুন | सहबास, मैथुन | sexual union or intercourse. |
| **सहसा** | क्रि. वि. | अचानक, एकाएक । | অকস্মাৎ, হঠাৎ | अकस्मात्, हठात् | suddenly, at once. |
| **सहस्र** | वि. | जो गिनती में दस सौ हों, हजार । | সহস্ৰ, হাজাৰ | सहस्र, हाजार | thousand. |
| **सहस्राब्दी** | स्त्री. | हजार वर्षों का समय । | এহাজাৰ বছৰৰ কাল, সহস্ৰাব্দী | एहाजार बछरर काल, सहस्राब्दी | period of a thousand years, millennium. |
| **सहानुभूति** | स्त्री. | किसी के दु:खादि से दुखित होना, हमदर्दी । | সহানুভূতি | सहानुभूति | sympathy. |
| **सहायक** | वि., पुं. | सहायता करनेवाला, जो किसी उच्चाधिकारी के अधीन रहकर उसके कामों में सहयोग देता हो । | সহায়ক | सहायक | helpful, assistant. |
| **सहायता** | स्त्री. | सहायक होने की अवस्था या भाव, मदद । | সহায়তা | सहायता | help, assistance. |
| **सहारना** | स.क्रि. | 1. सहन करना, बरदाश्त करना; | সহ, সহ্য কৰ; | सह, सह्य कर; | to bear, endure; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिम्मेदारी लेना, संभालना । | চম্ভাল, দায়িত্ব ল | चम्भाल, दायित्व ल | to take or shoulder responsibility. |
| सहारा | पुं. | 1. मदद; | সহায়, সাহায্য; | सहाय, साहाज्य; | help, assistance; |
| | | 2. आश्रय; | আশ্রয়; | आश्रय; | dependence, reliance; |
| | | 3. टेक । | আশ্রয়, ভৰসা | आश्रय, भरसा | support, prop. |
| सहित | वि. | साथ, समेत । | সহিত, সৈতে, লগতে | सहित, सैते, लगते | with, along with. |
| सहिष्णु | वि. | सहनेवाला, बरदाश्त करनेवाला । | সহিষ্ণু, সহ্য কৰোঁতা, সহোঁতা | सहिष्णु, सह्य करोंता, सहोंता | tolerant, forbearing. |
| सहिष्णुता | स्त्री. | सहनशीलता । | সহিষ্ণুতা, সহন | सहिष्णुता, सहन | tolerance, forbearance. |
| सही | वि. | 1. यथार्थ, वास्तविक; | যথাৰ্থ, প্ৰকৃত, বাস্তবিক; | जथार्थ, प्रकृत, बास्तबिक; | real, factual; |
| | | 2. सच, सत्य; | সঁচা, সত্য; | सँचा, सत्य; | true; |
| | | 3. जिसमें कोई दोष या भूल न हो, बिल्कुल ठीक । | নিৰ্দোষ, নিৰ্ভুল | निर्दोष, निर्भुल | faultless, correct. |
| | स्त्री. | 1. हस्ताक्षर, दस्तखत; | চহী, স্বাক্ষৰ; | चही, स्वाक्षर; | signature; |
| | | 2. किसी बात की प्रामाणिकता या मान्यता का सूचक कथन । | প্ৰমাণ, প্ৰামাণিকতা | प्रमाण, प्रामाणिकता | authentication. |
| सही-सलामत | क्रि. वि. | सकुशल, निरापद । | ভালে-কুশলে | भाले-कुशले | safe and sound, safe and well. |
| सहूलियत | स्त्री. | 1. आसानी, सुगमता; | সৰলতা, সুগমতা; | सरलता, सुगमता; | ease; |
| | | 2. सुभीता । | সুবিধা, সুযোগ | सुबिधा, सुजोग | convenience. |
| सहृदय | वि. | 1. जो दूसरे के दुःख की अनुभूति करता हो; | সহৃদয়, সহানুভূতিশীল; | सहृदय, सहानुभूतिशील; | kind, compassionate; |
| | | 2. कोमल गुणों से युक्त हृदयवाला; | দয়ালু, মৰমিয়াল; | दयालु, मरमियाल; | fine-hearted; |
| | | 3. साहित्य आदि के गुणों की परख रखने और उसकी विशेषताओं से प्रभावित होनेवाला । | সহৃদয়, ৰসিক, হৃদয় সংবেদী | सहृदय, रसिक, हृदय संवेदी | who appreciates merits of literature etc. |
| सहृदयता | स्त्री. | 1. दयालुता, करुणा; | দয়া, কৰুণা, মৰম; | दया, करुणा, मरम; | kindness, compassion; |
| | | 2. चित्त की कोमलता; | অন্তৰৰ কোমলতা; | अन्तरर कोमलता; | fine-heartedness; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. रसज्ञता । | ৰসজ্ঞতা, ৰসিকতা, সহৃদলতা | रसज्ञता, रसिकता, सहृदलता | appreciation of merits or qualities. |
| सहेजना | स. क्रि. | 1. सँभालना; | চম্ভাল, ঠিক কৰ; | चम्भाल, ठिक कर; | to put in order, to manage, to handle; |
| | | 2. जाँचना; | পৰীক্ষা কৰ; | परीक्षा कर; | to examine; |
| | | 3. कोई वस्तु सावधान करके सौंपना । | বুজাই বঢ়াই গঁতাই দি, সাঁপ দি | बुजाइ बढ़ाइ गँताइ दि, साँप दि | to hand over with care. |
| सहेली | स्त्री. | सखी, साथिन । | সখী, লগৰী, বান্ধবী | सखी, लगरी, बान्धवी | a woman's female companion or friend. |
| सहोदर | वि. | सगा, एक माता से उत्पन्न । | সহোদৰ | सहोदर | co-uterine, born of one mother, real brother. |
| सह्य | वि. | जो सहा जा सके, जो सहन किया जा सके । | সহনীয় | सहनीय | endurable, tolerable. |
| साँई | पुं. | 1. स्वामी, मालिक; | গৰাকী, প্ৰভু; | गराकी, प्रभु; | master, lord; |
| | | 2. पति । | পতি, স্বামী | पति, स्वामी | husband. |
| साँकल | स्त्री. | शृंखला, जंजीर । | শিকলি | शिकलि | chain. |
| सांकेतिक | वि. | 1. संकेत संबंधी; | সাংকেতিক; | सांकेतिक; | symbolic; |
| | | 2. संकेत के रूप में होने-वाला । | সাঙ্কেতিক | सांकेतिक | symbolic, token. |
| सांगोपांग | वि. | सभी अंगों और उपांगों सहित । | সাংগোপাংগ, সকলো | सांगोपांग, सकलो | complete or perfect in all respects. |
| साँचा | पुं. | वह ढाँचा जिसमें कोई गीली चीज भरकर खास शक्ल की चीज ढालते हैं । | সাঁচ, গঢ়; | साँच, गढ़ | mould. |
| साँझ | स्त्री. | सूर्य डूबने से कुछ पहले तथा कुछ बाद तक का समय शाम । | সন্ধিয়া, সাঁজ | सन्धिया, साँज | dusk, twilight, evening. |
| साँठ-गाँठ | स्त्री. | आपस में होनेवाला ऐसा सम्बन्ध जिसका कोई गुप्त या गूढ़ उद्देश्य हो । | গুপ্ত সন্ধি, গোপন আপোচ | गुप्त सन्धि, गोपन आपोच | intrigue, collusion |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सांड | पुं. | वह वृषभ या घोड़ा जो बधिया न कर जोड़ खिलाने के लिए पाला गया हो । | ষাঁড় (গৰু বা ঘোঁৰা) | षाँड़ (गरु वा घोंरा) | bull or stallion brought up for the purpose of mating. |
| सांत्वना | स्त्री. | शोकाकुल या संतप्त व्यक्ति को शांत करने तथा समझाने बुझाने की क्रिया । | সান্ত্বনা | सान्त्वना | consolation. |
| सांध्य | वि. | संध्या सम्बन्धी, संध्या का, संध्या के समय होनेवाला । | সান্ধ্য, সন্ধিয়াৰ | सान्ध्य, सन्धियार | relating to the twilight or evening, relating to or of evening. |
| सांप | पुं. | पेट के बल रेंगनेवाला एक प्रसिद्ध विषैला कीड़ा । | সাপ | साप | snake, serpent. |
| सांप्रदायिक | वि. | संप्रदाय संबंधी, संप्रदाय का, किसी विशेष संप्रदाय से ही संबद्ध रहकर शेष संप्रदायों का विरोध करनेवाला । | সাম্প্ৰদায়িক | साम्प्रदायिक | communal, communalist. |
| सांप्रदायिकता | स्त्री. | सांप्रदायिक होने का भाव, केवल अपने संप्रदाय का हित चाहना और दूसरों की उपेक्षा करना । | সাম্প্ৰদায়িকতা | साम्प्रदायिकता | communalism. |
| सांवला | वि. | जिसके शरीर का रंग हलका कालापन लिए हुए हो । | শাঁও বৰণীয়া | शाओं वरणीया | of a dark or sallow complexion. |
| सांविधिक | वि. | संविधि सम्बन्धी । | সাংবিধানিক | सांविधानिक | constitutional. |
| सांस | स्त्री. | नाक या मुंह से अंदर खींची और बाहर निकाली जानेवाली हवा । | নিশ্বাস, প্ৰশ্বাস | निश्वास, प्रश्वास | breath, breathing, respiration. |
| सांसत | स्त्री. | 1. बहुत अधिक शारीरिक कष्ट मानना; 2. परेशानी । | শাৰীৰিক কষ্ট; জঞ্জাল, আহুকাল | शारीरिक कष्ट; जंजाल, आहुकाल | physical pain; trouble, distress. |
| सांसा | पुं. | 1. श्वास, सांस; 2. डर, खटका । | শ্বাস, নিশ্বাস; ভয়, ডৰ,আশঙ্কা | श्वास, निश्वास; भय, डर, आशंका | breath; fear, apprehension. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सांसारिक** | वि. | संसार संबंधी, लौकिक, ऐहिक । | সাংসাৰিক | सांसारिक | belonging to the world, worldly material. |
| **सांस्कृतिक** | वि. | संस्कृति से संबंध रखनेवाला या उसके क्षेत्र में आनेवाला । | সাংস্কৃতিক, কলা-কৃষ্টি সম্বন্ধীয় | सांस्कृतिक, कला-कृष्ट सम्बन्धीय | cultural. |
| **सा (स्त्री. सी)** | अव्य. | सदृश, समान, जैसा । | নিচিনা, যেন, সদৃশ | निचिना, जेन, सदृश | like, as. |
| **साइत** | स्त्री. | 1. पल, क्षण, लमहा; | মুহূৰ্ত, ক্ষণ; | मुहूर्त्त, क्षण; | moment; |
| | | 2. मुहूर्त । | সময়, মুহূৰ্ত | समय, मुहूर्त्त | omen. |
| **साई** | स्त्री. | दे. 'साँई' । | গৰাকী, প্ৰভু, মালিক, স্বামী | गराकी, प्रभु, मालिक, स्वामी | same as 'साँई'. |
| **साईस** | पु. | घोड़े की देखभाल करनेवाला, नौकर । | ঘোঁৰাৰ চহিচ | घोंरार चहिच | groom, horse-keeper. |
| **साकार** | वि. | 1. आकारयुक्त, मूर्त; | সাকাৰ, মূৰ্ত; | साकार, मूर्त्त; | possessed of form or shape; |
| | | 2. बात या योजना जिसे क्रियात्मक रूप प्राप्त हुआ हो । | ৰূপায়িত, কাৰ্য্যকৰী কৰা | रूपायित, कार्ज्यकरी करा | implemented (scheme, etc.). |
| **साकी** | पु. | शराब पिलानेवाला | মদ যোগাওঁতা | मद जोगाओंता | cup-bearer. |
| **साक्षर** | वि. | पढ़ा-लिखा, शिक्षित । | সাক্ষৰ, লিখা-পঢ়া জনা | साक्षर, लिखा-पढ़ा जना | literate. |
| **साक्षरता** | स्त्री. | पढ़े-लिखे होने का भाव । | সাক্ষৰতা | साक्षरता | literacy. |
| **साक्षात** | क्रि. वि. | 1. आंखों के सामने, प्रत्यक्ष; | প্ৰত্যক্ষ, সাক্ষাতে, চকুৰ আগতে; | प्रत्यक्ष, साक्षाते, चकुर आगते; | before the eyes, in sight (of); |
| | | 2. शरीरधारी व्यक्ति के रूप में । | সাক্ষাত্কাৰ, সাক্ষাত্, দেখা-দেখি; | साक्षात्कार, साक्षात्, देखा-देखि; | visible in person. |
| **साक्षात्कार** | पु. | 1. सामने आना या होना, प्रत्यक्ष उपस्थित होना; | ভেটা-ভেটি, দেখা-দেখি, সাক্ষাত্কাৰ; | भेटा-भेटि, देखा-देखि, साक्षात्कार; | being face to face; |
| | | 2. प्रत्यक्ष रूप में होनेवाली भेंट, मुलाकात । | সাক্ষী, সাক্ষ্য, সাক্ষী দিয়া কাৰ্য্য | साक्षी, साक्ष्य, साक्षी दिया कार्ज्य | interview. |
| **साक्षी** | स्त्री. | गवाही, गवाह का बयान । | সাক্ষী, | साक्षी, | evidence. |
| | पु. | प्रत्यक्षदर्शी, अपनी आंखों से देखनेवाला । | প্ৰত্যক্ষদৰ্শী | प्रत्यक्षदर्शी | eye-witness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साक्ष्य | पुं. | आंखों से देखी हुई घटना का कथन, गवाही । | সাক্ষ্য, সাক্ষী | साक्ष्य, साक्षी | testimony, evidence. |
| साक्ष्यांकन | पुं. | किसी पत्र,हस्ताक्षर आदि के संबंध में साक्षी के रूप में यह लिखवाना कि यह ठीक है, प्रमाणीकरण । | প্ৰমাণীকৰণ | प्रमाणीकरण | attestation. |
| साख | स्त्री. | लेनदेन संबंधी प्रतिष्ठा । | লেনদেন সম্বন্ধীয় প্ৰতিষ্ঠা | लेनदेन सम्बन्धीय प्रतिष्ठा | credit. |
| साग | पुं. | कुछ विशिष्ट प्रकार के पौधों की वे पत्तियां जो तरकारी की तरह खाई जाती हैं, शाक, भाजी । | শাক, খাৰধি, পাচলি | शाक, खारधि, पाचलि | vegetable greens. |
| सागर | पुं. | समुद्र । | সাগৰ, সমুদ্ৰ | सागर, समुद्र | ocean, sea. |
| सागूदाना (साबूदाना) | पुं. | सागू के तने के अन्दर का भाग पीसकर बनाया हुआ दाना । | চাগু, চাগুদানা | चागु, चागुदाना | sago. |
| सागौन (सागवान) | पुं. | एक प्रसिद्ध वृक्ष जिसकी लकड़ी बहुत सुन्दर तथा मजबूत होती है । | চেগুন গছ | चेगुन गछ | teak tree. |
| साग्रह | वि. | आग्रहपूर्वक । | সাগ্ৰহ, আগ্ৰহেৰে | साग्रह, आग्रहेरे | with pertinacity persistent. |
| साज | पुं. | 1. गाने के साथ बजाये जानेवाले बाजे; 2. घोड़े की सवारी के लिये तैयार करने या सजाने का सामान । | গীতৰ লগৰ বাদ্য; ঘোঁৰাত উঠাৰ সাজ-সজ্জা | गीतार लगर वाद्य; घोंरात उठार साज-सज्जा | musical instruments; harness. |
| साजन | पुं. | 1. पति, स्वामी; 2. प्रेमी । | পতি, স্বামী; প্ৰেমিক, চেনাই | पति, स्वामी; प्रेमिक, चेनाइ | husband; lover, paramour. |
| साज-सामान | पुं. | सामग्री, उपकरण, असबाब । | উপকৰণ, সঁজুলি, সাজ-সৰঞ্জাম, সামগ্ৰী | उपकरण, सँजुलि, साज-सरन्जाम, सामग्री | material, apparatus, luggage. |
| साजिंदा | पुं. | साज बजानेवाला । | (বাদ্য) বাদক | (वाद्य) वादक | player of musical instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साजिश | पुं. | अपराधमय कार्य में गुप्त सहयोग, षड्यंत्र । | ষড়যন্ত্র, কাৰচাজি | षड़जन्त्र, कारचाजि | conspiracy, intrigue. |
| साझा | पुं | 1. हिस्सेदारी; 2. पत्ती । | অংশীদাৰী; অংশ | अंशीदारी; अंश | partnership; share (in a company etc.). |
| साझी | पुं. | शरीक होनेवाला, हिस्सेदार । | অংশীদাৰ | अंशीदार | partner. |
| साझेदार | पुं. | दे. 'साझी' । | অংশীদাৰ | अंशीदार | see 'साझी'. |
| साटना | स. क्रि. | 1. मिलाना, जोड़ना; 2. चिपकाना । | জোৰা লগা, লগ লগা; এঠা লগা, এঠা | जोरा लगा, लग लगा; एठा, लगा, एठा | to combine, to join, to unite; to stick, to paste. |
| साठ | वि. | जो गिनती में पचास से दस अधिक हो । | ষাঠি | षाठि | sixty. |
| साड़ी | स्त्री. | स्त्रियों के पहनने की धोती । | শাৰী | शारी | a-kind of dress worn by women. |
| साढ़ू | पुं. | सम्बन्ध के विचार से पत्नी की बहन का पति । | শালপতি, পত্নীৰ ভত্নীপতি | शालपति, पत्नीर भत्नीपति | wife's sister's husband. |
| साढ़े | वि. | आधे के साथ । | সাৰ্দ্ধ, আধাৰে সৈতে | सार्द्ध, आधारे सैते | together with (qa's) half. |
| सात | वि. | जो गिनती में पांच और दो हो । | সাত | सात | seven. |
| सातवां | वि. | क्रम या गिनती में सात के स्थान पर पड़नेवाला । | সপ্তম | सप्तम | seventh. |
| सात्विक | वि. | सत्वगुणयुक्त, सत्वगुणप्रधान, सत्वगुणसंबंधी । | সাত্বিক, সত্বগুণ প্ৰধান | सात्विक, सत्वगुण, प्रधान | endowed with the Sattva guna, pertaining to that quality. |
| साथ | पुं. | वह अवस्था जिसमें दो या अधिक वस्तुएं एक दूसरे के निकट स्थित हों । | লগ, সংগ সৈতে | लग, संग, सैते | company, accompaniment, with. |
| साथी | पुं. | वह जो साथ रहता हो, मित्र, दोस्त । | লগৰীয়া, সংগী, লগৰী | लगरीया, संगी, लगरी | companion, comrade, friend. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सादगी** | स्त्री. | 1. सरलता, भोलापन, व्यवहार की सिधाई; | সৰলতা, মুকলি বা খোলা ভাৱ | सरलता, मुकलि वा खोला भाव; | openness; |
| | | 2. खान-पान, रहन-सहन आदि में आडंबर, कृत्रिमता आदि का अभाव । | সৰলতা, আড়ম্বৰহীনতা, অকৃত্ৰিমতা | सरलता, आड़म्बरहीनता, अकृत्रिमता | simplicity of living,etc. |
| **सादर** | क्रि. वि. | आदरपूर्वक, इज्जत से । | সসন্মানে | ससन्माने | with respect, respectfully. |
| **सादा** | वि. | 1. खालिस, बेमेल; | শুদ্ধ, খাঁটি; | शुद्ध, खाँटि; | pure, unmixed; |
| | | 2. जिसमें किसी तरह की उलझन, पेंच की बात या बनावट न हो; | সৰল, পোনপটীয়া; | सरल, पोनपटीया; | plain; |
| | | 3. जो छलकपट से रहित हो, सीधा, भोला; | পোন, নিষ্কপট, চিধা; | पोन, निष्कपट, चिधा; | simple, guileless; |
| | | 4. जिस पर किसी तरह के बेलबूटे सजावट आदि का काम न हो । | উকা | उका | without any painting or ornament etc. |
| **सादृश्य** | पुं. | समानता, तुल्यता, बराबरी । | সমানতা, তুল্যতা, মিল | समानता, तुल्यता, मिल | similarity, likeness, equality. |
| **साध** | स्त्री. | ऐसी अभिलाषा जो बहुत समय से मन में हो और जिसकी प्राप्ति के लिए व्यक्ति उत्कंठित हो । | অভিলাষ, ইচ্ছা, আশা | अभिलाष, इच्छा, आशा | wish, desire. |
| **साधक** | वि., पुं. | 1. साधना करनेवाला, किसी प्रकार की साधना में लगा हुआ; | সাধক, সাধনা কৰোঁতা; | साधक, साधना करोंता; | accomplisher, practiser,· |
| | | 2. सहायता देनेवाला । | সহায়ক, সহায়ক কৰোঁতা | सहायक, सहायक करोंता | helping. |
| **साधन** | पुं. | 1. किसी कार्य का आरंभ करके उसे सिद्ध या पूरा करना; | সাধন, সম্পাদন; | साधन, सम्पादन; | accomplishment, completion; |
| | | 2. कोई वस्तु तैयार करने का सामान, सामग्री; | উপাদান, সামগ্ৰী; | उपादान, सामग्री; | materials; |
| | | 3. कोई कार्य पूरा करने में सहायता देनेवाली वस्तु या वस्तुएं, उपकरण । | উপকৰণ, সঁজুলি | उपकरण, सँजुलि | means, instrument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साधना** | स्त्री. | ऐसी आराधना तथा उपासना जो विशेष कष्ट सहन करते हुए बहुत दिनों तक करनी पड़ती हो । | সাধনা, তপস্যা | साधना, तपस्या | penance. |
| **साधर्म्य** | पुं. | समान धर्म से युक्त होने की अवस्था या भाव, समान-धर्मता, तुल्यधर्मता । | সধৰ্ম্মিতা | सहधर्म्मिता | being of the same quality etc. |
| **साधारण** | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | সাধাৰণ, বৈশিষ্টাহীন; | साधारण, बैशिष्ट्यहीन; | ordinary; |
| | | 2. जो सब जगह पाया जाता या होता हो, आम; | সাধাৰণ, সামান্য; | साधारण, सामान्य; | general, common; |
| | | 3. सहज, सुगम, सरल । | সহজ, সুগম, সৰল | सहज, सुगम, सरल | simple, plain. |
| **साधारणत:** | क्रि. वि. | आमतौर पर, प्राय: । | সাধাৰণতে, প্ৰায়েই | साधारणते, प्रायेइ | generally, often. |
| **साधु** | वि., पुं. | 1. बढ़िया, उत्तम; | ভাল, উত্তম; | भाल, उत्तम; | good, excellent; |
| | | 2. संत, महात्मा, मुनि; | সাধু, সন্ত, মহন্ত, মুনি; | साधु, सन्त, महन्त, मुनि; | saint, sage; |
| | | 3. सज्जन, भला आदमी । | সজ্জন, ভদ্ৰলোক, ভাল মানহ | सज्जन, भद्रलोक, भाल मानह | gentleman. |
| **साधुवाद** | पुं. | प्रशंसा करना, शाबाशी देना । | প্ৰশংসা, ভাল কথা | प्रशंसा, भाल कथा | approbation. |
| **साध्य** | वि. | 1. जो सिद्ध या पूरा किया जा सके; | সাধ্য; | साध्य; | to be accomplished or to be attained; |
| | | 2. प्रमाणित करने योग्य; | প্ৰমাণ যোগ্য; | प्रमाण जोग्य; | to be proved; |
| | | 3. (रोग) जो चिकित्सा के द्वारा दूर किया जा सकता हो । | চিকিত্সাৰ দ্বাৰা আৰোগ্য কৰিব পৰা | चिकित्सार द्वारा आरोग्य करिब परा | curable. |
| **साध्वी** | वि. | 1. भली तथा शुद्ध आचरण-वाली; | সাধ্বী, সতী, শিষ্টাচাৰিনী; | साध्वी, सती, शिष्टाचारिनी; | good and virtuous (woman). |
| | | 2. पतिपरायण, पतिव्रता । | পতিব্ৰতা, পতিপৰায়ণা | पतिव्रता, पतिपरायणा | faithful (wife). |
| **सान** | स्त्री. | पत्थर की वह चक्की जिस पर कैंची आदि की धार तेज की जाती है । | শান শিল | शान शिल | whetstone. |
| **सानना** | स. क्रि. | 1. किसी चूर्ण आदि को तरल पदार्थ में मिलाकर गीला करना, गूंदना; | সান, মাৰ, মিহলি কৰ; | सान, मार, मिहलि कर; | to knead, to mash, to wet up (as flour, dough, larth etc.); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी को दोषी या उत्तरदायी ठहराने के उद्देश्य से कोई काम ऐसा करना जिसमें वह औरों को अपराध या दोष में सम्मिलित जान पड़े, शरीक करना । | জড়িত কৰ | जड़ित कर | to implicate. |
| सानन्द | वि. | आनन्दयुक्त, प्रसन्न । | আনন্দযুক্ত, প্ৰসন্ন | आनन्दजुक्त, प्रसन्न | happy, delighted. |
| सानी | वि. | 1. जोड़ का, बराबरी का, तुल्य, समान; 2. दूसरा । | সমান, তুল্য, সমনীয়া, জুৰীয়া; দ্বিতীয় | समान, तुल्य, समनीया, जुरीया; द्वितीय | match, equal; second. |
| सान्निध्य | पुं. | निकटता, समीपता । | সমীপতা, সান্নিধ্য | समीपता, सान्निध्य | nearness, proximity. |
| सापेक्ष | वि. | जो किसी की अपेक्षा रखता हो, जो दूसरे पर अवलंबित हो । | আপেক্ষিক, সাপেক্ষ, নির্ভৰশীল | आपेक्षिक, सापेक्ष, निर्भरशील | relative. |
| साप्ताहिक | वि. | 1. सप्ताह संबंधी; 2. सात दिनों तक चलनेवाला; 3. हर सातवें दिन होनेवाला । | সাপ্তাহিক; সাতদিনীয়া, একসপ্তাহৰ; সাতদিনীয়া, সাপ্তাহিক | साप्ताहिक; सातदिनीया, एसप्ताहर; सातदिनीया, साप्ताहिक | relating to a week; continuing for a week; weekly. |
| साफ | वि. | 1. जिसमें मैल न हो, स्वच्छ, निर्मल; 2. जिसमें किसी प्रकार का छल कपट न हो; 3. जिसमें किसी प्रकार का भ्रम या संदेह न रह गया हो; 4. जिसका तल ऊबड़-खाबड़ न हो । | চাফা, নিৰ্ম্মল, পৰিষ্কাৰ; অকপটীয়া, খোলা; নিঃসন্দেহ, মুকলি, নিৰ্ব্বিঘ্ন; মিহি, সমান, সমতল | चाफा, निर्म्मल, परिष्कार; अकपटीया, खोला; नि:सन्देह, मुकलि, निर्व्विघ्न; मिहि, समान, समतल | clean, clear; innocent, sincere; clear; level. |
| साफा | पुं. | सिरपर बांधने की पगड़ी । | পাগুৰি | पागुरि | turban. |
| साफी | स्त्री. | 1. हाथ में रखने का रुमाल, दस्ती; 2. पोंछने के काम आनेवाले कपड़े का टुकड़ा; | ৰুমাল, হাচতি; সোপা কানি, মচা কাপোৰ; | रुमाल, हाचति; सोपा कानि, मचा कापोर; | handkerchief; duster, wiper; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. कपड़े का टुकड़ा जो छानने के काम आए; | ছেকনী, ছেকা কাপোৰ; | छेकनी, छेका कापोर; | piece of cloth through which liquids etc. are filtered; |
| | | 4. वह कपड़ा जिसकी सहायता से बरतन चूल्हे पर से उतारा जाता है । | খোলা বা চৰু ধৰা কানি | खोला बा चरु धरा कानि | piece of cloth with which a kettle or a pot is lifted off the fire. |
| **साबित** | वि. | सबूत द्वारा सिद्ध किया हुआ, प्रमाणित । | প্ৰমাণিত | प्रमाणित | proved. |
| **साबुत** | वि. | जो सम्पूर्ण इकाई के रूप में हो, समूचा । | সম্পূৰ্ণ, অখন্ড | सम्पूर्ण, अखन्ड | complete. |
| **साबुन** | पुं. | सोडा, तेल आदि के योग से बना हुआ एक प्रसिद्ध पदार्थ जिससे शरीर के अंग और कपड़े आदि साफ किए जाते हैं । | চাবোন | चाबोन | soap. |
| **साबूदाना (सागूदाना)** | पुं. | दे. 'सागूदाना' । | চাগুদানা | चागुदाना | see 'सागूदाना'. |
| **साभिप्राय** | वि. | 1. अभिप्राय से युक्त; 2. जिसका कोई विशिष्ट प्रयोजन या हेतु हो । | সাভিপ্ৰায়, উদ্দেশ্যযুক্ত, ইচ্ছাকৃত; প্ৰয়োজন বা হেতু থকা | साभिप्राय, उद्देश्यजुक्त, इच्छाकृत; प्रयोजन बा हेतु थका | having a distinct aim or purpose; intentional. |
| **सामंजस्य** | पुं. | वह स्थिति जिसमें परस्पर किसी प्रकार की विपरीतता या विषमता न हो, संगति । | সামঞ্জস্য, সংগতি, মিল | सामन्जस्य, संगति, मिल | adjustment, consistency. |
| **सामंत** | पुं. | राजा के अधीन रहनेवाला बड़ा सरदार । | সামন্ত, মুখ্য, জমিদাৰ | सामन्त, मुख्य, जमिदार | feudatory prince, chieftain. |
| **सामंतवाद** | पुं. | यह सिद्धान्त कि राजनीतिक और सामाजिक आदि क्षेत्रों में सामंततंत्र ही अधिक उपयोगी सिद्ध होता है । | সামন্তবাদ | सामन्तबाद | feudalism. |
| **सामंती** | वि. | सामंत से संबंधित, सामंत का । | সামন্ত সম্বন্ধীয় | सामन्त सम्बन्धीय | feudal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सामग्री** | **स्त्री.** | **1. आवश्यक वस्तुओं का समूह, सामान, माल-असबाब;** | সামগ্ৰী, সা-সৰঞ্জাম, মাল-বস্তু; | सामग्री, सा-सरंजाम, माल-वस्तु; | material, baggage, article; |
| | | **2. किसी उत्पादन आदि के सहायक अंग या तत्व, उपकरण ।** | উপকৰণ, সঁজুলি, সৰঞ্জাম | उपकरण, सँजुलि, सरंजाम | material, implements or apparatus. |
| **सामना** | **पुं.** | **1. किसी के समक्ष होने की अवस्था या भाव;** | মুখামুখি বা ভেটা ভেটি হোৱা অৱস্থা; | मुखामुखि बा भेंटा भेंटि होवा अवस्था; | facing, front. |
| | | **2. भेंट, मुलाकात;** | দেখা-সাক্ষাত্; | देखा-साक्षात्; | meeting; |
| | | **3. भिड़ंत, मुठभेड़ ।** | প্ৰতিদ্বন্দ্বিতা, কাজিয়া | प्रतिद्वन्द्विता, काजिया | confrontation, encounter. |
| **सामने** | **क्रि. वि.** | **1. आगे, समक्ष;** | সমুখত, আগত; | समुखत, आगत; | in front of; |
| | | **2. मुकाबले में;** | মুখামুখিকৈ; | मुखामुखिकै; | opposite; |
| | | **3. जिस ओर मुंह हो सीधे उसी ओर ।** | আগত, সমুখত | आगत, समुखत | before. |
| **सामयिक** | **वि.** | **1. समयोचित, समय के विचार से उपयुक्त;** | সময়োপযোগী, সময়োচিত; | समयोपजोगी, समयोचित; | seasonable, timely, opportune; |
| | | **2. ठीक समय पर होनेवाला;** | ঠিক সময়ত হোৱা, সময় ঠিক ৰখা; | ठिक समयत होवा, समय ठिक रखा; | punctual; |
| | | **3. वर्तमान समय का ।** | সমসাময়িক, বৰ্ত্তমান কালৰ | समसामयिक, बर्त्तमानर कालर | contemporary. |
| **सामरिक** | **वि.** | **समर संबंधी, युद्ध का ।** | সামৰিক, যুদ্ধ সম্বন্ধীয় | सार्मरिक, जुद्ध सम्बन्धीय | belonging to war or battle, martial. |
| **सामर्थ्य** | **स्त्री.** | **1. कोई कार्य करने की योग्यता और शक्ति;** | সামৰ্থ্য, যোগ্যতা, শক্তি; | सामर्थ्य, ज़ोग्यता, शक्ति; | capability, capacity; |
| | | **2. शब्द की अर्थ शक्ति, शब्द की वह शक्ति जिसमें वह भाव प्रकट करता है ।** | শব্দশক্তি | शब्दशक्ति | force of words. |
| **सामाजिक** | **वि.** | **समाज से संबंध रखनेवाला ।** | সামাজিক | सामाजिक | social. |
| **सामान** | **पुं.** | **1. किसी कार्य के लिए आवश्यक साधनरूप वस्तुएं, सामग्री;** | সামগ্ৰী, সা-সৰঞ্জাম; | सामग्री, सा-सरंजाम; | material, accessories; |
| | | **2. असबाब ।** | বয়বস্তু, মাল-পত্ৰ | ब्यवस्तु, माल-पत्र | luggage, baggage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य | वि. | 1. जिसमें कोई विशेषता न हो, मामूली; | সাধাৰণ; | साधारण; | ordinary; |
| | | 2. अनेक से संबंध रखनेवाला या बहुतों में पाया जाने-वाला, सार्वजनिक, आम; | সাধাৰণ, সামান্য; | साधारण, सामान्य; | common; |
| | | 3. जो अपनी साधारण अवस्था, स्थिति आदि में हो, विशेष घटा बढ़ा न हो । | সাধাৰণ, স্বাভাবিক | साधारण, स्वाभाविक | normal. |
| सामासिक | वि. | 1. समाससंबंधी, समास का; | সমাস সম্বন্ধীয়; | समास सम्बन्धीय; | relating to or belonging to a compound; |
| | | 2. लघु या संक्षिप्त किया हुआ । | সংক্ষিপ্ত, চমু | संक्षिप्त, चमु | concised, brief. |
| सामिष | वि. | मांस युक्त (भोजन) । | সামিষ, মাছ-মাংস-যুক্ত (খাদ্য) | सामिष, माछ-मांस-जुक्त (खाद्य) | non-vegetarian (food). |
| सामुदायिक | वि. | समुदाय संबंधी, समुदाय का । | সামূহিক, সামাজিক | सामुहिक, सामाजिक | belonging to or of a community. |
| सामूहिक | वि. | समूह से संबंध रखनेवाला । | সামূহিক, সমূহীয়া | सामुहिक, समुहीया | collective. |
| साम्य | पुं. | 1. समानता; | মিল, সমতা; | मिल, समता; | equality, likeness; |
| | | 2. सादृश्य । | সাদৃশ্য, মিল | सादृश्य, मिल | similarity. |
| साम्यवाद | पुं. | मार्क्स द्वारा प्रतिपादित एक सिद्धान्त जिसका उद्देश्य ऐसे वर्गहीन समाज की स्थापना है जिसमें संपत्ति पर समाज का समान अधिकार हो और व्यक्ति से शक्तिभर काम लेकर उसकी समस्त आवश्यकताएं पूरी की जाएं । | সাম্যবাদ | साम्यबाद | communism. |
| साम्राज्य | पुं. | वे अनेक राष्ट्र या देश जिन पर कोई एक शासनसत्ता राज्य करती हो, सार्वभौम राज्य । | সাম্ৰাজ্য | साम्राज्य | empire. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **साम्राज्यवाद** | पुं. | वह सिद्धान्त जिसमें यह माना जाता है कि किसी देश को अपने अधिकृत क्षेत्रों में वृद्धि करते हुए अपने साम्राज्य का बराबर विस्तार करते रहना चाहिए । | সাম্রাজ্যবাদ | साम्राज्यवाद | imperialism. |
| **सायंकाल** | पुं. | दिन का अंतिम भाग, शाम, संध्या । | সন্ধিয়া, গধূলি | सन्धिया, गधूलि | evening. |
| **सायबान** | पुं. | कमरे आदि के आगे बनाई जानेवाली टीन आदि की छाजन । | (ঘৰৰ) আগচালি | (घरर) आगचालि | sunshade. |
| **साया** | पुं. | 1. छाया, छांह, परछाईं; 2. ऐसा संपर्क या संबंध जो किसी को अपने अधीन रखते हुए उसे अपने गुण, प्रभाव आदि से युक्त करता हो ; | ছায়া, ছাঁ; প্ৰভাৱ, ছাঁ; | छाया, छाँ; प्रभाव, छाँ; | shade, shadow; influence (of company); |
| | | 3. घाघरे की तरह का एक पहनावा जो प्राय: पाश्चात्य देशों की स्त्रियां पहनती हैं । | স্কার্ট | स्कार्ट | skirt. |
| **सारंग** | पुं. | 1. चितकबरा रंग; | চিত্ৰ-বিচিত্ৰ ৰং, ৰং-চঙীয়া; | चित्र-बिचित्र रं, रं-चङीया; | variegated colour; |
| | | 2. भौंरा, भ्रमर; | ভোমোৰা; | भोमोरा; | large bee; |
| | | 3. कोयल; | কুলি চৰাই; | कुलि चराइ; | cuckoo; |
| | | 4. मृग, हिरन । | পহু, হৰিণ | पहु, हरिण | deer. |
| **सारंगी** | स्त्री. | एक प्रकार का प्रसिद्ध तंत्र-वाद्य । | সাৰেংগী | सारेंगी | kind of stringed instrument like violin. |
| **सार** | पुं. | 1. मूल भाग, सत; | সৰ, মূল, সাৰমৰ্ম্ম; | सर, मूल, सारमर्म्म; | substance, essence; |
| | | 2. गूदा; | সাহ, মজ্জা; | साह, मज्जा; | soft or choicest part of a fruit; |
| | | 3. तात्पर्य या निष्कर्ष, सारांश । | সাৰাংস, আহক | सारांश, आहक | abstract, summary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सारगर्भित** | वि. | जिसमें सार या तत्व भरा हो, तत्वपूर्ण । | সাৰগৰ্ভ, তত্ত্বপূৰ্ণ | सारगर्भ, तत्त्वपूर्ण | substantial, having essence or meaning. |
| **सारणी** | स्त्री. | आजकल कोई ऐसा कागज या फलक जिसमें बहुत से खाने होते हैं तथा जिनमें किसी विशेष प्रकार के अध्ययन गणना आदि के लिए कुछ अंक, शब्द आदि लिखे होते हैं । | ঘৰ-ফলি, গণনা-ফলি | घर-फलि, गणना-फलि | table of figures. |
| **सारथी** | पु. | रथ चलानेवाला, सूत । | সাৰথি | सारथि | charioteer. |
| **सारस** | पु. | हंस की जाति का एक लंबी टांगोंवाला पक्षी । | কণা মুচৰি, এবিধ বগলী | कणा मुचरि, एबिध बगली | crane. |
| **सारांश** | पु. | 1. सार, निचोड़; | সাৰাংশ, সাৰ, মূল; | सारांश, सार, मूल; | substance, essence; |
| | | 2. तात्पर्य, मतलब; | তাৎপৰ্য্য, অৰ্থ; | तात्पर्ज्य, अर्थ; | meaning; |
| | | 3. परिणाम, नतीजा, उपसंहार । | উপসংহাৰ, মূল তত্ত্ব | उपसंहार, मूल तत्त्व | conclusion. |
| **सारा** | वि. | 1. जितना हो वह सब, कुल; | গোটেই, সকলোবোৰ; | गोटेइ, सकलोबोर; | all, the whole; |
| | | 2. आदि से अंत तक जितना हो वह सब, पूरा, समग्र । | সম্পূৰ্ণ, আদ্যোপান্ত | सम्पूर्ण, आद्योपान्त | beginning to an end, complete, entire. |
| **सारिका** | स्त्री. | मैना नामक पक्षी । | শালিকা | शालिका | a kind of bird, Gracula religiosa. |
| **सार्थक** | वि. | 1. (शब्द या पद) जिसका कुछ अर्थ हो अर्थवान्; | সাৰ্থক, অৰ্থ থকা; | सार्थक, अर्थ थका; | meaningful; |
| | | 2. उपयोगी तथा लाभप्रद । | উপযোগী, লাভপ্ৰদ | उपजोगी, लाभप्रद | significant. |
| **सार्थकता** | स्त्री. | 1. उपयोगिता; 2. महत्व । | সাৰ্থকতা, উপযোগিতা, ব্যৱহাৰ; মহত্ত্ব, সাৰ্থকতা | सार्थकता, उपजोगिता, व्यवहार; महत्त्व, सार्थकता | utility; importance. |
| **सार्वजनिक** | वि. | सबसे संबंध रखनेवाला, समानरूप से सब लोगों के काम आनेवाला । | সাৰ্বজনিক | सार्ब्बजनिक | public, universal. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सार्वभौम** | वि. | सम्पूर्ण भूमि से संबंध रखने-वाला, सब देशों से संबंध रखनेवाला । | সাৰ্ব্বভৌম | सार्व्वभौम | relating to or consisting of the whole earth or all the countries. |
| **साल** | पुं. | 1. वर्ष, बारह महीने का काल;<br>2. एक प्रकार का वृक्ष । | বছৰ, বৰ্ষ;<br>শাল (গছ) | बछर, बर्ष;<br>शाल (गछ) | year;<br>name of a tree. |
| **सालगिरह** | स्त्री. | वर्षगांठ, जन्मदिन । | বছৰেকীয়া তিথি, বাৰ্ষিকী, জন্মদিন | बछरेकीया तिथि, बार्षिकी, जन्मदिन | anniversary, birthday. |
| **सालना** | स. क्रि. | कष्ट देना, चुभाना । | পীড়, কষ্ট দি, বিন্ধ, সুমুৱা | पीड़, कष्ट दि, बिन्ध, सुमुवा | to cause pain, to pierce or to prick. |
| **साला (स्त्री. साली)** | पुं. | पत्नी का भाई । | খুলশালি (ল'ৰা), খুলশালী (ছোৱালী) | खुलशालि (ल'रा), खुलशाली (छोवाली) | wife's brother, brother-in-law. |
| **सालाना** | वि. | हर साल होनेवाला, वार्षिक | বাৰ্ষিক, বছেৰেকীয়া | बार्षिक, बछेरेकीया | yearly, annual. |
| **सावधान** | वि. | सचेत, सतर्क, खबरदार । | সাৱধান, সতৰ্ক, সজাগ | सावधान, सतर्क, सजाग | cautious, alert, diligent. |
| **सावधानी** | स्त्री. | सतर्कता, होशियारी । | সতৰ্কতা, সাৱধানতা, সজাগতা | सतर्कता साबाधानता, सजागता | alertness, diligence. |
| **सावन** | पुं. | आषाढ़ के बाद और भाद्रपद से पूर्व का महीना । | শাওঁণ মাহ, শ্ৰাবণ | शाओण माह, श्रावण | fourth Hindu month. |
| **सांष्टांग** | वि. | आठों अंगों से युक्त । | সাষ্টাংগ, সমস্ত শৰীৰেৰে | साष्टांग, समस्त शरीरेरे | with eight parts of the body. |
| **सास** | स्त्री. | पत्नी या पति की माता । | শাহু আই | शाहु आइ | mother-in-law. |
| **साहचर्य** | पुं. | साथ रहना, साथ, संगति । | সাহচৰ্য্য, সংগ, লগ | साहचर्य्य, संग, लग | association, company. |
| **साहब** | पुं. | 1. मालिक, स्वामी;<br>2. आदरणीय व्यक्तियों के नाम या पेशे के साथ प्रयुक्त किया जानेवाला संबोधन | মালিক, গৰাকী;<br>মহোদয়,<br>মহাশয় | मालिक गराकी;<br>महोदय,<br>महाशय | master, lord;<br>title of courtesy, Mr., Sir. |
| **साहस** | पुं. | किसी असाधारण कार्य में दृढ़तापूर्वक प्रवृत्त होने की वृत्ति, हिम्मत । | সাহ, সাহস | साह, साहस | boldness, daring, courage. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| साहसिक | वि. | 1. साहससंबंधी, साहस का; 2. हिम्मतवर, दिलेर, निर्भीक । | সাহসিক, সাহসী; সাহসী, সাহিয়াল | साहसिक, साहसी; साहसी, साहियाल | daring, courageous; bold. |
| साहसी | वि. | जिसमें साहस हो, हिम्मतवर । | সাহসী, সাহিয়াল | साहसी, साहियाल | bold, courageous. |
| साहाय्य | पुं. | सहायता, मदद । | সাহায্য, সহায়তা | साहाज्य, सहायता | assistance, help. |
| साहित्य | पुं. | 1. गद्यात्मक या पद्यात्मक रचना, लिपिबद्ध विचार, ज्ञान आदि; 2. वाङ्‌मय; 3. काव्यशास्त्र । | সাহিত্য, সাহিত্যিক ৰচনা বা লেখা; সাহিত্য; কাব্য শাস্ত্ৰ | साहित्य, साहित्यिक रचना बा लेखा; साहित्य; काव्य शास्त्र | literary composition; literature; poetics. |
| साहित्यकार | पुं. | साहित्य की रचना करनेवाला । | সাহিত্যিক, সাহিত্যকাৰ | साहित्यिक, साहित्यकार | one who composes literature, writer. |
| साहित्यिक | वि. | साहित्य से संबंध रखनेवाला अथवा उसके अनुरूप होनेवाला, साहित्य का ज्ञाता अथवा साहित्य की रचना करना जिसका पेशा हो । | সাহিত্যিক, সাহিত্য সম্বন্ধীয়, সাহিত্যকাৰ | साहित्यिक, साहित्य सम्बन्धीय, साहित्यकार | literary (composition and person both). |
| साहु | पुं. | 1. महाजन; 2. बनियों का आदरपूर्ण संबोधन । | মহাজন, বেপাৰী; বেপাৰীক কৰা সম্বোধন বিশেষ | महाजन, बेपारी; बेपारीक करा सम्बोधन बिशेष | a banker; title of a trader. |
| साहुकार | पुं. | बड़ा व्यापारी, धनाढ्य, महाजन । | বৰ বেপাৰী, বৰ মহাজন | बर बेपारी, बर महाजन | wealthy trader or banker. |
| साहुकारी | स्त्री. | साहूकार का काम, महाजनी । | বেপাৰ, ব্যৱসায় | बेपार, ब्यवसाय | banking business. |
| सिंगार (शृंगार) | पुं. | सजधज, सजावट । | প্ৰসাধন, সাজ-সজ্জা, সাজন-কাচন, ধুন-পেচ | प्रसाधन, साज-सज्जा, साचन-काचन, धुन-पेच | decoration of body by women. |
| सिंगारदान | पुं. | शृंगार की सामग्री रखने का छोटा संदूक । | প্ৰসাধনৰ বস্তু ৰখা সৰু চন্দুক বা পেৰা | प्रसाधनर बस्तु रखा सरु चन्दुक बा पेरा | dressing-case. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिंघाड़ा | पुं. | 1. पानी में पैदा होनेवाला एक तिकोना फल; | পানী-শিঙৰি; | पानी-शिङरि; | the water-chestnut; |
| | | 2. सिंघाड़े के आकार का एक पकवान । | চিংৰা | चिंरा | a kind of pastery. |
| सिंचाई | स्त्री. | 1. पानी छिड़कने का काम या भाव, आबपाशी; | জল সিঞ্চন; | जल सिंचन; | irrigation; |
| | | 2. सींचने के काम का पारिश्रमिक । | জল সিঞ্চনৰ বানচ বা মজুৰি | जल सिंचनर बानच बा मजुरि | wages paid for the work of irrigation. |
| सिंदूर | पुं. | एक प्रकार का लाल चूर्ण जिससे स्त्रियां मांग भरती हैं । | সিন্দুৰ, সেন্দুৰ | सिन्दुर, सेन्दुर | red lead, vermilion. |
| सिंदूरी | वि. | सिंदूर के रंग का । | সেন্দুৰীয়া | सेन्दुरीया | of vermilion colour. |
| सिंह | पुं. | 1. बिल्ली की जाति का एक प्रसिद्ध हिंसक जंतु, शेर; | সিংহ; | सिंह; | lion; |
| | | 2. बारह राशियों में से एक । | সিংহ (ৰাশি) | सिंह (राशि) | the sign of Leo of the zodiac. |
| सिंहद्वार | पुं. | प्रासाद आदि का प्रधान द्वार, सदर दरवाजा । | সিংহদ্বাৰ, প্ৰধান দুৱাৰ | सिंहद्वार, प्रधान दुवार | main entrance to a palace. |
| सिंहनाद | पुं. | 1. सिंह का गर्जन; | সিংহৰ গৰ্জ্জন; | सिंहर गर्ज्जन; | lion's roar; |
| | | 2. युद्ध आदि के समय गरज कर की जानेवाली ललकार; | ৰণ নিনাদ, ৰণ হুঙ্কাৰ; | रण निनाद, रण हुंकार; | war cry, war whoop; |
| | | 3. जोर देकर कोई बात कहना । | ডাঠি কোৱা কথা, জোৰ দি বা ন দি কোৱা কথা | डाठि कोवा कथा, जोर दि बा न दि कोवा कथा | a confident assertion. |
| सिंहावलोकन | पुं. | संक्षेप में पिछली बातों का दिग्दर्शन या वर्णन, बीती हुई बातों का स्वरूप जानने पर बतलाने के लिए उन पर दृष्टिपात करना । | সিংহাবলোকন, পশ্চাদ্দৃষ্টি | सिंहाबलोकन, पश्चाद्दृष्टि | retrospection. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सिंहासन** | पुं. | राजाओं के बैठने या देवमूर्तियों की स्थापना के लिए बना हुआ एक विशेष प्रकार का आसन जो चौकी के आकार का होता है तथा जिसके दोनों ओर शेर के मुंह की आकृति बनी होती है । | সিংহাসন | सिंहासन | a throne. |
| **सिकुड़न** | स्त्री. | 1. सिकुड़ने की क्रिया, संकोच, वह स्थिति जिसमें कोई वस्तु पहले की अपेक्षा कम जगह घेरती है; | সংকোচন, কোঁচ, শোঁটোৰ; | संकोचन, कोंच, शोंटोर; | contraction, shrinking; |
| | | 2. किसी वस्तु के सिकुड़ने के कारण उसके तल या विस्तार में पड़नेवाला बल, शिकन । | কোঁচ, শোঁটোৰ | कोंच, शोंटोर | wrinkle, shrink. |
| **सिकुड़ना** | अ. क्रि. | 1. संकुचित होना, सिमटना; | কোঁচ খা, সংকুচিত হ; | कोंच खा, संकुचित ह; | to contract, to shrink; |
| | | 2. शिकन पड़ना । | শোঁটোৰা পৰ | शोंटोरा पर | to wrinkle. |
| **सिकोड़ना** | स. क्रि. | संकुचित करना, समेटना । | কোঁচ খুৱা | कोंच खुवा | to contract, to compress, to brace up. |
| **सिक्का** | पुं. | 1. निर्दिष्ट मूल्य का वह धातुखंड जो किसी राजकीय टकसाल में ढला हो तथा पदार्थों के क्रय-विक्रय में विनिमय के साधन के रूप में काम आता हो; | মুদ্ৰা, মোহৰ; | मुद्रा, मोहर; | coin; |
| | | 2. किसी व्यक्ति का ऐसा प्रभाव या प्रभुत्व जिसके आगे सभी लोग दबते हों । | প্ৰভাৱ | प्रभाव | influence, awe. |
| **सिक्त** | वि. | सिंचित, भीगा हुआ, तर । | ভিজা, তিতা, সেমেকা | भिजा, तिता, सेमेका | soaked, wet, moistured. |
| **सिखाना** | स. क्रि. | शिक्षा देना, पढ़ाना, बतलाना । | শিকা,পঢ়া | शिका, पढ़ा | to teach, instruct. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सिझाना | स. क्रि. | 1. आंच पर पकाकर गलाना | সিজা, পাগ কৰ, ৰান্ধ; | सिजा, पाग कर, रान्ध; | to boil; |
| | | 2. खाल को विशिष्ट प्रक्रियाओं से पक्का और मुलायम करना । | শুকান চামৰা মল, মলি কোমল কৰ | शुकान चामरा मल, मलि कोमल कर | to tan. |
| सिटपिटाना | अ. क्रि. | प्राय: असमंजस में पड़ने के कारण और किसी के प्रश्न का तत्काल ठीक या स्पष्ट उत्तर न दे सकने की दशा में कुछ लज्जित होकर इधर-उधर करने लगना । | বিমোৰত পৰ, অপ্ৰস্তুত হ, ঘেহুঁ নেহুঁ কৰ | बिमोरत पर, अप्रस्तुत ह, घेंहु नेहुं कर | to be confounded, to be stupefied. |
| सिट्टी | स्त्री. | बढ़चढ़ कर बातें करना, वाचालता । | ডাঙ্কোপ, বৰ কথা | डांकोप, बर कथा | talkativeness. |
| सिड़ | पुं. | झड, सनक, खब्त, धुन, पागलपन का एक हल्का रूप जिसमें व्यक्ति हठपूर्वक कोई काम करता है और समझाने पर भी नहीं मानता । | খেয়াল, আঁকোৰ-গোঁজালি | खेयाल, आँकोर-गोंजालि | craze, whim, eccentricity. |
| सिड़ी | वि. | झक्की, सनकी । | খেয়ালী, খেয়লীয়া | खेयाली, खेयलीया | crazy, whimsical, eccentric. |
| सितार | पुं. | एक प्रसिद्ध तंत्रवाद्य या वाद्यंत्र । | চেতাৰ | चेतार | a kind of guitar. |
| सितारा | पुं. | 1. तारा, नक्षत्र; | তৰা, নক্ষত্ৰ; | तरा, नक्षत्र; | star; |
| | | 2. भाग्य; | ভাগ্য, কপাল, অদৃষ্ট; | भाग्य, कपाल, अदृष्ट; | fortune, fate, destiny; |
| | | 3. सोने-चांदी के पत्तरों के गोलाकार छोटे टुकड़े जो कपड़ों आदि में शोभा के लिए लगाए जाते हैं । | তৰালি, কাপোৰত লগোৱা ধাতুৰে গঢ়া তৰা বা তৰাৰ ছটা | तरालि, कापोरत लगोवा धातुरे गढ़ा तरा बा तरार छटा | starlets of gold or silver sewn on cloth for decoration. |
| सिद्ध | वि. | 1. अच्छी तरह पूरा किया हुआ; | পূৰ্ণ, সম্পূৰ্ণ হোৱা; | पूर्ण, सम्पूर्ण होवा; | accomplished. |
| | | 2. जिसने किसी काम में पूरी दक्षता प्राप्त की हो; | কৃতকাৰ্য্য, সফল, সফলকাম; | कृतकार्य्य, सफल, सफलकाम; | successful; |
| | | 3. जिसने योग की सिद्धियां प्राप्त कर ली हों; | সিদ্ধ, যোগসিদ্ধ; | सिद्ध, जोगसिद्ध; | accomplished in Yoga; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. तर्क द्वारा प्रमाणित; | তৰ্কৰ দ্বাৰা প্ৰমাণিত; | तर्कर द्वारा प्रमाणित; | validated, substantiated; |
| | | 5. आग पर रखकर उबाला या पकाया हुआ। | সিদ্ধ, সিজোৱা, ৰন্ধা | सिद्ध, सिजोवा, रन्धा | cooked or dressed on fire. |
| सिद्धसंप्रदाय | पुं. | साधुओं का एक संप्रदाय विशेष। | এটা সাধু সম্প্ৰদায় বিশেষ | एटा साधु सम्प्रदाय बिशेष | a particular sect of mendicants. |
| सिद्धसाहित्य | पुं. | हिन्दी साहित्य के आरंभिक काल में सिद्ध संप्रदाय के अनुयायियों द्वारा रचित साहित्य। | সিদ্ধ সম্প্ৰদায়ৰ দ্বাৰা ৰচিত পুৰণি হিন্দী সাহিত্য | सिद्ध सम्प्रदायर द्वारा रचित पुरणि हिन्दी साहित्य | early Hindi literature composed by mendicants. |
| सिद्धहस्त | वि. | जिसका हाथ किसी काम में मंजा हो, दक्ष, कार्यकुशल। | সিদ্ধহস্ত, পাকৈত, নিপুণ | सिद्धहस्त, पाकैत निपुण | skilled. |
| सिद्धान्त | पुं. | 1. पूर्व पक्ष के खंडन के बाद सिद्ध मत; | সিদ্ধান্ত, শেষ মত; | सिद्धान्त, शेष मत; | established truth; |
| | | 2. निश्चित मत जिसे सत्य के रूप में ग्रहण किया जाए, उसूल; | নীতি, সূত্ৰ, সিদ্ধান্ত; | नीति, सूत्र, सिद्धान्त; | principle; |
| **सेना** | स्त्री. | रण-शिक्षा प्राप्त सशस्त्र व्यक्तियों का दल, फौज । | সৈন্য, সেনা, ফৌজ | सैन्य, सेना, फौज | army, military, body of troops. |
| **सेनानी** | पुं. | सेनापति, सिपहसालार । | সেনাপতি | सेनापति | commander of the army. |
| **सेनापति** | पुं. | सेना का नायक, फौज का अफसर । | সেনাপতি | सेनापति | military chief, commander. |
| **सेम** | स्त्री. | एक प्रकार की फली जिसकी तरकारी खाई जाती है । | উৰহী, চীম | उरही, चीम | bean. |
| **सेमल** | पुं. | एक बहुत बड़ा पेड़ जिसके फल में से एक प्रकार की रूई निकलती है, उक्त वृक्ष के फल की रूई । | শিমলু (গছ আৰু তুলা) | शिमलु (गछ आरु तुला) | silk-cotton tree and its flower. |
| **सेर** | पुं. | एक मान या तोल जो सोलह छटाक या अस्सी तोले की होती है । | সেৰ | सेर | seer, a measure or weight equivalent to sixteen chhatanks or a little over two lbs. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सेवई (सेंवई)** | स्त्री. | मैदे के सुखाए हुए बहुत पतले सेव या लच्छे जो घी में तलकर या दूध में पकाकर खाये जाते हैं । | চেঁৱৈ | चेंवै | vermicelli. |
| **सेला** | पुं. | 1. रेशमी चादर या साफा (वर आदि का); | পাটৰ চাদৰ; | पाटर चादर; | a kind of silken sheet of cloth o turban; |
| | | 2. भुजिया चावल । | এবিধ ভজা চাউল | एबिध भजा चाउल | a kind of rice. |
| **सेव** | पुं. | तेल से बननेवाला सूत या डोरी जैसा पकवान जो नमकीन या मीठा होता है । | ভুজিয়া | भुजिया | a kind of sweet or saltish like preparation of gram flour. |
| **सेवक** | पुं. | 1. सेवा या खिदमत करने-वाला, नौकर; | সেৱক, চাকৰ, লগুৱা; | सेवक, चाकर, लगुवा; | servant, attendant; |
| | | 2. भक्त, आराधक । | ভক্ত, উপাসক | भक्त, उपासक | worshipper, devotee. |
| **सेवन** | पुं. | 1. नियमित रूप से किया जानेवाला प्रयोग या व्यवहार; | নিয়মীয়া ব্যৱহাৰ বা প্ৰয়োগ; | नियमीया व्यवहार बा प्रयोग; | regular use; |
| | | 2. उपभोग । | উপভোগ | उपभोग | consumption. |
| **सेवनीय** | वि. | जिसका सेवन करना आवश्यक या उचित हो । | সেৱনীয়, উপ-ভোগ্য, ব্যৱহাৰ্য্য | सेवनीय, उप-भोग्य, व्यवहार्ज्य | worth-taking, worth-using. |
| **सेवा** | स्त्री. | 1. परिचर्या, खिदमत; | সেৱা, পৰিচৰ্য্যা; | सेवा, परिचर्ज्या; | service, attendance; |
| | | 2. पूजा, आराधना; | পূজা-সেৱা, আৰাধনা; | पूजा-सेवा, आराधना; | worship, homage; |
| | | 3. सार्वजनिक अथवा राजकीय कार्यों का कोई विशेष विभाग जिसके जिम्मे कोई विशेष प्रकार का काम हो । | প্ৰশাসনীয় বা অন্য প্ৰকাৰৰ সেৱা | प्रशासनीय बा अन्य प्रकारर सेवा | service in general. |
| **सेवा-टहल** | स्त्री. | खिदमत, शुश्रूषा, परिचर्या । | সেৱা-শুশ্ৰূষা, পৰিচৰ্য্যা | सेवा-शुश्रूषा, परिचर्ज्या | service, servitude. |
| **सेवावृत्ति** | स्त्री. | सेवा द्वारा प्राप्त जीविका, नौकरी । | চাকৰি, লগুৱালি | चाकरि, लगुवालि | service. |
| **सेविका** | स्त्री. | दासी, परिचारिका, नौकरानी । | দাসী, বান্দী | दासी, बान्दी | female servant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सेवित | वि. | 1. जिसकी सेवा या टहल की गई हो; | সেৱিত; | सेवित; | served, attended, waited on; |
| | | 2. जिसका उपयोग या व्यवहार किया गया हो । | ব্যৱহৃত | व्यवहृत | enjoyed, used. |
| सेव्य | वि. | 1. सेवा करने योग्य; | সেৱা, সেৱাৰ যোগ্য; | सेवा, सेवार जोग्य; | to be served, fit or deserving; |
| | | 2. आराध्य, पूज्य; | পূজ্য; | पूज्य; | worthy of being worshipped; |
| | | 3. व्यवहार में लाने योग्य । | ব্যৱহাৰ্য, ব্যৱহাৰৰ যোগ্য | व्यवहार्ज्य, व्यवहारर जोग्य | consumable. |
| सेहत | स्त्री. | स्वास्थ्य, तन्दुरुस्ती, आरोग्य । | স্বাস্থ্য, সুস্থ অৱস্থা | स्वास्थ्य, सुस्थ अवस्था | health, soundness of body. |
| सेहरा | पुं. | 1. विवाह के समय वर के पहनने का फूलों आदि का बना मुकुट, मोर; | বিয়াত বৰে পিন্ধা ফুলৰ মালা বা মুকুট; | बियात बरे पिन्धा फुलर माला बा मुकुट; | head-dress worn at the time of marriage; |
| | | 2. वह गाना जो सेहरा बांधने के समय गाया जाता है । | বিয়াত বৰে ফুলৰ মালা পিন্ধোতে গোৱা নাম | बियात बरे फुलर माला पिन्धोते गोवा नाम | eulogy composed for such occasion. |
| सेंतालीस | वि. | जो गिनती में चालीस से सात अधिक हो । | সাতচল্লিশ | सातचल्लिश | forty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 47 । | 47 সংখ্যা | 47 संख्या | the number forty-seven. |
| सैंतीस | वि. | जो गिनतीं में तीस से सात अधिक हो; | সাতত্ৰিশ | सातत्रिश | thirty-seven. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है 37 । | 37 সংখ্যা | 37 संख्या | the number thirty-seven. |
| सैंया | पुं. | पति । | পতি, স্বামী | पति, स्वामी | husband. |
| सैंकड़ा | पुं. | सौ का समूह या समष्टि । | এশৰ গোট বা সমষ্টি | एशर गोट बा समष्टि | collection of one hundred. |
| सैंकड़े | क्रि. वि. | प्रति सौ के हिसाब से, प्रतिशत, फी सदी । | শত কৰা হিচাবে | शत करा हिचाबे | per cent, per hundred. |
| सैंकड़ों | वि. | 1. कई सौ; | শ-শ; | श-श; | hundreds; |
| | | 2. बहुत अधिक । | অসংখ্য, বহুত বেছি | असंख्य, बहुत बेछि | numerous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **सैद्धांतिक** | वि. | 1. सिद्धान्त संबंधी; | সিদ্ধান্ত সম্বন্ধীয়, তাত্ত্বিক; | सिद्धान्त, सम्बन्धीय, तात्त्विक; | theoretical, pertaining to some theory or doctrine; |
| | | 2. सिद्धान्तों के अनुसार चलनेवाला । | কোনো সিদ্ধান্ত অনুসৰি চলোঁতা | कोनो सिद्धान्त अनुसरि चलोंता | one who abides by established doctrine. |
| **सैनिक** | पुं. | फौज का सिपाही, फौजी । | সৈনিক | सैनिक | soldier. |
| | वि. | सेना-संबंधी, सेना का । | সৈন্য সম্বন্ধীয় | सैन्य सम्बन्धीय | relating to an army, martial, military. |
| **सैन्य** | वि. | सेना संबंधी । | সৈন্য সম্বন্ধীয় | सैन्य सम्बन्धीय | military, pertaining to army. |
| | पुं. | 1. सेना; | ফৌজ, সৈন্যৰ দল; | फौज, सैन्यर दल; | body of troops, army; |
| | | 2. सैनिक । | সৈনিক, সেনা | सैनिक, सेना | soldier. |
| **सैर** | स्त्री. | मन बहलाने के लिए घूमना-फिरना, भ्रमण । | বিহাৰ, ভ্ৰমণ | बिहार, भ्रमण | excursion, outing. |
| **सैर-सपाटा** | पुं. | सैर करने के लिए घूमना-फिरना । | বিহাৰ, ভ্ৰমণ | बिहार, भ्रमण | same as '**सैर**' |
| **सैलानी** | पुं. | सैर करने का शौकीन, घुमक्कड़ । | পৰিব্ৰাজক, পৰ্যটক | परिब्राजक, पर्ज्यटक | tourist, wanderer. |
| **सोटा** | पुं. | लाठी, डंडा । | লাঠী | लाठी | staff, club, cudgel. |
| **सोंठ** | स्त्री. | सुखाया हुआ अदरक । | শুকান আদা, শুঁঠ | शुकान आंदा, शुँठ | dry ginger. |
| **सोंधा** | वि. | 1. सुगंधित, सुवासित, खुशबूदार; | সুগন্ধি; | सुगन्धि; | aromatic, sweet smelling; |
| | | 2. मिट्टी के नए बरतन या सूखी जमीन पर पानी पड़ने या बेसन आदि भूनने से निकलनेवाली सुगन्ध से युक्त । | পোৰা মাটিৰ গোন্ধযুক্ত | पोरा माटिर गोन्धजुक्त | having the smell of a new earthen vessel when first wetted, smelling like that of parched pulse or fried grain, flour etc. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सोआ | पुं. | एक प्रकार का पौधा जिसकी पत्तियों का साग बनाया जाता है । | চৰলি, এবিধ শাক | चरलि, एबिध शाक | grave olens. |
| सोखना | स. क्रि. | किसी वस्तु के जल या तरल पदार्थ को अपने में खींच लेना । | শোহ, শুহি ল | शोह, शुहि ल | to soak up, to absorb. |
| सोख्ता | पुं. | स्याही सोखनेवाला एक प्रकार का मोटा खुरदुरा कागज । | শোহনী কাগজ, টোকনী কাকত | शोहनी कागज, टोकनी काकत | blotting paper. |
| सोच | पुं. | 1. सोचने की क्रिया या भाव;<br>2. चिंता, फिक्र;<br>3. पछतावा, पश्चाताप । | চিন্তন, চিন্তা, ভাৱনা;<br>চিন্তা, আশঙ্কা;<br>অনুতাপ | चिन्तन, चिन्ता, भावना;<br>चिंता, आशंका;<br>अनुताप | musing, brooding;<br>anxiety, concern;<br>regret, repentence. |
| सोचना | स. क्रि. | 1. किसी विषय पर मन में विचार करना;<br>2. कल्पना करना, अनुमान करना । | চিন্তা কৰ, বিবেচনা কৰ;<br>কল্পনা কৰ, ধাৰণা বা অনুমান কৰ | चिन्ता कर, बिबेचना कर;<br>कल्पना कर, धारणा बा अनुमान कर | to think over, to ponder on, to consider;<br>to imagine, to conceive. |
| | अ. क्रि. | चिंता या फिक्र में पड़ना । | চিন্তাত পৰ, আশঙ্কা কৰ | चिन्तात पर, आशंका कर | to worry. |
| सोच-विचार | पुं. | 1. किसी विषय का विवेचन, गौर;<br>2. हिचकिचाहट । | চিন্তা-ভাৱনা, বিচাৰ-বিবেচনা;<br>গুণাগঁথা, ঘেঁহু-নেহু, ইতস্তত: | चिन्ता-भावना, बिचार-बिबेचना;<br>गुणगथा, घैंहु नेहु, इतस्तत: | pondering, consideration;<br>hesitation. |
| सोडा | पुं. | एक प्रकार का क्षार जो सज्जी को रासायनिक क्रिया से साफ करके बनाते हैं । | চ'দা খাৰ | च'दा खार | soda. |
| सोता | पुं. | जल की बराबर बहनेवाली या निकलनेवाली छोटी धारा, चश्मा । | সুঁতি, সোঁত, ধাৰা | सुँति, सोंत धारा | spring, brook, rivulet. |
| सोदर | पुं. | सगा भाई । | সহোদৰ, সগৰ্ভী ভাই | सहोदर, सगर्भी भाइ | uterine brother, own brother. |
| सोना | पुं. | एक प्रसिद्ध बहुमूल्य पीली धातु, स्वर्ण । | সোণ | सोण | gold. |
| | अ. क्रि. | 1. निद्राग्रस्त होना, नींद लेना; | শো, টোপনি যা; | शो, टोपनि जा; | to sleep, to lie down; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. एक ही स्थिति में रहने के कारण किसी अंग का कुछ समय के लिए सुन्न हो जाना । | জিনজিনা, সাৰসুৰ নোহোৱা হ | जिनजिना, सारसुर नोहोवा ह | to be numbed. |
| सोपान | पुं. | सीढ़ी, जीना । | চিৰি, জখলা, খটখাটি | चिरि, जखला खटखाटि | staircase, ladder. |
| सोमवार | पुं. | सात वारों में से एक वार जो चन्द्रमा का दिन माना जाता है । | সোমবাৰ | सोमबार | monday. |
| सोलह | वि. | जो गिनती में दस से छह अधिक हो । | ষোল, ষোল্ল | षोल, षोल्ल | sixteen. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 16 । | 16 সংখ্যা | 16 संख्या | number sixteen. |
| सौंदर्य | पुं. | सुन्दरता, खूबसूरती । | ৰূপ, সৌন্দর্য্য | रूप, सौन्दर्ज्य | beauty, loveliness, gracefulness, elegance. |
| सौंपना | स. क्रि. | (कोई वस्तु आदि) किसी के जिम्मे या सुपुर्द करना, किसी के अधिकार में देना । | সঁপ, ন্যস্ত কৰ, গঁটাই দি | सँप, न्यस्त कर, गँटाइ दि | to delegate, to hand over, to entrust. |
| सौंफ | स्त्री. | सोए जैसा एक पौधा जिसका फल दवा और मसाले के काम आता है । | গুৱামৰি | गुवामरि | aniseed, fennel. |
| सौ | वि. | जो गिनती में पचास का दूना हो, नब्बे और दस । | এশ, শ | एश, श | one hundred. |
| | पुं. | उक्त की द्योतक संख्या जो इस प्रकार लिखी जाती है – 100 । | 100 সংখ্যা | 100 संख्या | number hundred. |
| सौख्य | पुं. | सुख, आराम । | সুখ, আৰাম | सुख, आराम | happiness, comfort. |
| सौगंध | स्त्री. | शपथ, कसम । | শপথ, প্ৰতিজ্ঞা | शपथ, प्रतिज्ञा | oath, swearing. |
| सौगात | स्त्री. | भेंट, उपहार, तोहफा । | উপহাৰ, উপঢৌকন | उपहार, उपढौकन | present, gift. |
| सौजन्य | पुं. | भलमनसी, सज्जनता । | শুভইচ্ছা, সদ্ভাৱ | शुभइच्छा, सम्भाव | goodness, courtesy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| सौत | स्त्री. | पति की दूसरी पत्नी, सप्तनी । | সপত্নী, সতিনী | सपत्नी, सतिनी | co-wife. |
| सौतिया डाह | स्त्री. | दो सौतों में होनेवाली ईर्ष्या द्वेष आदि । | সতিনীৰ দাঁহ | सतिनीर दाँह | rivalry or jealousy between two or more wives. |
| सौतेला (स्त्री. सौतेली) | वि. | 1. सौत संबंधी, जिसका संबंध सौत से हो । | সতিনী সম্পৰ্কীয়; | सतिनी सम्पर्कीय; | of or belonging to a co-wife; |
| | | 2. सौत से उत्पन्न । | সতিনীৰ পৰা ওপজা | सतिनीर परा ओपजा | born of a co-wife. |
| सौदा | पुं. | 1. क्रय-विक्रय की वस्तु या माल; | বিক্ৰীৰ মাল-বস্তু; | बिक्रीर माल-बस्तु; | goods; |
| | | 2. खरीदने-बेचने की बातचीत या व्यवहार । | বেচাকিনা, দৰাদৰি | बेचाकिना, दरादरि | transaction, bargain. |
| सौदागर | पुं. | व्यापारी, तिजारत करनेवाला । | সদাগৰ, বেপাৰী | सदागर, बेपारी | trader, merchant. |
| सौदामिनी | स्त्री. | बिजली, विद्युत । | বিজুলী, বিদ্যুত্ | बिजुली, विद्युत | lightning. |
| सौध | पुं. | प्रासाद, महल । | প্ৰাসাদ, কাৰেং | प्रासाद, कारें | palace. |
| सौभाग्य | पुं. | 1. अच्छा भाग्य, अच्छी किस्मत; | সৌভাগ্য, সুকপাল; | सौभाग्य, सुकपाल; | good fortune or luck; |
| | | 2. समृद्वि; | সমৃদ্ধি, ঐশ্বৰ্য্য; | समृद्धि, ऐश्वर्य्य; | prosperity; |
| | | 3. सुहाग । | সুহাগ, সধৱাৰ সুখ-আনন্দ | सुहाग, सधवार सुख-आनन्द | the auspicious state of wifehood. |
| सौभाग्यचिह्न | पुं. | सुहाग का चिह्न (जैसे सिंदूर आदि) । | সধৱাৰ চিন | सधवार चिन | any sign of the blessed state of wifehood. |
| सौभाग्यवती | स्त्री. | सुहागिन, सधवा, जिसका पति जीवित हो । | সধৱা তিৰোতা | सधवा तिरोता | married woman whose husband is alive. |
| सौभाग्यवान | वि. | खुशकिस्मत, खुशनसीब । | সৌভাগ্যৱান | सौभाग्यवान | possessing good fortune, fortunate. |
| सौम्य | वि. | 1. कोमल, नम्र और शांत प्रकृतिवाला; | সৌম্য, শান্ত আৰু ধীৰ প্ৰকৃতিৰ; | सौम्य, शान्त आरु धीर प्रकृतिर; | mild, placid; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. सुन्दर, मनोहर । | সুন্দৰ, মনোহৰ | सुन्दर, मनोहर | gentle, lovely, charming, pleasing. |
| सौम्यता | स्त्री. | 1. सुशीलता; | সুশীলতা, সৌম্য অৱস্থা; | सुशीलता, सौम्य अवस्था; | gentleness, placidity; |
| | | 2. सुन्दरता । | সৌন্দর্য্য, শোভা | सौन्दर्य्य, शोभा | beauty. |
| सौर | वि. | सूर्य संबंधी, सूर्य का । | সৌৰ, সূৰ্য্য সম্বন্ধীয় | सौर, सूर्य्य सम्बन्धीय | belonging or relating to the sun, solar. |
| सौरभ | पुं. | सुगंध, खुशबू, महक । | সুগন্ধ, সুবাস | सुगन्ध, सुवास | fragrance, odour, aroma. |
| सौरी | स्त्री. | वह कोठरी जहां स्त्री बच्चा प्रसव करती है, सूतिकागार जच्चाखाना । | চেৰাশালি, সুতিকাগাৰ | चेराशालि, सुतिकागार | lying-in-chamber, confinement room, labour room. |
| सौष्ठव | पुं. | सौन्दर्य । | সৌস্থৱ, শোভা, মনোহাৰিতা | सौस्थव, शोभा, मनोहारिता | beauty, elegance, charm. |
| सौहार्द | पुं. | प्रेम-भाव, मैत्री, मित्रता, दोस्ती । | সৌহাৰ্দ্দ, বন্ধুত্ব | सौहार्द्द, बन्धुत्व | good-heartedness, affection, friendliness, friendship. |
| स्कंध | पुं. | 1. कंधा; | কান্ধ; | कान्ध; | shoulder; |
| | | 2. पेड़ का तना; | গা-গাৰি, গাৰিগছ, গা, কান্ড; | गा-गारि, गारिगछ, गा, काण्ड; | trunk or stem of a tree; |
| | | 3. ग्रंथ का वह विभाग जिसमे कोई विषय पूरा हो, अध्याय; | অধ্যায়, পৰিচ্ছেদ; | अध्याय, परिच्छेद; | chapter, section, division; |
| | | 4. सेना का कोई अंग या भाग । | সৈন্যৰ বিভাগ | सैन्यर बिभाग | division or detachment of an army. |
| स्कूल | पुं. | 1. मदरसा, पाठशाला, विद्यालय; | পাঠশালা, বিদ্যালয়; | पाठशाला, विद्यालय; | institution for educating children or giving instruction, school; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. किसी ज्ञान या विज्ञान की कोई विशिष्ट शाखा और उसके अनुयायियों का वर्ग । | স্কুল জ্ঞানৰ শাখা বা ধাৰা বা পদ্ধতি | स्कुल, ज्ञानर शाखा बा धारा बा पद्धति | branch or system, followers of a thought or school. |
| स्कूली | वि. | 1. स्कूल संबंधी, स्कूल का; | স্কুলীয়া, পঢ়াশলীয়া; | स्कुलीया, पढ़ाशलीया; | of or pertaining to a school; |
| | | 2. स्कूल जानेवाला । | পঢ়াশালিলৈ যোৱা | पढ़ाशालिलै जोवा | school-going. |
| स्खलन | पुं. | 1. नीचे गिरना, फिसल जाना, पतन; | স্থলন, পতন, খহন, পিছল; | स्थलन, पतन, खहन, पिछल; | falling down, slipping; |
| | | 2. मार्ग से विचलित होना, नैतिक पतन; | নৈতিক পতন, স্থলন; | नैतिक पतन, स्थलन; | deviating from the right course, moral lapse; |
| | | 3. काम में गलती या भूल करना; | ভুল কৰা; | भुल करा; | blundering, error, mistake; |
| | | 4. (वीर्य का) क्षरण, स्राव; | বীৰ্যপাত; | बीर्ज्यपात; | discharge, emission; |
| | | 5. बोलने में हकलाना । | কথা কওঁতে খোনা লগা | कथा कओंते खोना लगा | stammering, blundering in speech or pronunciation, faltering. |
| स्खलित | वि. | 1. अपने स्थान से गिरा हुआ पतित, फिसला हुआ; | স্থলিত, পতিত, খহা, পিছলা; | स्थलित, पतित, खहा, पिछना; | fallen, dropped down, slipped; |
| | | 2. सही मार्ग से विचलित, च्युत; | চ্যুত হোৱা, অবাটে যোৱা; | च्युत-होवा, अबाटे जोवा; | deviated from the right course, morally lapsed; |
| | | 3. जिससे भूल हुई हो, गलती करनेवाला; | ভুল কৰা, ভুল হোৱা; | भुल करा, भुल होवा; | erring, blundering; |
| | | 4. टपका हुआ, क्षरित; | পাত হোৱা, স্থলন হোৱা; | पात होवा, स्थलन होवा; | discharged, dropped; |
| | | 5. हकलाता हुआ । | খোনা | खोना | stammering, faltering. |
| स्टूल | पुं. | एक प्रकार की ऊंची छोटी चौकी । | টুল | टुल | stool. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्टेशन** | पुं. | 1. वह स्थान जहां रेलगाड़ियां मोटरें आदि यात्रियों को चढ़ाने या उतारने के लिए ठहरती हों; | ষ্টেছন, ৰোৱা ঠাই; | ष्टेछन, रोवा ठाइ; | station (of railways etc.); |
| | | 2. किसी विशेष कार्य के लिए नियत स्थान या केन्द्र । | কেন্দ্ৰ, কাৰ্য্যালয় | केन्द्र कार्य्यालय | appointed place, centre, station (for conducting any special work). |
| **स्तंभ** | पुं. | 1. खंभा; | স্তম্ভ, খুটা; | स्तम्भ, खुँटा; | pillar, post; |
| | | 2. पेड़ का तना; | গা-গছ, কান্ড; | गा-गछ, काण्ड; | stem, trunk (of a tree); |
| | | 3. समाचारपत्र के पृष्ठों, सारणियों आदि में खड़े बल का विभाग; | স্তম্ভ, ঘৰ; | स्तम्भ, घर; | vertical division of page for figures etc. or to reduce length of lines especially in newspapers, tables etc.; |
| | | 4. समाचार पत्रों में उक्त प्रकार के विभागों का वह वर्ग जिसमें किसी विशेष विषय का प्रतिपादन या निरूपण होता है; | স্তম্ভ, ঘৰ; | स्तम्भ, घर; | part of a newspaper devoted to special subject, column (of writing in newspaper); |
| | | 5. जड़ता । | জড়তা, জঠৰতা | जड़ता, जठरता | stupefaction. |
| **स्तंभक** | वि. | स्तंभन करने या रोकनेवाला, रोधक । | ৰোধক, বাধক | रोधक, बाधक | stopping, arresting, restraining. |
| **स्तंभन** | पुं. | 1. रोकने की क्रिया या भाव, रुकावट, अवरोध; | স্তম্ভ, বাধা; | स्तम्भ, बाधा; | stopping, obstructing, hindering, arresting, restraining; |
| | | 2. वीर्य आदि को स्खलित होने से रोकना; | বীৰ্য্যপাত বন্ধ কৰা; | बीर्य्यपात बन्ध करा; | stopping the flow of semen, retention; |
| | | 3. जड़ या निश्चेष्ट करना जड़ीकरण । | জঠৰ কৰা | जठर करा | paralysing, benumbing, stupefying. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्तंभित | वि. | 1. जो जड़ या अचल कर दिया गया हो या हो गया हो, जड़ीभूत, निश्चल; | স্তম্ভিত, ৰৈ যোৱা, নিশ্চল হোৱা; | स्तम्भित, रै जोवा, निश्चल होवा; | benumbed, paralysed, motionless; |
| | | 2. हक्का-बक्का, विस्मित । | বিস্মিত, আশ্চৰ্যান্বিত | बिस्मित, आश्चर्य्यान्वित | flabbergasted, amazed. |
| स्तन | पु. | 1. स्त्रियों की छाती जिसमें से दूध निकलता है, कुच; | স্তন, পিয়াহ; | स्तन, पियाह; | breast of a woman, mammary glands; |
| | | 2. मादा पशुओं का थन । | ওহাৰ, পিয়াহ | ओहार, पियाह | udder. |
| स्तब्ध | वि. | 1. जड़ीभूत, निश्चेष्ट; | স্তব্ধ, নিশ্চল, অচল, ৰৈ যোৱা; | स्तब्ध, निश्चल, अचल, रै जोवा; | motionless, numb, paralysed; |
| | | 2. हक्का-बक्का । | আশ্চৰ্যান্বিত, স্তব্ধ | आश्चर्य्यान्वित, स्तब्ध | wonderstruck. |
| स्तर | पु. | 1. एक दूसरी के ऊपर पड़ी या लगी हुई तह, परत; | জাপ, তৰপ; | जाप, तरप; | fold; |
| | | 2. ऊपर का वह सपाट भाग जो कुछ दूर तक समान रूप से चला गया हो और वैसे दूसरे भागों से अलग या स्वतंत्र हो, तल; | থাক, তল, খাপ; | थाक, तल, खाप; | level; |
| | | 3. भूमि आदि का एक प्रकार का विभाग जो भिन्न-भिन्न कालों में बनी हुई उसकी तहों के आधार पर किया गया हो; | স্তৰ, তৰপ, থাক; | स्तर, तरप, थाक; | strata, stratum; |
| | | 4. श्रेणी, कोटि, दरजा । | মান, শ্ৰেণী, খাপ | मान, श्रेणी, खाप | standard, grade. |
| स्तवन | पु. | 1. स्तुति करने की क्रिया या भाव; | স্তৱ, স্তুতি; | स्तव, स्तुति; | praising, praise, eulogy; |
| | | 2. स्तुति । | স্তুতি, ভটিমা | स्तुति, भटिमा | a hymn, song of praise, panegyric. |
| स्तुति | स्त्री. | 1. आदर-भाव से किसी के गुणों का कथन करना; | স্তুতি, প্ৰশংসা, বখান; | स्तुति, प्रशंसा, बखान; | praise, eulogy, commendation, laudation; |
| | | 2. वह पद या रचना जिसमें किसी देवता आदि के गुण का बखान हो; | ভটিমা, স্তুতি, প্ৰাৰ্থনা; | भटिमा, स्तुति, प्रार्थना; | a hymn of praise, panegyric; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. चापलूसी, चाटुकारी, बड़ाई, खुशामद । | চাটু, তোষামোদ | चाटु, तोषामोद | adulation, flattery empty or false praise. |
| स्तुत्य | वि. | स्तुति या प्रशंसा का अधिकारी या पात्र, प्रशंसनीय । | প্ৰশংসনীয়, প্ৰশংসাৰ পাত্ৰ | प्रशंसनीय, प्रशंसार पात्र | laudable, commendable, praiseworthy, admirable. |
| स्तूप | पुं. | 1. मिट्टी, पत्थर आदि का ऊंचा ढूह; | স্তুপ, দ'ম, থূপ; | स्तुप, द'म, थूप; | a heap, pile, mound (of earth etc); |
| | | 2. वह ढूह या टीला जो भगवान बुद्ध या किसी बौद्ध महात्मा की अस्थि, दांत, केश आदि स्मृति-चिह्नों को सुरक्षित रखने के लिए उनके ऊपर बनाया गया हो; | বৌদ্ধ স্তুপ; | बौद्ध स्तुप; | a Buddhistic monument, or kind of Top erected for keeping sacred relics, as those of Buddha); |
| | | 3. ऊंचा ढेर । | ওখ দ'ম | ओख द'म | a large or tall heap or pile. |
| स्तोत्र | पुं. | 1. स्तव, स्तुति; | স্তোত্ৰ, স্তৱ, স্তুতি; | स्तोत्र, स्तुव, स्तुति; | a hymn of praise, panegyric; |
| | | 2. वह रचना, विशेषत: पद्यबद्ध रचना जिसमें किसी देवता आदि की स्तुति हो । | স্তুতি, ভটিমা | स्तुति, भटिमा | a panegyrical composition or work especially in verses. |
| स्त्री | स्त्री. | 1. मनुष्य जाति की वयस्क मादा, पुरुष का विपर्याय; | স্ত্ৰী তিৰোতা, মহিলা, মাইকী; | स्त्री, तिरोता, महिला, माइकी; | a woman; |
| | | 2. पत्नी, जोरू; | পত্নী, ঘৈনী; | पत्नी, घैनी; | a wife; |
| | | 3. मादा जन्तु, नर या पुरुष का विपर्याय । | মাইকী | माइकी | a female of any animal. |
| स्त्रीलिंग | पुं. | हिन्दी व्याकरण मे दो लिंगों में से एक जो स्त्री जाति का अथवा किसी शब्द के अल्पार्थक रूप का वाचक होता है । | স্ত্ৰী লিংগ | स्त्री लिंग | feminine gender. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्त्रैण | वि. | 1. स्त्री या पत्नी के वश में रहनेवाला; | তিৰোতা সেৰুৱা, স্ত্ৰৈণ; | तिरोता सेरुवा, स्त्रैण; | henpecked, devoted to women; |
| | | 2 सदा स्त्रियों की मंडली में रहने की प्रवृत्ति रखनेवाला; | তিৰোতাৰ দৰে, তিৰোতাৰ প্ৰকৃতিৰ; | तिरोतार दरे, तिरोतार प्रकृतिर; | effeminate, being among women; |
| | | 3. स्त्रियों का सा, स्त्रियों की तरह का । | তিৰোতাৰ দৰে, নাৰী মুৱা | तिरोतार दरे, नारी मुवा | suited or belonging to woman, feminine, womanish, womanly. |
| स्थगन | पुं. | 1. सभा की बैठक, बात की सुनवाई अथवा कोई चलता हुआ काम कुछ समय के लिए रोक रखना; | স্থগিতকৰণ; | स्थगितकरण; | adjournment; |
| | | 2. विचार आदि के लिए कुछ समय तक रोकना | স্থগিতকৰণ | स्थगितकरण | postponement, suspension. |
| स्थगन प्रस्ताव | पुं. | वह प्रस्ताव जो विधानसभा, संसद आदि में यह कहकर उपस्थित किया जाता है कि और काम छोड़कर पहले इसी पर विचार होना चाहिए । | সভা স্থগিত প্ৰস্তাৱ | सभा स्थगित प्रस्ताव | adjournment motion. |
| स्थगित | वि. | 1. ठहराया या रोका गया; | স্থগিত, বন্ধ ৰখা; | स्थगित, बन्ध रखा; | stopped, interrupted, postponed; |
| | | 2. जो कुछ समय के लिए रोक दिया गया हो मुलतवी । | মুলতুবী, স্থগিত | मुलतुबी, स्थगित | adjourned. |
| स्थपति | पुं. | वास्तुशास्त्र का ज्ञाता या पंडित, वास्तुविद्, वास्तुशिल्पी । | স্থগিত, ৰাজমিস্ত্ৰী | स्थगित, राजमिस्त्री | architect. |
| स्थल | पुं. | 1. भूमि, जमीन; | মাটি, ভূমি; | माटि, भूमि; | ground, land, soil (in general); |
| | | 2. जल से रहित भूमि, खुश्की; | শুকান ভূমি, স্থল; | शुकान भूमि, स्थल; | firm or dry ground, dry land; |
| | | 3. स्थान, जगह; | স্থান, ঠাই; | स्थान, ठाइ; | place, spot; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. कोई ऐसी जगह जहां कोई विशेष बात, रचना आदि हो या होने को हो; | স্থান, ঠাই; | स्थान, ठाइ; | site, location; |
| | | 5. भूमि का खंड या विभाग, भूभाग; | ঠাই, পথাৰ, ভূমি; | ठाइ, पथार, भूमि; | field, tract, venue; |
| | | 6. विषय, प्रकरण, प्रसंग, मज़मून । | বিষয়, প্ৰসংগ, প্ৰকৰণ, অধ্যায় | विषय, प्रसंग, प्रकरण, अध्याय | a topic, case, subject, the point under discussion, a part (as of a book). |
| **स्थलचर** | वि., पुं. | **स्थल पर रहने या विचरण करनेवाला, नभचर और जलचर से भिन्न ।** | ভূচৰ, স্থলচৰ | भूचर, सथलचर | living on land, non-aquatic, terrestrial. |
| **स्थलसेना** | स्त्री. | **स्थल या जमीन पर लड़नेवाली फौज, पैदल सिपाही और घुड़सवार आदि, वायु सेना और जलसेना से भिन्न ।** | স্থলসেনা, পদাতিক বাহিনী | स्थलसेना, पदातिक बाहिनी | land forces, army. |
| **स्थली** | स्त्री. | 1. **ऐसा मैदान जिसमें सुन्दर प्राकृतिक दृश्य हो;** | ৰম্য স্থান; | रम्य स्थान; | a natural spot of ground, site, scene; |
| | | 2. **जल शून्य भू-भाग, शुष्क जमीन, भूमि;** | শুকান ঠাই, স্থল; | शुकान ठाइ, स्थल; | dry ground, firm land; |
| | | 3. **जगह, स्थान ।** | স্থান, স্থল, ঠাই | स्थान, स्थल, ठाइ | place, spot, space. |
| **स्थान** | पुं. | 1. **खुला हुआ भूमिभाग, जमीन, मैदान;** | মুকলি ঠাই, স্থান; | मुकलि ठाइ, स्थान; | open land, ground, field; |
| | | 2. **निश्चित और परिमित स्थितिवाला वह भू-भाग जिसमें कोई बस्ती, प्राकृतिक रचना या कोई विशेष बात हो, जगह, स्थल;** | ঠাই, স্থান, স্থল, অৱস্থান, অৱস্থিতি; | ठाइ, स्थान, स्थल, अवस्थान, अवस्थिति; | place, site, spot, location, locality; |
| | | 3. **रहने की जगह;** | ঠকা ঠাই, আবাস, ভূমি; | ठका, ठाइ, आबास, भूमि; | abode, house, dwelling place, residence; |
| | | 4. **पद, ओहदा;** | পদবী, পদ, মৰ্য্যাদা; | पदवी, पद, मर्यादा; | post, office, rank; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. बैठने का वह विशिष्ट स्थान जो निर्वाचित अथवा प्रतिनिधित्व करनेवाले लोगों के लिए होता है; | আসন, স্থান; | आसन, स्थान; | place of sitting, seat; |
| | | 6. मुँह के अन्दर का वह अंग या स्थल जहाँ से किसी वर्ण का उच्चारण हो; | (উচ্চাৰণৰ) স্থান; | (उच्चारणर) स्थान; | a place or organ of utterance of any letter; |
| | | 7. अभिनय में अभिनेता का कार्य या चरित्र; | ভাও, চৰিত্ৰ; | भाओ, चरित्र; | character or part of an actor; |
| | | 8. अवकाश, (जगह की) गुंजाइश । | খালী ঠাই, অৱকাশ | खाली ठाइ, अवकाश | space, room, accommodation. |
| स्थानांतर | पुं. | 1. एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने की क्रिया या भाव, बदली; | বদলি, স্থানান্তৰ; | बदलि, स्थानान्तर; | transfer; |
| | | 2. प्रकृत या प्रस्तुत से भिन्न कोई और स्थान, दूसरा स्थान । | অন্য স্থান, বেলেগ ঠাই | अन्य स्थान, बेलेग ठाइ | another place, different place. |
| स्थानांतरण | पुं. | किसी वस्तु या व्यक्ति को एक स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर पहुँचाना या भेजना, बदली । | স্থানান্তৰ, বদলি | स्थानान्तर, बदलि | transfer, transferrence. |
| स्थानांतरित | वि. | जो अपने पहले स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर भेज दिया गया हो । | স্থানান্তৰিত, অপসাৰিত | स्थानान्तरित, अपसारित | transferred, removed from one place to another. |
| स्थानापन्न | वि. | 1. जिसने किसी दूसरे का स्थान ग्रहण किया हो, एवजी; | স্থান অধিকাৰ, স্থান গ্ৰহণ; | स्थान अधिकार, स्थान ग्रहण; | substituted in place of another, a substitute; |
| | | 2. शासनिक क्षेत्र में किसी अधिकारी की अस्वस्थता, अनुपस्थिति या अविद्यमानता में उसके स्थान पर अस्थायी रूप से काम करने वाला । | অস্থায়ী ভাৱে আনৰ ঠাইত কাম কৰোঁতা | अस्थायी भावे आनर ठाइत काम करोंता | acting, officiating. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थानिक | वि. | किसी स्थान विशेष में ही होने-वाला, जिसका क्षेत्र किसी स्थान विशेष तक ही सीमित हो, स्थानीय । | স্থানীয়, স্থানগত | स्थानीय, स्थानगत | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थानीकरण | पुं. | इधर-उधर या दूर तक फैले हुए कामों, व्यापारों आदि को नियंत्रित करके एक केंद्र या स्थान में आबद्ध या सीमित करना । | স্থানীকৰণ, একে ঠাইতে ৰখা কাৰ্য্য বা অৱস্থা | स्थानीकरण, एके ठाइते रखा कार्य्य बा अवस्था | ocalisation. |
| स्थानीय | वि. | उस स्थान या नगर का जिसके संबंध में कोई उल्लेख हो, स्थान विशेष का, मुकामी, स्थानिक । | স্থানীয় | स्थानीय | belonging to a place, local, endemic. |
| स्थापक | पुं. | 1. स्थापन या स्थापना करने-वाला, बनानेवाला, प्रवर्तक, संस्थापक; 2. खड़ा करनेवाला, स्थिर करनेवाला; 3. भारतीय नाट्यशास्त्र में वह नट जो पूर्वरंग में सूत्रधार के मंगलाचरण करके चले जाने पर रंगमंच पर आकर नाटक की कथावस्तु और उसके काव्यार्थ की स्थापना करता अर्थात् सूचना देता है । | প্ৰতিষ্ঠাপক, স্থাপক, প্ৰৱৰ্ত্তক; নিৰ্ণায়ক, থিয় কৰোঁতা; (প্ৰাচীন নাটকৰ) স্থাপক | प्रतिष्ठापक, स्थापक, प्रवर्त्तक; निर्णायक, थिय करोंता; (प्राचीन नाटकर) स्थापक | founder, establisher; fixer, erector; (in drama) a kind of stage director. |
| स्थापत्य | पुं. | 1. स्थपति का अर्थात् मकान आदि बनाने का कार्य, वास्तुकला, राजगीरी, मेमारी; | স্থপতি কাৰ্য্য, কাৰু কাৰ্য্য; | स्थपति कार्ज्य, कारु कार्ज्य; | ला; architecture; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. भवन बनाने की विधा, वास्तुविज्ञान । | স্থপতিবিদ্যা, স্থপতিকলা | स्थपतिविद्या, स्थपतिकला | science of architecture. |
| स्थापत्य-कला | स्त्री. | वास्तुकला । | স্থাপত্য কলা, স্থপতিবিদ্যা | स्थापत्य कला, स्थपतिविद्या | architecture. |
| स्थापन | पुं. | 1. उठाना या खड़ा करना; | পাতন; | पातन; | erection; |
| | | 2. दृढ़तापूर्वक जमाना, रखना या बैठाना; | স্থাপন, প্রতিষ্ঠাপন; | स्थापन, प्रतिष्ठापन; | placing, fixing, installing up; |
| | | 3. कोई नई संस्था या व्यापारिक कारोबार खड़ा करना; | প্রতিষ্ঠাকৰণ, আৰম্ভণ; | प्रतिष्ठाकरण, आरम्भण; | establishing, establishment, setting up; |
| | | 4. कोई मत या विचार युक्तिपूर्वक लोगों के सामने रखना, प्रतिपादन । | প্রতিপাদন, নিৰূপণ | प्रतिपादन, निरूपण | propounding, founding, enunciating. |
| स्थापना | स्त्री. | 1. स्थापित करने की क्रिया या भाव, स्थापन, दृढ़तापूर्वक जमाना, खड़ा करना या व्यवस्थित रूप देना; | থাপনা, প্রতিষ্ঠাপন, স্থাপন, আৰম্ভণ; | थापना, प्रतिष्ठापन, स्थापन, आरम्भण; | placing, fixing, erecting, establishing, setting up, installing; |
| | | 2. तर्क, प्रमाण, युक्ति आदि के द्वारा अपना पक्ष या मत ठीक सिद्ध करते हुए दूसरों के सामने रखना, प्रतिपादन, निरूपण; | প্রতিপাদন, নিৰূপণ; | प्रतिपादन, निरूपण; | propounding, enunciation, exposition; |
| | | 3. स्थापित किया गया एकक, संस्था या संगठन; | প্রতিষ্ঠান, সংস্থা, সংগঠন; | प्रतिष्ठान, संस्था, संगठन; | establishment; |
| | | 4. भारतीय नाट्यशास्त्र में नाटक के पूर्वरंग में सूत्रधार के द्वारा मंगलाचरण हो चुकने के बाद स्थापक नामक नट के द्वारा इस बात का सूचित किया जाना कि नाटक की कथावस्तु और उसका काव्यार्थ क्या है । | প্রস্তাৱনা | प्रस्तावना | prologue of the drama. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थापित** | वि. | **1. जिसकी स्थापना की गई हो, कायम किया हुआ;** | স্থাপিত, প্ৰতিষ্ঠাপিত; | स्थापित, प्रतिष्ठापित; | founded, instituted, established; |
| | | **2. प्रतिपादित, प्रस्तुत किया हुआ, प्रवर्तित;** | প্ৰতিপাদিত, প্ৰৱৰ্তিত; | प्रतिपादित, प्रवर्त्तित; | propounded, enunciated; |
| | | **3. खड़ा किया हुआ;** | স্থাপিত, থিয় কৰা, স্থাপন কৰা; | स्थापित, थिय करा, स्थापन करा; | set up, raised, erected; |
| | | **4. स्थिर किया हुआ, किसी स्थान पर जमाया हुआ ।** | স্থিৰ কৰা, স্থাপন কৰা, জমা কৰা | स्थिर करा, स्थापन करा, जमा करा | placed, fixed, located, deposited, installed. |
| **स्थायित्व** | पुं. | **1. स्थायी होने की अवस्था, गुण, धर्म या भाव, सदा स्थित या बने रहने का भाव;** | স্থায়িত্ব, স্থায়ী হোৱা অৱস্থা বা ভাৱ | स्थायित्व, स्थायी होवा अवस्था बा भाव; | permanency; |
| | | **2. टिकाऊपन ।** | স্থায়িত্ব | स्थायित्व | stability, durability. |
| **स्थायिवत्** | वि. | **स्थायी के समान ।** | স্থায়ীবত্, স্থায়ীৰ দৰে | स्थायीबत्, स्थायीर दरे | quasi-permanent, as good as permanent. |
| **स्थायी** | वि. | **1. सदा स्थित रहनेवाला, हमेशा बना रहने वाला;** | স্থায়ী, সদায় থকা; | स्थायी, सदाय थका; | permanent; |
| | | **2. बहुत दिनों तक चलनेवाला, टिकाऊ;** | বহুদিন টিকা, দিন যোৱা; | बहु दिन टिका, दिन जोवा; | stable, durable, lasting; |
| | | **3. स्थिर, अटल, नियत ।** | স্থিৰ, দৃঢ়, নিয়ত | स्थिर, दृढ़, नियत् | steady, firm, regular, invariable. |
| **स्थायीकरण** | पुं. | **1. किसी वस्तु, कार्य या बात को स्थायी रूप देना;** | স্থায়ীকৰণ; | स्थायीकरण; | prepetuation; |
| | | **2. किसी पद पर अस्थायी रूप से या परीक्षण के रूप में काम करनेवाले व्यक्ति को उस पद पर स्थायी रूप से नियत करना, पुष्टीकरण ।** | স্থায়ীকৰণ | स्थायीकरण | confirmation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्थावर** | वि. | **1. एक ही जगह स्थिर रहने-वाला, अपनी जगह से न हटनेवाला;** | স্থাৱৰ, একে ঠাইতে থকা; | स्थावर, एके ठाइते थका; | fixed to one spot, stable, stationary, not moving; |
| | | **2. अचल (उदा. अचल संपत्ति) ।** | অচল, স্থিৰ | अचर, स्थिर | not mobile, immovable (as property). |
| **स्थित** | वि. | **1. किसी स्थान पर खड़ा, ठहरा या बना हुआ;** | স্থিত, থকা, অৱস্থিত; | स्थित, थका, अवस्थित; | stood, remained, stayed, situated; |
| | | **2. बसा हुआ;** | থকা, অৱস্থিত; | थका, अवस्थित; | staying, resting, living, being, existing, situated, happened, occurred; |
| | | **3. दृढ़, पक्का;** | দৃঢ়, পকা; | दृढ़, पका; | steady, firm, determined, resolved; |
| | | **4. प्रतिष्ठित या प्रस्थापित किया हुआ;** | প্ৰতিষ্ঠিত; | प्रतिष्ठित; | established; |
| | | **5. बैठा हुआ;** | বহি থকা; | बहि थका; | sitting, set; |
| | | **6. अचल;** | অচল, স্থিৰ; | अचल, स्थिर; | stable, immovable, stationary; |
| | | **7. उपस्थित, मौजूद ।** | উপস্থিত, সাক্ষাত্ | उपस्थित, साक्षात् | present. |
| **स्थिति** | स्त्री. | **1. स्थित होने की क्रिया, दशा या भाव, रहना या होना, अवस्थान;** | স্থিতি, অৱস্থান, স্থান; | स्थिति, अवस्थान, स्थान; | situation, location, site; |
| | | **2. एक ही स्थान पर या एक ही रूप में बना रहना, टिकाव, ठहराव;** | একেদৰে বা একে অৱস্থাতে থকা; | एकेदरे बा एके अवस्थाते थका; | stopping, standing still, continuance in one state; |
| | | **3. दशा, हालत, अवस्था;** | দশা, অৱস্থা; | दशा, अवस्था; | state, condition, natural state, nature, habit; |
| | | **4. पद, मर्यादा आदि के विचार से समाज में किसी को प्राप्त होनेवाला स्थान;** | পদবী, মৰ্য্যাদা, স্থান; | पदबी, मर्ज्यादा, स्थान; | rank, dignity, position; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 5. किसी व्यक्ति, संस्था आदि की वह विधि, दशा या मर्यादा जो उसे अपने क्षेत्र में कुछ निश्चित सीमा में प्राप्त होती है और जो इसके पद, सम्मान आदि की सूचक होती है; | পদ মৰ্য্যাদা; | पद मर्य्यादा; | status; |
| | | 6. वे बातें जो कोई पक्ष अपने वक्तव्य, अभियोग, आरोप आदि के संबंध में कहता या उपस्थित करता है; | কথন, কথা, বক্তব্য, উত্তৰ; | कथन, कथा, बक्तव्य, उत्तर; | case; |
| | | 7. अस्तित्व; | অস্তিত্ব, সত্বা; | अस्तित्व, सत्वा; | existence; |
| | | 8. किसी कार्य आदि की प्रगति की अवस्था, चरण, मंजिल। | অৱস্থা, অৱস্থিতি | अवस्था, अवस्थिति | stage, phase. |
| स्थिर | वि. | 1. सदा एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहनेवाला, अचल, निश्चल; | স্থিৰ, নিশ্চল; | स्थिर, निश्चल; | constant, sceady, firm, permanent; |
| | | 2. बहुत दिनों तक या सदा ज्यों का त्यों रहनेवाला, स्थायी; | স্থায়ী, চিৰকলীয়া; | स्थायी, चिरकलीया; | stable, enduring, lasting, permanent; |
| | | 3. इस प्रकार निश्चित किया हुआ जिसमें जल्दी या सहज में कोई परिवर्तन या हेरफेर न हो सके; | স্থিৰ, অপৰিবৰ্ত্তনীয়; | स्थिर, अपरिबर्त्तनीय; | established, fixed; |
| | | 4. जो किसी स्थान पर पहुँच कर स्थायी रूप से रुक या ठहर गया हो, एक ही जगह पर बहुत दिनों तक टिका रहनेवाला; | অচল, স্থাৱৰ; | अचल, स्थावर; | stationary, not moving, immovable, still; |
| | | 5. धीर, शांत; | ধীৰ, স্থিৰ, শান্ত; | धीर, स्थिर, शान्त; | quiescent, calm, pacific; |
| | | 6. एक ही स्थान पर पड़ा, बैठा या लगाया हुआ। | একে ঠাইতে অৱস্থিত | एके ठाइते अवस्थित | placed, fixed, located. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्थिरता | स्त्री. | 1. स्थिर रहने या होने की अवस्था, गुण या भाव, एक ही दशा, रूप या स्थिति में रहना, निश्चलता, स्थैर्य; | স্থিৰতা, স্থৈর্য্য; | स्थिरता, स्थैर्य; | constancy, steadiness, firmness; |
| | | 2. स्थायित्व; | স্থায়িত্ব; | स्थायित्व; | stability, permanence; |
| | | 3. धीरता; | ধীৰতা, মৃদুতা; | धीरता, मृदुता; | quiescence, poise, calmness; |
| | | 4. दृढ़ता, मजबूती। | দৃঢ়তা | दृढ़ता | fixity, firmness. |
| स्थूल | वि. | 1. भारी और मोटे अंगोंवाला, मोटा; | স্থূল, শকত আৱত, মোটা; | स्थूल, शकत आवत, मोटा; | fat, corpulent, stout, bulky, massive; |
| | | 2. तुरन्त या बिना परिश्रम के समझ में आनेवाला; | সহজে বুজিব পৰা; | सहजे बुजिर परा; | plain, which has no subtlety; |
| | | 3. जिसमें छोटे और बारीक अंगों का विचार न हो, मोटे तौर पर अनुमान किया हुआ; | মোটামুটি; | मोटामुटि; | rough; |
| | | 4. अभी जिसमें से लागत, व्यय आदि न निकाला गया हो, कुल, सकल, समग्र; | সমগ্ৰ, গোটেই; | समग्र, गोटेइ; | gross; |
| | | 5. अपरिष्कृत, मोटा। | ডাঠ, মোটা, অপৰিষ্কৃত | डाठ, मोटा, अपरिष्कृत | coarse, thick. |
| स्थूलकाय | वि. | भारी भरकम शरीरवाला। | স্থূলকায়, বৰ শকত | स्थूलकाय, बर शकत | fat, corpulent, bulky. |
| स्थूलता | स्त्री. | 1. स्थूल होने की अवस्था, गुण या भाव, स्थूलत्व, सूक्ष्मता से रहित होना; | স্থূলতা, বিস্তৃত অৱস্থা; | स्थूलता, बिस्तृत अवस्था; | the state of being easily understood, ordinary, unsubtleness; |
| | | 2. मोटाई, मोटापा; | শকত, মোটা; | शकत मोटा; | fatness, corpulence, stoutness; |
| | | 3. भारीपन; | গধুৰতা; | गधुरता; | bulkiness, largeness; |
| | | 4. (कपड़े आदि का) मोटापन, गाढ़ापन। | মোটা, খইটা | मोटा खइटा | coarseness, thickness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्नात | वि. | जिसने स्नान किया हो, नहाया हुआ । | স্নাত, গা ধোৱা | स्नात, गा धोवा | bathed, washed, purified by ablution. |
| स्नातक | पुं. | 1. वह जिसने किसी विश्व-विद्यालय की कोई परीक्षा उत्तीर्ण की हो; | স্নাতক, ডিগ্ৰী ধাৰী; | स्नातक, डिग्री धारी; | graduate, bachelor; |
| | | 2. वह जिसने विद्या का अध्ययन और ब्रहमचर्य व्रत समाप्त कर लिया हो । | ব্ৰহ্মচৰ্যাশ্ৰম শেষ কৰোঁতা | ब्रह्मचर्याश्रम शेष करोंता | one who has completed his studies and Brahmacharya period. |
| स्नातकोत्तर | वि. | स्नातक हो जाने के बाद का अध्ययन या परीक्षा । | স্নাতকোত্তৰ | स्नातकोत्तर | post-graduate. |
| स्नान | पुं. | 1. स्वच्छ या शीतल करने के लिए सारा शरीर जल से धोना या जलराशि में प्रवेश कर नहाना; | স্নান, গা ধোৱা; | स्नान, गा धोवा; | bathing, washing, ablution, to take a dip in water; |
| | | 2. किसी वस्तु या व्यक्ति का धूप, वायु आदि के सामने इस प्रकार रखना या बैठना, लेटना अथवा होना कि सारे शरीर या पूरे पदार्थ पर उसका प्रभाव पड़े । | ৰ'দ-বতাহ লগোৱা | र'द-बताह लगोवा | to place or bask in sun. |
| स्नानागार | पुं. | स्नान-गृह, गुसलखाना । | গা ধোৱা ঘৰ | गा धोवा घर | bath–room. |
| स्नायविक | वि. | स्नायु-संबंधी, स्नायु का, स्नायवीय । | স্নায়বিক, স্নায়ু সম্বন্ধীয় | स्नायबिक, स्नायु सम्बन्धीय | pertaining to nerves, nervous, ligamentary. |
| स्नायु | पुं. | रग, नाड़ी, नस, तंत्रिका । | স্নায়ু | स्नायु | nerve, sinew, tendon,muscle, ligament. |
| स्नायुमंडल | पुं. | तंत्रिका-तंत्र । | স্নায়ু মন্ডল | स्नायु मण्डल | nervous system. |
| स्निग्ध | वि. | 1. जिसमें स्नेह या तेल रहता हो या लगा हो, चिकनाहट युक्त; | তেলেতীয়া, তেলীয়া; | तेलेतीया, तेलीया; | oily, unctuous, greasy. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जो खुरदरा न हो, चिकना, मसृण; | মিহি, মসৃন; | मिहि, मसृन; | smooth, not rough, glossy; |
| | | 3. जिसमें स्नेह या प्रेम हो । | মৰম বা প্ৰেম থকা | मरम बा प्रेम थका | loving, affectionate, friendly, attached, tender. |
| स्नेह | पुं. | 1. प्रेमियों, हमजोलियों, बच्चों आदि के प्रति होनेवाला प्रेमभाव; | মৰম, চেনেহ; | मरम, चेनेह; | affection, love, kindness, tenderness; |
| | | 2. चिकना पदार्थ, चिकनाहटवाली चीज़; | চৰ্বী, তেল, তেলতীয়া বস্তু; | चर्बी, तेल, तेलतीया बस्तु; | grease, fat, any unctuous substance, lubricant; |
| | | 3. तेल; | তেল; | तेल; | oil; |
| | | 4. चिकनाहट, चिकनापन, लसीलापन । | তেলতীয়া অৱস্থা বা গুণ, পিছলতা | तेलतीया अवस्था बा गुण, पिछलता | oiliness, viscidity, unctuousness, lubricity. |
| स्नेहक | पुं. | तेल या वह चिकना पदार्थ जो यंत्रों के कल-पुर्जों आदि में उन्हें सरलता से चलाने के लिए डाला जाता है । | তেল | तेल | a lubricant, lubrication oil. |
| | वि. | 1. चिकना करनेवाला; | পিছল কৰা; | पिछल करा; | lubricating; |
| | | 2. स्नेही, प्रेमी । | মৰমিয়াল, চেনেহী | मरमियाल, चेनेही | kind, affectionate. |
| स्नेहपात्र | वि. | जिसके प्रति स्नेह हो, स्नेह-भाजन, प्यारा व्यक्ति, प्रेम पात्र । | মৰম বা প্ৰেমৰ পাত্ৰ, চেনাই | मरम बा प्रेमर पात्र, चेनाइ | object of love, beloved. |
| स्नेही | वि. | स्नेह करनेवाला, प्रेमयुक्त । | মৰমিয়াল, চেনেহী | मरमियाल, चेनेही | affectionate, tender, loving. |
| | पुं. | 1. प्रेमी; | প্ৰেমিক; | प्रेमिक; | lover; |
| | | 2. मित्र । | বন্ধু, মিত্ৰ | बन्धु, मित्र | friend. |
| स्पंद | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना, कंपन; | মৃদু কম্পন, স্পন্দন; | मृदु कम्पन, स्पन्दन; | vibration, tremor, quiver; |
| | | 2. स्पंदन की क्रिया में होनेवाला हल्का आघात या फड़क, प्रस्फुरण; | কঁপনি, স্পন্দন; | कँपनि, स्पन्दन; | pulse, throb; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. गति । | গতি, চলতা | गति, चलता | motion, movement. |
| स्पंदन | पुं. | 1. धीरे-धीरे हिलना या कांपना; | স্পন্দন; | स्पन्दन; | vibration, tremor, quivering, trembling; |
| | | 2. जीवों के शरीर में रक्त के प्रवाह या संचार के कारण कुछ रुक-रुक कर होनेवाली वह गति जो हृदय के बार-बार फूलने और संकुचित होने से आघात या खटक के रूप में उत्पन्न होती है, धड़कन, फड़क, प्रस्फुरण; | হৃত্স্পন্দন; | हृतस्पन्दन; | beat, pulsation; |
| | | 3. गति । | গতি, চলতা | गति, चलता | movement, motion. |
| स्पंदित | वि. | 1. जिसमें स्पंदन उत्पन्न हुआ हो या किया गया हो, हिलता या कांपता हुआ; | স্পন্দিত, কম্পিত, কঁপা; | स्पन्दित, कम्पित, कँपा; | vibrated, quivered, trembled; |
| | | 2. धड़कता हुआ (हृदय), फड़कता हुआ, प्रस्फुरित । | বুকু ধপ্ধপোৱা | बुकु धप्धपोवा | throbbed, pulsated. |
| स्पर्द्धा (स्पर्धा) | स्त्री. | 1. प्रतियोगिता आदि में किसी से होनेवाली होड़; | স্পৰ্ধা, প্ৰতিয়োগিতা, সংঘৰ্ষ; | स्पर्द्धा, प्रतियोगिता, संघर्ष; | rivalry, competition; |
| | | 2. किसी में कोई अच्छी बात देखकर सद्भावपूर्वक उसके समान होने की कामना; | ডাঙৰ মানুহৰ সমকক্ষ হোৱাৰ ইচ্ছা বা কামনা; | डाङर मानुहर समकक्ष होवार इच्छा बा कामना; | emulation; |
| | | 3. ईर्षा, डाह । | ঈৰ্ষা, হিংসা, দাহ | ईर्षा, हिंसा, दाह | jealousy, envy. |
| स्पर्श | पुं. | 1. त्वचा का वह गुण जिससे छूने, दबने आदि का अनुभव होता है; | স্পৰ্শ, ছোৱন; | स्पर्श, छोवन; | the quality of tangibility, touch, feel; |
| | | 2. एक वस्तु के तल का दूसरी वस्तु के तल से सटना या छूना, संपर्क, संस्पर्श । | সংস্পৰ্শ, স্পৰ্শ | संस्पर्श, स्पर्श | contact. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्पष्ट | वि. | 1. जिसे देखने, समझने, सुनने आदि में नाम की भी कोई कठिनता या बाधा न हो, बिलकुल साफ; | স্পষ্ট, ব্যক্ত, পৰিষ্কাৰ; | स्पष्ट, व्यक्त, परिष्कार; | distinct, clear, apparent, evident, obvious, manifest, intelligible, easy, plain; |
| | | 2. (बात या व्यवहार) जिसमें किसी तरह का छल-कपट या धोखा न हो, निष्कपट, सत्यतापूर्ण । | পোনপটীয়া, চিধা, খোলা | पोनपटीया, चिधा, खोला | straightforward, honest, real. |
| स्पष्टता | स्त्री. | 1. स्पष्ट होने की अवस्था, गुण या भाव; | স্পষ্টতা, নিৰ্মলতা; | स्पष्टता, निर्म्मलता; | distinctness, clearness, plainness, obviousness, clarity; |
| | | 2. निष्कपटता । | নিষ্কপটতা, সৰলতা | निष्कपटता, सरलता | straight-forwardness. |
| स्पष्टवादिता | स्त्री. | स्पष्टवादी होने की अवस्था, गुण या भाव । | স্পষ্ট কথা কোৱা গুণ, স্পষ্টবাদিতা | स्पष्ट कथा कोवा गुण, स्पष्टबादिता | quality of being outspoken, out-spokenness, plain, speaking, straight-forwardness. |
| स्पष्टवादी | वि. | साफ-साफ कहनेवाला, स्पष्ट वक्ता, स्पष्टभाषी । | স্পষ্টবাদী | स्पष्टवादी | outspoken, straightforward, plain-spoken. |
| स्पष्टीकरण | पुं. | 1. किसी अपने किए हुए कार्य के विषय में आपत्ति होने पर यह बतलाना कि किन कारणों से यह काम इस रूप में किया गया है; | স্পষ্টীকৰণ, ব্যাখ্যা; | स्पष्टीकरण, व्याख्या; | explanation; |
| | | 2. कोई बात इस प्रकार स्पष्ट या साफ करना कि उसके संबंध में कोई भ्रम न हो, | ব্যাখ্যান, স্পষ্টীকৰণ; | व्याख्यान, स्पष्टीकरण; | making clear or intelligible, elucidation; |
| | | 3. जो बात स्पष्ट होने से रह गई हो उसे इस प्रकार स्पष्ट करना कि औरों का भ्रम दूर हो जाए । | ভ্ৰান্তি দূৰীকৰণ, স্পষ্টীকৰণ | भ्रान्ति दूरीकरण, स्पष्टीकरण | clarification. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेज़ी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्पृहणीय | वि. | जिसके लिए स्पृहा अर्थात् अभिलाषा या कामना की जा सके, वांछनीय । | স্পৃহনীয়, বাঞ্ছনীয় | स्पृहनीय, बान्छनीय | to be desired or longed for, desirable. |
| स्पृहा | स्त्री. | किसी अच्छे काम, चीज या बात की प्राप्ति अथवा सिद्धि के लिए मन में होनेवाली अभिलाषा, इच्छा या कामना | স্পৃহা, ইচ্ছা, কামনা | स्पृहा, इच्छा, कामना | desire, eagerness, ardent wish, longing. |
| स्फटिक | पुं. | एक प्रकार का सफेद बहुमूल्य पारदर्शी पत्थर या रत्न जिसका व्यवहार मालाएं, मूर्तियाँ आदि बनाने में होता है, बिल्लोर । | স্ফটিক, এবিধ স্বচ্ছ শিল | स्फटिक, एबिध स्वच्छ शिल | a crystal, quartz, pebble. |
| स्फीत | वि. | 1. फूला या उभरा हुआ;<br>2. बढ़ा हुआ, वर्धित । | ওফন্দা, উখহা;<br>বৰ্দ্ধিত, বঢ়া | ओफन्दा, उखहा;<br>बर्द्धित, बढ़ा | inflated, puffed up, swelled up;<br>grown, increased, enlarged. |
| स्फीति | स्त्री. | 1. स्फीत होने की अवस्था, गुण या भाव, स्फीतता, फुलाव;<br>2. (मुद्रा का) बढ़ जाना, (मुद्रा का) प्राचुर्य या वृद्धि । | ফিকনি;<br>মুদ্ৰা স্ফীতি, মুদ্ৰাৰ প্ৰাচুৰ্য্য | फिकनि;<br>मुद्रा स्फीति, मुद्रार प्राचुर्य्य | puff, swelling, inflation;<br>inflation (of money). |
| स्फुट | वि. | 1. खुला या खिला हुआ, विकसित;<br>2. स्पष्ट, व्यक्त;<br>3. अनिश्चित प्रकारों या वर्गों का,फुटकर । | বিকশিত, ফুলা, খোলা;<br>স্পষ্ট, ব্যক্ত, প্ৰকাশ্য;<br>বিবিধ, খুচুৰা | बिकशित, फुला, खोला;<br>स्पष्ट, व्यक्त, प्रकाश्य;<br>बिबिध, खुचुरा | opened, blown, expanded;<br>clear, plain, distinct, manifest, apparent;<br>miscellaneous. |
| स्फुटित | वि. | 1. विकसित, खुला हुआ;<br>2. मुंह से कहकर या और किसी प्रकार स्पष्ट रूप से प्रकट या व्यक्त हुआ | প্ৰস্ফুটিত, বিকশিত;<br>ব্যক্ত, প্ৰকট, প্ৰকাশ্য | प्रस्फुटित, बिकशित;<br>व्यक्त, प्रकट, प्रकाश्य | budded, blown, expanded;<br>made clear, manifest, shown. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्फुरण | पुं. | 1. किसी पदार्थ का जरा-जरा कांपना, लहराना या हिलना; | স্পন্দন, কম্পন, কঁপনি; | स्पन्दन, कम्पन, कँपनि; | throbbing, quivering, trembling (in general); |
| | | 2. अंग का फड़कना, जो शुभाशुभ का सूचक होता है; | শৰীৰৰ কোনো অংগৰ কঁপনি, নাচন, স্পন্দন; | शरीरर कोनो अंगर कँपनि, नाचन, स्पन्दन; | throbbing or quivering of certain parts of the body (indicating good or bad luck); |
| | | 3. स्फूर्ति; | উলাহ, স্ফূৰ্ত্তি, বেগ; | उलाह, स्फूर्त्ति, बेग; | agility, quickness; |
| | | 4. मन या मस्तिष्क में किसी भाव का सहसा उत्पन्न होना । | তত্ক্ষণাত্ মনত খেলোৱা অৱস্থা বা ভাৱ | तत्क्षणात् मनत खेलोवा अवस्था बा भाव | flashing on the mind. |
| स्फुरित | वि. | 1. स्फुरणयुक्त, कांपता, लहराता या हिलता हुआ; | স্পন্দিত, কম্পিত; | स्पन्दित, कम्पित; | trembling, throbbing, quivering, shaking (in general); |
| | | 2. (अंग) जिसमें फड़कन होता हो; | শৰীৰৰ কোনো অংগ নচা বা কঁপা; | शरीरर कोनो अंग नचा बा कँपा; | thrilled, throbbed, throbbing (of eyes etc.); |
| | | 3. (बात) जो मन में सहसा उत्पन्न हुई हो । | হঠাত্ মনলৈ অহা বা মনত খেলোৱা | हठात् मनलै अहा बा मनत खेलोवा | flashed on the mind (as an imagination). |
| स्फुलिंग | पुं. | वह जलता हुआ चमकीला कण जो जलती हुई या जोर से रगड़ी जानेवाली चीजों में से निकलकर उड़ता हुआ दिखाई देता है, चिनगारी । | স্ফুলিংগ, ফিৰিঙতি | स्फुलिंग, फिरिङति | a spark (of fire). |
| स्फूर्ति | स्त्री. | 1. तेजी, फुरती; | বেগ, তীব্ৰতা, উলাহ; | बेग, तीव्रता, उलाह; | agility, smartness, quickness; |
| | | 2. धीरे-धीरे हिलना, फड़कना, स्फुरण; | মৃদু কম্পন, স্পন্দন; | मृदु कम्पन, स्पन्दन; | throbbing, shaking, vibration; |
| | | 3. किसी काम या बात के लिए मन में होनेवाला किसी विचार का आकस्मिक आविर्भाव । | কোনো কথা অকস্মাত্ মনত খেলোৱা অৱস্থা, আকস্মিক স্ফুৰণ | कोनो कथा अकस्मात् मनत खेलोवा अवस्था, आकस्मिक स्फुरण | flashing on the mind. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्फोट | पुं. | 1. अन्दर से भर जाने के कारण किसी वस्तु के ऊपर। आवरण का फटना और उसके भीतर की वस्तुओं का वेगपूर्वक बाहर निकलना, फुटना, फूटकर निकलना; | স্ফোটন, জোৰেৰে ফুটা কাৰ্য্য বা অবস্থা; | स्फोटन, जोरेरे फुटा कार्ज्य बा अवस्था; | breaking forth, splitting open, busting, eruption; |
| | | 2. फटना, विस्फोट; | স্ফোটন, বিস্ফোৰণ; | स्फोटन, बिस्फोरण; | explosion; |
| | | 3. शरीर पर होनेवाला फोड़ा; | ফোঁহা; | फोंहा; | boil; |
| | | 4. नित्य शब्द । | নিত্য শব্দ, অনাহত ধ্বনি | नित्य शब्द, अनाहत ध्वनि | eternal sound. |
| स्फोटक | वि. | स्फोट उत्पन्न करनेवाला, फट पड़नेवाला, विस्फोटक । | বিস্ফোৰক; | बिस्फोरक; | explosive. |
| | पुं. | फोड़ा । | ফোঁহা | फोंहा | a boil. |
| स्मरण | पुं. | किसी ऐसी देखी-सुनी या बीती हुई बात का फिर से याद आना या ध्यान होना जो बीच में भूल गई हो या ध्यान में न रह गई हो, कोई बात फिर से याद आने की क्रिया या भाव, स्मृति, याद । | স্মৰণ, স্মৃতি, সোঁৱৰণ | स्मरण, स्मृति, सोंवरण | remembering, remembrance, recollection, memory. |
| स्मरणपत्र | पुं. | कोई बात स्मरण कराने के लिए लिखा जानेवाला पत्र । | সোঁৱৰণি | सोंवरणि | reminder. |
| स्मरण शक्ति | स्त्री. | याद रखने की शक्ति, याददाश्त । | স্মৰণশক্তি | स्मरणशक्ति | memory. |
| स्मरणीय | वि. | (घटना या बात) जो स्मरण रखी जाने के योग्य हो, याद रखने लायक । | স্মৰণীয়, মনত ৰাখিব লগীয়া | स्मरणीय, मनत राखिब लगीया | to be borne in mind, fit to be remembered, memorable. |
| स्मारक | वि. | स्मरण करानेवाला । | স্মাৰক, স্মৰণ কৰাওঁতা | स्मारक, स्मरण कराओंता | reminding. |
| | पुं. | वह पदार्थ, रचना या कार्य जो किसी की स्मृति बनाए रखने के लिए हो, यादगार, स्मरणचिह्न । | স্মৃতি, স্মৃতিচিহ্ন | स्मृति, स्मृतिचिन्ह | memorial, monument. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्मारिका | स्त्री. | किसा महत्वपूर्ण घटना, समारोह या स्थान से संबधित कोई विचारात्मक विशेषत: सचित्र पुस्तिका । | স্মৃতিগ্ৰন্থ | स्मृतिग्रन्थ | souvenir. |
| स्मित | पुं. | मन्द हास्य, धीमी हंसी । | মিচিকি হাঁহি | मिचिकि हाँहि | a smile, gentle laugh. |
| | वि. | 1. हंसता हुआ; | হাঁহি থকা; | हाँहि थका; | smiling; |
| | | 2. विकसित, खिला हुआ । | বিকশিত, ফুলা | बिकशित, फुला | expanded, blown, blossomed. |
| स्मिति | स्त्री. | मन्द हास्य, मुस्कराहट । | মিচিকি হাঁহি | मिचिकि हाँहि | a smile, smiling, gentle laugh. |
| स्मृत | वि. | स्मरण किया हुआ, स्मृति में आया हुआ । | মনত পেলোৱা, মনলৈ অহা, মনত পৰা | मनत पेलोवा, मनलै अहा, मनत परा | remembered, recollected. |
| स्मृति | स्त्री. | 1. स्मरण शक्ति; | স্মৰণশক্তি, স্মৃতি; | स्मरणशक्ति, स्मृति; | memory; |
| | | 2. बीती हुई बातों का वह ज्ञान जो स्मरणशक्ति के द्वारा फिर से एकत्र या प्राप्त होता है, याद, अनुस्मरण; | স্মৰণ, সোঁৱৰণ; | स्मरण, सोंवरण; | remembrance, recollection; |
| | | 3. धर्म, आचार, व्यवहार आदि से संबधित हिन्दू- धर्म शास्त्र जिनकी रचना ऋषियों और मुनियों ने वेदों का स्मरण या चिन्तन करके की थी । | স্মৃতিশাস্ত্ৰ, সংহিতা শাস্ত্ৰ | स्मृतिशास्त्र, संहिता शास्त्र | books of traditional code of Hindu Law. |
| स्यापा | पुं. | किसी की मृत्यु पर शोक के कारण होनेवाला रोना-पीटना, मातम । | মৃত্যুৰ শোকত কৰা বিননি | मृत्युर शोकत करा बिननि | mourning, bewailing on a (relative's) death. |
| स्याह | वि. | काला । | ক'লা, ক'লীয়া | क'ला, क'लीया | black, dark. |
| स्याही | स्त्री. | 1. एक प्रसिद्ध रंगीन तरल अथवा कुछ गाढ़ा पदार्थ जो लिखने या कपड़े, कागज आदि छापने के काम में आता है, रोशनाई; | মহী, চিয়াহী, কালী; | मही, चियाही, काली; | ink; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्याह अर्थात् काले होने की अवस्था, गुण या भाव, कालापन । | ক'লা অৱস্থা বা গুণ | क'ला अवस्था बा गुण | blackness, darkness. |
| स्याही-सोख | पुं. | स्याही सोखनेवाला कागज, सोख्ता । | টোকনী কাকত | टोकनी काकत | blotting-paper. |
| स्रवण | पुं. | 1. बहने की क्रिया या भाव; | বহন, প্ৰৱাহ, স্ৰৱন; | बहन, प्रबाह, स्रवन; | flowing, trickling, oozing; |
| | | 2. गर्भ का समय से पहले गिरना, स्राव, गर्भपात । | গৰ্ভস্ৰাব, গৰ্ভপাত | गर्भस्राब, गर्भपात | premature abortion, miscarriage. |
| स्रष्टा | वि. | सृष्टि या रचना करनेवाला, रचयिता, निर्माता । | স্ৰষ্টা, নিৰ্ম্মাতা, ৰচোঁতা | स्रष्टा, निर्म्माता, रचोंता | maker, creator. |
| | पुं. | ब्रह्मा, सृष्टि का रचयिता । | ব্ৰহ্মা | ब्रह्मा | the creator of the universe, an epithet of Brahma. |
| स्राव | पुं. | 1. बहना, चूना, | স্ৰাৱ, বহন, প্ৰবাহ; | स्राब, बहन, प्रवाह; | flow or course of water, flowing, oozing, dropping, stream, current; |
| | | 2. गर्भपात, गर्भस्राव; | গৰ্ভপাত; | गर्भपात; | miscarriage, premature abortion; |
| | | 3. जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों के भीतरी अंगों से निकलनेवाला वह तरल पदार्थ या रस जो विशेष उद्देश्य सिद्ध करता है । | ক্ষৰণ, নিগৰণ | क्षरण, निगरण | secretion. |
| स्रोत | पुं. | 1. पानी का बहाव, धारा; | পানীৰ সোঁত, প্ৰবাহ, ধাৰা; | पानीर सोंत, प्रबाह, धारा; | stream, current, flow or course of water; |
| | | 2. पानी का सोता, झरना; | পানীৰ উহ; | पानीर उह; | source of water, spring; |
| | | 3. आधार या साधन, जिससे कोई वस्तु बराबर निकलती या आती रहे । | উৎস, মূল | उत्स, मूल | source, resource. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्व | वि. | 1. अपना, निज का (समास में); | নিজৰ, স্বকীয়, স্ব; | निजर, स्वकीय, स्व; | one's own, personal, self (in comp.); |
| | | 2. अपने आपसे होनेवाला, स्वतः, स्वयं (समास में) । | স্বয়ংক্রিয়, স্বয়ং | स्वयंक्रिय, स्वयं | of one's own accord, auto (in comp.). |
| | पुं. | अहं । | অহং, নিজ | अहं; निज | ego. |
| स्वकीय | वि. | अपना, निजी । | স্বকীয়, নিজৰ | स्वकीय, निजर | one's own, belonging to one's own, personal. |
| स्वगत | वि. | 1. अपने में ग्रहण किया हुआ, अपना, स्वकीय; | স্বকীয়, নিজস্ব, নিজৰ; | स्वकीय, निजस्व, निजर; | belonging to own self, own, personal; |
| | | 2. मन में आया हुआ । | স্বগত: মনতে ভবা | स्वगत: मनते भवा | passing in one's own mind. |
| | पुं. | मन ही मन या अपने आप से किया जानेवाला कथन, स्वगत कथन । | স্বগতোক্তি, নিজেনিজে কোৱা কথা | स्वगतोक्ति, निजेनिजे कोवा कथा | speaking to oneself, aside, soliloquy. |
| स्वचालित | वि. | जिसके अन्दर ऐसे कल-पुरजे लगे हों कि एक पुरजा चलाने से ही वह आपसे आप चलने या कोई काम करने लगे, अपने आप चलनेवाला । | স্বয়ংক্রিয়, নিজেনিজে চালিত হোৱা | स्वयंक्रिय, निजेनिजे चालित होवा | automatic. |
| स्वच्छंद | वि. | 1. इच्छा, मौज या रुचि के अनुसार अथवा सनक में आकर काम करनेवाला; | স্বাধীন, স্বেচ্ছ; | स्वाधीन, स्वेच्छ; | capricious, self-willed; |
| | | 2. किसी प्रकार का अंकुश, नियंत्रण या मर्यादा ध्यान में न रखते हुए मनमाने ढंग से आचरण करने-वाला । | অবাধ, স্বেচ্ছাচাৰী | अबाध, स्वेच्छाचारी | unrestrained, arbitrary. |
| स्वच्छंदता | स्त्री. | स्वच्छन्द होने की अवस्था, गुण या भाव, मनमानापन, निरंकुशता । | স্বেচ্ছাচাৰ, স্বাধীনতা, বাধাহীনতা | स्वेच्छाचार, स्वाधीनता, बाधाहीनता | arbitrariness, absence of restraint. |
| स्वच्छ | वि. | 1. निर्मल, साफ, मैल या गंदगी से रहित; | নিকা, নিৰ্ম্মল, স্বচ্ছ; | निका, निर्म्मल, स्वच्छ; | clean, neat, clear; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पवित्र, शुद्ध; | পৱিত্ৰ, শুদ্ধ; | पवित्र, शुद्ध; | pure; |
| | | 3. निष्कपट; | নিষ্কপট, খোলা; | निष्कपट, खोला; | straight-forward, honest, frank; |
| | | 4. स्पष्ट, साफ, सुवाच्य (उदा. स्वच्छ प्रति) । | স্পষ্ট, পৰিষ্কাৰ | स्पष्ट, परिष्कार | fair, readable. |
| स्वच्छता | स्त्री. | 1. स्वच्छ होने की अवस्था, गुण या भाव, निर्मलता; | স্বচ্ছতা, নিৰ্ম্মলতা; | स्वच्छता, निर्म्मलता; | cleanliness, neatness, clearness; |
| | | 2. सफाई विशेषत: शरीर और आसपास की वस्तुओं, स्थानों आदि की ऐसी सफाई जो स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से आवश्यक हो; | চাফাই, নিৰ্ম্মলতা; | चाफाइ, निर्म्मलता; | sanitation; |
| | | 3. पवित्रता, शुद्धता; | পৱিত্ৰতা, শুদ্ধি; | पवित्रता, शुद्धि; | purity; |
| | | 4. निष्कपटता । | সৰলতা, নিষ্কপটতা | सरलता, निष्कपटता | frankness, sincerity, straight-forwardness. |
| स्वजन | पुं. | 1. सगे-संबंधी, रिश्ते-नाते के लोग, बन्धु-बांधव; | আত্মীয়স্বজন, লগা ভগা; | आत्मीयस्वजन, लगा भगा; | kinsman, relative, kith and kin; |
| | | 2. आत्मीय जन, अपने परिवार के लोग । | পৰিয়ালৰ মানুহ, স্বজন | परियालर मानुह, स्वजन | one's own people or kindred, one's household. |
| स्वतंत्र | वि. | 1. जिसका तंत्र या शासन अपना हो, जो किसी के तंत्र या शासन में न हो; | স্বতন্ত্ৰ, স্বাধীন; | स्वतन्त्र, स्वाधीन; | independent; |
| | | 2. किसी प्रकार के नियंत्रण, दबाव या बंधन से रहित; | স্বাধীন; | स्वाधीन; | free, unrestrained, uncontrolled; |
| | | 3. (काम या बात) जिसमें किसी दूसरे का अवलंब, आधार या आश्रय न लिया गया हो; | স্বাৱলম্বী; | स्वावलम्बी; | self-dependent; |
| | | 4. अलग, पृथक, जुदा । | বেলেগ, পৃথক, আলগ | बेलेग, पृथक, आलग | separate. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वतंत्रता | स्त्री. | 1. स्वतंत्र रहने या होने की अवस्था या भाव, आज़ादी; | স্বতন্ত্ৰতা; | स्वतन्त्रता; | independence; |
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें बिना किसी बाहरी दबाव, नियंत्रण या बंधन के स्वयं अपनी इच्छा से सोच-समझकर सब काम करने का अधिकार होता है; | স্বাধীনতা; | स्वाधीनता; | freedom, latitude;; |
| | | 3. वह अवस्था जिसमें बिना किसी प्रकार की राजकीय या शासनिक बाधा या रोक-टोक के सभी उचित और संगत काम या व्यवहार करने का अधिकार होता है, स्वातंत्र्य, आज़ादी । | স্বাতন্ত্ৰ্য, স্বাধীনতা | स्वातन्त्र्य, स्वाधीनता | liberty. |
| स्वतः | क्रि. वि. | अपने आप, आप से आप, आप ही, स्वयं । | স্বতঃ, স্বয়ং | स्वतः, स्वयं | of one's own self, of one's own accord, voluntarily, spontaneously. |
| स्वत्व | पुं. | 1. स्व का भाव, अहं । | অহং ভাব, স্বত্ব; | अहं भाव, स्वत्व; | ego; |
| | | 2. अधिकार, हक; | স্বত্ব, অধিকাৰ; | स्वत्व, अधिकार; | right, one's due, ownership; |
| | | 3. वह स्थिति जिसमें किसी वस्तु या विषय के हानि-लाभ से किसी व्यक्ति का विशेष रूप से संबंध हो, हित । | স্বাৰ্থ, নিজৰ লগত সম্পৰ্ক | स्वार्थ, निजर लगत सम्पर्क | interest. |
| स्वदेश | पुं. | अपना देश, मातृभूमि, वतन | স্বদেশ, নিজদেশ | स्वदेश, निजदेश | one's own country, native country, mother–land, homeland. |
| स्वदेशी | वि. | 1. अपने देश से संबंधित; | স্বদেশী; | स्वदेशी; | ला; belonging to one's own country; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. अपने देश में होने या बननेवाला । | স্বদেশী, দেশীয় | स्वदेशी, देशीय | made or produced in one's own country, indigenous |
| स्वप्न | पुं. | 1. सोए रहने की दशा में मानसिक दृष्टि के सामने आनेवाली घटनाएं, चित्र और विचार जो अवास्तविक होते हैं, सपना, ख्वाब; | স্বপ্ন, সপোন; | स्वप्न, सपोन; | dream; |
| | | 2. मन ही मन की जानेवाली बड़ी-बड़ी कल्पनाएं और बांधे जानेवाले मनसूबे । | আলাসৰ চাং, অলীক কল্পনা | आलासर चां, अलीक कल्पना | conscious indulgence of fancy, reverie, castle in the air. |
| स्वप्नदोष | पुं. | निद्रावस्था में शृंगारिक स्वप्न देखने पर वीर्यपात जो एक प्रकार का रोग है । | স্বপ্নদোষ, টোপনিত বীৰ্য্য পাত হোৱা দোষ | स्वप्नदोष, टोपनित बीर्य्य पात होवा दोष | emission, pollution nocturna. |
| स्वप्नावस्था | स्त्री. | वह अवस्था जिसमें स्वप्न दिखाई देता है । | স্বপ্নাৱস্থা, কল্পনা কৰি থকা অৱস্থা | स्वप्नावस्था, कल्पना करि थका अवस्था | a state of dreaming. |
| स्वभाव | पुं. | 1. जीव-जन्तुओं और प्राणियों का वह मानसिक रूप या स्थिति जो उनकी समस्त जाति में जन्मजात होती है और प्राय: एक ही तरह से काम करती हुई दिखाई देती है, प्रकृति; | স্বভাৱ, প্ৰকৃতি; | स्वभाव, प्रकृति; | nature, character; |
| | | 2. मनुष्य के मन का वह पक्ष जो बहुत कुछ जन्मजात तथा प्राकृतिक होता है और जो उसके आचार-व्यवहार आदि का मुख्य रूप से प्रवर्तक होता है और उसके जीवन में प्राय: अथवा सदा देखने में आता है, मिजाज; | প্ৰবৃত্তি, প্ৰৱণতা; | प्रवृत्ति, प्रवणता; | disposition, temperament; |
| | | 3 आदत, बान; | অভ্যাস, স্বভাৱ; | अभ्यास, स्वभाव; | habit; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 किसी पदार्थ का वह क्रियात्मक गुण या विशेषता जो उसमें प्राकृतिक रूप से सदा वर्तमान रहती है, खासियत । | স্বভাৱ,<br>স্বাভাৱিক গুণ | स्वभाव,<br>स्वाभाविक गुण | essential or inherent property. |
| स्वभावत: | क्रि. | स्वभाव के फलस्वरूप, | স্বভাৱত: | स्वभावत: | from natural |
| | वि. | स्वाभाविक अर्थात् प्रकृतिजन्य रूप से । | স্বাভাৱিকতে | स्वाभाविकते | disposition, by nature, naturally, by one's self. |
| स्वयं | वि. | 1. (सर्वनाम) जिसके द्वारा वक्ता अपने व्यक्तित्व पर जोर देते हुए कोई बात कहता है; | স্বয়ং, নিজ; | स्वयं, निज; | oneself, in one's own person; |
| | | 2. अपने आप करने या होनेवाला (समास में) । | স্বয়ং | स्वयं | spontaneous, without external cause, auto. |
| | क्रि. | 1. अपनी इच्छा से, बिना | নিজ ইচ্ছামতে; | निज इच्छामते; | of ones' own |
| | वि. | किसी जोर या दबाव के; | | | accord, by oneself; |
| | | 2. व्यक्तिगत रूप से; | নিজে; | निजे; | personally; |
| | | 3. बिना किसी प्रयत्न के | নিজেনিজে | निजेनिजे | automatically. |
| | पुं. | खुद (व्यक्ति) । | স্বয়ং, নিজ | स्वयं, निज | one's own self. |
| स्वयंभू | वि. | 1. आप से आप उत्पन्न होनेवाला; | স্বয়ম্ভু,<br>নিজৰ পৰা<br>উদ্ভৱ হোৱা; | स्वयम्भु,<br>निजर परा<br>उदभव होवा | self-born, self-existent, self-begotten; |
| | | 2. (बिना किसी शिक्षा अधिकार, योग्यता आदि के) आप से आप बन जानेवाला (उदा. स्वयंभू नेता) । | স্বয়ম্ভূ | स्वयम्भू | self-styled. |
| स्वयंवर | पुं. | 1. स्वयं वरण करना, स्वयं चुनना; | নিজৰ বাছনি; | निजर बाछनि; | self-choice, self-selection; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कन्या द्वारा उपस्थित व्यक्तियों में से अपने लिए वर का स्वयं वरण करने की रीति या विधान ; | বিবাহৰ স্বয়ম্বৰ প্ৰথা; | बिवाहर स्वयम्बर प्रथा; | ancient custom wherein a bride chose her husband of her own accord, self-selection by a bride of her husband from amongst a galaxy of suiters, choice–marriage; |
| | | 3. प्राचीनकाल में वह उत्सव या समारोह जिसमें कन्या उपस्थित व्यक्तियों में से अपने लिए वर का स्वयं वरण करती थी । | প্ৰাচীন কালৰ স্বয়ম্বৰ উৎসৱ | प्राचीन कालर स्वयम्बर उत्सव | the ceremony or celebrations of choosing a husband by the bride. |
| स्वयंशिक्षक | पुं. | ऐसी पुस्तक जिससे शिक्षक के अभाव में भी उसकी पूरी बातें सीखी जा सकें, शिक्षक या अध्यापक का काम करनेवाली पुस्तक । | স্বয়ংশিক্ষক, নিজে পঢ়ি শিকিব পৰা পুথি | स्वयंशिक्षक, निजे पढ़ि शिकिर परा पुथि | self–instructor, self–taught. |
| स्वयंसिद्ध | वि. | (बात या तत्व) जो किसी तर्क या प्रमाण के बिना आप ही ठीक और सिद्ध हो, जिसे सिद्ध करनेके लिए प्रमाणों की अपेक्षा न हो । | স্বতঃসিদ্ধ, স্বয়ংসিদ্ধ | स्वतःसिद्ध, स्वयंसिद्ध | self–evident, axiomatic. |
| स्वयंसिद्धि | स्त्री. | वह सर्वमान्य सिद्धान्त या तत्व जिसे सिद्ध या प्रमाणित करने की आवश्यकता न हो । | স্বতঃসিদ্ধি | स्वतःसिद्धि | self–evident truth, axiom. |
| स्वयंसेवक | पुं. | 1. वह व्यक्ति जो किसी सेवा-कार्य में अपनी इच्छा से लगता हो; | স্বয়ংসেৱক, স্বেচ্ছাসেৱক; | स्वयंसेवक, स्वेच्छासेवक; | one who makes voluntary offer of one's services, volunteer; |
| | | 2. किसी ऐसे संगठन का सदस्य जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों की सेवा करना हो । | স্বয়ংসেৱক, স্বেচ্ছাসেৱক | स्वयंसेवक, स्वेच्छासेवक | member of a voluntary organisation. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वयंसेवी | वि. | स्वेच्छा से दूसरों की सेवा करनेवाला (संगठन), स्वैच्छिक (संगठन या संस्था) । | স্বেচ্ছাসেৱী | स्वेच्छासेवी | voluntary. |
| | पुं. | स्वयंसेवक । | স্বেচ্ছাসেৱক, স্বেচ্ছাসেৱী | स्वेच्छासेवक, स्वेच्छासेवी | volunteer. |
| स्वयमेव | क्रि. वि. | 1. अपने आप, आप ही आप, खुद ही, स्वयं ही; | নিজেই, আপোনা-আপুনি; | निजेइ, आपोना-आपुनि; | by one-self, of one's own accord; |
| | | 2. व्यक्तिरूप से । | নিজে | निजे | in person, personally. |
| स्वर | पुं. | 1. व्याकरण में, वह वर्णात्मक ध्वनि या शब्द जिसका उच्चारण बिना किसी दूसरे वर्ण की सहायता के और आप से आप होता है; | স্বৰ (ধ্বনি বা বৰ্ণ); | स्वर (ध्वनि वा वर्ण); | vowel; |
| | | 2. कोमलता, तीव्रता, उतार-चढ़ाव आदि से युक्त वह शब्द जो प्राणियों के गले या एक वस्तु पर दूसरी वस्तु का आघात होने से निकलता है, आवाज; | ধ্বনি, ৰব, শব্দ; | ध्वनि, रव, शब्द; | sound, noise; |
| | | 3. स्वर तंत्रियों के ढीले पड़ने और तनने के परिणामस्वरूप उत्पन्न होनेवाली कंठध्वनि, सुर; | ঘোষ, ঘোষত্ব; | घोष, घोषत्व; | voice, |
| | | 4. संगीत में उक्त प्रकार के वे सात निश्चित शब्द या ध्वनियां जिनका स्वरूप तन्मयता, तीव्रता, आदि विशिष्ट प्रकार से स्थिर है; | সুৰ; | सुर; | a note of musical scale or gamut, a tone, tune; |
| | | 5. श्वास । | শ্বাস, নিশ্বাস | श्वास, निश्वास | air breathed through the nostrils. |
| स्वरबद्ध | वि. | स्वरों में बांधा हुआ (संगीत) | স্বৰবন্ধ, সুৰ লগোৱা | स्वरबद्ध, सुर लगोवा | composed in musical measure, moulded in a rhythm, rhythmic. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वरभंग | पुं. | 1. उच्चारण में होनेवाली बाधा य अस्पष्टता; | সুৰভংগ, উচ্চাৰণৰ বাধা বা অস্পষ্টতা; | स्वरभंग, उच्चारणर बाधा बा अस्पष्टता; | interruption in or indistinctness of utterance; |
| | | 2. आवाज या गला बैठना, जो एक रोग माना गया है । | সুৰভংগ, মাতভঙা | स्वरभंग, मातभङा | hoarseness or cracking of voice, soreness of throat. |
| स्वराज्य | पुं. | वह अवस्था जिसमें शासन सत्ता विदेशी शासकों के हाथ से निकलकर देशवासियों के हाथ में आ चुकी होती है, स्वशासन, स्वतंत्रता । | সুৰাজ | स्वराज | independence, autonomy, home-rule, self–government. |
| स्वरूप | पुं. | 1. आकृति, शक्ल, आकार-प्रकार; | আকৃতি, আকাৰ, গঢ়; | आकृति, आकार गढ़; | shape, form; |
| | | 2. चेहरा, रूप; | চেহেৰা, ৰূপ; | चेहेरा, रूप; | countenance, appearance; |
| | | 3. किसी चीज का बंधा हुआ क्रम, ढंग या पद्धति; | পদ্ধতি, ক্ৰম, প্ৰণালী; | पद्धति, क्रम, प्रणाली; | system, order, plan; |
| | | 4. प्रकृति, स्वभाव, विशेषता, लक्षण, गुण । | প্ৰকৃতি, সুভাৱ, লক্ষণ, গুণ | प्रकृति, स्वभाव, लक्षण, गुण | nature, character. |
| स्वर्गंगा | स्त्री. | आकाशगंगा, मंदाकिनी । | আকাশী গংগা, মন্দাকিনী | आकाशी गंगा, मन्दाकिनी | the celestial Ganges, the galaxy or milky way. |
| स्वर्ग | पुं | 1. हिन्दुओं के अनुसार ऊपर के सात लोकों में से तीसरा लोक जिसका विस्तार सूर्यलोक से ध्रुवलोक तक है और जहां पुण्यकर्म करनेवाले देहत्याग के अनंतर जाकर दु:ख-क्लेशरहित सुख का भोग करते हैं, देवलोक; | স্বৰ্গ, সৰগ; | स्वर्ग, सरग; | heaven, abode of gods, paradise; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. कोई ऐसा स्थान जहां सभी प्रकार के सुख प्राप्त हों, और नाम का भी कोई कष्ट या चिन्ता न हो । | সুৰ্গপুৰী, সুখৰ ঠাই | स्वर्गपुरी, सुखर ठाइ | a place full of bliss and happiness, a place absolutely free from sorrows and sufferings, paradise. |
| स्वर्गवास | पुं. | 1. स्वर्ग में निवास करना, स्वर्ग में रहना; | সুৰ্গবাস; | स्वर्गबास; | residence in heaven; |
| | | 2. मर कर स्वर्ग जाना, मरना, मृत्यु । | মৃত্যু | मृत्यु | death. |
| स्वर्गवासी | वि. | 1. स्वर्ग में रहनेवाला; | সুৰ্গবাসী; | स्वर्गबासी; | dwelling in heaven; |
| | | 2. जो मर कर स्वर्ग जा चुका हो, मृत, स्वर्गीय । | সুৰ্গী, সুৰ্গীয় | स्वर्गी, स्वर्गीय | dead, late. |
| स्वर्गीय | वि. | 1. स्वर्ग-संबंधी, स्वर्ग का, स्वर्ग में रहने या होनेवाला; | সুৰ্গীয়; | स्वर्गीय; | belonging or relating to heaven, divine; |
| | | 2. जो मरकर स्वर्ग चला गया हो, मृत (मृत व्यक्ति के लिए आदरसूचक); | মৃত, সুৰ্গীয়; | मृत, स्वर्गीय; | late, dead; |
| | | 3. जिसमें लौकिक पवित्रता या सौंदर्य की पराकाष्ठा हो । | সুৰ্গীয়, অলৌকিক | स्वर्गीय, अलौकिक | super–natural, extra–worldly, extra–ordinary, divine (beauty etc.). |
| स्वर्ण | पुं. | सुवर्ण या सोना नामक बहुमूल्य धातु । | সুৰ্ণ, সোণ | स्वर्ण, सोण | gold. |
| स्वर्णकार | पुं. | एक जाति जो सोने-चांदी के आभूषण आदि बनाती है, सुनार । | সোণাৰী | सोणारी | goldsmith. |
| स्वर्ण-जयंती | स्त्री. | किसी व्यक्ति, संस्था आदि के जन्म या किसी महत्वपूर्ण कार्य के आरंभ होने के बाद 50 वर्ष पूरे हो जाने पर मनायी जानेवाली जयंती । | সোণালী জয়ন্তী | सोणाली जयन्ती | golden jubilee. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वर्णिम** | वि. | सोने का, सुनहला । | সোণালী | सोणाली | golden. |
| **स्वल्प** | वि. | बहुत ही अल्प या कम, बहुत थोड़ा । | স্বল্প, নিচেই তাকৰ | स्वल्प, निचेइ ताकर | very small or little, minute, very few, short. |
| **स्वस्तिक** | पुं. | एक प्रकार का मंगल चिह्न ( 卐 ) जो शुभ अवसरों पर दीवारों आदि पर अंकित किया जाता है, साथिया । | স্বস্তিকা (চিন) | स्वस्तिका (चिन) | a kind of benedictory or auspicious mark (卐). |
| **स्वस्ति-वाचन** | पुं. | मंगलकार्यों के आरंभ में किया जानेवाला एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें कलश स्थापन, गणेशपूजन और मंगलसूचक मंत्रों का पाठ किया जाता है । | মাংগলিক আৰম্ভণি | मांगलिक आरम्भणि | a religious rite preparatory to a sacrifice or any religious or solemn observance. |
| **स्वस्थ** | वि. | 1. रोग, विकार आदि से रहित, तन्दुरुस्त; | সুস্থ, নিৰোগ; | सुस्थ, निरोग; | healthy, hale; |
| | | 2. जिसमें किसी प्रकार की त्रुटि न हो; | নিৰ্দ্দোষ, ত্ৰুটীহীন; | निर्द्दोष, त्रुटीहीन; | free from defect, sound; |
| | | 3. सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य का रक्षक (उदा. स्वस्थ साहित्य); | সুস্থ, মাৰ্জ্জিত; | सुस्थ, मार्ज्जित; | conducive to social and mental health, refined, good; |
| | | 4. मोटा-ताजा, हट्टा-कट्टा, तगड़ा, हृष्ट-पुष्ट । | শকত আৱত, হৃষ্ট-পুষ্ট | शकत आवत, हृष्ट-पुष्ट | robust. |
| **स्वस्थता** | स्त्री. | स्वस्थ होने की अवस्था या भाव, तन्दुरुस्ती । | স্বাস্থ্য, সুস্থ অৱস্থা | स्वास्थ्य, सुस्थ अवस्था | health, healthiness. |
| **स्वांग** | पुं. | 1. कृत्रिम रूप से दूसरे का धारण किया हुआ वेश, रूप भरने की क्रिया या भाव, नकल; | ছদ্মবেশ, ভেশচন; | छद्मवेश, भेशचन; | impersonation, mimicry; |
| | | 2. जनसाधारण में प्रचलित एक प्रकार का संगीत रूपक जो किसी लोककथा पर आधारित होता है; | সংগীত- নাট্য, লোকনাট্য; | संगीत-नाट्य, लोकनाट्य; | opera; |
| | | 3. तमाशा, ढोंग, बहाना, कपट, दिखावा । | বহুৱালিঘ বহুৱাৰ ভাও, ফুচুৰি | बहुवालि, बहुवार भाओ, फुचुरि | sham, farce. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वांत:सुखाय | क्रि. वि. | केवल अपना अंत:करण या मन प्रसन्न करने के लिए, अपनी ही तृप्ति या संतोष के लिए । | আত্মসন্তুষ্টিৰ কাৰণে | आत्मसन्तुष्टिर कारणे | for one's own happiness or satisfaction. |
| स्वाक्षर | पुं. | (किसी का) अपने हाथ से लिखा हुआ कोई छोटा लेख या हस्ताक्षर जिसे लोग अपने पास स्मृति के रूप में रखते हैं । | স্বাক্ষৰ, চহী | स्वाक्षर, चही | autograph. |
| स्वागत | पुं. | 1. किसी मान्य या प्रिय व्यक्ति के आने पर आगे बढ़कर आदरपूर्वक उसका अभिनन्दन करना, अभ्यर्थना; | স্বাগত, অভ্যৰ্থনা, আদৰণি; | स्वागत, अभ्यर्थना, आदरणि; | reception, welcome, greeting; |
| | | 2. किसी के कथन, विचार आदि को अच्छा या अनुकूल समझकर ग्रहण या मान्य करने की क्रिया या भाव । | অভ্যৰ্থনা গ্ৰহণ | अभ्यर्थना ग्रहण | acceptance, welcome (of suggestions etc.). |
| स्वागत-कक्ष | पुं. | ऐसा कमरा जहां पर मुलाकात के लिए जानेवाले लोगों को बैठाया जाए या उनका स्वागत किया जाए । | অভ্যৰ্থনা কক্ষ সাক্ষাৎ গৃহ | अभ्यर्थना कक्ष, साक्षात् गृह | reception room. |
| स्वागत-समिति | स्त्री. | वह समिति जो किसी बड़े सम्मेलन आदि में आनेवालों के स्वागत-सत्कार के लिए बनाई जाती है । | অভ্যৰ্থনা সমিতি | अभ्यर्थना समिति | reception committee. |
| स्वागताध्यक्ष | पुं. | स्वागत-समिति का अध्यक्ष । | অভ্যৰ্থনা সমিতিৰ সভাপতি | अभ्यर्थना समितिर सभापति | chairman of reception committee. |
| स्वागती | पुं. | वह व्यक्ति जिस पर आगत सज्जनों के स्वागत-सत्कार का भार हो । | অভ্যৰ্থক | अभ्यर्थक | receptionist. |
| स्वातंत्र्य | पुं. | देखें 'स्वतंत्रता' । | স্বাতন্ত্ৰ্য, স্বতন্ত্ৰতা, স্বাধীনতা | स्वातन्त्र्य, स्वतन्त्रता, स्वाधीनता | see 'स्वतंत्रता'. |
| स्वातंत्र्य-संग्राम | पुं. | वह संग्राम या युद्ध जो अपने | স্বাধীনতাৰ সংগ্ৰাম | स्वाधीनतार संग्राम | freedom fight, war |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | देश को विदेशी शासन से मुक्त करके स्वतंत्र बनाने के लिए किया गया हो या किया जाना हो । | | | of independence. |
| **स्वाति** | स्त्री. | आकाशस्थ पंद्रहवां नक्षत्र, जो फलित ज्योतिष के अनुसार शुभ माना जाता है । | স্বাতি নক্ষত্ৰ | स्वाति नक्षत्र | the star Arcturus, considered as forming the fifteenth lunar asterism. |
| **स्वाद** | पु. | 1. कोई चीज खाने या पीने पर जबान या रसनेन्द्रिय को होनेवाली अनुभूति, जायका; | সোৱাদ, আস্বাদ, জুতি; | सोवाद, आस्वाद, जुति; | taste, flavour, relish, savour; |
| | | 2. किसी काम, चीज या बात से प्राप्त होनेवाला आनन्द, रसानुभूति, मजा, सुख; | সুখ মজা; | सुख मजा; | enjoyment, pleasure; |
| | | 3. आदत, अभ्यास । | অভ্যাস, স্বভাৱ | अभ्यास, स्वभाव | habit. |
| **स्वादिष्ट** | वि. | जिसका जायका या स्वाद बहुत अच्छा हो, जो खाने या पीने में बहुत अच्छा जान पड़े । | জুতিলগা, সোৱাদ লগা, সুস্বাদু | जुतिलगा, सोवाद लगा सुस्वादु | tasteful, delicious, dainty, relishing. |
| **स्वादु** | वि. | देखें 'स्वादिष्ट' । | সুস্বাদু, জুতিলগা | सुस्वादु, जुतिलगा | see 'स्वादिष्ट'. |
| **स्वाधीन** | वि. | 1. जो अपने अधीन हो; | স্বাধীন; | स्वाधीन; | being in one's own power or control, being at one's own disposal; |
| | | 2. जो प्रत्येक दृष्टि से आत्म-निर्भर हो, जो किसी के अधीन या पराधीन न हो; | স্বাৱলম্বী, আত্মনির্ভৰশীল; | स्वावलम्बी, आत्मनिर्भरशील; | dependent on oneself, self-dependent, independent, free; |
| | | 3. अपनी इच्छा के अनुसार काम करने में स्वतंत्र, निरंकुश । | স্বতন্ত্ৰ, স্বাধীন, স্বেচ্ছাচাৰী | स्वतन्त्र, स्वाधीन, स्वेच्छाचारी | unrestrained, uncontrolled, despotic. |
| **स्वाधीनता** | स्त्री. | 1. स्वाधीन होने की अवस्था, धर्म या भाव, पराधीनता का विपर्याय; | স্বাধীনতা, স্বতন্ত্ৰতা; | स्वाधीनता, स्वतन्त्रता; | self-dependence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. ऐसी स्थिति जिसमें व्यक्तियों, राष्ट्रों आदि को बाहरी नियंत्रण, दबाव आदि के प्रभाव से मुक्त होकर अपनी इच्छा से सब काम करने का अधिकार प्राप्त होता है, और वे किसी बात के लिए दूसरों के मुखापेक्षी नहीं होते, सब प्रकार से आत्मनिर्भर होने की अवस्था या भाव । | স্বাধীনতা, স্বতন্ত্ৰতা, সাৰ্ব্বভৌমত্ব | स्वाधीनता, स्वतनत्रता, सार्व्वभौमत्व | independence, liberty, freedom. |
| स्वाध्याय | पुं. | 1. वेदों की निरंतर और नियमपूर्वक आवृत्ति या अभ्यास करना, वेदाध्ययन, धर्मग्रन्थों का नियमपूर्वक अनुशीलन करना; | স্বাধ্যায়, দৈনন্দিন নিয়মীয়া শাস্ত্ৰ- অধ্যায়ন; | स्वाध्यायं, दैनन्दिन नियमीया शास्त्र- अध्ययन; | study of the Vedas, sacred study, perusal of sacred books; |
| | | 2. किसी गंभीर विषय का अच्छी तरह किया जाने- वाला अध्ययन और अनुशीलन । | গভীৰ অধ্যায়ন বা অনুশীলন | गभीर अध्ययन बा अनुशीलन | study (in general). |
| स्वाध्यायी | वि. | स्वाध्याय करनेवाला । | অত্যয়নশীল | अध्ययनशील | one who studies, studious. |
| | पुं. | वेदाध्ययन करनेवाला । | বেদাধ্যায়ী, বেদ পঢ়োঁতা | बेदाध्यायी, बेद पढ़ोंता | student of the Vedas. |
| स्वाप | पुं. | 1. नींद, निद्रा; 2. स्वप्न । | টোপনি, নিদ্ৰা; স্বপ্ন, সপোন | टोपनि, निद्रा; स्वप्न, सपोन | sleep, sleeping; dreaming, dream. |
| स्वापक | वि. | नींद लानेवाला, निद्राकारक । | নিদ্ৰাকাৰক, টোপনি নিওৱা | निद्राकारक, टोपनि निओवा | soporiferous, soporific, narcotic. |
| स्वाभाविक | वि. | 1. प्राकृतिक, कुदरती; | প্ৰাকৃতিক, নৈসৰ্গিক; | प्राकृतिक, नैसर्गिक; | natural, as in nature; |
| | | 2. जो या जैसा प्रकृति के या स्वभाव के अनुसार साधारणत: हुआ करता हो; | স্বাভাৱিক; | स्वाभाविक; | consistent with one's disposition or nature; |
| | | 3. जन्मजात, सहज, नैसर्गिक । | সহজ, জন্মগত, স্বাভাৱিক | सहज, जन्मगत, स्वाभाविक | innate, inborn, inherent. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वाभिमान** | पुं. | अपनी जाति, राष्ट्र, धर्म, प्रतिष्ठा आदि का सद्अभिमान, आत्मगौरव, आत्मसम्मान । | স্বাভিমান, আত্মাভিমান | स्वाभिमान, आत्माभिमान | self–respect. |
| **स्वामित्व** | पुं. | 1. वह अवस्था जिसमें कोई किसी वस्तु का स्वामी या मालिक होता है, मालिक होने की अवस्था या भाव, मालिकी; | স্বামিত্ব, মালিকী স্বত্ব, অধিকাৰ; | स्वामित्व, मालिकी स्वत्व, अधिकार; | ownership, proprietorship; |
| | | 2. प्रभुता, प्रभुत्व, आधिपत्य । | প্ৰভুত্ব, আধিপত্য | प्रभुत्व, आधिपत्य | mastership, mastery. |
| **स्वामिनी** | स्त्री. | 1. वह स्त्री जिसे किसी वस्तु पर पूरे और सब प्रकार के अधिकार प्राप्त हों, मालिकिन; | গৰাকিনী; | गराकिनी; | female proprietor. proprietoress; |
| | | 2. स्वामी या प्रभु की पत्नी । | গৰাকিয়নী গৃহস্থিনী | गराकियनी, गृहस्थिनी | wife of the master, mistress. |
| **स्वामिभक्त** | वि. | स्वामी में भक्ति रखनेवाला, वफादार (नौकर) । | প্ৰভুভক্ত | प्रभुभक्त | loyal, faithful. |
| **स्वामिभक्ति** | स्त्री. | स्वामी के प्रति भक्तिभाव, वफादारी । | প্ৰভুভক্তি | प्रभुभक्ति | loyalty, faithfulness. |
| **स्वामी** | पुं. | 1. वह व्यक्ति जिसे किसी वस्तु पर पूरे और सब प्रकार के अधिकार प्राप्त हों मालिक; | গৰাকী, মালিক; | गराकी, मालिक· | proprietor, owner, master; |
| | | 2. पति, शौहर; | পতি, পৈ, স্বামী; | पति, पै, स्वामी; | husband; |
| | | 3. राजा, अधिपति, प्रभु; | অধিপতি, ৰজা; | अधिपति, रजा; | king, monarch, sovereign; |
| | | 4. साधु, सन्यासी आदि के लिए प्रयुक्त एक शब्द । | স্বামী | स्वामी | a title used with the names of saints and ascetics. |
| **स्वायत्त** | वि. | 1. जिस पर अपना अधिकार हो; | স্বায়ত্ত, নিজৰ অধীন; | स्वायत्त, निजर अधीन; | within one's control or subjection; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. जिसे स्थानीय स्वशासन का अधिकार या शक्ति प्राप्त हो, जो दूसरे के शासन या नियंत्रण में नहीं हो । | স্বায়ত্ত শাসিত | स्वायत्त शासित | autonomous. |
| स्वायत्त-शासन | पुं. | 1. राजनीति या शासन की दृष्टि से स्थानिक क्षेत्रों में अपने सब काम आप करने की स्वतंत्रता, स्वायत्तता; | স্বায়ত্ত শাসন; | स्वायत्त शासन; | autonomy· |
| | | 2. लोकतंत्र-शासन-प्रणाली में शहरों, कस्बों, गांवों आदि के लोक प्रतिनिधियों द्वारा की जानेवाली अपने यहां की शासन-व्यवस्था तथा तत्संबंधी शासन-प्रणाली, स्वशासन । | স্বায়ত্ত শাসন | स्वायत्त शासन | autonomous government, self–government. |
| स्वार्थ | पुं. | 1. अपना मतलब, गरज, प्रयोजन या हित साधने की उग्र भावना; | স্বাৰ্থ, আত্মপৰতা; | स्वार्थ, आत्मपरता; | selfishness; |
| | | 2. ऐसी बात जिसमें स्वयं अपना लाभ या हित हो; | নিজৰ হিত চিন্তা, স্বাৰ্থ; | निजर हित चिन्ता, स्वार्थ; | one's own advantage or interest, self–interest; |
| | | 3. विधिक क्षेत्र में किसी वस्तु या संपत्ति के साथ होने-वाला किसी व्यक्ति का वह संबंध जिसके अनुसार उस संपत्ति पर अथवा उससे होनेवाले लाभ आदि पर स्वामित्व या इसी प्रकार और कोई अधिकार प्राप्त रहता है । | অধিকাৰ, স্বাৰ্থ | अधिकार, स्वार्थ | interest. |
| स्वार्थपरता | स्त्री. | केवल अपना स्वार्थ या मतलब साधने की अवस्था या भाव, खुदगरजी, स्वार्थीपन । | স্বাৰ্থপৰতা, আত্মপৰতা | स्वार्थपरता, आत्मपरता | selfishness. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **स्वार्थपरायण** | वि. | 1. जो अपने स्वार्थों की सिद्धि में रत रहता हो, केवल अपना ही स्वार्थ या मतलब देखनेवाला, स्वार्थपरक, खुदगरज; | স্বাৰ্থপৰ, আপোনপেটীয়; | स्वार्थपर, आपोनपेटीय; | selfish, self–seeking; |
| | | 2. अन्य कामों या बातों की अपेक्षा अपने स्वार्थ को अधिक महत्व देने-वाला । | স্বাৰ্থপৰ, আপোনপেটীয়া | स्वार्थपर, आपोनपेटीया | intent on one's own advantage, self–interested. |
| **स्वार्थ-परायणता** | स्त्री. | स्वार्थपरायण होने की अवस्था, गुण या भाव, स्वार्थपरता, खुदगरजी । | স্বাৰ্থপৰায়ণতা, স্বাৰ্থপৰতা | स्वार्थपरायणता, स्वार्थपरता | selfishness, self–centredness, self–interestedness. |
| **स्वार्थसाधक** | वि. | अपना मतलब साधनेवाला, अपना काम निकालनेवाला, स्वार्थी, खुदगरज । | স্বাৰ্থপৰ | स्वार्थपर | self–seeking, self–seeker. |
| **स्वार्थसाधन** | पुं. | अपना प्रयोजन सिद्ध करना, अपना काम या मतलब निकालना । | স্বাৰ্থপূৰণ, স্বাৰ্থসিদ্ধি | स्वार्थपूरण, स्वार्थसिद्धि | self–seeking, accomplishing, self–interest. |
| **स्वार्थसिद्धि** | स्त्री. | प्रयोजन की पूर्ति, काम निकालना । | স্বাৰ্থপূৰণ, স্বাৰ্থসিদ্ধি | स्वार्थपूरण, स्वार्थसिद्धि | accomplishment of self–interest. |
| **स्वार्थांध** | वि. | जो अपने स्वार्थ के फेर में पड़कर अंधा हो रहा हो और भले-बुरे का ध्यान न रखता हो । | স্বাৰ্থান্ধ | स्वार्थान्ध | blinded by selfishness. |
| **स्वार्थी** | वि. | मात्र अपने स्वार्थ की सिद्धि चाहनेवाला, खुदगरज, मतलबी । | স্বাৰ্থপৰ | स्वार्थपर | selfish, self–seeking. |
| **स्वावलंबन** | पुं. | अपनी सामर्थ्य से आत्मनिर्भर होने की अवस्था, गुण या भाव, अपना ही भरोसा करना, दूसरे की सहायता न लेना, आत्मनिर्भरता । | স্বাৱলম্বন, আত্মনিৰ্ভৰ-শীলতা | स्वावलम्बन, आत्मनिर्भर-शीलता | self–sufficiency, self–reliance, self–dependence. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वावलंबी | वि. | अपने ही बल पर काम करने-वाला, दूसरे का भरोसा न करने या दूसरे की सहायता न लेनेवाला, आत्मनिर्भर । | স্বাৱলম্বী, আত্মনির্ভৰশীল | स्वावलम्बी, आत्मनिर्भरशील | self-sufficient, self-relying, self-reliant, self-dependent. |
| स्वास्थ्य | पुं. | 1. स्वस्थ अर्थात् निरोग होने की अवस्था, गुण या भाव, निरोगता, आरोग्य, तन्दुरुस्ती; | স্বাস্থ্য, সুস্থ অৱস্থা; | स्वास्थ्य, सुस्थ अवस्था; | health; |
| | | 2. चित्त का शांत होना, निरुद्विग्नता । | মানসিক শান্তি, সুস্থতা | मानसिक शान्ति, सुस्थता | mental peace, calmness, tranquility, unperturbedness. |
| स्वास्थ्यकर | वि. | जिससे स्वास्थ्य अच्छा रहे, स्वास्थ्यप्रद, आरोग्यवर्धक । | স্বাস্থ্য কৰ | स्वास्थ्य कर | congenial to health, whole-some, healthy, sanitary. |
| स्वास्थ्यप्रद | वि. | देखें 'स्वास्थ्यकर' । | স্বাস্থ্য কৰ, স্বাস্থ্যপ্ৰদ | स्वास्थ्य कर, स्वास्थ्यप्रद | see 'स्वास्थ्यकर', |
| स्वास्थ्यरक्षा | स्त्री. | 1. ऐसा स्वच्छतापूर्ण आचरण और व्यवहार जिससे स्वास्थ्य अच्छा बना रहे, बिगड़ने न पाए; | স্বাস্থ্য ৰক্ষা; | स्वास्थ्य रक्षा; | sanitation; |
| | | 2. स्वास्थ्य की रक्षा, तन्दुरुस्ती बनाए रखना । | স্বাস্থ্য ৰক্ষা, স্বাস্থ্য ভালে ৰখা | स्वास्थ्य रक्षा, स्वास्थ्य भाले रखा | security of health, maintenance of one's health. |
| स्वास्थ्यलाभ | पुं. | रुग्णता आदि के बाद स्वास्थ्य का पुनः प्राप्त होना या करना । | আৰোগ্য লাভ, স্বাস্থ্য লাভ | आरोग्य लाभ, स्वास्थ्य लाभ | convalescence. |
| स्वास्थ्य-विज्ञान | पुं. | वह विज्ञान या शास्त्र जिसमें शरीर को निरोग और स्वस्थ बनाए रखने के नियमों और सिद्धान्तों का विवेचन हो । | স্বাস্থ্য বিজ্ঞান, স্বাস্থ্য সমাচাৰ | स्वास्थ्य विज्ञान, स्वास्थ्य समाचार | hygiene. |
| स्वास्थ्यहानि | स्त्री. | स्वास्थ्य का नाश, तन्दुरुस्ती का बिगड़ जाना । | স্বাস্থ্যনাশ, স্বাস্থ্যহানি | स्वास्थ्यनाश, स्वास्थ्यहानि | loss of health. |
| स्वाहा | अव्य. | देवताओं को हवि देते समय मंत्रों के अंत में उच्चारण किया जानेवाला एक शब्द । | 'স্বাহা', যজ্ঞৰ ঘৃতাহুতিৰ শেষত মতা একাষাৰ মন্ত্ৰ বিশেষ | 'स्वाहा' जज्ञर घृताहुतिर शेषत मता एकाषार मन्त्र बिशेष | a word uttered while offering oblations to the gods. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | वि. | 1. जो जलाकर नष्ट कर दिया गया हो या जलकर नष्ट हो गया हो; | জলি যোৱা, ভস্মীভূত হোৱা; | जलि जोवा, भष्मीभूत होवा; | burnt; |
| | | 2. पूर्णत: नष्ट । | সম্পূৰ্ণৰূপে নষ্ট হোৱা | सम्पूर्णरूपे नष्ट होवा | completely destroyed or ruined. |
| स्वाहा होना | अ. क्रि. | 1. जलकर राख हो जाना; | ভস্মীভূত হ; | भष्मीभूत ह; | to be burnt to ashes; |
| | | 2. नष्ट हो जाना । | নষ্ট হ | नष्ट ह | to be destroyed or ruined. |
| स्वीकरण | पुं. | 1. स्वीकार या अंगीकार करना, अपनाना; | অংগীকাৰ, স্বীকাৰ; | अंगीकार, स्वीकार; | adoption, accepting, acceptance, taking; |
| | | 2. कबूल करना, मानना । | স্বীকাৰ কৰণ, অংগীকাৰ কৰণ | स्वीकार करण, अंगीकार करण | assenting, agreeing, an assent. |
| स्वीकरणीय | वि. | स्वीकृत किए या माने जाने के योग्य । | গ্ৰহণীয়, স্বীকাৰ কৰাৰ যোগ্য | ग्रहणीय स्वीकार करार जोग्य | acceptable, admissible. |
| स्वीकर्ता | पुं. | स्वीकार करनेवाला, मंजूर करनेवाला । | স্বীকাৰ কৰোঁতা | स्वीकार करोंता | one who accepts, admits or agrees, acceptor. |
| स्वीकार | पुं. | 1. अपना बनाने या अपनाने की क्रिया या भाव, अंगीकार; | স্বীকাৰ, অংগীকাৰ; | स्वीकार, अंगीकार; | making one's own, adoption; |
| | | 2. ग्रहण करना, लेना; | গ্ৰহণ; | ग्रहण; | taking, accepting; |
| | | 3. कोई बात मान लेना, कबूल या मंजूर करना; | স্বীকাৰ, সৈ কঢ়া কাৰ্য; | स्वीकार, सै कढ़ा कार्ज्य; | assent, consent, confessing; |
| | | 4. किसी बात की प्रतिज्ञा करना या वचन देना । | প্ৰতিজ্ঞা কৰা বা কথা দিয়া কাৰ্য | प्रतिज्ञा करा बा कथा दिया कार्ज्य | promising, promise. |
| स्वीकार करना | स. क्रि. | 1. अपना बनाना, अंगीकार करना; | স্বীকাৰ কৰ; | स्वीकार कर; | to make one's own, to adopt; |
| | | 2. ग्रहण करना, लेना; | গ্ৰহণ কৰ; | ग्रहण कर; | to take, to accept; |
| | | 3. मान लेना, कबूल करना; | কথা দি, সৈ কাঢ়; | कथा दि, सै काढ़; | to assent, to consent, to confess; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 4. प्रतिज्ञा या वचन देना; | প্ৰতিষ্ঠা কৰ; | प्रतिष्ठा कर; | to promise; |
| | | 5. मंजूर करना, मंजूरी देना, स्वीकृति देना । | মঞ্জুৰ কৰ, স্বীকৃতি দি | मन्जुर कर, स्वीकृति दि | to sanction, to grant. |
| स्वीकारना | स. क्रि. | 1. स्वीकार करना, मानना; | মানি ল, স্বীকাৰ কৰ; | मानि ल, स्वीकार कर; | to assent, to consent, to agree, to acknowledge; |
| | | 2. ग्रहण करना, लेना; | ল, গ্ৰহণ কৰ; | ल, ग्रहण कर; | to take, to accept; |
| | | 3. अपनाना । | নিজৰ কৰি ল, তুলি ল | निजर करि ल, तुलि ल | to adopt, to make one's own. |
| स्वीकारात्मक | वि. | (कथन) जिससे कोई बात स्वीकृत की गई या मानी गई हो अथवा उसकी पुष्टि की गई हो । | স্বীকৃত, সৈ কঢ়া, মানি লোৱা | स्वीकृत, सै कढ़ा, मानि लोवा | affirmative. |
| स्वीकारोक्ति | स्त्री. | वह कथन या बयान जिसमें अपना अपराध स्वीकृत किया जाए, अपने मुंह से कहकर यह मान लेना कि हमने अमुक अनुचित या बुरा काम किया है । | সৈ, স্বীকাৰ, স্বীকাৰোক্তি | सै, स्वीकार, स्वीकारोक्ति | confession. |
| स्वीकार्य | वि. | जो स्वीकृत किया या माना जा सके, माने जाने के योग्य । | স্বীকাৰ্য্য | स्वीकार्य्य | acceptable, admissible. |
| स्वीकार्यता | स्त्री. | स्वीकार्य होने की अवस्था या भाव, ग्राह्यता । | স্বীকৃতি, গ্ৰাহ্যতা | स्वीकृति, ग्राह्यता | acceptability, admissibility. |
| स्वीकृत | वि. | 1. जिसे स्वीकार कर लिया गया हो, जिसके संबंध में स्वीकृति दी जा चुकी हो; | স্বীকৃত, মঞ্জুৰ কৰা; | स्वीकृत, मन्जुर करा; | sanctioned, granted; |
| | | 2. ग्रहण किया या माना हुआ, मंजूर । | মঞ্জুৰ কৰা, গৃহীত | मन्जुर करा, गृहीत | accepted, assented, admitted. |
| स्वीकृति | स्त्री. | 1. स्वीकार करने की क्रिया या भाव, सहमति; | স্বীকৃতি, সন্মতি; | स्वीकृति, सन्मति; | consent, assent; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. प्रस्ताव, शर्तें आदि मान लेने या उपहार, देन आदि ग्रहण करने की क्रिया या भाव; | গ্ৰহণ; | ग्रहण; | acceptance; |
| | | 3. बड़ों, अधिकारियों आदि के द्वारा छोटों की प्रार्थना आदि मान लेने की क्रिया या भाव, मंजूरी । | মঞ্জুৰি, মঞ্জুৰ | मन्जुरि, मन्जुर | sanction. |
| स्वकीय | वि. | स्वकीय, अपना । | স্বকীয়, নিজৰ | स्वकीय, निजर | own, one's own, belonging to one's self, personal. |
| | पुं. | स्वजन, आत्मीय, संबंधी, नाते-रिश्तेदार । | স্বজন, আত্মীয় পৰিজন | स्वजन, आत्मीय परिजन | kinsman, relative, kith and kin, kinsfolk. |
| स्वेच्छा | स्त्री. | अपनी इच्छा, अपनी मर्जी । | স্বেচ্ছা, নিজ ইচ্ছা | स्वेच्छा, निज इच्छा | one's own wish or will, free will. |
| स्वेच्छाचार | पुं. | भले-बुरे का ध्यान रखे बिना मनमाना आचरण करना, यथेच्छाचार । | স্বেচ্ছাচাৰ, নিজ ইচ্ছামতে কৰা আচৰণ | स्वेच्छाचार, निज इच्छामते करा आचरण | acting as one likes, arbitrariness, acting without restraint. |
| स्वेच्छाचारिता | स्त्री. | स्वेच्छाचार का भाव या धर्म, मनमानापन, निरंकुशता । | স্বেচ্ছাচাৰিতা | स्वेच्छाचारिता | arbitrariness, acting without restraint, autocracy. |
| स्वेच्छाचारी | वि. | स्वेच्छाचार अर्थात् मनमाना काम करनेवाला, निरंकुश, अबाध्य । | স্বেচ্ছাচাৰী | स्वेच्छाचारी | arbitrary, autocratic. |
| स्वेद | पुं. | पसीना । | ঘাম | घाम | sweat, perspira-tion. |
| स्वेदज | वि. | पसीने से उत्पन्न होनेवाला । | স্বেদজ, ঘামৰ পৰা হোৱা | स्वेदज, घामर परा होवा | sweat-produced, sweat-born. |
| स्वैच्छिक | वि. | जो किसी की अपनी या निजी इच्छा के अनुसार हो, स्वेच्छा से किया जानेवाला । | স্ব ইচ্ছাই হোৱা | स्व इच्छाइ होवा | voluntary. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| स्वैरिणी | स्त्री. | व्यभिचारिणी स्त्री, पुंश्चली, कुलटा । | ব্যভিচাৰিণী, অসতী তিৰোতা | ब्यभिचारिणी, असती तिरोता | loose or unchaste woman, wanton woman, licentious woman, adulteress. |
| हंकवाना | स. क्रि. | 1. हांकने का काम किसी दूसरे से कराना, इक्के, बैलगाड़ी, आदि में जुते हुए जानवरों को किसी और से चलवाना; | খেদ, চলা; | खेद, चला; | to cause to be driven; |
| | | 2. चौपायों को किसी के द्वारा हटवाना, भगवाना; | খেদা; | खेदा; | to cause to be driven out or away, to cause to be chased; |
| | | 3. किसी से (पंखा) चलवाना । | চলোৱা | चलोवा | to cause some one to oscilate (a fan) |
| हंकाना | स. क्रि. | देखें 'हंकवाना' । | 'হংকবানা' চোঁৱা | 'हंकवाना' चोंवा | see 'हंकवाना'. |
| हंगामा | पुं. | 1. अव्यवस्था, शोरगुल, हुल्लड़; | হুলস্থূল, হাই উৰুমি, কোৰ্হাল; | हुलस्थूल हाइ उरुमि कोर्हाल; | noise, tumult, commotion, confusion, uproar; |
| | | 2. उपद्रव, उत्पात । | উপদ্ৰৱ, উত্পাত | उपद्रव, उत्पात | riot, disturbance. |
| हंडा | पुं. | 1. पानी इत्यादि रखने या भरने का पीतल या तांबे का एक प्रकार का बड़ा बरतन; | পানী থোৱা ডাঙৰ পাত্ৰ; | पानी थोवा डाङर पात्र; | a huge pot of brass or copper (for storing water etc.); |
| | | 2. मिट्टी का बहुत बड़ा पात्र । | মাটিৰ ডাঙৰ পাত্ৰ | माटिर डाङर पात्र | a large earthen vessel. |
| हंडिया (हांडी) | स्त्री. | चावल आदि पकाने या कोई चीज रखने के लिए बटलोई जैसी आकृतिवाला मिट्टी का बरतन । | হাড়ী, চৰু | हाड़ी, चरु | a small earthen boiler or pot. |
| हंस | पुं. | 1. बतख की तरह का एक जलपक्षी जो दूध और पानी को अलग करनेवाला तथा सरस्वती का वाहन माना गया है; | হাঁহ, হংস; | हाँह, हंस; | a swan, goose; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. आत्मा, जीवात्मा; | আত্মা, জীবাত্মা; | आत्मा, जीवात्मा; | the individual, soul; |
| | | 3. प्राण, जीवनी शक्ति । | প্ৰাণবায়ু, জীৱনী শক্তি | प्राणबायु, जीवनी शक्ति | one of the vital airs, life. |
| हँसना | अ. क्रि. | 1. आनन्द, तृप्ति आदि प्रकट करने की एक क्रिया जिसमें चेहरा खिल उठता है, आंखें कुछ फैल जाती हैं, मुंह खुल जाता है, गले में से ध्वनियां निकलने लगती हैं; | হাঁহ, হাঁহি মাৰ; | हाँह, हाँहि मार; | to laugh, to smile; |
| | | 2. प्रसन्न होना; | আনন্দ কৰ, স্ফূৰ্তি কৰ; | आनन्द कर, स्फूर्त्ति कर; | to be merry; |
| | | 3. मजाक करना, परिहास करना । | হাঁহি তামচা কৰ | हाँहि तामचा कर | to jest, to joke, to fun. |
| | स. क्रि. | हंसी उड़ाना, उपहास करना । | হাঁহ, উপহাস কৰ, ঠাট্টামস্কৰা কৰ | हाँह, उपहास कर, ठाट्टामस्करा कर | to jeer, ridicule, deride, to laugh at. |
| हंसमुख | वि. | 1. जिसका मुंह सदा हंसता हुआ-सा रहता हो, प्रसन्न, प्रफुल्लवदन; | হাঁহি মুখীয়া, প্ৰফুল্ল বদন; | हाँहि मुखीया, प्रफुल्ल बदन; | of a smiling countenance, gay, cheerful; |
| | | 2. दिल्लगीबाज, विनोदी । | ধেমেলীয়া, স্ফূৰ্তিবাজ | धेमेलीया, स्फुर्त्तिबाज | facetious, jocular, funny. |
| हंसली | स्त्री. | 1. गले के नीचे और छाती के ऊपर की धनुषाकार हड्डी; | বুকুৰ ওপৰৰ বাহুলৈ যোৱা হাড়; | बुकुर ओपरर बाहुलै जोवा हाड़; | collar bone; |
| | | 2. स्त्रियों का गले में पहनने का एक गहना जो प्राय: उक्त हड्डी के समानांतर रहता है । | গলপতা | गलपता | an ornament worn around the neck. |
| हंसाई | स्त्री. | 1. हंसने की क्रिया या भाव हंसी; | হাঁহি; | हाँहि; | laughter; |
| | | 2. उपहास । | উপহাস, ঠাট্টা | उपहास, ठाट्टा | ridicule. |
| हंसाना | स. क्रि. | किसी को हंसने में प्रवृत्त करना, ऐसी बात करना या कहना जिससे दूसरा हंसे, प्रसन्न होवे । | হহুঁৱা, হাঁহি তোল | हँहुवा, हाँहि तोल | to cause to laugh, to make one laugh, to amuse. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हंसिया | स्त्री. | लोहे का एक अर्ध-चंद्राकार औजार जिससे फसल, तरकारी आदि काटते हैं | কাঁচি, মৈদা | काँचि, मैदा | reaping hook, sickle. |
| हंसी | स्त्री. | 1. हंसने की क्रिया, ध्वनि या भाव; | হাঁহি-ধেমালি, ৰং-তামচা; | हाँहि-धेमालि, रं-तामचा; | laughter, laugh; |
| | | 2. मजाक, परिहास; | উপহাস; | उपहास; | fun, joke; |
| | | 3. उपहास । | উপলুঙা, ঠাট্টা | उपलुङा, ठाट्टा | ridicule, derision, mockery. |
| हंसी | स्त्री. | मादा हंस । | হাঁহিনী, পাতিহাঁহ | हाँहिनी, पातिहाँह | a female swan, goose. |
| हंसोड़ | वि. | 1. जो खूब तथा ठहाका लगाकर हंसता हो; | ঢেকঢেকাই হঁহা; | ढेकढेकाइ हँहा; | laughing loudly; |
| | | 2. जो दूसरों को खूब हंसाता हो, विनोदी, दिल्लगी-बाज । | ফুচুৰি, ধেমেলীয়া | फुचुरि, धेमेलीया | facetious, humourous, jocular, jolly. |
| | पुं. | विदूषक । | বিদূষক, ৰসিক লোক | बिदुषक, रसिक लोक | jester. |
| हक | पुं. | 1. लेने, अपने पास रखने, काम में लाने आदि का अधिकार, स्वत्व; | হক, স্বত্ব, অধিকাৰ; | हक, स्वत्व, अधिकार; | claim, entitlement; |
| | | 2. कोई काम करने-कराने का अधिकार; | অধিকাৰ; | अधिकार; | right; |
| | | 3. न्याय, प्रथा आदि के अनुसार प्राप्त अधिकार, नेग, दस्तूरी आदि; | ন্যায্য দাবী; | न्याज्य दाबी; | due; |
| | | 4. किसी का कोई ऐसा पक्ष जिसके साथ उसके लाभ और हानि भी संबद्ध हों, हित । | স্বাৰ্থ, হক | स्वार्थ, हक | interest. |
| हकदार | वि | हकवाला, स्वत्व या अधिकार रखनेवाला । | অধিকাৰ থকা লোক, স্বত্বাধিকাৰী লোক | अधिकार थका लोक, स्वत्वाधिकारी लोक | having a claim or right or title, rightful, entitled. |
| हकला | वि. | रुक-रुककर बोलनेवाला, एक ही अक्षर या शब्द कई बार कहनेवाला, हकलाने | খোনা, বকৰা | खोना, बकरा | stuttering, stammering. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | हकलानेवाला व्यक्ति । | খোনা মানুহ | खोना मानुह | stammerer. |
| हकलाना | अ. क्रि. | वाग्तंत्र, विशेषत: जीभ के दोष के कारण बोलने के समय बीच-बीच में अटकना, रुक-रुककर बोलना । | খোনা, খোনাই খোনাই কথা ক | खोना, खोनाइ खोनाइ कथ क | to stammer, to stutter. |
| हकीकत | स्त्री. | वास्तविक स्थिति, असल और सच्ची बात, तथ्य, वास्तविकता । | সত্য, যথাৰ্থ, বাস্তবিকতা | सत्य, जथार्थ, बास्तविकता | truth, reality, fact. |
| हकीम | पुं. | 1. यूनानी चिकित्सा पद्धति से चिकित्सा करनेवाला, वैद्य; | হেকিম, মুচলমানী বৈদ্য; | हेकिम, मुचलमानी बैद्य; | physician or medical practitioner trained in the Unani system of medicine; |
| | | 2. अनेक विषयों, विशेषत: दर्शनशास्त्र का अच्छा ज्ञाता और पंडित । | ডাঙৰ পণ্ডিত, দৰ্শন শাস্ত্ৰৰ পণ্ডিত | डाङर पण्डित, दर्शन शास्त्रर पण्डित | a philosopher, a learned man. |
| हकीमी | स्त्री. | 1. हकीम का काम, व्यवसाय या पद; | হেকিমৰ পদবী বা বৃত্তি; | हेकिमर पदबी बा वृत्ति; | medical practice through the Unani system; |
| | | 2. यूनानी चिकित्साशास्त्र । | য়ুনানী চিকিৎসা শাস্ত্ৰ | यनानी चिकित्सा शास्त्र | the Unani system of medicine. |
| | वि. | हकीम का, हकीम संबंधी । | হেকিম সম্বন্ধীয় | हेकिम सम्बन्धीय | of or pertaining to a physician (trained in the Unani system). |
| हक्का-बक्का | वि. | 1. अप्रत्याशित घटना आदि देख-सुन कर घबड़ाया हुआ, किंकर्त्तव्य-विमूढ़; | কিংকৰ্তব্য বিমূঢ়, আশ্চৰ্যান্বিত; | किंकर्त्तव्य बिमूढ़, आश्चर्यान्वित; | struck, confounded, confused; |
| | | 2. स्तंभित, आश्चर्य-चकित । | তবধ লগা, স্তব্ধ হোৱা, মাত হৰা | तबध लगा, स्तब्ध होवा, मात हरा | struck dumb, stunned, amazed, stupefied. |
| हगना | अ. क्रि. | शौच करना, पाखाना फिरना, मलत्याग करना । | হাগ, শৌচ কৰ, পায়খানা কৰ | होग, शौच कर, पायखाना कर | to go to stool, to evacuate, to discharge faeces |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | स. क्रि. | 1. गुदामार्ग से कोई चीज प्रसव करना; 2. दबाव, डर आदि के कारण विवश होकर दे देना । | শৌচৰ দুৱাৰেৰে কোনো বস্তু বা স্থিৰ কৰি দি; ভয়তে হগা-মুতা কৰ | शौचर दुवारेरे कोनो बस्तु बा स्थिर करि दि; भयते हगा-मुता कर | to deliver through the anus; to yield under fear. |
| हज | पुं. | मक्का की तीर्थयात्रा । | হজ, মক্কালৈ কৰা তীৰ্থযাত্ৰা | हज, मक्कालै करा तीर्थजात्रा | pilgrimage to Mecca. |
| हजम (हज़्म) | वि. | 1. (खाद्य पदार्थ) जो खा लिए जाने पर आमाशय में पच गया हो, पचा हुआ; | হজম হোৱা, জীৰ্ণ হোৱা, জীৰ্ণ যোৱা; | हजम होवा, जीर्ण होवा, जीर्ण जोवा; | digested; |
| | | 2. जो अनुचित रूप में लेकर या दबाकर रख लिया गया हो, हड़पा हुआ । | আত্মসাৎ কৰা | आत्मसात् करा | usurped. |
| हजरत | पुं. | 1. महात्मा या महापुरुष के लिए प्रयुक्त उपाधि; | মহাপুৰুষক দিয়া উপাধি বিশেষ; | महापुरुषक दिया उपाधि बिशेष; | a title applied to an eminent or great man; |
| | | 2. आदरसूचक संबोधन, जनाब, महोदय । | সন্মানসূচক সম্বোধন পদ | सन्मानसूचक सम्बोधन पद | vocative term of honour, sir. |
| | वि. | दुष्ट, धूर्त, खोटा । | দুষ্ট, ধূৰ্ত্ত, চতুৰ | दुष्ट, धूर्त्त, चतुर | mischievous, cunning. |
| हजामत | स्त्री. | 1. सिर या दाढ़ी के बाल बनाने, काटने या मूंडने का काम, क्षौर; | ক্ষৌৰকৰ্ম্ম, দাড়ি-চুলি খুৰোৱা বা কটা কাম; | क्षौरकर्म्म, दाड़ि-चुलि खुरोवा बा कटा काम; | shaving, hair-cutting; |
| | | 2. सिर या दाढ़ी के बढ़े हुए बाल जिन्हें कटाना या मुंडाना हो; | খুৰাব বা লগীয়া দাড়ি-চুলি; | खुराब बा लगीया दाड़ि-चुलि; | beard and moustache and hair of the head, shave; |
| | | 3. दुर्दशा होना, लूटा या ठगा जाना । | প্ৰবঞ্চিত হোৱা ঠগন খোৱা, লুটা | प्रबन्चित होवा, ठगन खोवा, लुटा | to be fleeced, cheated or robbed (fig.). |
| हज़ार | वि. | 1. दस सौ; 2. अनेक, अनगिनत, बहुत अधिक । | হাজাৰ, হেজাৰ; অসংখ্য, বহুত বেছি | हाजार, हेजार; असंख्य, बहुत बेछि | one thousand; many, numerous, innumerable; |
| | क्रि. वि. | कितना ही, हरचंद । | যিমানেই কি নহওক, হাজাৰ হওক | जिजमानेइ कि नहओक, हाजार हओक | however much. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पु. | एक हजार की सूचक संख्या या अंक । | 1000 সংখ্যা | 1000 संख्या | number one thousand. |
| हटना | अ. क्रि. | 1. किसी स्थान से चल, खिसक या सरककर दूसरी जगह जाना; | দূৰ হ, আঁতৰ, দূৰলৈ যা; | दूर ह, आँतर दूरलै जा; | to move away, to go away; |
| | | 2. किसी काम या बात से दूर होना, बचना या विमुख होना, मुंह मोड़ना, जी चुराना, वायदे पर कायम न रहना, विचलित होना; | পিচ হোঁহক, বিমুখ হ, মূৰ পোলোকা দি | पिच होंहक, बिमुख ह, मूर पोलोका दि | to abstain from, to be averse, to disregard, to withdraw, to recede, to shirk; |
| | | 3. किसी काम या बात का आगे के लिए टल जाना, स्थगित होना; | স্থগিত হ; | स्थगित ह; | to be put off, to be postponed; |
| | | 4. न रह जाना, दूर होना, समाप्त होना; | শেষ হ, দূৰ হ, অন্ত পৰ; | शेष ह, दूर ह, अन्त पर; | to be removed, to be ended or to be terminated; |
| | | 5. छोड़ना, त्याग करना; | ত্যাগ কৰ, এৰ; | त्याग कर, एर; | to give up; |
| | | 6. किसी स्थान से अवकाश ग्रहण करना । | অৱসৰ ল, ছুটী ল | अवसर ल, छुटी ल | to retire (from a service or post), to take leave of. |
| हटवाना | स. क्रि. | हटाने का काम दूसरे से करवाना । | দূৰ কৰা, হটোৱা, এৰুৱা, ছুটী লোৱা, স্থগিত কৰা, ইত্যাদি | दूर करा हटोवा, एरुवा, छुटी लोवा, स्थगित करा, इत्यादि | to cause to remove, to terminate etc. |
| हटाना | स. क्रि. | 1. किसी वस्तु या व्यक्ति को उसके स्थान से हटने में प्रवृत्त करना, एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना या रखना, स्थानांतरित करना, खिसकाना; | দূৰ কৰা, আতৰ কৰা; | दूर करा, आतर करा; | to take away, to remove, to move out, to set aside; |
| | | 2. दूर करना, भगाना, खदेड़ना; | দূৰ কৰ, খেদা; | दूर कर, खेदा; | to cause to recede, to drive back or off, to repel, to chase; |
| | | 3. काम या पद से अलग करना; | কাম বা পদৰ পৰা খেদ; | काम बा पदर परा खेद; | to dismiss, to discharge; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | 4. समाप्त करना, दबा देना, मिटाना; | শেষ কৰ, হেঁচ, অন্ত পেলা; | शेष कर, हेंच, अन्त पेला; | to put down, to make an end of, to terminate, to destroy, to remove; |
| | | 5. ध्यान न देना, उपेक्षा करना । | অৱজ্ঞা কৰ, উপেক্ষা কৰ | अवज्ञा कर, उपेक्षा कर | to disregard, to ignore. |
| हट्टा-कट्टा | वि. | हृष्ट-पुष्ट, मोटा-ताजा, बलवान । | হৃষ্ট-পুষ্ট, শকত-আৱত, জোৰী | हृष्ट-पुष्ट, शकत-आवत, जोरी | stout and active, strong and sturdy, well built, robust. |
| हठ | पु. | 1. जिद, टेक, दुराग्रह; | জেদ, গোঁৱৰামি; | जेद, गोंवरामि; | stubbornness, obstinacy; |
| | | 2. दृढ़ प्रतिज्ञा या संकल्प । | দৃঢ় প্ৰতিজ্ঞা, দৃঢ়তা, সংকল্প | दृढ़ प्रतिज्ञा, दृढ़ता, संकल्प | firm pledge, determination, resolve. |
| हठधर्मी | स्त्री. | 1. सत्य-असत्य, उचित-अनुचित का विवेक किए बिना अपनी बात पर जमे रहना, दूसरे की बात जरा भी न मानना, दुराग्रह; | গোঁৱৰামি, জেদ, আঁকোৰ-গোঁজালি; | गोंवरामि, जेद, आँकोर-गोंजालि; | obstinacy, stubbornness; |
| | | 2. धार्मिक कट्टरपन, जो विचारों की संकीर्णता का सूचक हो । | ধৰ্ম্মসম্পৰ্কীয় গোড়ামি | धर्म्मसम्पर्कीय गोड़ामि | bigotry. |
| हठात् | वि., क्रि.वि. | 1. दुराग्रही, जिद्दी; | আঁকোৰগোঁজ, জেদী, গোঁৱাৰ; | आँकोरगोंज, जेदी, गोंवार; | obstinate, perverse, stubborn; |
| | | 2. बलपूर्वक, जबरदस्ती; | বলপূৰ্ব্বক, জোৰেৰে; | बलपूर्व्बक, जोरेरे; | forcibly, perforce; |
| | | 3. निश्चित रूप से, अवश्य; | অৱশ্য, নিশ্চয় | अवश्य निश्चय; | definitely; |
| | | 4. अचानक, सहसा । | অকস্মাত্, হঠাত্ | अकस्मात्, हठात् | suddenly, all of a sudden. |
| हठी | वि. | हठ करनेवाला, जिद्दी । | জেদী, গোঁৱাৰ | जेदी, गोंवार | obstinate, stubborn. |
| हठीला | वि. | 1. हठी, जिद्दी स्वभाववाला; | গোঁৱাৰ; | गोंवार; | of obstinate disposition; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. विरोध, विवाद आदि के समय अपनी प्रतिज्ञा या स्थान पर दृढ़तापूर्वक जमा रहनेवाल, दृढ़-संकल्प, दृढ़प्रतिज्ञ । | দৃঢ় প্ৰতিজ্ঞ, সংকল্পবদ্ধ | दृढ़ प्रतिज्ञ, संकल्पबद्ध | of firm pledge, determined, resolved. |
| हड़ (हर्र) | स्त्री. | 1. एक बड़ा पेड़ जिसके पत्ते महुए के पत्तों की तरह चौड़े होते हैं, हरीतकी; | শিলিখা (গছ); | शिलिखा (गछ); | myrobalan (tree); |
| | | 2. उक्त पेड़ का फल । | শিলিখা (ফল); | शिलिखा (फल) | myrobalan (fruit). |
| हड़कंप | पुं. | भारी हलचल, तहलका, आतंक । | তোলপাৰ, হুলস্থূল, ভীষণ দুৰ্যোগ | तोलपार, हुलस्थूल, भीषण दुर्योग | turmoil, panic, terror. |
| हड़कना | अ. क्रि. | किसी प्रकार के अभाव से दुःखी होना, तरसना । | উত্কট অভিলাষ কৰ, উত্ৰাৱল হ | उत्कट अभिलाष कर, उत्रावल ह | to feel a great desire, to have longing (for), to long, to crave, to yearn. |
| हड़काया | वि. | 1. जिसे हड़का या उत्तेजित कर किसी के पीछे उस पर आक्रमण करने के लिए लगाया गया हो; | উত্তেজিত কৰি আক্ৰমণ কৰোৱা, বেছিকৈ উচটোৱা; | उत्तेजित करि आक्रमण करोवा, बेछिकै उचटोवा; | turned violent or rabid; |
| | | 2. उतावला या विकल किया हुआ, तरसाया हुआ; | উত্ৰাৱল, উদ্বিগ্ন; | उत्रावल, उद्विग्न; | rendered impatient, tantalized; |
| | | 3. पागल, बावला । | পগলা, বলিয়া | पगला, बलिया | mad, rabid. |
| हड़ताल | स्त्री. | दुःख, विरोध या असंतोष व्यक्त करने के लिए कल-कारखानों, कार्यालयों आदि के कर्मचारियों या जनसाधारण का सब कारोबार, दुकानें आदि बन्द कर देना । | হৰতাল, ধৰ্ম্মঘট, সামূহিক বন্ধ | हरताल, धर्म्मघट, सामूहिक बन्ध | strike. |
| हड़ताली | वि. | हड़ताल संबंधी, हड़ताल का । | হৰতাল সম্বন্ধীয় | हरताल सम्बन्धीय | pertaining to strike. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | पुं. | वह व्यक्ति या वे लोग जो हड़ताल कर रहे हों। | ধৰ্ম্মঘটকাৰী, হৰতাল কৰোঁতা | धर्म्मघटकारी, हरताल करोंता | a striker. |
| हड़पना | स. क्रि. | 1. किसी की कोई वस्तु अनुचित रूप से लेकर दबा बैठना या कभी न देना; | আত্মসাৎ কৰ; | आत्मसात् कर; | to usurp, to purloin; |
| | | 2. निगलना; | গিল; | गिल; | to swallow, to gulp; |
| | | 3. जल्दी (और प्राय: अधिक) खाना। | খৰকৈ খা, তপাতপ গিল | खरकै खा, तपातप गिल | to eat hastily. |
| हड़बड़ाना | अ. क्रि. | 1. जल्दी मचाते हुए आतुर होना; | খৰখেদা কৰ, হুৰমুৰ কৰ; | खरखेदा कर, हुरमुर कर; | to be in a hurry, to act hastily, to be impetuous; |
| | | 2. घबरा जाना, घबड़ाहट में कोई काम करना। | হতভম্ব হ, কিংকৰ্ত্তব্য বিমূঢ় হ | हतभम्ब ह, किंकर्त्तव्य बिमूढ़ ह | to be perplexed, to be confused, to be agitated, to be non–plussed, to be in a hurry. |
| | स. क्रि. | जल्दी मचाते हुए कोई काम करने के लिए किसी से कहना या किसी को विवश करना। | খৰধৰ কৰা, হতভম্ব কৰ, বিবশ কৰ | खरधर करा, हतभम्ब कर, बिबश कर | to flurry, to confuse, to perplex. |
| हड़बड़िया | वि. | हड़बड़ी करनेवाला, जल्दी मचानेवाला, उतावला। | উদ্বিগ্ন, উত্ৰাৱল | उद्विग्न, उत्रावल | hasty, precipitate, impetuous, agitated. |
| हड़बड़ी | स्त्री. | 1. जल्दबाजी, उतावली; | খৰখেদা, উখল-মাখল, উদ্বিগ্নতা; | खरखेदा, उखल-माखल, उद्विग्नता; | haste, hastiness, rashness, impetuosity; |
| | | 2. घबराहट। | হতভম্ব অৱস্থা, কিংকৰ্ত্তব্য বিমূঢ়তা | हतभम्ब अवस्था, किंकर्त्तव्य बिमूढ़ता | confusion. |
| हड्डी | स्त्री. | रीढ़ वाले जीव-जंतुओं के शरीर के ढांचे का वह प्रमुख अंग या तत्व जो बहुत कड़ा और सफेद होता है, प्राय: नली के रूप का होता है और जोड़ों के बीच में रहता है, अस्थि। | অস্থি, হাড় | अस्थि, हाड़ | bone. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हत | वि. | 1. जो मार डाला गया हो, वध किया हुआ; | হত, নিহত; | हत, निहत; | killed, slain; |
| | | 2. आहत, घायल; | আহত, ঘাইল; | आहत, घाइल; | hurt, struck, injured; |
| | | 3. रहित, विहीन (समास में); | ৰহিত, –বিহীন; | रहित, –विहीन; | deprived or bereft of (in Com.); |
| | | 4. नष्ट । | নষ্ট হোৱা, ধ্বংস হোৱা | नष्ट होवा, ध्वंस होवा | ruined, extingui-shed, destroyed. |
| हतप्रभ | वि. | 1. जिसकी प्रभा अर्थात् कांति नष्ट हो गई हो; | হতপ্ৰভ, কান্তি-হীন, ম্লান; | हतप्रभ, कान्ति-हीन, म्लान; | dimmed in lustre; |
| | | 2. किंकर्त्तव्य-विमूढ़, निरुत्तर । | কিংকৰ্তব্য বিমূঢ় হতভম্ব | किंकर्त्तव्य विमूढ़, हतभम्ब | out of wits, non-plussed. |
| हतभागा | वि. | अभागा, भाग्यहीन, हतभागी । | হতভগা, অভাগা, দুৰ্ভগীয়া | हतभगा, अभागा, दुर्भगीया | unfortunate, luckless, unlucky, ill-fated. |
| हतभाग्य | वि. | दे. 'हतभागा' । | হতভগা, দুৰ্ভগীয়া | हतभगा, दुर्भगीया | same as 'हतभागा'. |
| हताहत | वि. | हत और आहत, मारे हुए और घायल । | হতাহত, নিহত আৰু আহত | हताहत, निहत आरु आहत | casualties, killed and wounded. |
| हतोत्साह | वि. | जिसका उत्साह भंग हो गया हो । | নিৰুত্সাহ, নিস্তেজ, নিৰাশ, হতাশ | निरुत्साह, निस्तेज, निराश, हताश | demoralised, disheartened. |
| हत्था | पु. | 1. हस्तचालित मशीनों या उपकरणों का वह भाग जिसे हाथ से पकड़कर घुमाने या चलाने से वे चलते हैं, अथवा काम में लाये जाते हैं, दस्ता; | মুঠি, নাল, ডাব; | मुठि, नाल, डाब; | a handle; |
| | | 2. कुन्दा, मूठ । | হাতৰ মুঠি; | हातर मुठि; | butt; |
| | | 3. हाथ का वह छापा जो पूजन आदि के अवसरों पर हल्दी अथवा लेपने से कपड़े या दीवारों पर लगाया जाता है; | হাতৰ আঙুলিৰ ছাপ; | हातर आङुलिर छाप; | imprint or impression by hand; |
| | | 4. कुर्सी की बांह; | চকীৰ বাহু; | चकीर बाहु; | arm (of a chair); |
| | | 5. केले के फलों का बड़ा गुच्छा, घोद । | আথি | आथि | a large bunch of fruits of plantain). |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हत्थे** | क्रि. वि. | 1. हाथ में; | হাতত, হাতেতে; | हातत, हातते; | in hand; |
| | | 2. हाथ से, द्वारा । | হাতেৰে | हातेरे | by hand. |
| **हत्या** | स्त्री. | 1. किसी को जान से मार डालने की क्रिया या काम, वध, खून; | বধ, হত্যা, মাৰণ; | बध, हत्या, मारण; | killing, slaying, slaughter, murder, assassination; |
| | | 2. हत्या करने का पाप । | হত্যা কৰাৰ পাপ | हत्या करार पाप | a sin consequent upon a murder, killing etc. |
| **हत्यारा** | पुं. | हत्या करनेवाला व्यक्ति, खूनी । | হত্যাকাৰী, বধী | हत्याकारी, बधी | murderer, assassin. |
| **हत्यारिन** | स्त्री. | हत्या करनेवाली स्त्री । | হত্যাকাৰিণী, বধিনী | हत्याकारिनी, बधिनी | murderess. |
| **हथकंडा** | पुं. | 1. कोई उद्देश्य सिद्ध करने के लिए अपनाई गई ऐसी युक्ति या कौशल जो चालाकी तथा धूर्तता से युक्त हो, चालबाजी, हाथ की सफाई; | ছলনা, চাতুৰি, হাতৰ কৌশল; | छलना, चातुरि, हातर कौशल; | manual skill, hand–skill, handi craft, sleight of hand; |
| | | 2. हाथ से किए जानेवाले कामों में दिखाई पड़नेवाला कौशल और सफाई, हाथ की सफाई, हस्तलाघव । | হাতৰ কৌশল, চালাকি | हातर कौशल, चालाकि | trick, tactics, ruse. |
| **हथकड़ी** | स्त्री. | लोहे का विशेष ढंग का बना कड़ा जो कैदी या अपराधी को विवश करने के लिए उसके हाथ में पहनाते हैं । | হাত কেৰেয়া | हात केरेया | handcuffs, manacle. |
| **हथकल** | स्त्री. | 1. हाथ से चलाई जानेवाली छोटी कल या यंत्र; | হাত-কল; | हात-कल; | hand–operated machine; |
| | | 2. लोहारों आदि का एक प्रकार का पेचकस, रिंच, पाना । | এবিধ পেচকচ | एबिध पेचकच | spanner, wrench. |
| **हथगोला** | पुं. | शत्रुओं पर हाथ से फेंका जानेवाला कोई विस्फोटक गोला । | হাতবোমা | हातबोमा | hand–grenade. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हथिनी | स्त्री. | मादा हाथी । | মাইকী হাতী | माइकी हाती | female elephant. |
| हथियाना | स. क्रि. | 1. अपने प्रभुत्व या अधिकार में कर लेना; | হাত কৰ, হাত কৰি ল, হাতলৈ আন; | हात कर, हात करि ल, हातलै आन; | to occupy, to have in one's possession, to grab; |
| | | 2. दूसरे की वस्तु पर कौशल से या जबरदस्ती कब्जा कर लेना; | আত্মসাৎ কৰ, বলেৰে ল; | आत्मसात् कर, बलेरे ल; | to usurp, to seize, to acquire by force; |
| | | 3. हाथ में लेना, हाथ से पकड़ना । | কাঢ়িল | काढ़िल | to take in hand. |
| हथियार | पु. | 1. अस्त्र-शस्त्र; | অস্ত্র-শস্ত্র; | अस्त्र-शस्त्र; | weapon, arms; |
| | | 2. कोई ऐसा उपकरण जिसकी सहायता से हाथ से कोई चीज बनाई जाए, औजार । | হাথিয়াৰ, সৰঞ্জাম, যন্ত্রপাতি | हाथियार, सरन्जाम, जन्त्रपाति | tool, implement, instrument. |
| हथियारबंद | वि. | अस्त्र-शस्त्र से सज्जित, सशस्त्र । | অস্ত্রেৰে সুসজ্জিত | अस्त्रेरे सुसज्जित | armed, equipped with arms. |
| हथेली | स्त्री. | हाथ की कलाई के आगे का ऊपरी चिकना और चौड़ा भाग, करतल । | হাতৰ তলুৱা, কৰতল | हातर तलुवा, करतल | palm of the hand. |
| हथौड़ा | पु. | धातु, पत्थर, ईंट आदि ठोंकने-पीटने का लोहे का एक औजार । | বৰ হাতুৰী | बर हातुरी | (large) hammer. |
| हथौड़ी | स्त्री. | छोटा हथौड़ा । | সৰু হাতুৰী | सरु हातुरी | (small) hammer. |
| हद | स्त्री. | 1. किनारा, अंतिम पार्श्व; | কাষ, কাণ; | काष, काण; | limit, extent; |
| | | 2. सीमा; | সীমা, হদ; | सीमा, हद; | boundary; |
| | | 3. अंत, चरम सीमा; | শেষ সীমা, সীমান্ত; | शेष सीमा, सीमान्त; | extreme, extremity; |
| | | 4. औचित्य की सीमा, मर्यादा । | মৰ্য্যাদা, ঔচিত্যৰ সীমা | मर्ज्यादा, औचित्यर सीमा | limit of propriety. |
| हनन | पु. | 1. मार डालना, वध करना; | মাৰণ, হনন, বধ হত্যা; | मारण, हनन, बध, हत्या; | killing, slaying, murder, slaughter assassination; |
| | | 2. आघात या प्रहार करना, पीटना, ठोंकना; | পিটন, আঘাত কৰা বা কোবোৱা; | पिटन, आघात करा बा कोबोवा; | striking, beating; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. (भावनाओं आदि का) दमन करना । | দমন | दमन | suppression (of emotions). |
| हफ्ता | पुं. | सप्ताह । | সপ্তাহ | सप्ताह | week. |
| हम | सर्व. | मैं का बहुवचन रूप, उत्तम पुरुष का सूचक सर्वनाम । | আমি | आमि | plural form of the first person pronoun मैं (I), we. |
| हमजोली | पुं. | साथी, सखा । | লগৰী, সংগী, সখি | लगरी संगी, सखि | associate, companion, friend. |
| | वि. | समान उम्र का । | সমনীয়া, সমবয়সীয়া | समनीया, समवयसीया | of the same age-group. |
| हमदर्द | पुं. | किसी के दु:ख में शरीक होने या सहानुभूति रखनेवाला व्यक्ति । | সহানুভূতিশীল, সমবেদনাশীল | सहानुभूतिशील, समवेदनाशील | sympathizer. |
| | वि. | दूसरे के दु:ख से द्रवित होनेवाला, कोमलहृदय । | দৰদী, কোমল অন্তৰৰ | दरदी, कोमल अन्तरर | sympathetic, tender-hearted. |
| हमराही | पुं. | रास्ते का साथी, साथ चलनेवाला पथिक या यात्री, सहयात्री । | সহযাত্ৰী, একে পথৰ পথিক | सहजात्री, एके पथर पथिक | fellow-traveller, co-traveller. |
| हमला | पुं. | 1. आक्रमण, धावा, चढ़ाई; 2. प्रहार, वार, चोट; 3. किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुंचाने के लिए किया जानेवाला कार्य या कही जानेवाली बात । | আক্ৰমণ; প্ৰহাৰ, আঘাত, কোব; দোষাৰোপ | आक्रमण; प्रहार, आघात, कोब; दोषारोप | attack, invasion; assault, blow, stroke; accusation, charge. |
| हमलावर | पुं. | हमला करनेवाला, आक्रमणकारी । | আক্ৰমণকাৰী | आक्रमणकारी | assailant, invader, aggressor. |
| हम्माम | पुं. | स्नान करने का कमरा, स्नानागार । | গা ধোৱা ঘৰ, স্নানাগাৰ | गा धोवा घर, स्नानागार | bath room. |
| हमारा | सर्व. | "हम" का संबंध कारक रूप । | আমাৰ | आमार | possessive form of हम, of us, our, ours. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हमें | सर्व. | "हम" का कर्म और संप्रदान कारक का रूप, हमको । | মোক, মৌলৈ | मोक, मौले | the objective and dative form of the first person plural pronoun हम, to us. |
| हमेशा | क्रि. वि. | सदा, सर्वदा, सदैव । | সদায়, নিতৌ, সৰ্ব্বদা | सदाय, नितौ, सर्व्वदा | always, ever, continually, perpetually, incessantly. |
| हया | स्त्री. | स्वाभाविक शील के कारण उत्पन्न होनेवाली लज्जा या शर्म, संकोच । | লজ্জা, লাজ, নম্রতা, সঙ্কোচ | लज्जा, लाज, नम्रता, संकोच | shame, sense of shame, modesty. |
| हर | वि. | 1. प्रत्येक; | প্ৰত্যেক; | प्रत्येक; | every, each; |
| | | 2. हरण करनेवाला, छीनने-वाला (समास में); | হৰণকাৰী; | हरणकारी; | taking away, depriving one of, seizing, grasping, (in comp.); |
| | | 3. दूर करने या हटानेवाला (समास में); | অপসৰণকাৰী; | अपसरणकारी; | removing (comp.); |
| | | 4. लानेवाला या ले जानेवाला (समास में); | বহনকাৰী; | बहनकारी; | bringing, conveying, carrying, taking (in comp.); |
| | | 5. नष्ट करनेवाला, वध करनेवाला (समास में) । | বধকাৰী, নষ্ট-কাৰী, ধ্বংসকাৰী | बधकारी, नष्ट-कारी, ध्वंसकारी | destroying, killing (in comp.). |
| | पु. | 1. महादेव, शिव; | মহাদেৱ, শিৱ, হৰ; | महादेव, शिव, हर; | the Lord Siva; |
| | | 2. भाजक (गणित); | ভগ্নাংশৰ মাত্ৰাৰ | भग्नांशर मात्रार | divisor (in Maths.); |
| | | 3. भिन्न में नीचे का अंक या संख्या (गणित) । | তলৰ বা সংখ্যা | तलर बा संख्या | denominator of a fraction (in Maths.). |
| हरएक | वि. | प्रत्येक । | প্ৰত্যেক | प्रत्येक | every (or each) one, each and every. |
| हरकत | स्त्री. | 1. हिलना-डोलना, गति, चाल; | গতি, চলন, লৰচৰ; | गति, चलन, लरचर; | motion, movement, action, activity; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. स्पंदन या कंपन जो सजीवता और क्रिया-शीलता का सूचक हो; | স্পন্দন, কম্পন, কঁপনি; | स्पन्दन, कम्पन, कँपनि; | vibration, pulsation, throbbing; |
| | | 3. अनुचित चेष्टा या व्यवहार, शरारत । | অসত্ আচৰণ, দুৰ্ব্যৱহাৰ | असत् आचरण, दुर्व्यवहार | improper or bad action, mis-demeanour, mischief. |
| हरकारा | पुं. | 1. चिट्ठी-पत्री या संदेश लाने-ले जानेवाला कर्मचारी, सन्देशहर, वार्ताहर; | বাৰ্তাবহ, ডাকোৱাল, কটকী; | बार्त्ताबह, डाकोवाल, कटकी; | courier; |
| | | 2. (डाकिये से भिन्न) वह व्यक्ति जो गांवों आदि में डाक की चिट्ठियां, पार्सल आदि एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाता है, डाक ढोनेवाला । | ডাক-পিয়ন | डाक-पियन | dak runner. |
| हरगिज | अव्य. | कभी, कदापि, किसी हालत में (केवल 'न' या 'नहीं' के साथ प्रयुक्त) । | কোনোপধ্যে, কেতিয়াও, কদাপি | कोनोपध्ये, केतियाओ, कदापि | ever, under any circumstances (used with negation words). |
| हरचन्द | अव्य. | 1. कितना ही, कितनी ही तरह से; | যিমান বেছি; | जिमान बेछि; | however much, how much soever; |
| | | 2. बहुत बार । | বহুত বাৰ, অনেক বাৰ | बहुत बार, अनेक बार | many times. |
| हरजाना (हर्जाना) | पुं. | नुकसान के बदले में दी जानेवाली रकम, क्षतिपूर्ति । | ক্ষতি পূৰণ | क्षति पूरण | damages, com-pensation, indemnity. |
| हरण | पुं. | 1. छीनना, लूटना; | হৰণ, লুটন, লুটি নিয়া কাৰ্য্য; | हरण, लुटन, लुटि निया काज्र्य; | taking away, seizing; |
| | | 2. अपहरण, उठा लेजाना, भगा ले जाना; | অপহৰণ; | अपहरण; | kidnapping, abduction; |
| | | 3. दूर करना, हटाना; | অপসাৰণ; | अपसारण; | removing; |
| | | 4. नष्ट करना; | নষ্ট কৰা কাৰ্য্য; | नष्ट करा काज्र्य; | destroying; |
| | | 5. वंचित करना । | বঞ্চিত কৰণ | वंचित करण | depriving of. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हरदम** | क्रि. वि. | हमेशा, सदैव । | সদায়, নিতৌ | सदाय, नितौ | ever, always. |
| **हरना** | स. क्रि. | 1. हरण करना, छीनना, लूटना; | হৰণ কৰ, লুট; | हरण कर, लुट; | to take away, to seize,to grasp; |
| | | 2. दूर करना, हटाना; | দূৰ কৰ, খেদ; | दूर कर, खेद; | to remove; |
| | | 3. नष्ट करना; | ধ্বংস কৰ; | ध्वंस कर; | to destroy; |
| | | 4. आकृष्ट करना; | আকৃষ্ট কৰ, আকর্ষণ কৰ; | आकृष्ट कर, आकर्षण कर; | to captivate, to charm, to attract; |
| | | 5. अपहरण करना, उठा ले जाना, भगा ले जाना । | অপহৰণ কৰ | अपहरण कर | to kidnap, to abduct. |
| **हरम** | पुं. | 1. रनिवास, अंतःपुर, जनानखाना; | হেৰেম, অন্তেষপুৰ, মহিলা মহল; | हेरेम, अन्तेषपुर, महिला महल; | a harem, women's apartment in a royal household, female apartment; |
| | | 2. जनानखाने में रहनेवाली स्त्रियां । | অন্তেষপুৰত মকা তিৰোতা | अन्तेषपुरत मका तिरोता | women of the thalamus. |
| **हरसिंगार** | पुं. | मंझोले कद का एक पेड़ तथा उसके फूल जो बहुत सुगंधित होते हैं, परजाता । | শেৱালি ফুল | शेवालि फुल | a particular plant and its flowers which are very sweet smelling. |
| **हरा** | वि. | 1. ताजी उगी हुई घास या पत्ती के रंग का, सब्ज, हरित; | সেউজীয়া, কলপতীয়া; | सेउजीया, कलपतीया; | green, verdant; |
| | | 2. हरियाली से भरा हुआ; | চিৰ সেউজীয়া, ঘাঁহনি, বননি; | चिर सेउजीया, घाँहनि, बननि; | verdurous, covered with green verdant, green; |
| | | 3. अधपका, कच्चा; | আধা পকা, কেঁচা; | आधा पका, केंचा; | half raw, unripe; |
| | | 4. तरोताजा; | তাজা, তাতৃকা; | ताजा तातृका; | fresh; |
| | | 5. प्रफुल्ल, प्रसन्न । | প্রফুল্ল, প্রসন্ন | प्रफुल्ल, प्रसन्न | gay, delighted. |
| | पुं. | हरा रंग । | সেউজীয়া ৰং | सेउजीया रं | green colour. |
| **हराना** | स. क्रि. | 1. परास्त करना, पछाड़ना; | হৰুৱা, পৰাস্ত কৰ; | हरुवा, परास्त कर; | to defeat, overcome, overthrow, conquer; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. दौड़ा-दौड़ा कर शिथिल और पस्त करना, थकाना। | ভাগৰ লগা, জুৰুলা কৰ | भागर लगा, जुरुला कर | to weary, live out. |
| हराभरा | वि. | 1. हरे पेड़-पौधों, घास आदि से भरा हुआ, हरियाली से पूर्ण; | সেউজীয়া ঘাঁহনি; | सेउजीया घाँहनि; | verdurous, covered with green, green, verdant; |
| | | 2. प्रसन्न, प्रफुल्ल; | প্ৰসন্ন, প্ৰফুল্ল; | प्रसन्न, प्रफुल्ल; | delighted, gay, happy; |
| | | 3. सम्पन्न; | সমৃদ্ধ, সুসম্পন্ন; | समृद्ध, सुसम्पन्न; | prosperous, flourishing; |
| | | 4. ताजा। | তাজা, কেঁচা, নতুন | ताजा, केंचा, नतुन | fresh. |
| हराम | वि. | 1. निषिद्ध, वर्जित, अविहित; | নিষিদ্ধ বৰ্জ্জিত, অবিহিত; | निषिद्ध, बर्जित, अबिहित; | forbidden, prohibited, unlawful; |
| | | 2. त्याज्य, अग्राह्य; | ত্যাজ্য, অগ্ৰাহ্য; | ताज्य, अग्राह्य; | abandonable, renounceable, unacceptable; |
| | | 3. बहुत ही कटु, कष्टदायक या अप्रिय; | কষ্টদায়ক, অপ্ৰিয়, কষ্টকৰ; | कष्टदायक, अप्रिय, कष्टकर; | troublesome, painful, distressing, unpleasant; |
| | | 4. अनुचित, बुरा। | অনুচিত, বেয়া | अनुचित, बेया | improper. |
| | पुं. | 1. पाप, अधर्म; | পাপ, অধৰ্ম্ম; | पाप, अधर्म्म; | sin, unrighteous-ness; |
| | | 2. धर्मशास्त्र द्वारा निषिद्ध बात या कर्म आदि; | শাস্ত্ৰত নিষিদ্ধ কথা বা কাৰ্য্য; | शास्त्रत निषिद्ध कथा बा कार्य्य; | forbidden, prohibited or unlawful act etc.; |
| | | 3. व्यभिचार। | ব্যাভিচাৰ | ब्याभिचार | adultery. |
| हरारत | स्त्री. | 1. गर्मी, ताप; | তাপ, গৰম; | ताप, गरम; | heat, warmth; |
| | | 2. हलका ज्वर; | জ্বৰ জ্বৰ ভাব; | ज्वर ज्वर भाव; | feverishness, temperature; |
| | | 3. जोश (ला.)। | উত্তেজনা | उत्तेजना | fervour, zeal. |
| हरिजन | पुं. | 1. अस्पृश्य या अछूत जाति का व्यक्ति; | হৰিজন, অস্পৃশ্য জাতিৰ লোক; | हरिजन, अस्पृश्य जतिर लोक; | an untouchable; |
| | | 2. भगवान् का भक्त या सेवक। | ঈশ্বৰৰ ভক্ত বা সেৱক | इश्वरर भक्त बा सेवक | a devotee of God. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हरिण | पुं. | मृग, हिरन । | পহু, হৰিণ, মৃগ | पहु, हरिण, मृग | a deer, antelope. |
| हरित | वि. | 1. हरे रंग का, हरा; | সেউজীয়া ৰঙৰ; | सेउजीया रङर; | of a green colour, green; |
| | | 2. ताजा; | তাজা, কেঁচা, নতুন; | ताजा, केंचा, नतुन; | fresh; |
| | | 3. हरियाली से युक्त, हरा-भरा । | শ্যামল ঘাঁহনি | श्यामल घाँहनि | verdurous, covered with green, verdant, grassy. |
| हरियाली | स्त्री. | 1. हरे-भरे पेड़-पौधों का विस्तृत फैलाव या समूह; | সেউজীয়া বননি বা পথাৰ; | सेउजीया बननि बा पथार; | green vegetation, verdure, greenery; |
| | | 2. हरा रंग; | সেউজীয়া ৰং; | सेउजीया रं; | greenness; |
| | | 3. आनन्द, प्रसन्नता । | আনন্দ, প্ৰসন্নতা | आनन्द, प्रसन्नता | delight, happiness. |
| हर्ज | पुं. | 1. हानि, क्षति; | হানি, ক্ষতি, লোকচান; | हानि, क्षति, लोकचान; | loss, harm, damage; |
| | | 2. काम में होनेवाली रुकावट, देरी । | কামত হোৱা বাধা বা বিলম্ব | कामत होवा बाधा बा बिलम्ब | interruption, obstacle, delay. |
| हर्ष | पुं. | 1. प्रसन्नता, आनन्द, खुशी; | হৰ্ষ, আনন্দ, প্ৰসন্নতা; | हर्ष आनन्द, प्रसन्नता; | joy, delight, pleasure, jubilation, gladness, rapture, glee; |
| | | 2. साहित्य में संयोग शृंगार के अन्तर्गत एक संचारी भाव जिसमें प्रसन्नता के कारण रोएं खड़े हो जाते हैं या चेहरे पर पसीना आ जाता है । | প্ৰসন্নতা | प्रसन्नता | joy, considered as a subordinate feeling (in lit.). |
| हर्षित | वि. | 1. प्रसन्न, आनंदित; | হৰ্ষিত, প্ৰসন্ন, আনন্দিত; | हर्षित, प्रसन्न, आनन्दित; | delighted, happy, cheerful; |
| | | 2. प्रसन्न किया हुआ । | প্ৰসন্ন কৰা | प्रसन्न करा | made happy, gladdened. |
| हल | पुं. | 1. खेत जोतने का एक प्रसिद्ध उपकरण, लांगल; | নাঙল, হাল; | नाङल, हाल; | a plough; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. हिसाब लगाने की क्रिया, गणित के प्रश्न का उत्तर निकालने की पूरी प्रक्रिया या विवरण; | অঙ্ক কৰা কাৰ্য্য, উত্তৰ উলিওৱাৰ প্ৰক্ৰিয়া; | अङक करा कार्य्य उत्तर उलिओवार प्रक्रिया; | solving, solution, process of solving a mathematical problem; |
| | | 3 किसी कठिन विषय या समस्या का निराकरण, समाधान; | সমস্যাৰ নিৰাকৰণ, বা সমাধান; | समस्यार निराकरण, बा समाधान; | solution (of a difficulty); |
| | | 4. सवाल का जवाब । | উত্তৰ, সমাধান | उत्तर, समाधान | answer, solution (of a question). |
| हलक | पुं. | गले की नली, कंठ, गला | গলা, গল, কন্ঠ | गला, गल, कन्ठ | throat, gullet, wind pipe. |
| हलका | वि. | 1. कम भारी, मात्रा में अपेक्षाकृत थोड़ा, कम; | পাতল, পাতলা; | पातल, पातला; | of less weight, light; |
| | | 2. मन्द, मामूली: | মন্দ, মৃদু, সামান্য; | मन्द, मृदु, सामान्य; | mild, soft, gentle, faint, dim; |
| | | 3. ओछा, तुच्छ; | তুচ্ছ, হীন; | तुच्छ, हीन; | trivial, petty, mean, shallow; |
| | | 4. सहज, सुगम; | সহজ, সৰল, সুগম; | सहज, सरल, सुगम; | easy; |
| | | 5. भारमुक्त, दायित्व से मुक्त; | ভাৰমুক্ত, দায়িত্বৰ পৰা মুক্ত; | भारमुक्त, दायित्वर परा मुक्त; | free from burden or responsibility; |
| | | 6. जो गरिष्ठ न हो, सुपाच्य; | লঘুপাকী, সহজে জীণ যোৱা; | लघुपाकी, सहजे जीण जोवा; | easy of digestion, digestible; |
| | | 7. कम मूल्य का, सस्ता; | সস্তীয়া, কম দামী; | सस्तीया, कम दामी; | cheap, of low price; |
| | | 8. ताजा, थकानरहित, प्रफुल्ल; | তাজা, প্ৰফুল্ল, অভাগৰুৱা; | ताजा, प्रफुल्ल, अभागरुवा; | fresh, free from tiredness, light; |
| | | 9. कम अच्छा, घटिया; | নিম্ন খাপৰ; | निम्न खापर; | inferior, lower (in quality); |
| | | 10. झीना, महीन । | পাতল, ক্ষীণ | पातल, क्षीण | thin. |
| हलका | पुं. | शासनिक आदि कार्यों के लिए निर्धारित विशिष्ट क्षेत्र या भूखंड । | চাৰ্কোল, অঞ্চল | चार्कोल, अन्चल | circle, area. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हलकापन | पुं. | हल्के होने की अवस्था, गुण या भाव । | পাতল, পাতলতা, মৃদুতা, সৰলতা আদি গুণ | पातल, पातलता, मृदुता, सरलता आदि गुण | lightness, mildness, shallowness, easiness, cheapness, freshness, inferiority, thinness etc. |
| हलचल | स्त्री. | 1. वह अवस्था या स्थिति जिसमें किसी स्थान पर लोगों का चलना-फिरना लगा रहता है, चहल-पहल, शोरगुल; | উখল-মাখল, হুলস্থূল; | उखल-माखल, हुलस्थूल; | commotion, hustle, tumult; |
| | | 2. उपद्रव, हड़कंप, अशांति; | অশান্তি, হুলস্থূল; | अशान्ति, हुलस्थूल; | agitation, movement; |
| | | 3. व्याकुलता, बेचैनी, उद्विग्नता । | ব্যাকুলতা, উদ্বিগ্নতা | व्याकुलता, उद्विग्नता | perturbation. |
| हलफ | पुं. | शपथ, सौगंध । | শপত, শপথ | शपत, शपथ | oath. |
| हलफनामा | पुं. | लिखा हुआ हलफी बयान, शपथ-पत्र । | শপথ-নামা, শপথপত্র | शपत-नामा, शपथपत्र | declaration on oath, an affidavit. |
| हलवा (हलुवा) | पुं. | आटे, बेसन, मैदे, सूजी, गाजर आदि को घी में भूनकर और उसमें चीनी, दूध आदि मिलाकर तैयार किया जानेवाला एक प्रसिद्ध व्यंजन । | হালোৱা (খাদ্য বিশেষ) | हालोवा (खाद्य बिशेष) | a typical Indian pudding made of flour, suji, milk, sugar and ghee, etc. |
| हलवाई | पुं. | मिठाई बनाने-बेचनेवाला दुकानदार । | মিঠাইৱালা, মিঠাই বেপাৰী | मिठाइवाला, मिठाइ बेपारी | confectioner, sweet-seller. |
| हलवाहा | पुं. | वह जो दूसरे के यहां हल जोतने का काम करता हो हलवाह । | হালুৱৈ, খেতিয়ক | हालुवै, खेतियक | ploughman, tiller. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| हलाल | पुं. | 1. ऐसा पशु जिसका मांस खाने की मुसलमानी धर्मपुस्तक में आज्ञा हो; | কোৰাণৰ মতে মাংস খাব পৰা জন্তু, | कोराणर मते मांस खाब परा जन्तु; | an animal whose flesh or meat is considered suitable for eating according to Mohammeden scriptures; |
| | | 2. मुसलमानी धर्म के अनुसार कलमा पढ़कर और धारदार शस्त्र से मारा गया पशु । | মুচলমানী নিয়ম মতে মৰা পশু | मुचलमानी नियम मते मरा पशु | an animal slaughtered in accordance with conventional prescription of Mohammedan religion. |
| | वि. | 1. जायज, विहित; | বিহিত, উচিত; | बिहित, उचित; | legitimate, lawful, having religious sanction; |
| | | 2. कठोर परिश्रम से कमाया हुआ । | কষ্টোপাৰ্জ্জিত | कष्टोपार्जित | hard earned. |
| हलाहल | पुं. | 1. एक प्रचंड विष जो समुद्र मंथन के समय निकला था; | হলাহল, বিহ, গৰল; | हलाहल, बिह, गरल; | a sort of deadly poison produced at the churning of the ocean; |
| | | 2. उग्र विष, कालकूट; | বৰ বিহ, মাৰাত্মক বিহ; | बर बिह, मारात्मक बिह; | a deadly poison; |
| | | 3. एक विषैला पौधा । | বৰ বিহৰ গছ | बर बिहर गछ | a kind of poisonous plant. |
| हल्दी (हलदी) | स्त्री. | एक प्रसिद्ध पौधे की जड़ जो कड़ी गांठ के रूप में होती है तथा मसाले और रंगाई के काम आती है; | হালধী; | हालधी; | turmeric, curcuma; |
| | | 2. उक्त जड़ का पौधा । | হালধী গছ | हालधी गछ | turmeric plant. |
| हल्ला | पुं. | 1. एक या अनेक व्यक्तियों का ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाना, कोलाहल, शोरगुल; | কোলাহল, হুলস্থূল; | कोलाहल, हुलस्थूल; | uproar, tumult; |
| | | 2. धावा, हमला । | আক্ৰমণ | आक्रमण | attack, assault. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हवन | पुं. | मंत्र पढ़कर किसी देवता के लिए अग्नि में आहुति देने की क्रिया, होम । | হোম, যজ্ঞত আহুতি দান | होम जज्ञत आहुति दान | offering an oblation with fire, a fire sacrifice. |
| हवलदार | पुं. | पुलिस या सेना का एक पदाधिकारी जिसके मातहत कुछ सिपाही होते हैं । | হাবিলদাৰ | हाबलिदार | Havildar. |
| हवस (हविस) | स्त्री. | वह इच्छा जिसकी संतुष्टि बार-बार की जाती हो पर फिर भी जो और अधिक संतुष्टि के लिए उत्कट रूप धारण किए रहती हो, चाह, लालसा, वासना, लोभ, लालच । | অপূৰণীয় লালসা, কামনা, বাসনা | अपूरणीय लालसा, कामना, बासना | longing, lust, concupiscence, inordinate appetite, passion. |
| हवा | स्त्री. | 1. प्राय: सर्वत्र चलता रहनेवाला वह तत्व जो सारी पृथ्वी में व्याप्त है और जिसमें प्राणी सांस लेते हैं, वायु, पवन; | বায়ু বতাহ; | बायु, बताह; | air, wind, breeze; |
| | | 2. सांस; | শ্বাস, উশাহ-নিশাহ; | श्वास, उशाह-निशाह; | breath, breathing; |
| | | 3. संबंधजन्य कुप्रभाव । | বতাহ, কু প্ৰভাৱ | बताह, कु प्रभाव | undesirable effect or impact, consequence of association. |
| हवाई | वि. | 1. हवा से संबंधित; | বায়বীয়, বায়ু সম্বন্ধীয়; | बायबीय, बायु सम्बन्धीय; | of or pertaining to air, airy; |
| | | 2. हवा में उड़ने, चलने, रहने या होनेवाला, वायव; | বায়বীয়; | बायरीय; | aerial; |
| | | 3. काल्पनिक, निर्मूल, निराधार । | কাল্পনিক, অলীক | काल्पनिक, अलीक | false, imaginary. |
| हवाई अड्डा | पुं. | वायुयानों के उतरने, रुकने या प्रस्थान करने का स्थान । | বিমান কোঠ | बिमान कोठ | aerodrome, airport. |
| हवाई जहाज | पु. | हवा में उड़नेवाली सवारी, वायुयान । | উৰা জাহাজ, বিমান | उरा जाहाज, बिमान | aeroplane, aircraft. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हवाई डाक | स्त्री. | वायुयान द्वारा एक स्थान से दूसरे स्थान में भेजी जाने-वाली डाक । | বিমান ডাক | बिमान डाक | air mail. |
| हवादार | वि. | (कमरा, मकान, स्थान) जहां खूब या ताजी हवा बराबर चलती या आती-जाती रहती हो । | বায়ু চলাচল কৰা | बायू चलाचल करा | airy, open, well ventilated. |
| हवापानी | पुं. | जलवायु, आबहवा, वाता-वरणिक स्थिति । | জলবায়ু, হাৱাপানী | जलबायु, हावापानी | climate. |
| हवाबाज | पुं. | हवाई जहाज चलानेवाला, वायुयान चालक । | বিমান চালক, পাইলট | बिमान चालक, पाइलट | pilot, airman. |
| हवाला | पुं. | 1. किसी बात की पुष्टि के लिए किसी के वचन या किसी घटना का किया जानेवाला उल्लेख या संकेत, निर्देश; | প্ৰসংগ, প্ৰসংগৰ উল্লেখ; | प्रसंग, प्रसंगर उल्लेख; | reference, allusion; |
| | | 2. किसी के कथन या लेख का वह अंश जो प्रमाण स्वरूप उद्धृत किया जाए उद्धरण । | উদ্ধৃতি, উদ্ধৃত কথা | उद्धृति, उद्धृत कथा | citation, quotation. |
| हवालात | स्त्री. | जेल या थाने आदि की वह कोठरी या भवन जिसमें विचाराधीन कैदी रखे जाते हैं । | হাজোত, থানা বা জেলৰ হাজোত | हाजोत, थाना बा जेलर हाजोत | custody–room, custody, lock–up. |
| हवि | पुं. | 1. हवन की वस्तु या सामग्री, चढ़ावा; | যজ্ঞৰ আহুতিৰ দ্ৰব্য, হোমৰ বস্তু; | जज्ञर आहुतिर द्रव्य होमर बस्तु; | an oblation to gods, offering in general, things offered as oblation into fire; |
| | | 2. बलि, कुर्बानी । | বলি | बलि | sacrifice. |
| हवेली | स्त्री. | रहने का ऊंचा, बड़ा और पक्का मकान, महल । | প্ৰাসাদ, অট্টালিকা, দালান | प्रासाद, अट्टालिका, दालान | mansion, a palatial house of brick or stone. |
| हस्त | पुं. | 1. हाथ; | হাত, হস্ত; | हात, हस्त; | the hand; |
| | | 2. एक हाथ (करीब 20 इंच) की नाप; | হাত পৰিমাণৰ জোখ; | हात परिमाणर जोख; | cubit; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. एक नक्षत्र जिसमें पांच तारे होते हैं; | হস্তা নক্ষত্র; | हस्ता नक्षत्र; | name of the thirteenth asterism consisting of five stars; |
| | | 4. हाथी की सूंड; | হাতীৰ শুঁৰ; | हातीर शुँर; | the trunk of an elephant; |
| | | 5. हाथ की लिखावट । | হাতৰ আখৰ | हातर आखर | handwriting. |
| हस्तकौशल | पुं. | हाथ से किए आनेवाले कामों से संबंधित कौशल, दक्षता, सफाई । | হাতৰ কামত নিপুণ | हातर कामत निपुण | skilfulness of hand, manual dexterity. |
| हस्तक्षेप | पुं. | 1. किसी चलते या होते हुए काम या बात में कुछ संशोधन करने के उद्देश्य से हाथ डालना या उसके कर्त्ताओं से कुछ कहना; | হস্তক্ষেপ; | हस्तक्षेप; | interference; |
| | | 2. किसी के काम या बात में अनावश्यक रूप से अनाधिकार दखल देना, दस्तंदाजी । | অনাহক হস্তক্ষেপ, অনধিকাৰ প্ৰবেশ | अनाहक हस्तक्षेप, अनधिकाय प्रवेश | meddling. |
| हस्तगत | वि. | हाथ में आया हुआ, प्राप्त, मिला हुआ । | হস্তগত | हस्तगत | come to hand, fallen into one's possession, obtained, secured, received. |
| हस्तरेखा | स्त्री. | हथेली पर बनी हुई रेखाएं (जिनके आधार पर मनुष्य के भाग्य का विचार किया जाता है) । | হস্তৰেখা, হাতৰ তলুৱাৰ ভাগ্যৰেখা | हस्तरेखा, हातर तलुवार भाग्यरेखा | the lines of one's palm (studied in palmistry). |
| हस्तलाघव | पुं. | हाथ से काम करने की उत्कृष्ट कुशलता, हाथ की फुर्ती, हाथ की सफाई या चालाकी । | হাতৰ কামৰ নিপুণতা, হাতৰ কৌশল, চাতুৰি, চালাকি | हातर कामर निपुणता हातर कौशल चातुरि, चालाकि | dexterity of hand, manual skill. |
| हस्तलिखित | वि. | हाथ से लिखा हुआ । | হাতে লিখা | हाते लिखा | handwritten, in manuscript form. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हस्तलिपि | स्त्री. | 1. हाथ की लिखावट;<br>2. हस्तलेख, हस्तलिखित लेख या ग्रंथ, पांडुलिपि । | হস্তলিপি,<br>হাতৰ আখৰ;<br>পাণ্ডুলিপি,<br>হাতে লিখা পুথি | हस्तलिपि,<br>हातर आखर;<br>पाण्डुलिपि,<br>हाते लिखा पुथि | handwriting;<br>manuscript. |
| हस्तशिल्प | पुं. | मुख्यत: हाथों से तैयार किया जानेवाला शिल्प, दस्तकारी । | হস্তশিল্প,<br>ঘৰুৱা শিল্প | हस्तशिल्प,<br>घरुवा शिल्प | handicraft. |
| हस्तांतरण | पुं. | (सम्पत्ति, स्वत्व आदि का) एक हाथ से दूसरे हाथ में जाना या दिया जाना, अंतरण । | হস্তান্তৰ,<br>সলনি | हस्तान्तर,<br>सलनि | transfer,<br>transference. |
| हस्तांतरणीय | वि. | जिसका हस्तांतरण हो सकता हो । | হস্তান্তৰ<br>কৰিব পৰা | हस्तान्तर<br>करिब परा | transferable. |
| हस्तांतरित | वि. | जिसका हस्तांतरण हुआ हो । | হস্তান্তৰিত | हस्तान्तरित | transferred (to another hand). |
| हस्ताक्षर | पुं. | 1. किसी व्यक्ति द्वारा लिखा जानेवाला अपना नाम जो इस बात का सूचक होता है कि ऊपर लिखी हुई बातें मैंने लिखी हैं और उनका उत्तरदायित्व मुझ पर है, दस्तखत, सही;<br>2. हाथ से बनाए हुए अक्षर । | চহী,<br>স্বাক্ষৰ;<br>হাতৰ আখৰ | चही,<br>स्वाक्षर;<br>हातर आखर | signature;<br>handwriting. |
| हस्ताक्षरित | वि. | जिस पर किसी के हस्ताक्षर हुए हों । | স্বাক্ষৰিত,<br>চহী কৰা | स्वाक्षरित,<br>चही करा | signed. |
| हस्तामलक | पुं. | 1. हाथ में लिया हुआ आंवला, जो बिलकुल स्पष्ट दिखाई देता हो; | হাতৰ<br>আমলখি,<br>অৰ্থাত্<br>দেখদেখকৈ<br>স্পষ্ট (কথা); | हातर<br>आमलखि,<br>अर्थात्<br>देखदेखकै<br>स्पष्ट (कथा); | (lit.) the fruit or seed of the emblic myrobalan in the hand, a thing which is perfectly clear from every point of view; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वह वस्तु या बात जिसका हर पहलू हथेली पर रखे हुए आंवले की तरह स्पष्ट होता है, भली-भांति जाना और समझा हुआ विषय या वस्तु । | অতি স্পষ্ট আৰু সহজে বুজিব পৰা | अति स्पष्ट आरु सहजे बुजिर परा | absolutely clear and readily comprehensible subject (like the fruit of the emblic myrobalan in hand). |
| | वि. | पूर्णतया स्पष्ट और ज्ञात । | অতি স্পষ্ট আৰু বিজ্ঞাত | अति स्पष्ट आरु बिज्ञात | absolutely clear and known. |
| **हस्ती** | पुं. | हाथी । | হাতী | हाती | elephant. |
| | स्त्री. | 1. वर्तमान होने की अवस्था अस्तित्व, जीवन; | অস্তিত্ব, সত্ত্বা, জীৱন; | अस्तित्व, सत्त्वा, जीवन; | existence, being, life; |
| | | 2. महत्व, मूल्य; | মহত্ত্ব, মূল্য; | महत्त्व, मूल्य; | worth, value, significance; |
| | | 3. मान्य या श्रेष्ठ व्यक्ति । | মাননীয় লোক | माननीय लोक | personage. |
| **हस्ते** | अव्य. | किसी के हाथ से, मारफत, द्वारा । | হতুৱাই, দ্বাৰা | हतुवाइ, द्वारा | through, through the agency of. |
| **हहरना** | अ. क्रि. | 1. कांपना, थरथराना; | কঁপ; | कँप; | to tremble, to shiver, to quiver; |
| | | 2. चकित होना, दंग होना; | আচৰিত হ; | आचरित ह; | to be wonder-struck, to be astonished; |
| | | 3. ईर्ष्या से क्षुब्ध होना । | ঈৰ্ষাত জ্বল | ईर्षात ज्वल | to be agitated with jealousy. |
| **हाँ** | अव्य. | स्वीकृति, सहमति, समर्थन, निश्चय, आत्मतोष, स्मृति आदि का सूचक शब्द । | তাঁ, হয়, বাৰু | ताँ, हय, बारु | a word denoting agreement, fulfilment, affirmation, satisfaction. |
| | स्त्री. | स्वीकृति, स्वीकृति देने, 'हाँ' कहने का कार्य । | অঁ, হয়, বাৰু, (স্বীকৃতি দান) | अँ, हय, बारु, (स्वीकृति दान) | yes, yea, truly. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| **हांक** | स्त्री. | 1. किसी को पुकारने या बुलाने अथवा कोई बात सूचित करने के लिए जोर से कहा जानेवाला शब्द, पुकार; | ডাক, (মানুহক মতা) চিঞৰ, গেৰি, ৰিঙি; | डाक, (मानुहक मता) चिञर, गेरि रिङि; | calling aloud; |
| | | 2. सहायता प्राप्त करने के लिए मचाई जानेवाली पुकार, दुहाई; | সহায় বিচাৰি মৰা চিঞৰ; | सहाय बिचारि मरा चिञर; | outcry or entreaty for help; |
| | | 3. किसी को डांटने-डपटने, बढ़ावा देने या ललकारने आदि के लिए जोर से कहा जानेवाला शब्द । | আহ্বান | आहवान | halloo, cry of challenge. |
| **हांकना** | स. क्रि. | 1. जोर से चिल्लाकर बुलाना; | চিঞৰ, গেৰিয়া, উকিয়া; | चिञर, गेरिया, उकिया; | to call aloud; |
| | | 2. शत्रु को ललकारना; | আহ্বান কৰ; | आह्बान कर; | to halloo, to challenge loudly; |
| | | 3. जानवरों को आगे बढ़ाने के लिए मुंह से कुछ कहते हुए चाबुक आदि लगाना; | খেদ; | खेद; | to drive (an animal), to urge on, to goad; |
| | | 4. पशुवाली सवारी चलाना; | চলা; | चला; | to drive animal-driven vehicle; |
| | | 5. बहुत बढ़-चढ़कर बातें करना; | বৰ কথা ক; | बर कथा क; | to indulge in boastful gossip, to brag and boast; |
| | | 6. (पंखा) झलना; | পাঙখা চলা; | पांखा चला; | to oscillate (a fan); |
| | | 7. हवा आदि करके (मक्खी आदि) हटाना, उड़ाना; | খেদা, খেদ, উৰুৱা; | खेदा, खेद, उरुवा; | to drive away (fly etc.) by fan air; |
| | | 8. (जानवर आदि) भगाना, खदेड़ना । | খেদ, আঁতৰা | खेद, आँतरा | to drive out or away. |
| **हाँका** | पुं. | 1. जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए उन्हें हांक कर ऐसी जगह ले जाना जहाँ सहज में उनका शिकार हो सके; | ডকোৱা, ডকা কাৰ্য্য; | डकोवा, डका कार्ज्य; | driving the prey towards the spot where the hunter is seated; |
| | | 2. पुकार, टेर; | ডাক, মাত, চিঞৰ; | डाक, मात, चिञर; | call, outcry for help, bawling, calling aloud; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. ललकार । | আহ্বান | आह्वान | a halloo, cry of challenge. |
| हाँपना (हाँफना) | अ. क्रि. | थकावट, भय आदि के कारण फेफड़ों का जल्दी-जल्दी और लम्बे-लम्बे सांस लेना । | হেঁপা, ফোঁপা | हेंपा, फोंपा | to pant, to be out of breath, to breathe heavily. |
| हाकिम | पुं. | 1. हुकूमत करनेवाला व्यक्ति, शासक; | শাসক; | शासक; | ruler; |
| | | 2. प्रधान या बड़ा अधिकारी । | মুখ্য বিষয়া, উৰ্দ্ধতন কৰ্ম্মচাৰী | मुख्य बिषया, उर्द्धतन कर्म्मचारी | boss, officer, superior officer. |
| हाजत | स्त्री. | 1. ऐसी अपेक्षा या आवश्यकता जिसकी पूर्ति यथासाध्य शीघ्र की जाने को हो; | আৱশ্যকতা, ইচ্ছা; | आवश्यकता, इच्छा; | call of nature, pressure in the bowels; |
| | | 2. वह स्थान जहां हिरासत में लिया हुआ आदमी बन्द रखा जाता है । | হাজোত | हाजोत | a place of detention (for prisoners pending trial), custody. |
| हाजमा | पुं. | 1. पाचन क्रिया; | হজম, জীণ যোৱা কাৰ্য্য; | हजम, जीण जोवा कार्ज्य; | digestion, digestive function; |
| | | 2. पाचनशक्ति । | হজম শক্তি, পেটৰ পাক শক্তি | हजम शक्ति, पेटर पाक शक्ति | digestive power, digestion. |
| हाजिर | वि. | 1. उपस्थित, मौजूद; | উপস্থিত, মজুত; | उपस्थित, मजुत; | present, in attendance; |
| | | 2. प्रस्तुत । | প্ৰস্তুত, সষ্টম, সাজু | प्रस्तुत, सष्टम, साजु | ready, prepared. |
| हाजिरजवाब | वि. | प्रश्न या बात का यथोचित उत्तर तुरन्त देनेवाला, उत्तर देने में निपुण, प्रत्युत्पन्नमति । | প্ৰত্যুৎপন্নমতি সম্পন্ন, উপস্থিতি বুদ্ধি থকা | प्रत्युत्पन्नमति सम्पन्न, उपस्थिति बुद्धि थका | quick witted, ready witted, witty. |
| हाजिर-जवाबी | स्त्री. | हाजिर जवाब होने की अवस्था या भाव, प्रत्युत्पन्नमतित्व । | উপস্থিত বুদ্ধি | उपस्थित बुद्धि | qucik wittedness, ready wit. |
| हाजिरी | स्त्री. | 1. हाजिर रहने या होने की अवस्था या भाव, विद्यमानता, मौजूदगी, उपस्थिति; | হাজিৰা, উপস্থিতি; | हाजिरा, उपस्थिति; | presence; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. छात्रों, नौकरों आदि की अपने कार्य, पद, समय पर होनेवाली उपस्थिति । | উপস্থিতি, হাজিৰা | उपस्थिति, हाजिरा | attendance, roll–call. |
| हाजी | पुं. | वह मुसलमान जो हज अर्थात् मक्का की यात्रा करने जा रहा हो या कर आया हो । | হাজী, হজ কৰা মুছলমান | हाजी, हज करा मुचलमान | a Mohammedan pilgrim to Mecca or a Mohammedan who has performed the pilgrimage of Mecca. |
| हाट | स्त्री. | 1. कुछ नियत या विशिष्ट स्थानों तथा विशिष्ट अवसरों पर या विशिष्ट दिनों में लगनेवाला बाजार, पैठ; | হাট, বজাৰ; | हाट, बजार; | a temporary and periodic market; |
| | | 2. स्थायी रूप से बना और बसा हुआ बाजार । | বজাৰ | बजार | a permanent market, a mart, bazar. |
| हाड़ | पुं. | अस्थि, हड्डी । | অস্থি, হাড় | अस्थि, हाड़ | bone. |
| हाता | पुं. | दे. 'अहाता' । | 'অহাতা' চোৱাঁ | 'अहाता' चोवाँ | same as 'अहाता'. |
| हाथ | पुं. | 1. मनुष्य के शरीर में कंधे से अंगुलियों तक का वह अंग जिससे अधिकतर काम किए जाते हैं और चीजें खाई, पकड़ी, ली या दी जाती हैं, कर, हस्त; | হাত; | हात; | arm; |
| | | 2. लम्बाई की एक नाप जो मनुष्य की कोहनी से लेकर पंजे के छोर तक मानी जाती है, चौबीस अंगुल का मान; | এহাত পৰিমাণৰ জোখ; | एहात परिमाणर जोख; | the fore–arm, a cubit (measured from the elbow to the tip of the middle finger); |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 3. किसी कार्य के संचालन में होनेवाला किसी का अंश या प्रेरणा, योगदान; | প্ৰেৰণা, সহযোগ, অৱদান; | प्रेरणा, संहजोग, अवदान; | inspiration, cooperation, contribution, share etc. of some one in the performance of a work; |
| | | 4. हाथ से काम करने का विशिष्ट कौशल, हस्तकौशल; | হাতৰ কামৰ কৌশল, নিপুণতা; | हातर कामर कौशल, निपुणता; | manual skill; |
| | | 5. ताश से खेले जानेवाले खेलों में हर खिलाड़ी के खेलने की बारी, दांव; | পাশা খেলত গুটি মৰাৰ পাল বা বাৰ; | पाशा खेलत गुटि मरार पाल वा बार; | turn in a game of cards etc; |
| | | 6. औजार या हथियार का दस्ता, मुट्ठा, हत्था; | নাল, মুঠি, ডাব; | नाल मुठि, डाब; | handle; |
| | | 7. कुरसी का वह भाग जिस पर हाथ रखा जाता है । | চকীৰ হাত বা বাহু | चकीर हात बा बाहु | arm (of a chair). |
| हाथकरघा | पुं. | हाथ से चलाया जानेवाला कपड़ा बुनने का करघा । | তাঁত শাল | ताँत शाल | handloom. |
| हाथापाई | स्त्री. | वह लड़ाई जिसमें एक-दूसरे के हाथ को पकड़कर खींचते और ढकेलते हैं । | হতাহতি | हताहति | scuffle, struggle, tussle, skirmish. |
| हाथी | पुं. | 1. एक बहुत बड़ा प्रसिद्ध स्तनपायी चौपाया जो अपने स्थूल और विशाल आकार तथा सूंड के कारण सब जानवरों से विलक्षण होता है, गज; | হাতী; | हाती; | elephant; |
| | | 2. शतरंज का एक मोहरा जिसे रुख या फील कहते हैं । | পাশাখেলৰ এটা গুটিৰ নাম | पाशाखेलर एटा गुटिर नाम | (at chess) the castle or rook. |
| हाथी दाँत | पुं. | नर हाथी के मुंह के दोनों छोरों पर निकले हुए सफेद दांत जो केवल दिखावटी होते हैं पर जिनसे अनेक प्रकार की सुन्दर और बहुमूल्य चीजें बनती हैं । | হাতীৰ দাঁত | हातीर दाँत | elephant's tusk, ivory. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हाथोंहाथ | क्रि. वि. | 1. तत्काल, तुरन्त; | ততালিকে, তত্ক্ষণাত্; | ततालिके, तत्क्षणात्; | in no time, immediately, quickly, expeditiously; |
| | | 2. एक के हाथों से दूसरे के हाथों में होते हुए । | হাতে হাতে | हाते हाते | from hand to hand. |
| हानि | स्त्री. | 1. ऐसी स्थिति जिसमें कोई विशेष अपकार, घाटा, त्रुटि या कोई बुरी बात हुई हो, क्षति, नुकसान; | ক্ষতি, হানি, লোকচান; | क्षति, हानि, लोकचान; | loss, damage, detriment, harm; |
| | | 2. पूरी तरह से नष्ट हो जाना, न रह जाना, नाश । | বিনাশ, ধ্বংস | बिनाश, ध्वंस | destruction. |
| हानिकर (हानिकारक) | वि. | हानि करनेवाला, नुकसान पहुंचानेवाला । | ক্ষতিকৰ, হানিকৰ | क्षतिकर, हानिकर | causing loss or injury, etc., injurious, harmful, damaging, detrimental. |
| हामी | स्त्री. | हां करने या कहने की क्रिया या भाव, स्वीकृति । | স্বীকৃতি | स्वीकृति | acceptance. |
| | वि. | 1. हिमायत करनेवाला, पृष्ठपोषक; | পৃষ্ঠপোষক, সমৰ্থক; | पृष्ठपोषक, समर्थक; | supporter, champion of; |
| | | 2. सहायक, मददगार । | সহায়, সহায়ক | सहाय, सहायक | helper. |
| हाय | अव्य. | घोर मानसिक या शारीरिक कष्ट होने पर अथवा उसका भय उत्पन्न होने पर मुंह से निकलनेवाला व्यथासूचक शब्द । | হায়, হায়হায় | हाय, हायहाय | particle expressive of mental or physical agony, ah! alas! oh!. |
| | स्त्री. | शाप । | শাপ, শাও | शाप, शाओ | curse. |
| हायतोबा | स्त्री. | 1. विलाप, रोना-धोना; | বিলাপ, বিননি, কন্দাকাটা; | बिलाप, बिननि, कन्दाकाटा; | lamentation, bewailing; |
| | | 2. कुहराम, वावेला । | চিঞৰ-বাখৰ, হুলস্থূল | चिञर-बाखर, हुलस्थूल | outcry, tumult, uproar. |
| हार | स्त्री. | 1. पराजय; | হাৰ, পৰাজয়, পৰাভৱ; | हार, पराजय, पराभव; | defeat; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. पराजय के कारण होने-वाली हानि, क्षति, नुकसान । | পৰাজয়ৰ পৰা হোৱা লোকচান, ক্ষয়-ক্ষতি | पराजयर परा होवा लोकचान, क्षय-क्षति | loss. |
| | पुं. | फूलों, मोतियों आदि की माला । | মালা, হাৰ | माला, हार | garland or necklace. |
| | प्रत्य. | ले जानेवाला, छीननेवाला, मुग्ध करनेवाला, आदि अर्थों का बोधक प्रत्यय । | হাৰ, এটা প্ৰত্যয় | हार, एटा प्रत्यय | suffix meaning one who or that carries away per force or usurps, charms etc. or denotes a doer. |
| हार-जीत | स्त्री. | 1. जय-पराजय; | হাৰ-জিত, হৰা-জিকা; | हार-जित, हरा-जिका; | defeat and victory, losing and winning; |
| | | 2. हानि-लाभ । | লাভ-ক্ষতি | लाभ-क्षति | loss and gain. |
| हारना | अ. क्रि. | 1. युद्ध, खेल आदि में पराजित होना; | হাৰ, পৰাজিত হ; | हार, पराजित ह; | to be defeated, to lose (in battle, play etc.); |
| | | 2. विफल रहना; | বিফল হ, অকৃতকাৰ্য্য হ; | बिफल ह, अकृतकार्य्य ह; | to be unsuccessful, to fail; |
| | | 3. थक जाना, शिथिल हो जाना । | ভাগৰ; | भागर; | to be fatigued, or to be tired out, to be wearied. |
| | स. क्रि. | 1. प्रतियोगिता, युद्ध आदि में पराजित होने के कारण हाथ से उसे या उससे संबंधित चीज जाने देना, गंवाना, खोना; | হেৰুৱা, এৰি দি; | हेरुवा, एरि दि; | to lose; |
| | | 2. न रख सकने या निर्वाह न कर सकने के कारण छोड़ देना । | এৰ, এৰি পেলা | एर, एरि पेला | to let go. |
| हार्दिक | वि. | हृदय में रहने या होनेवाला, हृदय का । | আন্তৰিক | आन्तरिक | hearty, cordial. |
| हाल | पुं. | 1. वर्तमान काल; | বৰ্ত্তমান সময়; | बर्तमान समय; | present time; |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2. वर्तमान से कुछ ही पहले का समय; | অদূৰ অতীত কাল; | अदूर अतीत काल; | recent time; |
| | | 3. अवस्था, दशा, हालत; | অৱস্থা, দশা; | अवस्था, दशा; | condition, state; |
| | | 4. विवरण, वृत्तांत, समाचार; | বিবৰণ, বৃতান্ত, বাতৰি; | बिबरण, बृतान्त, बातरि; | account, news, statement; |
| | | 5. भक्ति के आवेश के कारण होनेवाली तन्मयता, आत्म-विस्मृति या विभोरता । | তন্ময়তা, বিভোৰ অৱস্থা | तन्मयता, बिभोर अवस्था | trance, ecstasy |
| | स्त्री. | काठ के पहिए पर चारों ओर चढ़ाया जानेवाला लोहे का घेरा या गोलाकार बंद । | চকাৰ হাল, লোৰ ঘেৰ | चकार हाल, लोर घेर | hoop or metallic tyre over wooden wheel. |
| हालचाल | पुं. | 1. अवस्था, दशा, परिस्थिति, स्थिति; | অৱস্থা, পৰিস্থিতি, স্থিতি, দশা; | अवस्था, परिस्थिति, स्थिति, दशा; | general condition, state of affairs; |
| | | 2. विवरण, वृत्तांत, समाचार । | বিবৰণ, বৃতান্ত, খবৰ | बिबरण, बृतान्त, खबर | news. |
| हालत | स्त्री. | 1. अवस्था, दशा; | অৱস্থা, দশা; | अवस्था, दशा; | state, condition; |
| | | 2. परिस्थिति, हालात । | পৰিস্থিতি, স্থিতি | परिस्थिति, स्थिति | circumstances, conditions. |
| हालाँकि | अव्य. | यद्यपि । | যদিও, যদ্যাপি | जदिओ, जद्यपि | whereas, since, though, although. |
| हाला | स्त्री. | मद्य, शराब । | মদ, মদিৰা, লাওপানী | मद, मदिरा, लाओपानी | wine, spirituous liquor. |
| हाव-भाव | पुं. | 1. वे आकर्षक तथा कोमल चेष्टाएं जो स्त्रियां प्रायः पुरुषों को अनुरक्त तथा मुग्ध करने के लिए करती हैं; | হাইচ-লাইচ; | हाइच-लाइच; | amorous dalliance (of a woman), airs, actions and postures expressive of amorous passion; |
| | | 2. (नृत्य आदि में) भावपूर्ण चेष्टाएं, मुद्राएं, संकेत आदि । | অংগী-ভংগী, সঙ্কেত, ইংগিত | अंगी-भंगी, सङ्केत, इंगित | gestures, blandishments. |
| हावी | वि. | जो अपने गुण, बल विशेषता आदि के कारण दूसरों पर छा जाए । | প্ৰভাৱশালী, প্ৰতাপী | प्रभावशाली, प्रतापी | dominant. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हास | पुं. | 1. हंसने की क्रिया या भाव, हंसी; | হাঁহি; | हाँहि; | laughter, laughing, smiling; |
| | | 2. हास्य रस का स्थायी भाव; | হাস্য ৰসৰ স্থায়ী ভাব; | हास्य रसर स्थायी भाव; | laughter, as the prevailing or abiding feeling of the rasa called हास्य; |
| | | 3. दिल्लगी, परिहास, मजाक; | হাঁহি-ধেমালি, ৰং-তামচা; | हाँहि-धेमालि, रं-तामचा; | fun, joke; |
| | | 4. उपहास । | উপহাস, উপলুঙা, ঠাট্টা | उपहास, उपलुङा, ठाट्टा | derisive laughter, derision, ridicule, mockery. |
| हासिल | वि. | पाया या मिला हुआ, प्राप्त, लब्ध । | হাচিল, উদ্দেশ্য সিদ্ধি | हाचिल, उद्देश्य सिद्धि | acquired, obtained. |
| | पुं. | जोड़ में किसी संख्या का वह अंश जो अंतिम अंक या ईकाई के नीचे लिखे जाने पर बच रहे । | জেৰ | जेर | what is carried forward. |
| हास्य | पुं. | 1. हंसने की क्रिया या भाव, हंसी, हास; | হাঁহি; | हाँहि; | laughter, smile; |
| | | 2. दिल्लगी, मजाक; | ফুচুৰি, হাঁহি-ধেমালি; | फुचुरि, हाँहि-धेमालि; | joke, fun; |
| | | 3. उपेक्षा और निन्दा से युक्त हंसी, उपहास; | ঠাট্টা, বিদ্রুপ; | ठाट्टा, बिद्रूप; | derisive laughter, derision, ridicule, mockery; |
| | | 4. साहित्य में नौ स्थायी भावों या रसों में से एक । | হাস্য ৰস | हास्य रस | the sentiment of mirth or humour, one of the nine sentiments in poetry, the final culmination of the sense of humour into a rasa. |
| | वि. | हंसी उत्पन्न करनेवाला । | হাঁহি উঠা, ফুচুৰি; | हाँहि उठा, फुचुरि; | provoking laughter, humorous. |

| हिंदी शब्द | व्या. को. | हिंदी अर्थ | असमिया पर्याय | देवनागरी लिप्यंतरण | अंग्रेजी पर्याय |
|---|---|---|---|---|---|
| हास्यास्पद | वि. | (ऐसा बेढंगा, फूहड़ या भद्दा) जिसे देखकर लोग उपेक्षा से व्यंगपूर्वक हंसते हों, उपहास का पात्र । | হাঁহিউঠা, হাস্যাস্পদ | हाँहिउठा, हास्यस्पद | butt of ridicule, laughing–stock, ludicrous, ridiculous. |
| हास्योत्पादक | वि. | जिससे लोगों को हंसी आए, हंसी उत्पन्न करनेवाला । | হাঁহি তোলা, হাঁহি উঠা | हाँहि तोला, हाँहि उठा | provoking laughter, funny, humorous. |
| हाहाकार | पुं. | भय, दु:ख, घबराहट आदि के कारण बहुत आदमियों के मुंह से निकला हुआ – हा हा शब्द, घबराहट की चिल्लाहट, कुहराम । | হাহাকাৰ | हाहाकार | lamentation, loud wailing, distressful commotion or tumult. |
| हिंडोला | पुं. | 1. झूला;<br>2. बच्चों को सुलाने का पालना । | দোলনা, ঝুলনা;<br>কেচুৱাৰ<br>দোলন-শয্যা | दोलना, झुलना;<br>केचुवार<br>दोलन-शज्या | swing;<br>cradle. |
| हिंदी | स्त्री. | सारे उत्तर और मध्य भारत की एक प्रधान भाषा जो मुख्य रूप से प्राय: समस्त भारत की राष्ट्र-भाषा रही है और स्वतंत्र भारत की राजभाषा मानी गई है । | হিন্দী ভাষা | हिन्दी भाषा | Hindi language. |
| | वि. | हिन्द या हिन्दोस्तान का, भारतीय । | ভাৰতীয় | भारतीय | Indian. |
